SUNDAY | 25.08.2019

दिल्ली-एनसीआर

अमर उजाला

राजधानी | वर्ष 17 | अंक 136 | पृष्ठ : 20+4 | मूल्य : साढ़े चार रुपये | नई दिल्ली | 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अरुण जेटली नहीं रहे...

एम्स में थे भर्ती

पूर्व केंद्रीय मंत्री, अद्भुत वक्ता, तेजस्वी विधिवेत्ता का आज होगा अंतिम संस्कार

#10MinsFromDelhi

3 BHK AT ₹35* LACS ONLY

MIGSUN
DREAM IT LIVE IT

LUXURY
FINALLY
HAS
ARRIVED
AT RAJ NAGAR EXTN.

- 3/4 BHK furnished residences
- AC residences with various furnishings
- Landscaped terrace balcony
- Premium high-street with a mix of retail, F&B and entertainment within complex
- 3 side connectivity with exclusive access to 45 mtrs. road
- 15,000 sq.ft. clubhouse
- Restaurant, cafe & party hall
- Dedicated sports park with glass top courts

*T&C apply

@ALCHEMIST

LAUNCHING SOON

INVESTORS CLINIC
COMMITTED TO EXCELLENCE
UPRERAAGT10052

8860 076 073

PROPFEST
DATE : 24TH & 25TH AUG.
TIME : 10 AM ONWARDS
VISIT : Radisson BLU MBD HOTEL NOIDA
SECTOR 18, NOIDA

COMMERCIAL | RESIDENTIAL | HOSPITALITY | EDUCATION | SKILL INDIA

FOLLOW MIGSUN

A LEGACY OF 27 YEARS | 10 MILLION SQ. FT. DELIVERED | PRESENT IN 7 STATES

This advertisement is for marketing purposes only and should neither be relied upon when making a decision to purchase nor as a legal document. The photographic and artistic impressions contained in this advertisement are for illustrative purposes only. Statistics quoted in this advertisement are not guaranteed by the developer as they are tentative and subject to changes at the sole discretion of the Developer. Purchasers should make their own enquiries and where applicable obtain appropriate professional advice as to their particular circumstances. *T&C apply. #1 Sq. Mtr. = 10.764 Sq. Ft. UPRERAPRJ600636

नि:संतानता अभिशाप नहीं!

उचित सलाह एवं इलाज समय रहते मिल जाए तो हो सकता है समाधान

INDIRA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE

नि:संतान दम्पतियों हेतु

नि:शुल्क परामर्श शिविर

25 से 31 अगस्त 2019 तक

शिविर स्थान- इन्दिरा आईवीएफ, दिल्ली
(पटेल नगर, लाजपत नगर, रोहिणी, तिलक नगर, द्वारका, शाहदरा)
गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम

अपोइन्टमेन्ट हेतु कॉल करें- 7229955553

इन्दिरा आई.वी.एफ. हॉस्पीटल प्रा. लि.

दिल्ली (पटेल नगर)
9 साउथ पटेल नगर, पटेल नगर मेट्रो स्टेशन के पास, मेट्रो पिलर नं. 203 के सामने, नई दिल्ली

दिल्ली (लाजपत नगर)
ब्लॉक बी/24, मेट्रो पिलर नं. -9 के सामने, बंधन बैंक के पास, लाजपत नगर, नई दिल्ली

दिल्ली (रोहिणी)
D-11/145, , रोहिणी ईस्ट मेट्रो स्टेशन, पिलर नं. 391 के सामने, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली

दिल्ली (द्वारका)
बिबा शोरूम के ऊपर, पालम एक्सटेंशन, रामपाल चौक, ब्रह्मा अपार्टमेन्ट्स के पास, सेक्टर-7, द्वारका

दिल्ली (तिलक नगर)
मेट्रो पिलर नं. 502 के सामने, तिलक नगर मेट्रो स्टेशन के पास, Axis बैंक के पीछे, तिलकनगर, नई दिल्ली

दिल्ली (शाहदरा)
विशाल मेगा मार्ट के सामने छज्जूपुर, दुर्गापुरी चौक के पास, शाहदरा, दिल्ली

गाजियाबाद
विश्वकर्मा कॉम्पलेक्स, मेट्रो पिलर नं. 191 के पास, यूनियन बैंक के ऊपर, सेक्टर-14, कौशाबी, गाजियाबाद

फरीदाबाद
(रियर पोर्शन) SCO -13 , सेक्टर-16 मार्केट, मोती महल रेस्टोरेन्ट के पास, बैंक लाइन के पीछे, फरीदाबाद

रोहतक
राज कॉम्पलेक्स, राज मोटर्स के पास, लिबटी सिनेमा के सामने, डी-पार्क दिल्ली रोड, रोहतक

गुरुग्राम
पिज्जा हट के पास, सेक्टर-14 कॉमर्शियल मार्केट, पुरानी दिल्ली रोड, गुरुग्राम (हरियाणा)

खुलकर बात करें हमारे फर्टिलिटी एक्सपर्ट से
7229955554
(2 PM to 5 PM)

परामर्श हेतु कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते है

- बंद ट्यूब
- अनियमित पिरियड
- अण्डों में खराबी
- गर्भाशय में रसोली
- कम शुक्राणु
- धीमी गतिशीलता
- निल शुक्राणु
- खराब गुणवत्ता

उपलब्ध सेवा : फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेझर हेचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • हिस्ट्रोस्कोपी • लेप्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज़

भारत में संचालित हमारे सेन्टर्स

हरियाणा रोहतक फरीदाबाद गुरुग्राम
तेलंगाना- हैदराबाद
छत्तीसगढ़- रायपुर
कर्नाटक • बेंगलुरु (जे.पी. नगर, राजाजी नगर इन्दिरा नगर)
दिल्ली (पटेल नगर, द्वारका लाजपत नगर, रोहिणी तिलक नगर, शाहदरा)
बिहार • पटना • बेगूसराय • भागलपुर • मोतिहारी • मुजफ्फरपुर
झारखंड- रांची • जमशेदपुर
उत्तराखंड • देहरादून
मध्यप्रदेश • इंदौर • भोपाल • ग्वालियर • जबलपुर
गुजरात • अहमदाबाद • वडोदरा • राजकोट
राजस्थान- उदयपुर • जयपुर (जवाहर नगर वैशाली नगर) जोधपुर • कोटा अलवर • बीकानेर
पश्चिमी बंगाल- • कोलकाता (पार्क स्ट्रीट, ठाकुरपुकुर) • आसनसोल • हावड़ा • सिलीगुड़ी
उत्तरप्रदेश- लखनऊ • कानपुर • वाराणसी • प्रयागराज • बरेली • गोरखपुर • मऊ • आगरा • मेरठ • गाजियाबाद • झांसी
पंजाब- लुधियाना • चंडीगढ़ • जालंधर • अमृतसर
महाराष्ट्र- पुणे • नागपुर • नाशिक • मुम्बई (ठाणे, विरार, घाटकोपर भांडुप, बोरीवली, नवी मुम्बई,) • कोल्हापूर • जळगांव • सोलापूर
तमिलनाडु- • चैन्नई
उड़ीसा- • भुवनेश्वर
हिमाचल प्रदेश शिमला

• 71 Centres PAN India • Treatment protocol as per individual need • Patient friendly treatment options

'बेटी बचाओ/बेटी पढ़ाओ' अभियान में सहयोग करें। भ्रूण लिंग परीक्षण करवाना जघन्य अपराध है, यह कार्य हमारे यहां नहीं किया जाता है।

Disclaimer : The models used in the creative is just for illustration purpose only.

Prenatal Sex Determination & Sex Selection is illegal and not done here.

SUNDAY | 25.08.2019

दिल्ली-एनसीआर

amarujala.com

अमर उजाला

राजधानी | वर्ष 17 | अंक 136 | पृष्ठ : 20+4 | मूल्य : साढ़े चार रुपये | नई दिल्ली | 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अब क्यों नहीं भीगता मन

आज मनोरंजन

बूंदें अब भी गिरती हैं, लेकिन मन सूखा रह जाता है। मन अब बारिश में नहीं भीगते।



अरुण जेटली नहीं रहे...मोदी ने कहा-मैंने अनमोल दोस्त खो दिया

एम्स में थे भर्ती, शनिवार दोपहर 12:07 बजे ली आखिरी सांस, आज निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। भाजपा सरकार के संकटमोचक रहे पूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली नहीं रहे। सांस लेने में तकलीफ व बेचैनी के चलते 9 अगस्त से ही एम्स में भर्ती 66 वर्षीय जेटली ने शनिवार दोपहर 12:07 बजे अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर 2 बजे दिल्ली में निगम बोध घाट पर होगा।

प्रखर अधिवक्ता, ओजस्वी वक्ता और भाजपा के चाणक्य जेटली के निधन पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत दिग्गज हस्तियों ने दुख जताया है। वहीं, विदेश दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि मैंने अनमोल दोस्त खो दिया है। उन्होंने जेटली की पत्नी संगीता व बेटे रोहन से भी फोन पर बात कर सांत्वना दी। एम्स के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि फेफड़ों में पानी भरने और सांस लेने में तकलीफ के चलते उन्हें एम्स लाया गया था। इससे उनके दिल पर भी असर पड़ रहा था। उन्हें जीवनरक्षक प्रणाली पर रखा गया था, मगर उन्हें बचा नहीं सके। सुबह जेटली की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही पहले स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, फिर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा एम्स पहुंचे। इसके करीब 20 मिनट बाद एम्स ने आधिकारिक रूप से जेटली के निधन की घोषणा की।

जेटली ने वाणिज्य, सूचना प्रसारण, कानून, कंपनी मामले, वित्त, रक्षा जैसे कई अहम मंत्रालय संभाले। राज्यसभा में बतौर नेता विपक्ष, वह हर बार नई ऊर्जा और रणनीति के साथ भाजपा की राजनीति को नई धार देते नजर आए। भारतीय राजनीति में बहुत कम ही ऐसे बहुमुखी प्रतिभा के धनी रहे हैं, जो कानून से क्रिकेट तक और अर्थव्यवस्था से लेकर प्रौद्योगिकी की गहरी जानकारी रखते थे। इस साल जेटली ने स्वास्थ्य कारणों से नई सरकार में जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया था।

>> स्मृति शेष : पेज 2, 3, 9 व 15

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राहुल के साथ जेटली के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी। सोनिया ने जेटली की पत्नी संगीता को गले लगाकर सांत्वना दी।

अमित शाह की आंखें भर आईं बताया- मुश्किल वक्त का साथी

गृहमंत्री अमित शाह हैदराबाद दौरा छोड़कर दिल्ली लौटे। वह सीधे जेटली के आवास गए और श्रद्धांजलि दी। अपने रिश्तों को याद करते हुए शाह की आंखें भर आईं। उन्होंने कहा, मेरे निजी जीवन में जब भी संकट आया, तो वह मेरे साथ खड़े रहे। मेरे परिवार को भी मुश्किल वक्त में उन्होंने धैर्य दिलाया।

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी लखनऊ दौरा छोड़ दिल्ली लौट आए। उन्होंने पीएम मोदी की तरफ से श्रद्धासुमन अर्पित किए। कहा, जेटली बड़े फैसले लेने वाले दूरदृष्टि सोच वाले नेता थे।

भाजपा मुख्यालय से निकलेगी अंतिम यात्रा

जेटली का पार्थिव शरीर कैलाश कॉलोनी स्थित उनके निवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। रविवार दोपहर 12 बजे डीडीयू मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय पर उनके अंतिम दर्शन होंगे। यहां से निगम बोध घाट के लिए अंतिम यात्रा निकाली जाएगी।

पीएम ने नम आंखों से कहा- जिसके साथ कदम मिलाकर चले, वह चला गया

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बहरीन से जेटली को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भावुक होकर कहा, मैं मन में गहरा शोक दबाए बैठा हूं। जिस दोस्त के साथ सार्वजनिक जीवन और राजनीतिक यात्रा पर कदम से कदम मिलाकर चले। हर पल साथ जुड़े रहे, साथ मिलकर जूझे, सपनों को सजाने व निभाने का सफर जिनके साथ किया, उस दोस्त अरुण जेटली ने आज देह छोड़ दी। मैं कल्पना भी नहीं कर सकता, मैं यहां बैठा हूं और मेरा दोस्त चला गया।

राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान

राष्ट्रपति ने घर जाकर दी श्रद्धांजलि।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रतिभाशाली वकील, अनुभवी सांसद व प्रतिष्ठित मंत्री के रूप में जेटली ने राष्ट्र के निर्माण में बड़ा योगदान दिया।

श्रीनगर गए विपक्षी नेताओं को लौटाया

11 विपक्षी नेताओं को हवाईअड्डे पर ही रोका

- तीन घंटे नेताओं को लाउंज में ही रोके रखा
- पुलिसवालों पर मीडिया से बदसुलूकी का आरोप
- सद्भावना से बुलाया, राजनीति करने लगे : मलिक

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के हालात का जायजा लेने श्रीनगर पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत 11 विपक्षी नेताओं को प्रशासन ने तीन घंटे के अंदर हवाईअड्डे से ही लौटा दिया। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें बाहर भी नहीं जाने दिया। इसे लेकर हंगामा भी हुआ। सभी नेता सुरक्षा बलों की मौजूदगी में इस दौरान लाउंज में ही बैठे रहे। मीडियाकर्मियों ने भी पुलिस पर बदसुलूकी व धक्का-मुक्की का आरोप भी लगाया है।

दिल्ली लौटकर राहुल ने राज्यपाल के निमंत्रण की बात कहते हुए घाटी के हालात सही न होने का दावा किया, तो राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने उन पर राजनीति करने का आरोप लगाया। प्रशासन ने शुक्रवार को ही बाहरी नेताओं को घाटी में आने से मना किया था। प्रतिनिधिमंडल में गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, केसी वेणुगोपाल, दिनेश त्रिवेदी, मनोज झा, माजिद मेमन, तिरुचि शिवा, डी राजा, सीताराम येचुरी और शरद यादव भी शामिल थे। सभी नेता सुबह 11:50 की फ्लाइट से श्रीनगर गए और शाम 5:30 बजे लौट आए।

श्रीनगर से लौटने के बाद शनिवार शाम दिल्ली में हवाईअड्डे पर मीडिया से बात करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य नेता।

घाटी के ज्यादातर इलाकों से प्रतिबंध हटे

कश्मीर के अधिकतर इलाकों से शनिवार को प्रतिबंध हटा लिए हैं। प्रशासन के प्रवक्ता रोहित कंसल ने बताया, घाटी में 69 थानों व जम्मू में 81 थानों से दिन की पाबंदी हटा ली। लोगों को पहचान पत्र की जांच के बाद आवाजाही की अनुमति दे दी गई। शनिवार को दफ्तरों में उपस्थिति भी ज्यादा रही। हालांकि घाटी में बाजार लगातार 20वें दिन भी बंद रहे। मोबाइल व इंटरनेट सेवा भी बंद है।

हालात सामान्य नहीं

कुछ दिन पहले मुझे राज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर बुलाया था। हम यहां के हालात जानना चाहते थे। पर, हमें हवाईअड्डे से बाहर नहीं जाने दिया गया। मीडिया के लोगों से भी बदसुलूकी की गई। इससे स्पष्ट है कि हालात सामान्य नहीं है। **-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

संसद में बोलते राहुल

उनको (राहुल गांधी) जम्मू-कश्मीर के मसले पर संसद में बोलना चाहिए था। मैंने उन्हें सद्भावना के चलते बुलाया था, लेकिन उन्होंने राजनीति शुरू कर दी। राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के मसलों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। **- सत्यपाल मलिक, राज्यपाल**

पीसीआई ने मीडिया पर प्रतिबंध को सही ठहराया

भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में संचार माध्यमों पर लगी पाबंदी का समर्थन किया है। पीसीआई ने कश्मीर टाइम्स की कार्यकारी संपादक अनुराधा भसीन की ओर से शीर्ष कोर्ट में दायर याचिका में हस्तक्षेप की मांग की। पीसीआई की ओर से याचिका दाखिल करने वाले अधिवक्ता अंशुमन अशोक ने संचार माध्यमों पर प्रतिबंध को सही ठहराते हुए कहा कि मीडिया पर रोक सुरक्षा कारणों से लगाई गई है।

सब सामान्य तो रोक क्यों रहे : आजाद

कांग्रेस नेता आजाद ने कहा, कश्मीर मेरा घर है, मैं वहां का सीएम रह चुका हूं, अगर सब ठीक है तो मुझे घर क्यों नहीं जाने दिया जा रहा है? सरकार जरूर कुछ छिपा रही है। मेमन ने कहा हम सरकार के समर्थन में जा रहे हैं ताकि सुझाव दिए जा सकें कि लोगों की मदद के लिए क्या करना चाहिए। वहां के लोग आश्वस्त हों कि देश उनके साथ है।

हम सरकार की मदद के लिए जा रहे : मेमन

बहरीन से हजारों साल पुराने रिश्तों को देनी है ताजगी : मोदी

मनामा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और बहरीन के रिश्ते पांच हजार साल पुराने हैं। 21वीं सदी में हमें हजारों साल पुराने रिश्ते को नई ताजगी देनी है। हमारे रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंचे, इसके लिए आपका साथी बनकर खड़ा हूं।

मोदी बहरीन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री

तीन देशों की यात्रा के तीसरे चरण में शनिवार रात बहरीन पहुंचे मोदी का अल-गुदूबिया पैलेस में भव्य स्वागत हुआ। बहरीन नेशनल स्टेडियम में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मुझे यहां आने वाले पहले भारतीय पीएम होने का सौभाग्य मिला। बहरीन से हमारा रिश्ता व्यापार से बढ़कर मानवीयता व संस्कृति का रहा है। बहरीन की प्रगति में भारतीयों का बड़ा योगदान है।

कृष्ण से भी नाता : मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि जन्माष्टमी पर कृष्ण कथा सुनाने की परंपरा है। भारतीयों खासकर गुजरातियों का कृष्ण के प्रति विशेष प्रेम है। गुजरात से बहरीन का पुराना संपर्क है। ऐसे में स्वाभाविक है कि यहां भी कृष्ण की मुरली आपके हृदय में गूंजती होगी।

200 साल पुराने श्रीनाथजी मंदिर जाएंगे : मोदी रविवार को श्रीनाथजी मंदिर जाएंगे। उन्होंने कहा, वहां आप सबकी और मेजबान देश की शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना करूंगा। यह क्षेत्र में सबसे पुराना मंदिर है। हाल ही में इस मंदिर को 200 साल पूरे हुए। रविवार को मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू होगा। एजेंसी

मोदी को यूएई का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर ऑफ जायद'

अबु धाबी। पीएम नरेंद्र मोदी को शनिवार को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर ऑफ जायद' से नवाजा गया। इसे पाने वाले मोदी पहले भारतीय पीएम हैं। पीएम यूएई के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान से भी मिले।

>> 370 के चलते कश्मीर के युवाओं ने पकड़ी आतंक की राह : पेज 16

दिल्ली विवि से सावरकर भगत सिंह और नेताजी की प्रतिमाएं रातोरात हटाईं

विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैम्पस स्थित आर्ट्स फैकल्टी के बाहर सावरकर की इसी प्रतिमा पर विवाद है।

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व वाले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) ने वीर सावरकर, भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं को रातोरात परिसर से हटा दिया। डूसू ने शुक्रवार रात तीन बजे इन्हें बिना नुकसान पहुंचाए हटाकर सुरक्षित स्थान पर रख दिया। एबीवीपी का कहना है कि प्रशासन की अनुमति और प्रतिमा लगाने की प्रक्रिया का पालन करते हुए डूसू चुनाव के बाद इन्हें फिर से स्थापित किया जाएगा।

एबीवीपी ने कहा, प्रशासन की अनुमति मिलने तक हटाया गया

डीयू में आर्ट्स फैकल्टी के बाहर डूसू अध्यक्ष शक्ति सिंह ने प्रशासन की अनुमति के बिना 20 अगस्त को तीनों प्रतिमाओं को स्थापित कर दिया था। इसके बाद से कैंपस में विवाद गहराया हुआ था। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर राजनीति नहीं चाहते।

एबीवीपी ने दावा किया कि डीयू प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया है कि डूसू चुनाव के बाद इनके पुनर्स्थापना की अनुमति दे दी जाएगी। कैंपस में तनाव की आशंका के मद्देनजर डीयू प्रशासन ने शक्ति सिंह को तीनों मूर्तियों को हटाने को कहा था। कोई कार्रवाई न करते हुए प्रशासन मूर्तियों के हटने का इंतजार कर रहा था। मूर्तियां हटाए जाने के बाद एबीवीपी ने मूर्तियों के अपमान (एनएसयूआई द्वारा सावरकर की मूर्ति पर कालिख पोतने) में शामिल व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ब्यूरो

अस्पताल में बेहोशी का इंजेक्शन देकर टीबी पीड़ित किशोरी से दरिंदगी

हाथरस में मानवता को शर्मसार करने वाली वारदात

हाथरस। हाथरस के एमडीटीबी अस्पताल में शुक्रवार रात वार्ड ब्वॉय ने साथी की मदद से एक टीबी पीड़िता किशोरी को बेहोशी का इंजेक्शन देकर चिकित्सा अधीक्षक के दफ्तर में दुष्कर्म किया। होश आने पर पीड़िता ने मां को वारदात की सूचना दी। शनिवार सुबह कोतवाली हाथरस गेट में शिकायत की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल प्रशासन ने वार्ड ब्वॉय को निलंबित कर दिया है।

चंदपा थाना क्षेत्र के गांव की 17 वर्षीय किशोरी को अस्पताल में दो दिन पूर्व भर्ती कराया गया था। शुक्रवार रात वार्ड ब्वॉय शिवनंदन की ड्यूटी थी। आरोप है कि वार्ड में किशोरी और उसकी मां जब सो रही थी, तो रात 11 बजे शिवनंदन वहां आया और किशोरी से बोला कि उसे इंजेक्शन लगेगा। यहां इंजेक्शन खत्म हो गए हैं, उसे नीचे चलना होगा। शिवनंदन किशोरी को नीचे चिकित्सा अधीक्षक के दफ्तर में ले गया और बेहोशी का इंजेक्शन लगा दिया। इसके बाद किशोरी से दुष्कर्म किया। जबकि, ड्यूटी पर तैनात सफाईकर्मी विशाल पहरेदारी करता रहा। थोड़ी देर बाद किशोरी की आंख खुली तो वह अर्द्धबेहोशी की हालत में वापस वार्ड में पहुंची। होश आने पर उसे घटना का आभास हुआ तो मां को सारी बात बताई। हाथरस गेट कोतवाली निरीक्षक संजीव शर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया है। ब्यूरो

आरोपी शिवनंदन व सहयोगी विशाल।

चिकित्सा अधीक्षक के दफ्तर में किया था दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

लगातार तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में सिंधू

बासेल। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू शनिवार को विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गईं। सिंधू ने सेमीफाइनल में चीन की चेन यू फेई को हराया। वे लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचीं। वहीं, साई प्रणीत को सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जापान के केंतो मोमोता ने हरा दिया। >> स्पोर्ट्स

मंदिर जा रही बच्ची की गर्दन चीनी मांझे से कटी, मौत

जन्माष्टमी की पूजा करने जा रही थी पिता के साथ बाइक पर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। खजूरी खास क्षेत्र में शनिवार को साढ़े चार साल की इशिका शर्मा की चीनी मांझे से गर्दन कटने के कारण मौत हो गई। हादसे के समय बच्ची अपने पिता के साथ पूजा के लिए मंदिर जा रही थी। राजधानी में चीनी मांझे के कारण यह दस दिन में दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले रक्षा बंधन के दिन एक सिविल इंजीनियर की चीनी मांझे के कारण मौत हो गई थी।

पुलिस के अनुसार, सोनिया विहार पांचवां पुश्ता इलाके में इशिका अपने पिता गिरीश शर्मा और मां पुष्पा देवी के साथ रहती थी। निजी कंपनी के कर्मचारी गिरीश शनिवार को जन्माष्टमी के अवसर पर शाम साढ़े छह बजे इशिका के साथ यमुना बाजार स्थित हनुमान मंदिर जा रहे थे। इस दौरान इशिका बाइक पर आगे बैठी थी। पुश्ता रोड से वजीराबाद रोड पर पहुंचते ही अचानक बाइक के आगे आया चीनी मांझा इशिका की गर्दन काटता चला गया। इशिका की गर्दन से खून बहते देख गिरीश ने तत्काल बाइक रोकी। लेकिन तब तक इशिका की आधी गर्दन कट चुकी थी। गिरीश अपनी बेटी को शास्त्री पार्क स्थित जगप्रवेश चंद अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इससे पहले 15 अगस्त को दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में राखी बंधवाने जा रहे एक सिविल इंजिनियर की मौत भी चीनी मांझे से गला कटने की वजह से हो गई थी। 28 वर्षीय मानव शर्मा अपनी बहनों के साथ जा रहे थे। पश्चिम विहार फ्लाईओवर पर मांझे से उनका गला बुरी तरह से कट गया था।

अंतरिक्ष से बैंक खाते में लगाई सेंध, नासा कर रही जांच

अपनी तरह का पहला मामला, अंतरिक्ष स्टेशन में नासा के नेटवर्क से एक्सेस किया बैंक अकाउंट

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहने के दौरान एक एस्ट्रोनॉट पर अपनी पूर्व समलैंगिक साथी की जानकारी के बगैर उसके बैंक खाते से लेनदेन का आरोप लगा है। न्यूयार्क टाइम्स की खबर के मुताबिक, यह अंतरिक्ष में किए गए अपराध का पहला मामला है। मामले की शिकायत के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अब इस दावे की जांच कर रही है।

आरोपी एस्ट्रोनॉट एनी मैकक्लैन ने अंतरिक्ष स्टेशन से खाते के इस्तेमाल की बात स्वीकार की है, पर उन्होंने कोई गलत काम करने से इनकार किया है। मैकक्लैन की पूर्व साथी समर वॉर्डन ने फेडरल ट्रेड कमीशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि नासा के जुड़े नेटवर्क से उनके बैंक खाते का उनकी जानकारी के बिना इस्तेमाल किया गया। वॉर्डन ने नासा के इंस्पेक्टर जनरल (आंतरिक कार्यालय) से शिकायत की कि मैकक्लैन ने उनकी पहचान चोरी की और उनके खाते से कई वित्तीय लेनदेन किए। हालांकि मैकक्लैन के वकील रस्टी हार्डिन ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि अलग होने से पहले वह वॉर्डन के पिछले रिश्ते से हुए बेटे की परवरिश के लिए वित्तीय तौर पर मदद कर रही थीं। उन्होंने बैंक खाते का इस्तेमाल इसलिए किया ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि परिवार के पास बिल चुकाने और वॉर्डन के बेटे की देखभाल को पैसे हैं या नहीं। वह इस बात से अनजान थीं कि वॉर्डन ने उन्हें बैंक खाते के इस्तेमाल से मना किया था। एजेंसी

पहले नहीं आया ऐसा मामला

ग्लोबल स्पेस लॉ सेंटर के निदेशक मार्क संडाल ने कहा कि इससे पहले अंतरिक्ष में अपराध का कोई मामला नहीं आया है। वहीं नासा के अधिकारियों का भी कहना है कि वे भी अब तक अंतरिक्ष स्टेशन में होने वाले ऐसे अपराधों से अनजान थे।

पिछले साल दिसंबर में अंतरिक्ष गई थीं मैकक्लैन

मैकक्लैन 3 दिसंबर, 2018 को सोयूज रॉकेट के माध्यम से अंतरिक्ष स्टेशन पहुंची थीं। मार्च में उन्होंने अपने साथ एस्ट्रोनॉट निक हेग के साथ स्पेसवॉक की थी। 29 मार्च को उन्हें अपनी महिला साथी क्रिस्टीना कोच के साथ स्पेसवॉक करनी थी, लेकिन स्पेससूट के साइज के चलते ऐसा नहीं हो सका। मैकक्लैन 24 जून को धरती पर लौटी थीं।

तमिलनाडु में आतंकियों के चार सहयोगी दबोचे

कोच्चि/कोयंबटूर। श्रीलंका से समुद्र के रास्ते तमिलनाडु में घुसने वाले लश्कर-ए-ताइबा के छह आतंकियों से जुड़े होने के संदेह में पुलिस ने शनिवार को चार लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें से तीन को कोयंबटूर पुलिस ने आतंकियों के संपर्क में रहने के शक में गिरफ्तार किया है। इनसे अज्ञात स्थान पर पूछताछ की जा रही है। एक अन्य को केरल की कोच्चि पुलिस ने लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े होने के संदेह में गिरफ्तार किया है। हालांकि, उसके वकील ने गलत पहचान की बात कही है। इधर, समुद्र से घुसपैठ की सूचना के बाद भारतीय नेवी को भी पूरे समुद्री क्षेत्र में हाई अलर्ट पर रहने के आदेश दिए गए हैं। कोच्चि में नेवी प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की। एजेंसी

श्रीलंका से समुद्र के रास्ते 6 आतंकियों के आने की थी खुफिया सूचना

स्मृति शेष

अमर उजाला

विरोधियों को अकाट्य तर्कों और प्रखर भाषण से निरुत्तर कर देने वाले अरुण जेटली दिल्ली भाजपा की राजनीति के चाणक्य माने जाते थे। छात्र राजनीति से शुरुआत कर केंद्रीय राजनीति में अहम मुकाम हासिल करने वाले जेटली के निधन से दिल्लीवासी सदमे में हैं। 17 दिन पहले सुषमा स्वराज के निधन के बाद एक और दिग्गज भाजपा नेता का इस तरह चले जाना वाकई में भाजपा और देश के लिए बड़ी क्षति है...

दिल्ली की सियासी नब्ज के पारखी थे जेटली

हर चुनाव में चाणक्य की भूमिका में रहते थे • प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के पहले अध्यक्ष रह चुके थे

नवनीत शरण

नई दिल्ली। एक महीने के भीतर दिल्ली भाजपा का दूसरा मजबूत स्तंभ गिर गया है। सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली भाजपा ने अरुण जेटली के रूप में अपना खेवनहार खो दिया। केंद्र के साथ दोनों वरिष्ठ भाजपा नेताओं की दिल्ली की राजनीति में भी अहम भूमिका रहती थी। इनकी सहमति के बिना दिल्ली भाजपा कोई भी फैसला नहीं लेती थी। दिलचस्प यह है कि छात्र नेता रहे जेटली का दिल्ली यूनिवर्सिटी चुनाव में भी दखल रहता था।

अरुण जेटली दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा के पहले अध्यक्ष रह चुके थे। उनके साथ काम करने वाले व युवा मोर्चा मंत्री पद पर जेटली के साथ काम करने वाले धर्मवीर शर्मा ने बताया कि राजनीति के माहिर खिलाड़ी अरुण जेटली का दिल्ली की राजनीति से काफी लगाव था। डीयू के छात्र राजनीति से लेकर भाजपा में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हुए राष्ट्रीय राजनीति में पहुंचे जेटली दिल्ली की सियासी नब्ज को बखूबी समझते थे। प्रदेश भाजपा में उनकी राय व पसंद मायने रखता था। दिल्ली की राजनीति में दिलचस्पी के कारण कार्यकर्ताओं से भी उनका विशेष लगाव रहता था।

समय के साथ उनका राजनीतिक कद जरूर बढ़ा पर दिल्ली की राजनीति के केंद्र में अरूण जेटली बराबर बने रहे। दिल्ली भाजपा की राजनीति भाजपा के तीन कद्दावर केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भर रहती थी। अरुण जेटली की सुषमा स्वराज और लालकृष्ण आडवाणी के साथ दिल्ली की सियासत में भी अहम भूमिका रही। तीनों के निर्देश पर भाजपा चुनावी रणनीति तैयार करती थी। इतना हीं नहीं दिल्ली में छोटे से बड़े चुनाव का भी चुनावी घोषण पत्र बनाने में भी जेटली विशेष रुचि लेते थे। पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना के मुख्यधारा की राजनीति से हटने के बाद दिल्ली की कमान जेटली व सुषमा स्वराज ही संभालते थे।

दिल्ली की राजनीति में अरुण जेटली बराबर चाणक्य की भूमिका में होते थे। एमसीडी का चुनाव हो या दिल्ली विधानसभा का चुनाव, यहां तक कि लोकसभा चुनाव के एजेंडे भी जेटली तय करते थे। दिल्ली में पले-बढ़े जेटली दिल्ली की सियासी नब्ज को पहले ही भांप लेते थे। सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों की हर जानकारी जेटली के पास होती थी। दिल्ली का कौन नेता किस विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने के काबिल है यह भी वही तय करते थे। एमसीडी चुनाव से लेकर लोक सभा चुनाव तक में प्रत्याशियों के चयन में उनका दखल रहता था।



चांदनी चौक से भी रहा है नाता

दूसरों को खिलाने व शॉपिंग कराने के शौकीन जेटली का दिल्ली 6 यानी चांदनी चौक से भी नाता रहा है। वह अपने पिता महाराज कृष्ण जेटली के साथ चांदनी चौक स्थित कार्यालय में काम करते थे। वकालत शुरू करने के साथ पिता के कार्यालय में ही कानूनी दांव-पेच सीखते थे और अदालत में अपने मुवक्किल के पक्ष में दलील पेश करते थे। चांदनी चौक वेलफेयर समिति के प्रवीण शंकर कपूर ने बताया कि चांदनी चौक के परांठा वाली गली के बाद वह अपने पैतृक घर नारायणा में शिफ्ट हो गए। इसके बाद व कैलाश कॉलोनी में स्थायी आशियाना बना लिया। कैलाश कॉलोनी स्थित अपने निवास स्थान से ही दिल्ली की राजनीति को संचालित करते थे। इसके अलावा अशोक रोड स्थित सरकारी आवास पर भी कार्यालय चलाते थे। अक्सर वह अपना साक्षात्कार भी मीडिया को वहीं देते थे। दिल्ली के नेताओं के साथ अक्सर चर्चा करते और उन्हें दिशा दिखाते रहे। अगले कुछ ही महीनों बाद दिल्ली में विधानसभा चुनाव है जिसकी तैयारी में भाजपा नेता जुटे है, इस चुनाव में उनकी कमी नेताओं को महसूस होगी।

2013 में कांग्रेस की हार भांप कर बोले थे 'द लूजर इज नाव नोन'

दिल्ली की राजनीति की नब्ज जानने वाले जेटली विधानसभा चुनाव 2013 में ही भाप गए थे कि कांग्रेस का क्या हश्र होने वाला है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि 'द लूजर इज नाव नोन'। उनका कहा था कि दिल्ली में परिवर्तन की भावना तीव्र और तीखी है। डबल एंटी एनकंबेंसी है। इस स्थिति में कांग्रेस का बने रहना मुश्किल है।

नेताओं के साथ धरना-प्रदर्शन में शामिल होते थे

केंद्रीय राजनीति के केंद्र में रहने वाले जेटली का दिल्ली की राजनीति से इतना ज्यादा सरोकार था कि वह स्थानीय नेताओं के साथ जंतर-मंतर पर भी विरोध प्रदर्शन में शामिल होते थे। प्रदेश भाजपा की तरफ से महंगाई, भ्रष्टाचार या किसी अन्य मुद्दे पर सत्ता पक्ष के खिलाफ प्रदर्शन का आयोजन होता था वह खुद वहां पहुंचकर उत्साह बढ़ाते थे।

ग्रेटर कैलाश स्थित निवास पर जेटली की पत्नी संगीता और बेटी सोनाली।

डूसू से राष्ट्रीय राजनीति में मुकाम हासिल किया

रश्मि शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के डूसू चुनाव (दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ) को राजनीति की प्राथमिक पाठशाला कहा जाता है। डूसू फतह कर ही कई नेताओं ने नगर निगम और विधानसभा बल्कि लोकसभा तक अपना परचम लहराया है।

इस फेहरिस्त में अरुण जेटली का नाम भी है, जिन्होंने डूसू से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति में नया मुकाम हासिल किया। सेंट जेवियर स्कूल से पढ़ाई करने के बाद एक आम छात्र के रूप में उन्होंने डीयू के नामी कॉलेज श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में दाखिला लिया। यहीं से उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई। उन्होंने छात्र राजनीति की इसी पाठशाला से उठकर मुख्यधारा की राजनीति में अपनी अलग पहचान कायम की। वर्ष 1972-73 में वह कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष रहे। इसके बाद 73-74 में डूसू के उपाध्यक्ष और वर्ष 1974-75 में डूसू अध्यक्ष बने। इमरजेंसी के बाद जब चुनावों में कांग्रेस को बुरी तरह हार मिली थी तब जेटली एबीवीपी में काफी सक्रिय भूमिका में थे। जेटली को उस दौरान दिल्ली एबीवीपी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी।

इसके साथ ही वह एबीवीपी के राष्ट्रीय सचिव का दायित्व भी निभा रहे थे। वर्ष 1977 में डीयू की लॉ फैकल्टी से लॉ की पढ़ाई पूरी की। डूसू से केंद्र सरकार का लम्बा सफर तय करते हुए वह अपने छात्र जीवन में एबीवीपी संगठन में काफी सक्रिय रहे। एबीवीपी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी उनका काफी योगदान रहा।

श्रीराम कॉलेज ऑफ कामर्स में की पढ़ाई, डूसू अध्यक्ष रहे

खुद एम्स में भर्ती हुए तो समझी रोगियों की पीड़ा

एम्स के बाहर मरीजों को भोजन बांटती अरुण जेटली की बहन मंजू भार्गव, साथ में 'सुख वर्षा समाज सेवा संस्था' के सदस्य।

परीक्षित निर्भय

नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के जीवन का एक अहम भाग मरीजों की पीड़ा से भी जुड़ा था, जिसके बारे में वे न कभी सामाजिक मंच पर बोलते थे और न ही किसी से चर्चा करते थे। वे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के बाहर मरीजों की सेवा करते रहते थे।

करीब पांच साल पहले की बात है। वर्ष 2014 में पेट से जुड़े ऑपरेशन के लिए उन्हें एम्स में भर्ती होना पड़ा था। उस वक्त पहली बार जेटली ने एम्स के मरीजों और उनकी पीड़ा को इतने करीब से जाना। सर्दी-गर्मी में खुले आसमां के नीचे बेचैन लोगों को देख वे अक्सर मायूस हो जाते। उनसे मिलने जो भी आता, वे उनसे अपने मन की बाता साझा करते थे। डिस्चॉर्ज होने के बाद जेटली ने कुछ लोगों की मदद से 'सुख वर्षा समाज सेवा संस्था' बनाई। इसी संस्था के अध्यक्ष वरीन्द्र मैनी बताते हैं कि मरीज बनकर जेटली ने रोगियों की पीड़ा को महसूस किया। संस्था बनने के बाद एक वैन खरीदी गई। इस वैन में आज भी मरीजों के लिए भोजन, कंबल और पानी का वितरण किया जाता है। जेटली के मार्गदर्शन में संस्था से कई लोग जुड़े।

मरीजों की मदद के लिए 'सुख वर्षा समाज सेवा संस्था' बनाई

9 अगस्त से एम्स में जेटली भर्ती थे और बाहर उनके परिजन संस्था सदस्यों के साथ मिलकर भोजन करा रहे थे। हर दिन उनके परिवार से जुड़ा कोई न कोई सदस्य साथ में होता था। संस्था के महामंत्री विनय महेन्द्रु बताते हैं कि शुक्रवार को एम्स परिसर में दाल चावल का वितरण किया था।

निधन से पहले 12 घंटे के भीतर दो बार हार्ट अटैक

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली लंबे समय से चली आ रही गंभीर बीमारियों को हर बार मात देते थे। मधुमेह, मोटापा, गुर्दा, कैंसर, पेट और फेफड़े से जुड़े रोगों का उन्होंने डटकर सामना किया। निधन से पहले 12 घंटे के भीतर दो बार हार्ट अटैक भी आया। आंतों में रक्तस्त्राव होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। वर्ष 2014 में जेटली ने एम्स में गैस्ट्रो यानि पेट से जुड़ा एक ऑपरेशन कराया था। सिके बाद उनका वजन भी काफी कम हुआ था। चूंकि वह मधुमेह रोग से लंबे समय से ग्रस्त थे। ऑपरेशन के बाद से डॉक्टरों ने स्वास्थ्य को लेकर उन्हें खास सतर्कता बरतने की सलाह दी थी, जिसके बाद सुबह से लेकर रात तक जेटली संतुलित आहार का सेवन करते थे। सात्विक भोजन के लिए उनका टिफन बाकायदा घर से बनकर वित्त मंत्रालय और सदन तक आता था। हालांकि वर्ष 2017 में उन्हें किडनी (गुर्दे) से जुड़ी तकलीफ शुरू हो गई। कई बार डायलिसिस के बाद वर्ष 2018 में एम्स में किडनी प्रत्यारोपण कराया। प्रत्यारोपण के करीब छह माह तक जेटली काफी स्वस्थ्य रहे। हालांकि डॉक्टरों ने आइसोलेशन में ही रहने की सलाह दी थी लेकिन फिर भी वह जरूरतमंद लोगों को पूरा वक्त देते थे। जनवरी 2019 में फेफड़े में एक प्रकार के कैंसर की पुष्टि होने पर न्यूयॉर्क के डॉक्टरों से ऑपरेशन भी कराया। इस ऑपरेशन के बाद से जेटली का स्वास्थ्य लगातार गिरता चला गया। वे पहले से काफी कमजोर हो गए थे। बीते 9 अगस्त को उन्हें सांस लेने में तकलीफ और फेफड़ों में पानी भरने की शिकायत हुई थी जिसके बाद से एम्स में भर्ती थे।

जेटली के आवास पर पहुंचीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व अन्य भाजपा नेता।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। अमर उजाला

उदार दिल थे जेटली

पिछले वर्ष किडनी प्रत्यारोपण के लिए जेटली एम्स में भर्ती हुए थे। उस दौरान उन्हें पता चला कि मरीजों के लिए पेयजल का संकट है। कई मरीजों को तो उन्होंने स्वयं बोतलबंद पानी दिया था। डिस्चॉर्ज होने के बाद उन्होंने एम्स में शुद्ध पानी के लिए अलग से एक मशीन भी लगवाई थी।

सनातन मंदिर में कैशियर थीं मां

कई वर्षों से जेटली परिवार से जुड़े विनय महेन्द्रु बताते हैं कि जेटली की माता रतन प्रभा जेटली बहुत धार्मिक थीं। वे रोज नारायणा विहार स्थित सनातन धर्म मंदिर आया करती थीं। यहां के कैशियर की जिम्मेदारी वे ही संभालती थीं। इसके अलावा उन्होंने महिला मंडली भी बनाई थी। सत्संग में उनकी रुचि थी। इसीलिए उनके जाने के बाद जेटली ने सनातन धर्म मंदिर में काफी विकास कार्य कराए।

दिल्ली से ही रख दी थी जेपी आंदोलन की नींव

नई दिल्ली। जेपी आंदोलन बेशक बिहार से शुरू हुआ, लेकिन वह अरुण जेटली ही थे, जो दिल्ली में बैठकर आंदोलन की बुनियाद रख रहे थे। असल में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव जीतने के बाद 1974 में जेटली ने राष्ट्रीय छात्र नेता सम्मेलन बुलाया। इसमें देश की विशिष्ट अराजक स्थितियों को ध्यान में रखकर सत्ता का विरोध करते हुए व्यवस्था परिवर्तन की मांग का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके फॉलोअप में तय हुआ कि हर प्रदेश में ऐसे ही छात्र नेता सम्मलेन होंगे।

इसी कड़ी में पटना का सम्मेलन 17-18 फरवरी 1974 को हुआ। इसमें छात्र संघर्ष समिति का गठन हुआ। समिति ने प्रदेश में छात्रों के लिए कार्यक्रम तय किए। अरुण जेटली समेत खुद छात्र नेताओं ने भी पूरे प्रदेश में अपना दौरा रखा। आंदोलनात्मक गतिविधि के तौर पर तय हुआ कि 18 मार्च को विधान सभा का घेराव कर राज्यपाल को वहां प्रवेश नहीं करने देना है। इसी छात्र आंदोलन का अगला विस्तार जय प्रकाश आंदोलन व आपात काल के तौर पर हुआ। जेटली मित्रों के मित्र थे। जब यह मैं कहता हूं तो इसके पीछे अपना निजी अनुभव है। उनको खिलाने व शॉपिंग कराने का शौक था, खासतौर से संघ के प्रचारकों को। इनके बारे में उनका नजरिया था कि प्रचारक अभाव में रहते हैं। इसलिए दिल्ली आने पर प्रचारकों की वह बहुत आवभगत करते। निजी तौर पर हमारे लिए तो वह काफी सहृदय थे। 1986 में जब दिल्ली आना हुआ तो वह कनॉट प्लेस के खादी ग्रामोद्योग की दुकान पर ले गए। वहां उन्होंने इतनी शॉपिंग कराई कि मुझे खुद मना करना पड़ा। वह अरुण जेटली ही थे, जिन्होंने 1989 के लोक सभा चुनाव में नई दिल्ली सीट का जिम्मा संभाला। यहां से राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवाणी चुनाव लड़ रहे थे। पीयूष गोयल के साथ जेटली दिल्ली में रहकर लाल कृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा के सूत्रधार रहे। उनका जाना हमारे लिए निजी नुकसान है, जिसकी भरपाई अब संभव नहीं। ***(केएन गोविंदाचार्य ने अमर उजाला संवाददाता संतोष कुमार को बताया)***

अरुण जेटली हर सुबह लोदी गार्डन में सैर के बाद चाय पर चर्चा करते थे। यह जगह जेटली कॉर्नर के नाम से उनके दोस्तों में खासा चर्चित है। फाइल फोटो

लोदी गार्डन में जेटली कॉर्नर भी हुआ करता था: गोयल

लोदी गार्डन में कभी जेटली कॉर्नर भी हुआ करता था। दिल्ली के भाजपा नेता यहां गर्मा गरम चाय के साथ सियासी माहौल पर चर्चा किया करते थे। छात्र राजनीति से केंद्रीय राजनीति की धुरी रहे अरुण जेटली अक्सर सुबह के वक्त लोदी गार्डन में सैर करने जाते थे। सैर के बाद वहां नेताओं का जमावड़ा लग जाता था। पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजय गोयल ने बताया कि लोदी गार्डन में एक वक्त ऐसा भी था जब देश-विदेश की राजनीति पर हम लोग चर्चा करते थे। कॉलेज के दिनों में दूसरे कॉलेजो में डिबेट के लिए जाते थे। जय प्रकाश नारायण के आंदोलनों में जेटली काफी सक्रिय थे। इमरेंजसी के दौरान पहला जुलूस उन्हीं के नेतृत्व में दिल्ली में निकला था। जब जनता पार्टी बनी तब उन्हें कार्यकारणी में रखा गया था।

शरीर का हर अंग छोड़ने लगा था साथ

नई दिल्ली। 9 अगस्त की सुबह, वक्त करीब 10 बजे के आसपास ही था। जब पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली अपने आवास पर नाश्ता कर रहे थे। तभी अचानक सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें एम्स लाकर भर्ती किया गया। 21 अगस्त की रात अचानक से उनकी सेहत और बिगड़ती चली गई।

एम्स के वरिष्ठ डॉक्टरों ने बताया कि अरुण जेटली के आखिरी तीन दिनों में उन्हें बड़ी चुनौतियों से सामन करना पड़ा। उनका एक-एक अंग शरीर का साथ छोड़ रहा था। पहले हार्ट, फिर फेफड़े, किडनी भी सूजन की चपेट में होने के कारण डायलिसिस पर थी। पेट में संक्रमण बढ़ता चला गया और आखिर में उन्हें बचाया नहीं जा सका। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि जेटली का स्वास्थ्य शुरुआत से ही गंभीर चुनौतियों से घिरा हुआ था। कभी उनके शरीर पर दवाएं बेहतर काम करतीं तो कभी उनकी सांस उखड़ने लगती थी। अंतिम तीन दिनों में तो हालात एकदम से बदल गए। हमनें वो सब कुछ किया जो एक मरीज को बचाने में करते हैं। दवाओं की डोज बढ़ाई, वेंटीलेटर से एक्मो पर ले गए, हार्ट पंप के अलावा फेफड़ों से संक्रमण को दूर किया, लेकिन बीते शुक्रवार सुबह हमें पेट में संक्रमण की बात पता चली। अभी इलाज शुरू ही किया था कि करीब 8 घंटे बाद शाम को संक्रमण तेजी से शरीर के अन्य अंगों में फेलने लगा। शुक्रवार रात उनकी तबियत और ज्यादा बिगड़ गई। हमने उन्हें ब चाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सुबह तक कुछ असर भी देखने को मिला तो पूरी टीम को खुशी हुई, लेकिन कुछ ही घंटे बाद करीब साढ़े 9 बजे उनकी तबियत अचानक से बिगड़ गई। हर दवा उनके शरीर पर फेल हो रही थी। मानों उनका शरीर ही रेस्पांस नहीं कर रहा हो। दोपहर 12 बजकर 7 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। ब्यूरो

उदारता — निजी स्टाफ के बच्चों की बेहतर पढ़ाई का ले रखा था जिम्मा, रसोई संभालने वाले जोगेंद्र की बेटी लंदन में पढ़ रही

अपने सहयोगियों को परिवार का सदस्य मानते थे

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अरुण जेटली बेशक भाजपा के कद्दावर नेता रहे हों, लेकिन बुलंदी पर पहुंचने के बाद भी वह अपनों को कभी नहीं भूले। खासतौर से निजी स्टाफ को, जिनकी मदद के लिए वह हमेशा तत्पर रहते थे। वह अपने सभी सहयोगियों को परिवार का सदस्य मानते थे।

जेटली के पारिवारिक सदस्य वरींद्र मेनी ने बताया कि यह अघोषित नियम बन गया था कि उनके सहयोगियों के बच्चे चाणक्यपुरी के उसी कार्मल कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ते हैं, जहां जेटली के बच्चों ने पढ़ाई की थी। यही नहीं, किसी सहयोगी का बच्चा प्रतिभाशाली है और वह विदेश जाना चाहता है तो उसका इंतजाम करने में भी वह पीछे नहीं रहते थे। जेटली के चालक जगन और सहायक पदम सहित करीब दस कर्मचारी तीन दशकों से उनके परिवार से जुड़े हैं। इनमें से तीन के बच्चे अभी भी विदेश में पढ़ रहे हैं। अमूमन इस काम पर वह अपनी सालाना कमाई का दस फीसदी खर्च करते थे। इसका नतीजा यह रहा कि जेटली परिवार की रसोई संभालने वाले जोगेंद्र की दो बेटियों में से एक लंदन में पढ़ रही हैं। वहीं, संसद में हर पल साथ रहने वाले सहयोगी गोपाल भंडारी का एक बेटा डॉक्टर और दूसरा इंजीनियर बन चुका है। इसके अलावा समूचे स्टाफ में सबसे अहम चेहरा थे सुरेंद्र। वे कोर्ट में जेटली के प्रैक्टिस के समय से उनके साथ थे। घर के ऑफिस से लेकर बाकी सारे काम की निगरानी इन्हीं के जिम्मे थी। जिन कर्मचारियों के बच्चे एमबीए या कोई अन्य प्रोफेशनल कोर्स करना चाहते थे, उसमें जेटली फीस से लेकर नौकरी तक का मुकम्मल प्रबंध करते थे।

बेटी करती है बच्चों को काउंलिंग, पत्नी देतीं हैं गिफ्ट

जेटली के इस काम में परिवार भी साथ खड़ा रहता था। वरींद्र मेनी की मानें तो उनकी बिटिया सोनाली सहयोगियों के बच्चों की पूरी काउंसलिंग करती है। किसको किस विषय की पढ़ाई करनी चाहिए, उसके लिए कौन सा कोर्स उपयुक्त रहेगा, नौकरी कहां व कैसे मिलेगी आदि की जानकारी देने का जिम्मा सोनाली ने उठा रखा है। वहीं, अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए जेटली की पत्नी संगीता भी गिफ्ट देती थीं।

पुरानी दिल्ली के छोले भटूरे के शौकीन थे

नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली बचपन से ही खाने-पीने के काफी शौकीन थे। कॉलेज स्तर पर छात्र राजनीति में सक्रिय थे उस वक्त अक्सर पुरानी दिल्ली जाकर छोले भटूरे और परांठों का स्वाद चखा करते थे। भाजपा नेता विजय गोयल भी बताते हैं कि जब भी जेटली पुरानी दिल्ली आते तो वे उनकी हवेली पर ही रुकते थे और परांठे खाए बगैर नहीं जाते थे। वे 1971 में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में जेटली के संपर्क में आए थे। इसके बाद उनका साथ अब तक बना रहा। जेटली उनके सीनियर थे। इमरजेंसी में सबसे पहला जुलूस उन्होंने जेटली के नेतृत्व में निकाला था। कॉलेज के दिनों में वह मसूरी-शिमला भी घूमने जाया करते थे। ब्यूरो

तापमान
33.9° अधिकतम | 28.2° न्यूनतम

- सूर्योदय सुबह 5:56
- सूर्यास्त शाम 6:51

आज का पूर्वानुमान
आसमान में बादल छाए रहेंगे, मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना रहेगी। दिन भर धीमी रफ्तार से हवाएं चलती रहेंगी।

आज के कार्यक्रम

सुबह 10 बजे : मंडी हाउस में कला प्रदर्शनी का आयोजन
मंडी हाउस स्थित त्रिवेणी कला संगम में विभिन्न देशों के कागजों पर बनी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी रात 8 बजे तक लगाई जाएगी।

- **शाम 4 बजे :** कनॉट प्लेस स्थित ऑक्सफोर्ड बुक स्टोर में आर्यन उपाध्याय और सरस आजाद की पुस्तकों का लोकार्पण किया जाएगा।
- **शाम 4 बजे :** इंडिया हैबिटेट सेंटर में ओल्ड वर्ल्ड थियेटर फेस्टिवल का आखिरी दिन। रात 8 बजे तक चलेगा कार्यक्रम।

कभी केजरीवाल व जेटली के रिश्तों में थी तल्खी

सीएम व आप ने तत्कालीन वित्त मंत्री पर डीडीसीए में भ्रष्टाचार के लगाए थे आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के निधन पर अफसोस जताया है। पिछले कई महीनों से सार्वजनिक कार्यक्रमों में केजरीवाल और जेटली की मुलाकातें गर्मजोशी भरी रहती थीं, लेकिन चार साल पहले दोनों के सियासी रिश्ते सहज नहीं थे। केजरीवाल ने दिसंबर 2015 में जेटली पर दिल्ली जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) में कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, इससे दोनों में तल्खी बढ़ गई थी। नाराज जेटली ने केजरीवाल समेत आप नेताओं पर 10 करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा कर दिया।

दरअसल, दिसंबर 2015 की शुरुआत में दिल्ली सचिवालय में सीबीआई ने छापा मारा था। इसके बाद अरविंद केजरीवाल समेत पूरी आम आदमी पार्टी (आप) केंद्र के खिलाफ मुखर हो गई। आप समेत दिल्ली सरकार के निशाने पर अरुण जेटली ही रहे। आरोप लगाया गया कि जेटली के डीडीसीए के अध्यक्ष (1999-2013) रहते कई तरह की अनियमितताएं हुई हैं। आप का आरोप था कि जेटली के डीडीसीए अध्यक्ष रहते न सिर्फ संघ की चयन प्रक्रिया में दखल दिया गया, बल्कि ढेरों वित्तीय गड़बड़ियां भी की गईं। केजरीवाल ने जेटली से इस्तीफा भी मांगा था। आरोपों की बौछार के बीच केजरीवाल व जेटली के सियासी रिश्ते काफी तल्ख हो गए थे। जेटली ने केजरीवाल समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कुमार विश्वास, संजय सिंह, राघव चड्ढा, आशुतोष और दीपक वाजपेयी को कोर्ट में घसीटते हुए 10 करोड़ रुपये मानहानि का केस किया।

स्मृति शेष

मामला अदालत में जाने के बाद केजरीवाल ने चेतावनी दी थी कि कोर्ट में केस करके जेटली उनको डराने की कोशिश न करें। भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी जंग जारी रहेगी। अदालत में पैरवी के लिए केजरीवाल ने राम जेठमलानी जैसा वकील रखा, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली थी।

केजरीवाल ने जेटली के निधन पर जताया अफसोस

अरुण जेटली के निधन पर शोक जाहिर करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, पूर्व वित्त मंत्री और वरिष्ठ नेता अरुण जेटली जी का असामयिक निधन राष्ट्र के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वो एक शानदार कानूनविद और अनुभवी राजनेता थे जो अपने शासन कौशल के लिए जाने जाते हैं।

जेटली को श्रद्धांजलि देने जाते सीएम केजरीवाल और मनीष सिसोदिया।

बाद में मांगनी पड़ी थी माफी

कोर्ट में लंबा केस चला। चारों तरफ से घिरने के बाद केजरीवाल समेत दूसरे आप नेताओं ने जेटली से माफी मांगी। माफीनामे में केजरीवाल ने लिखा कि आरोपों लगाने के पीछे की उनकी जानकारी सही नहीं थी। साथ ही वकील राम जेठमलानी की तरफ से दिए गए बयान से खुद को अलग कर लिया। केजरीवाल ने लिखा था कि इन आरोपों से जेटली की छवि को जो भी नुकसान हुआ है, उसके लिए वह उनके व उनके पूरे परिवार से माफी मांगते हैं। केजरीवाल के माफीनामे के बाद दोनों पक्षों की तरफ से हाईकोर्ट व पटियाला हाउस कोर्ट में संयुक्त याचिका दायर की गई थी। इसके बाद मामला खत्म हुआ।

अदालत में दलील भी रखते थे और फीस भी नहीं लेते थे : खंडेलवाल

नई दिल्ली। दिल्ली की राजनीति ही नहीं जेटली का व्यापारियों से भी गहरा रिश्ता था। सीलिंग के दौरान जब व्यापारी बेहद परेशानी से गुजर रहे थे तो उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में व्यापारियों के समर्थन में दलील पेश की। खास बात यह है कि सीलिंग के मामले केस लड़ने पर बतौर फीस पैसा भी नहीं लेते थे। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि जेटली का व्यापारियों के साथ दोस्ताना संबंध रहता था। सीलिंग की गाज दिल्ली के व्यापारियों पर गिरी थी तो वह उनकी तरफ से अदालत में दलीलें पेश करते थे। जब व्यापारियों ने फीस के लिए पूछा तो उन्होंने इनकार कर दिया। उनके निधन से व्यापारी समुदाय को गहरा दुख पहुंचा है। वह व्यापारियों के सच्चे मित्र थे और हमेशा हमारे साथ खड़े थे। इतने विनम्र थे कि जीएसटी लागू करने से पहले व्यापारियों का सहयोग मांगते थे। अपने वादे के अनुसार जीएसटी में बड़ी संख्या में संशोधन किए और व्यापारी हितैषी कानून बनाने का पूरा प्रयास किया। ब्यूरो

'इमरजेंसी के दौरान जेल में हौसला बढ़ाया करते थे'

नई दिल्ली। अरुण जेटली जिस क्षेत्र में भी रहे सर्वश्रेष्ठ रहे। छात्र राजनीति में भी उन्होंने डूसू अध्यक्ष पद संभाला तो वकालत के क्षेत्र में भी सदैव सर्वश्रेष्ठ रहे। क्रिकेट की दुनिया में भी वह सर्वश्रेष्ठ प्रशासक बने। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा ने बताया कि इमरजेंसी के दौरान पहले अंबाला और फिर दिल्ली जेल में हम लोग 19 महीने बंद थे तो वह लगातार सभी नेताओं की हिम्मत बढ़ाते थे। पार्टी के सिद्धांत से उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। अजातशत्रु की तरह वह राजनीति में थे। सुषमा स्वराज व अरुण जेटली दिल्ली की राजनीति में जिम्मेदारी निभाते रहे। संगठन और सरकार दोनों में वह लगातार युवाओं का मार्गदर्शन करते थे। दूसरी पार्टी के नेताओं के साथ भी उनके अच्छे संबंध रहे। जेटली के जाने से मैंने मित्र खोया है। अगामी विधानसभा चुनाव में उनकी कमी खलेगी। ब्यूरो

नारी स्वास्थ्य समस्याएँ?
करो जड़ से इलाज
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक हेमपुष्पा

✓ कठिन दिनों की तकलीफ़ें
✓ खून की कमी ✓ कमज़ोरी
✓ थकान, चिड़चिड़ापन ✓ खून साफ़ करे
✓ हार्मोन्स की गड़बड़ी ✓ रुप निखारे
India's No.1 Women Health Tonic
हेमपुष्पा
पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ

लकवा रोगी अपंगता से बचा
हर बार ठीक हो रहे रोगी की जानकारी जनहित के लिए प्रकाशित।
मैं विशाल कुमार, गांव कुरसेड़ा, पोस्ट–गुजेला, जिला कानपुर नगर, यु.पी–209206 से हूँ। लकवा का बहुत इलाज करवाने के बाद पिछले वर्ष पहले मेरी टांग, बाजू, हाथ और जुबान ने काम करना बन्द कर दिया था पर डा. दस्सन के 4 महीनों के इलाज से ही मुझे 90% तक सुधार आ गया और अब मैं आत्मनिर्भर हूँ। मेरे जैसे ठीक हो रहे अनेकों रोगियों का **पते सहित** सबसे अधिक डाटा www.drdassans.com और dr.dassans channel(Youtube) पर उपलब्ध है। निशुल्क परामर्श के लिए रोगी **07355793557** पर काल या रिपोर्टस व वीडीयो whatsapp करें।

विशाल कुमार
Dassan's

डीयू में जेटली को श्रद्धांजलि देते अभाविप कार्यकर्ता।

एबीवीपी ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री रहे अरुण जेटली के असामयिक निधन पर एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एस. सुब्बैया, राष्ट्रीय महामंत्री आशीष चौहान तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील आंबेकर ने गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

जेटली का निधन भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षतिः मनोज तिवारी

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए अपूर्णीय क्षति है क्योंकि देश ने एक महान अर्थशास्त्री, अधिवक्ता, प्रखरवक्ता खो दिया है। जेटली का दिल्ली के लोगों से बेहद स्नेह था और वह समय-समय पर दिल्ली भाजपा को अपना मार्गदर्शन देते रहते थे। राजनीति में उनके निधन से खाली हुए स्थान को भर पाना मुश्किल है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिवार को इस मुश्किल घड़ी को सहन करने की शक्ति दें।

इमरजेंसी के दौरान तिहाड़ में उनके साथ बिताए थे दिन: भाटिया

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में जेटली के सीनियर व मित्र डॉ. राजकुमार भाटिया इमरजेंसी के दौरान तिहाड़ उनके साथ बिताए दिनों को भूल नहीं सकते।

डीयू के पीजी डीएवी कॉलेज से वर्ष 2012 में अर्थशास्त्र शिक्षक से सेवानिवृत डॉ. भाटिया बताते हैं कि वर्ष 1970 से 1980 तक हम दोनों ने साथ काम किया। छात्र नेता के रूफ में अरुण जेटली की जेपी आंदोलन में अहम भूमिका रही है। उनके व्यक्तित्व के कारण ही उन्हें इस आंदोलन में छात्र गतिविधियों का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया था। अरुण जेटली की मौत पर भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि देश ने एक अच्छा नेता खोने के साथ-साथ मैंने एक अच्छा दोस्त खो दिया।

जेटली के अनुशासन के प्रति आस्था का किस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि अनुशासन में विश्वास के कारण वर्ष 1977 में जनता पार्टी बनने के बाद बिना बताए ही उन्हें पाटी का कार्यकारी परिषद सदस्य बनाया गया था, लेकिन उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया क्योंकि वह संगठन के अनुशासन को बनाए रखना चाहते थे। छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय जेटली ने देश में आपातकाल के दौरान भी काफी संघर्ष किया था। पुरानी यादों को ताजा करते हुए भाटिया ने बताया कि जब जेटली एबीवीपी में आए तब मैं एबीवीपी का ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी था।

एबीवीपी के लिए साथ मिलकर काम किया इसलिए अच्छे दोस्त भी बन गए। उनके व्यस्त शेड्यूल के बावजूद अक्सर मिलना होता था। जब उनके अस्पताल में भर्ती होने का पता चला तो दो बार उनके परिवार से जाकर भी मिला। ब्यूरो



आपके लिए आवश्यक सूचना

पानी की बिलिंग प्रणाली में सुधार के लिए दिल्ली जल बोर्ड की सभी ऑनलाइन सेवाएं 23 अगस्त से 30 अगस्त तक बंद रहेंगी

Dip/Shabdarth/D/0100/19-20



- राजस्व प्रबंधन प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड का महत्वपूर्ण कदम।
- इस माईग्रेशन गतिविधि के कारण सभी आन लाईन सेवाएं जैसे पानी के बिलों को देखना और भुगतान/नए कनेक्शन के लिए आवेदन/भुगतान कॉउंटर आदि सेवाएं दिनांक 23-08-2019 से 30-08-2019 तक उपलब्ध नहीं रहेंगी।
- इन तिथियों के पानी के बिलों के भुगतान की समयाविधि स्वत: ही दिनांक 09-09-2019 को बिना किसी लेट पेमेन्ट सरचार्ज के बढ़ जाएगी।
- इस समयाविधि के दौरान क्षेत्रीय राजस्व कार्यालयों की ऑफलाइन गतिविधियां जारी रहेगी। उपभोक्ता अपने पानी के बिलों का भुगतान क्षेत्रीय राजस्व कार्यालयों में स्थित किऑस्क द्वारा कर सकते हैं।
- अधिक जानकारी के लिए कृपया 1916 (टोल फ्री नबंर) पर संपर्क करें।

सिस्टम अपग्रेडेशन की वजह से उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा के लिए दिल्ली जल बोर्ड खेद व्यक्त करता है।

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

शहरी विकास विभाग,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

'इंडियन आइडल' की दौड़ में रहा युवक झपटमारी में धरा

30 से अधिक मामले हैं दर्ज, पुलिस ने 5 केस सुलझाने का किया दावा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। टीवी के म्यूजिक शो इंडियन आइडल में हिस्सा ले चुके युवक को पुलिस ने झपटमारी में गिरफ्तार किया है। झपटमारी की ताबड़तोड़ वारदात को अंजाम देने की वजह से उसे रणहौला थाने का घोषित बदमाश करार दिया गया था। हाल में तिहाड़ जेल से निकलने के बाद वह फिर से वारदात को अंजाम देने लगा था। सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद से विकासपुरी थाना पुलिस इसकी तलाश कर रही थी। उसके पास से पुलिस को एक पिस्टल, कारतूस, दो मोबाइल फोन, एक केटीएम बाइक मिली है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से 5 मामले सुलझाने का दावा किया है।

जिला पुलिस उपायुक्त मोनिका भारद्वाज ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान उत्तम नगर निवासी सूरज उर्फ फाइटर (26) के रूप में हुई है। इस पर पहले से 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2014 में जनकपुरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 49 मोबाइल फोन बरामद किए थे। अरविंदो कॉलेज से स्नातक कर चुका सूरज ताइक्वांडो में गोल्ड मेडलिस्ट रहा है। अच्छा गायक होने की वजह से वह टीवी के म्यूजिक शो इंडियन आइडल सेशन चार में हिस्सा लिया था और अंतिम पचास प्रतियोगी में शामिल रहा। उसके बाद से लगातार झपटमारी करने पर उसे रणहौला थाने का घोषित बदमाश करार दिया गया था। विकासपुरी इलाके में बीते 5 अगस्त को एक युवक ने झपटमारी की शिकायत की थी। जांच के दौरान पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की। जिसमें दो बदमाशों की तस्वीर कैद हो गई थी। पुलिस ने विकास नगर निवासी रवि नाम के बदमाश की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। रवि ने सहयोगी सूरज के बारे में बताया। रवि ने बताया कि हाल ही में वह तिहाड़ जेल से निकलने के बाद वारदात करने लगा है। पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी लेकिन वह गायब था। पुलिस ने निगरानी रखी और 21 अगस्त को मच्छी मार्केट से गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि उसके पास से बरामद केटीएम बाइक राजेंद्र नगर इलाके से चुराई गई है।

पता पूछने के बहाने युवक से लूटपाट

नई दिल्ली। बेगमपुर इलाके में पता पूछने के बहाने एक युवक को रोककर बाइक सवार बदमाशों ने लूटपाट की। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, घायल नवीन विहार निवासी सुजीत कुमार (36) निजी कंपनी में काम करता है। उसके भाई पवन ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे किसी ने फोन पर उसे वारदात की सूचना दी। पवन पहुंचा तो सुजीत के पेट से खून निकल रहा था। वह सुजीत को बाइक पर बिठाकर अंबेडकर अस्पताल पहुंचा। रास्ते में सुजीत ने बताया कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने पता पूछने के बहाने उसे रोका। और लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके पेट में चाकू मार दिया और तीन हजार रुपये और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। ब्यूरो

युवक-युवती ने झपटमारों को बाइक से गिराकर पकड़ा

नई दिल्ली। राजधानी में दो स्थानों पर एक युवती और एक युवक ने झपटमारी कर भाग रहे बदमाशों को बाइक से गिराकर लोगों की मदद से पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार, भारत नगर के किंग्जवे कैंप में कंप्यूटर कोर्स कर रही आंचल (25) परिजनों के साथ संगम पार्क में रहती है। 22 अगस्त की दोपहर वाल्मीकि मंदिर के पास बाइक सवार बदमाशों ने आंचल के हाथ से मोबाइल छीन लिया और भागने लगे। आंचल ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया और उनकी बाइक को पीछे से पकड़ लिया। इससे बदमाश गिर गए। एक बदमाश बाइक छोड़कर फरार हो गया, जबकि आंचल ने लोगों की मदद से चांदपुर (बिजनौर) निवासी दानिश को दबोच लिया। उसके पास से मोबाइल मिल गया।

दूसरे मामले में मूलतः रायबरेली निवासी सतीश (19) नरेला में रहकर औद्योगिक इलाके में एक फैक्ट्री में काम करता है। 22 अगस्त की रात वह जिम से घर जा रहा था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर पिता का फोन आ गया। वह बात करने लगा। अचानक एक बाइक सवार उससे फोन छीनकर भागने लगा। सतीश बदमाश के पीछे भागा और उसकी बाइक को पकड़कर गिरा दिया। बदमाश ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतीश के शोर मचाने पर लोगों ने बदमाश को दबोच लिया और धुनाई कर दी। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। बदमाश की पहचान पंजाबी कॉलोनी निवासी रवि के रूप में हुई। ब्यूरो

शक के आधार पर पड़ोसी को अधमरा किया

नई दिल्ली। सीमापुरी की दिलशाद कॉलोनी निवासी लक्ष्मण (23) को पड़ोसी ने पत्नी को अश्लील इशारा करने के शक में पीटकर अधमरा कर दिया सिर फोड़ दिया। ब्यूरो



SHIRTS
Only Half Sleeves
Rs.599/-
MRP 1399 to 2999
LAST OPPORTUNITY
Flat Price
Sale
By Economy Sales
Till 9th Sept.
Also attractive offers on Branded T-Shirts
ARROW parx LOUIS PHILIPPE PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

प्रेमनगर में पांच घंटे में महिला समेत तीन के शव बरामद

नई दिल्ली। प्रेम नगर इलाके में शुक्रवार को पांच घंटे के अंतराल में एक महिला समेत तीन लोगों के शव मिले हैं।

जिला पुलिस उपायुक्त एसडी मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एक सूचना के बाद विनय एंक्लेव स्थित डीडीए की खाली पड़ी जमीन में अगर नगर निवासी महफूज आलम (31) का शव पड़ा मिला। जांच में पता चला कि वह कोई काम नहीं करता था। उसे मिर्गी की बीमारी थी। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं था।

उधर, दोपहर करीब साढ़े बाहर बजे प्रेम नगर पार्ट 2 एक महिला के फंदा लगाने की जानकारी मिली। महिला सीमा घर में अकेली रहती थी। घर से काफी बदबू आ रही थी। उसके तीन बच्चे हैं और उसका पति दिनेश प्राइवेट कंपनी में काम करता है जिससे उसका कोर्ट केस चल रहा है। पुलिस का कहना है कि शव पांच छह दिन पुराना है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

तीसरी घटना में दोपहर ढाई बजे पुलिस को प्रेम नगर कलस्टर डिपो के पास एक व्यक्ति के अचेत पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। उसकी उम्र करीब 38 साल थी। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पहचान करने में जुटी है। ब्यूरो

BABE KE
Ayurvedic Medical College & Hospital
V.P.O Daudhar, Distt. Moga (Pb) 142053
Admission Guidance
BAMS & MD (Ayu.)
Courses session 2019-20
HELP DESK NO'S.:-
098882-98987, 098141-26751

NORTH DELHI
INDRAPRASTHA AUTOMOBILES WAZIRPUR: 8929648034

SOUTH DELHI
GENESIS CARS MATHURA ROAD: 8929648043
SYNERGY CARS SAFDARJUNG ENCLAVE: 8929648032
KONCEPT AUTOMOBILES LAJPAT NAGAR: 8929648031

GREATER NOIDA
KONCEPT AUTOMOBILES GREATER NOIDA: 8929648030

NOIDA
KONCEPT AUTOMOBILES NOIDA (SEC-2): 8929648028
KONCEPT AUTOMOBILES NOIDA (SEC-63): 8929648029

FARIDABAD
UNITED AUTOMOBILES NHPC CHOWK: 8929648041
PRIME AUTOMOBILES YMCA CHOWK: 8929648042

GURGAON
DEE EMM ATUL KATARIA CHOWK: 8929648040
KONCEPT AUTOMOBILES SOHNA ROAD: 8929648038
KONCEPT AUTOMOBILES MG ROAD: 8929648037

EAST DELHI
SHIVA AUTO DILSHAD GARDEN: 8929648027
SHIVA AUTO PATPARGANJ: 8929648026
INDRAPRASTHA AUTOMOBILES GOKULPURI: 8929648034

WEST DELHI
SRI DURGA MOTI NAGAR: 8929648035
INDRAPRASTHA AUTOMOBILES PEERAGARHI: 8929648033

SOUTH-WEST DELHI
SRI DURGA DWARKA: 8929648036

GHAZIABAD
SHIVA AUTO LOHIA NAGAR: 8929648020
SHIVA AUTO LONI: 8929648020
SHIVA AUTO HAPUR: 8929648025

12 बजते ही गूंजा 'भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला..'

आधी रात में श्रीहरि का अवतरण, मंदिरों में भक्तों की भीड़, महाआरती के बाद प्रसाद वितरण

गोल मार्केट इलाके में बालगोकुलम की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रीकृष्ण के बाल स्वरुप। कुमार संजय

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला...। नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...। शनिवार को आधी रात प्रभु श्रीहरि ने अवतरण लिया। उस दौरान कहीं केट काटा गया तो कहीं पंजीरी प्रसाद का वितरण किया गया। जनमाष्टमी पर नंद परिवार को बधाइयां देने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। नई दिल्ली स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। रोहिणी सेक्टर-25 के इस्कॉन टेंपल में धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई। यहां शनिवार सुबह 4 बजे से श्रद्धालु आने लगे। देर रात तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन किया।

पुजारी उपेंद्र प्रभु ने बताया कि शनिवार सुबह 4:30 बजे मंदिर को श्रद्धालुओं के दर्शन लिए खोल दिया गया। सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद सुबह 7:30 बजे से श्रृंगार दर्शन शुरू हो गया। मंदिर को कई देशों के फूलों से सजाया गया। फूलों से बने मोर आकर्षण का केंद्र रहे। इस बार भगवान के लिए फूलों का बंगला, मधु कीर्तन, राधा-कृष्ण का अभिषेक, भगवान को 1008 प्रकार के व्यंजनों का भोग खास रहा। 4 मंजिला इस मंदिर में हर फ्लोर पर अभिषेक, आरती और भगवान के झूले की व्यवस्था थी। रात्रि अभिषेक के बाद 56 भोग लगाए गए। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर के सामने सर्विस रोड को दोनों ओर से बंद कर दिया गया।

वहीं द्वारका इस्कॉन मंदिर में भक्तों के लिए दिनभर प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मंदिर में एक सेल्फी कॉर्नर भी बनाया गया। ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर में रात साढ़े 10 बजे महाभिषेक शुरू हुआ। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होने के बाद महाआरती का आयोजन हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। ठीक इसी तरह लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी प्रसाद वितरण इत्यादि हुआ। स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान कृष्ण की लीलाओं को दर्शाया।

श्रीराम मंदिर समिति सफदरजंग एंक्लेव की ओर से मंदिर को स्वदेशी फूलों से सजाया गया और झांकियां भी निकाली गईं। इसमें बच्चे श्रीकृष्ण के वेश में दिखे। 56 भोग लगाने के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

वेलकम मेट्रो स्टेशन के सामने छत्रपति शिवाजी समाज कल्याण एवं शिक्षा प्रचार समिति के कार्यक्रम में मटकी फोड़ते युवा।

जेएनयू में मटकी फोड़ प्रतियोगिता

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जेएनयू कैंपस स्थित कावेरी-पेरियार लॉन में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समिति की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें कुल आठ टीमों ने भाग लिया। इसमें सात लड़कों व एक लड़कियों की टीम थी। लड़कियों की गोपियां टीम व लड़कों के सैनिक स्कूल टीम को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। लड़कियों की टीम को पांच हजार और दर्शकों की तरफ से दो हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिया गया। लड़कों की टीम को पांच हजार और दो हजार दर्शकों की तरफ से मिला। प्रतियोगिता में राजस्थान रॉयल की टीम दूसरे स्थान पर रही। इस टीम को पुरस्कार के रूप में 4000 रुपये दिए गए। जबकि संस्कृत सेंट्रल स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। इन्हें पुरस्कार के रूप में 4000 रुपये मिला। प्रतियोगिता में वामपंथी छात्र संगठनों के भी नेता शामिल रहे। ब्यूरो

गीता कॉलोनी में हुआ महाभिषेक

पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी स्थित इस्कॉन केंद्र में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान कृष्ण कर महाभिषेक और प्रसाद वितरण किया गया। उधर, मुखर्जी नगर इलाके के मंदिरों में देर रात तक महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शरीक हुए। श्री शक्ति मंदिर में पंडित राधेश पांडेय ने श्रीकृष्ण का जन्म होने के बाद आरती का आयोजन किया।

श्रीकृष्ण भक्तों की आस्था का केंद्र बना है कोईले

चरण वंदना के लिए आतुर यमुना का उफना रुप देखकर भयभीत हो गए थे वासुदेव

अमर उजाला ब्यूरो


बृज फाउंडेशन ने कोईले के घाट को दिया नया रुप

नई दिल्ली। दुनियाभर में फैले करोड़ों कृष्ण भक्तों की आस्था का केंद्र है कोईले। यह वह स्थान है, जहां से होकर कंस के कैदखाने से बेटे श्रीकृष्ण को गोकुल ले जाने के लिए डला (एक प्रकार की टोकरी) में रखकर पिता वासुदेव गुजरे थे।

पौराणिक कथा के मुताबिक, जब वासुदेव यमुना के बीच से होकर गोकुल जाने लगे तो श्रीकृष्ण की चरण वंदना के लिए यमुना आतुर हो उठीं। अचानक जल में उफान आने लगा। वह वासुदेव के सिर तक पहुंचने लगा। इससे वासुदेव भयभीत हो गए। उन्हें लगा कि बढ़ते जल के कारण श्रीकृष्ण को कोई हानि न पहुंचे। उन्होंने सहायता के लिए 'कोई ले-कोई ले' की पुकार लगाई। उनका उद्देश्य था कि कोई आकर उनके लाल को ले ले तो उसकी यमुना के जल से रक्षा हो सकेगी। इधर, अपने बाल रूप में श्रीकृष्ण सारा माजरा समझ रहे थे। उन्होंने पिता के सिर पर डला से ही अपने पैर काफी नीचे लटका दिए। उन्हें छूकर यमुना अपने पुराने स्वरूप में लौट गईं। जिस स्थान पर यह घटना हुई, वह स्थान 'कोई ले' नाम से ही जाना जाने लगा।

यह स्थान आगरा में सदर तहसील के अंतर्गत है। नेशनल हाईवे-2 (दिल्ली-आगरा) पर यह मथुरा रिफायनरी के ठीक सामने है। बृज फाउंडेशन के सीईओ विनीत नारायण बताते हैं कि इस स्थान को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए यहां के घाट को नया रूप दिया गया है। इसमें बीकानेर के मुंथड़ा परिवार ने आर्थिक सहयोग दिया है। अब यह एक पर्यटन केंद्र बन चुका है। पौराणिक गाथा के मुताबिक ही यहां वासुदेव की प्रतिमा भी लगाई गई है। इसमें वे डला में श्रीकृष्ण को लेकर जाते दिख रहे हैं।

पंडित रोमू मजूमदार ने बांसुरी वादन से बांधा समा

नई दिल्ली। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लीजेंड्स ऑफ इंडिया संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम 'बैठक' में पंडित रोमू मजूमदार ने अपने भावपूर्ण शास्त्रीय बांसुरी वादन से समां बांध दिया। उन्होंने अपना बांसुरी वादन मशहूर संगीतकार पंचम दा यानी आरडी बर्मन को समर्पित किया।

कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित भारतीय विद्या भवन में हुए कार्यक्रम की शुरुआत पंडित रोमू मजूमदार ने राग गोरख कल्याण में वादन के साथ की। उन्होंने इसके बाद राग रामदासी मल्हार की प्रस्तुति दी। उन्होंने बनारसी शैली में झूला और कजरी की बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। तबला वादक पंडित रामदास पुलसुले और पुखराज गुरु ओमकार दाल्वी ने उनके साथ शानदार जुगलबंदी की। इस दौरान 'कश्मीर के साथ प्यार' बांसुरी वादन भी प्रस्तुत किया। लीजेंड्स और इंडिया के संस्थापक दीपायन मजूमदार ने कहा कि लोगों को परंपरा से रूबरू कराने का प्रयास किया गया है। ब्यूरो



बांसुरी वादन करते पंडित रोमू मजूमदार।

इस्कॉन मंदिर में श्रीकृष्ण का दुग्धाभिषेक करते सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया।

बाढ़ राहत शिविर में सर्पदंश से गई बच्चे की जान

गीता कॉलोनी में हादसा, टेंट में नहीं थी बिजली, जमीन पर सोते समय सांप ने डंसा, अस्पताल में नहीं मिला वेंटीलेटर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। गीता कालोनी इलाके में प्रशासन की लापरवाही से एक बच्चे की सर्पदंश से मौत हो गई। गीता कालोनी शमशान घाट के पास बाढ़ राहत शिविर में शुक्रवार रात अंधेरे में जमीन पर सो रहे 12 साल के बच्चे को सांप ने डंस लिया। उसे तुरंत डॉ. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार तड़के उसने दम तोड़ दिया। मृतक की शिनाख्त दीपक (12) के रूप में हुई है। परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही और अस्पताल प्रशासन पर ठीक से इलाज नहीं करने के आरोप लगाए हैं। परिजनों का आरोप है कि वेंटिलेटर के अभाव में बच्चे ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सब्जी मंडी मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस के मुताबिक दीपक अपने परिवार के साथ गीता कालोनी, यमुना खादर में रहता था। इसके परिवार में पिता लक्ष्मण, मां सरिता और एक छह साल का छोटा भाई सुशील है। दीपक के पिता यमुना खादर में किसानों के पास मजदूरी करते हैं। परिवार ने खादर में ही झुग्गी बनाई हुई थी। दिल्ली में बाढ़ का खतरा मंडराया तो दिल्ली सरकार ने खादर में रहने वालों के लिए पुश्ते किनारे सड़क पर राहत शिविर के लिए टेंट की व्यवस्था कर दी। रविवार रात को दीपक अपने परिवार के साथ गीता कालोनी शमशान घाट के पास बनाए गए राहत शिविर में आ गया था। शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे वह अपने परिवार से सोने जाने की बात कर अपने टेंट में चला गया। वहां पर जमीन पर पड़ी मेट पर जाकर वह लेट गया।

इसी दौरान सांप ने उसके पैर में डंस लिया। अंधेरे में जब उसे तेज दर्द हुआ तो उसने माता-पिता को इसकी जानकारी दी। फौरन परिजनों ने उसकी टांग में कसकर कपड़ा बांध दिया। इस बीच पास में मौजूद सिविल डिफेंस कर्मियों को इसकी जानकारी दी गई। बाद में पास में मौजूद डॉक्टर ने उसे फौरन अस्पताल ले जाने के लिए कहा। दीपक का शरीर भी नीला पड़ने लगा। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने फौरन उसे अंबू बैग लगाकर सिविल डिफेंसकर्मी को चलाने के लिए कहा। डॉक्टरों का कहना था कि अस्पताल में वेंटिलेटर मौजूद नही है। इस दौरान तड़के 5.00 बजे दीपक ने दम तोड़ दिया।

टेंट में जमीन पर ही बिछा दी गई है मैट

दीपक (फाइल फोटो)

दीपक के पिता लक्ष्मण ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि प्रशासन ने राहत शिविर में बस टेंट लगाकर जमीन पर मेट बिछा दी है। वहां रहने वाले लोगों के लिए चारपाई या सोने के लिए कोई और इंतजाम नही किए हैं। यमुना में जब पानी आता है तो वहां के कीड़े-सांप-बिच्छू निकलकर किनारे की ओर भागते हैं। लक्ष्मण के मुताबिक जिस समय दीपक को सांप ने डंसा था, उस समय टेंट में अंधेरा भी था। दिल्ली सरकार ने भले ही टेंट में लाइट का इंतजाम किया हुआ हो, लेकिन वहां रोजाना लाइट देर से आती है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पूर्व दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति के चेयरमैन संदीप कपूर वहां पहुंचे। उन्होंने दिल्ली सरकार से वहां पूरे समय बिजली की व्यवस्था करने और चारपाई का इंतजाम करने की मांग की।

वाइल्ड लाइफ विभाग के लोग नहीं पहुंचे

हादसे के बाद राहत शिविर के आसपास शनिवार सुबह कई बार काले रंग का कोबरा देखा गया। सिविल डिफेंस कर्मियों व प्रशासन की ओर से कई बार वाइल्ड लाइफ वालों को सांप पकड़ने के लिए कॉल की गई। लेकिन कोई नही आया। उनका कहना था कि सांप की मोबाइल से क्लिप बनाकर भेजो, उसके बाद ही वह मौके पर पहुंचेंगे। इसके अलावा यदि सांप किनारे पर होगा तो ही वह आएंगे। जंगल से सांप नही पकड़ा जाएगा। हादसे के बाद राहत शिविर में रहने वाले लोग खासे दहशत में हैं। उनका कहना है कि जब तक सांप पकड़ा नही जाएगा तब तक वह वहां नही सोएंगे। दिल्ली में बाढ़ के खतरे के बाद लगाए गए कैंपों में सरकार की ओर से खाने, पानी, टेंट, बिजली, सिविल डिफेंस, डॉक्टरों की व्यवस्था के दावे किए गए थे।

संत रविदास मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट जा सकती है दिल्ली सरकार

नई दिल्ली। तुगलकाबाद स्थित संत रविदास मंदिर तोड़े जाने के मामले में दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकती है। इसके लिए सरकार फिलहाल कानूनी विशेषज्ञों की सलाह ले रही है। कानूनी रास्ता मिलने पर अगले हफ्ते सरकार अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। इस दौरान मामले का समाधान कराने की कोशिश होगी।

दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि आजादी से पहले के सरकारी दस्तावेजों में संबंधित जमीन मंदिर के नाम है। दस्तावेजों में रविदास मंदिर और जाति विशेष वाला जोहड़ दर्ज है। ऐसे में इसे वन भूमि का अतिक्रमण नहीं कहा जा सकता। यह 40 करोड़ लोगों की आस्था का विषय है। केंद्र सरकार और डीडीए ने अदालत के सामने सभी तथ्य नहीं रखे। ऐसे में केंद्र सरकार को मामले में रिव्यू याचिका डालनी चाहिए।

मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने किया दावा, केंद्र ने सही तरीके से नहीं रखा अदालत में पक्ष

गौतम का कहना है कि मामले में पक्षकार न होने और अदालत से फैसला आने के बाद अब दिल्ली सरकार वकीलों से राय ले रही है कि इसमें दिल्ली सरकार कैसे पक्षकार बन सकती है। दिल्ली सरकार मामले को राजनीतिक रंग न देकर इसका समाधान चाहती है। जरूरत पड़ी तो सरकार अदालत में जरूर याचिका लगाएगी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के सामने इन सारे तथ्यों को रखा जाएगा। अदालत से गुजारिश की जाएगी कि मंदिर के हिस्से में जितनी जमीन है, उससे कहीं ज्यादा ज्यादा जमीन पर दिल्ली सरकार घना पौधरोपण करेगी। गौतम के मुताबिक, 1980 में डीडीए का वन भूमि के तौर पर जमीन मिली थी। मामले का एक समाधान यह भी हो सकता है कि डीडीए इसका लैंड यूज बदलने का एक प्रस्ताव तैयार कर दिल्ली सरकार को दे। दिल्ली सरकार इस पर तुरंत सहमति दे देगी। इसके बाद केंद्र सरकार वन भूमि को जमीन को डि-नोटिफाई कर देगी। ब्यूरो

दर्शकों को लुभा रहीं विदेशी कागजों पर बनी पेंटिंग्स

नई दिल्ली। जापान, चीन, श्रीलंका, वियतनाम और कोरिया के हैंडमेड पेपर पर तैयार चित्रकला प्रदर्शनी दर्शकों को बेहतर जीवन शैली के गुर सिखा रही है। इस प्रदर्शनी का आयोजन मंडी हाउस स्थित त्रिवेणी कला संगम में किया गया है। खास बात यह है कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों के जीवन में अव्यवस्थित चीजों को सुव्यवस्थित और बेहतर बनाना है।

चित्रकार रुचिका वासन सिंह ने विदेश भ्रमण के दौरान जुटाए हैं विभिन्न देशों के पेपर

त्रिवेणी कला संगम में आयोजित यह प्रदर्शनी 31 अगस्त तक चलेगी। कलाकार रुचिका वासन सिंह ने विभिन्न देशों के भ्रमण के दौरान वहां से जुटाए गए विभिन्न प्रकार के कागजों पर इन तस्वीरों को उकेरा है। उन्होंने बताया कि हमारे जन्म के समय बहुत सी चीजों की प्रकृति स्वाभाविक और बेहतर होती है, लेकिन दिनोंदिन बढ़ते विकास के साथ ही चीजें खराब और अव्यवस्थित होती जा रही हैं। इसी विषय को लेकर उन्होंने पेंटिंग्स तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को अपने आसपास सफाई रखने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने इन तस्वीरों को तैयार करने में विदेशी और भारतीय दोनों तरह के रंगों का प्रयोग किया है। इस प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से लोगों को प्रकृति प्रेम का भी संदेश दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने विदेशी कागजों के प्रयोग से विदेशों की संस्कृति से भी लोगों को रूबरू करवाने का प्रयास किया है। ब्यूरो

शुद्ध ध्वनि उत्सव ने मोहा संगीत प्रेमियों का मन

नई दिल्ली। भारतीय शास्त्रीय संगीत प्रेमियों के लिए स्नेहलता मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक संगीत उत्सव शुद्ध ध्वनि का आयोजन त्रिवेणी कला संगम में किया गया। उस्ताद साबिर खान ने सरोद वादन की जुगलबंदी से दर्शकों का मन मोह लिया। फर्रुखाबाद घराने के तबला वादक खलीफा की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को लुभाया। केडिया ब्रदर्स ने भी अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को आनंदित किया। ब्यूरो

दक्षिण पश्चिम रेलवे

ई-प्रोक्योरमेंट (आईआरईपीएस) निविदा सूचना सं. एच-ई-09-2019-20 दिनांक 20.08.2019

अधोहस्ताक्षरी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं (आईआरईपीएस) आमंत्रित करता है।

क्रम सं.	कार्य का नाम	आसन्न मूल्य
1	एसडब्ल्यूआर रेल सौधा (Soudha) में 2 अदद 500 केवीए डीजी सेटों कंट्रोल पैनल व एपीएफसी पैनल की मरम्मत।	20,03,050/-रु.
2	उप कार्य : 1 : हुब्बली- रनिंग रूम (60 बेड) का प्रस्तावित निर्माण-विद्युतीय व्यवस्था। उप-कार्य : 2 : बल्लारी जंक्शन : बल्लारी जंक्शन में रनिंग रूम का निर्माण-विद्युतीय व्यवस्था। उप-कार्य : 3 : वास्को-ड-गामा- वास्को-ड-गामा में रनिंग रूम का निर्माण (32 बेड)- विद्युतीय व्यवस्था।	91,09,895/-रु.

बोलियां जमा करवाने की अंतिम तिथि : 20.09.2019 को 11.00 बजे तक

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट : www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

वरिष्ठ मंडलीय विद्युतीय अभियंता दक्षिण पश्चिम रेलवे, हुब्बली

PUB/203/AAAL/PRB/SWR/2019-20

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लि.

सार्वजनिक सूचना : सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 220 के.वी. पारेषण उपकेन्द्र हेतु भूमि क्रय हेतु उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि. द्वारा वर्णित उपकेन्द्र के निर्माण हेतु दिये गये विवरणानुसार एक मुश्त समतल भूमि की आवश्यकता है। 220 के.वी. उपकेन्द्र बुलन्दशहर रोड गाजियाबाद हेतु बुलन्दशहर रोड गाजियाबाद क्षेत्र के आस-पास के क्षेत्र में कुल लगभग 05 एकड़ भूमि। सम्बन्धित अधिकारी अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, लालकुआँ गाजियाबाद। उपरोक्त भूमि आपसी सहमती से निम्नलिखित शर्तों के साथ भूमि मालिकों से सीधे सक्षम जिला भू-क्रय समिति के अनुमोदन पर क्रय की जायेगी। 1. भूमि विवादित नहीं होनी चाहिए एवं भूमि पर कोई वाद नहीं होना चाहिए। 2. भूमि पट्टे की नहीं होनी चाहिए। 3. भूमि ऐसे स्थान पर होनी चाहिए जहाँ से पारेषण लाइनों की निकासी सम्भव हो। 4. भूमि भराई की नहीं होनी चाहिए। 5. बंजर/अनुपजाऊ भूमि वरियता पर क्रय की जायेगी। 6. भूमि स्वामी एकल अथवा अधिकतम 10 व्यक्तियों का समूह हो सकता है। 7. समस्त भूमि एक साथ होनी चाहिए। भूमि विक्रय हेतु व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह जिनके पास उक्तानुसार भूमि उपलब्ध है। इस विज्ञापन प्रकाशन के 15-दिवसों के अन्दर सादे पन्ने पर अपना आवेदन भूमि की न्यूनतम मूल्य इंगित करते हुए एवं सभी जरुरी दस्तावेज सम्बन्धित अधिकारी को भेज सकते है। भूमि की उपयुक्ता सम्बन्धी तकनीकी परीक्षण भूमि का मूल्य तथा पारेषण लाईनों की कुल लागत के आधार पर विभागीय "भूमि चयन समिति" द्वारा करने के पश्चात वर्तमान शासनादेश के अनुसार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गाजियाबाद की "भूमि दर निर्धारण समिति" एवं भू-स्वामियों से आपसी समझौते के आधार पर तय दर पर भूमि का क्रय उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि. के पक्ष में किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था/निकाय को उपरोक्त वर्णित क्षेत्र के स्वामित्व की भूमि का विक्रय विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण हेतु उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि. के पक्ष में करना हो तो वह इस सम्बन्ध में अपना नोटराइज्ड प्रस्ताव, भूमि विवरण यथा भूमि की लम्बाई तथा चौड़ाई भूमि के खसरे की प्रतिलिपि, भूमि की रजिस्ट्री की प्रतिलिपि यदि कोई हो, भूमि के विवादित न होने के प्रमाणपत्र सहित दिनांक 09.09.2019 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है। भूमि क्रय दर से सम्बन्धित समस्त अधिकार "भूमि क्रय समिति" के पास सुरक्षित समझे जायेगें एवं भूमि से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु निम्नलिखित मोबाईल नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है। 7290059625, 7290059626। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, 132 के.वी. उपकेन्द्र लाल कुआँ, बुलन्दशहर रोड गाजियाबाद। E-mail: eeetd2gzb@upptcl.org. "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें साधारण बल्ब के स्थान पर एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें"। पत्रांक सं.:-1411 दिनांक:-24.08.2019

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से इज्जतनगर मंडल के अन्तर्गत चलने वाली गाड़ी संख्या 13020/19 में वीपीयू में उपलब्ध स्थान को 05 वर्षो के लिये लीज पर आवंटित किये जाने हेतु पंजीकृत व्यक्ति/ट्रान्सपोर्टर/कार्गो आपरेटर जो लीज कार्य हेतु पंजीकृत हो से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

कार्य का नाम: इज्जतनगर मंडल के अन्तर्गत चलने वाली गाड़ी संख्या 13020/19 में वीपीयू में उपलब्ध स्थान को 05 वर्षो के लिये लीज पर आवंटित किये जाने हेतु पंजीकृत व्यक्ति/ट्रान्सपोर्टर/कार्गो आपरेटर जो लीज कार्य हेतु पंजीकृत हो से ठेके हेतु ई–निविदा। **क्र.स.–1,** ई–निविदा सूचना संख्या C/52/VPU/13020/19, आरक्षित मूल्य प्रति राउण्ड ट्रिप प्रति वीपीयू: 23 टन हेतु: ₹ 1,37,980/-, बयाना राशि: ₹4,00,000/-, निविदा फार्म का मूल्य: ₹ 2,360/-, निविदा की अन्तिम दिनांक: 19-09-2019 (1) इज्जतनगर मंडल के अन्तर्गत चलने वाली गाड़ी संख्या 13020/19 में वीपीयू में उपलब्ध स्थान को 05 वर्षो के लिये लीज पर आवंटित किये जाने हेतु पंजीकृत व्यक्ति/ट्रान्सपोर्टर/कार्गो आपरेटर जो लीज कार्य हेतु पंजीकृत हो से ठेके हेतु खुली ई–निविदा *www.ireps.gov.in* के माध्यम से आमंत्रित की गयी है। (2) ई–निविदा में *www.ireps.gov.in* पर अपलोड होने की तिथि से दिनांक 19-09-2019 तक समय 15:00 बजे तक ही भाग ले सकते है। (3) ई–निविदा खुलने की तिथि व समय 19-09-2019 को 15:30 बजे। (4) ई–निविदा से सम्बन्धित निविदा फार्म, निविदा सूचना, पात्रता, नियम एवं शर्तों का विस्तृत विवरण *www.ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। (5) ई–निविदा से सम्बन्धित बयाना राशि एवं निविदा फार्म की कीमत का भुगतान पर आनलाइन पेमेण्ट गेटवे से ही होगा। (6) निविदा से सम्बन्धित जानकारी के लिये कार्यालय समय में मंडल रेल प्रबन्धक/वा., इज्जतनगर कार्यालय से व कार्यालय समय में दूरभाष नं. 9760541952 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

नोटः सभी संभावी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि इस निविदा से सम्बन्धित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु वे नियमित रूप से वेबसाइट *www.ireps.gov.in* देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), मुजाधि/वाणिज्य–93 **इज्जतनगर**

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो० नं० : 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति– प्रबंध निदेशक, उ.प्र. कारपोरेशन लि. लखनऊ के आदेशानुसार दिनांक 25.08.2019 (दिन रविवार) को सभी विद्युत वितरण खण्डों के अंतर्गत रु.-10 हजार से अधिक बकायेदार एवं दिनांक 01.01.2019 से भुगतान न करने वाले बकायेदारों के दिनांक 25.08.2019 को महा अभियान में संयोजन विद्युत वसूली/विच्छेदन किये जाने हैं, जिसमें विद्युत वितरण खण्ड गढ़मुक्तेश्वर के अंतर्गत 14693 नं. उपभोक्ताओं पर रु.-3646.00 लाख का बकाया है, जिसके लिए विद्युत परिवर्तन दल एवं स्थानीय पुलिस का भी सहोयग लिया जायेगा। भुगतान हेतु सुबह 8.00 से 20.00 बजे तक कैश काउंटर खुले रहेंगे, उपभोक्ता अपना बिल पास के किसी भी जनसुविधा केंद्र अथवा किसी भी विद्युत उपकेंद्र अथवा खण्ड/उपखण्ड कार्यालय के कैश काउंटर पर जमा करा सकते हैं। विच्छेदित संयोजन की जांच की जायेगी यदि संयोजन बिना भुगतान के जुड़ा पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा इस अभियान को सफल बनाने के लिए टीम गठित कर दी गयी है। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, गढ़मुक्तेश्वर। विद्युत चोरी की सूचना हैल्प लाईन नं.-1800-180-3002 (मेरठ),1800-180-8752 (लखनऊ) पर दें। ''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें, साधारण बल्ब की जगह एल.ई.डी. बल्ब लगायें''पत्रांकः 2695, दिनांक 24.08.2019।

Government of Maharashtra
Public Works Division, Parbhani
E-Tender Notice No. 17 of 2019-2020 (IInd call)

Online Tender (e-tenders) in B-1 for 02 (Two) works are invited by the Executive Engineer P.W. Division, Parbhani (Phone No 02452-222708) on Government of Maharashtra Electronic Tender Management system https:/maharashtra.etenders.in/ from registered contractors in appropriate class with Public Works Department of Maharashtra State

The details can be viewed and download online directly from the Government of Maharashtra e-tendering portal **https://maharashtra.etenders.in/** or www.mahapwd.com

(**Note :-** For Further changes in this Notice Please check above website)

Executive Engineer
Public Works Division, Parbhani

कार्यालय डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर बुलन्दशहर

पत्रांक 561 /डि0कमि0(प्र0)वा0क0बु0शहर। दिनांक–22.08.2019

विज्ञप्ति

वाणिज्य कर विभाग बुलन्दशहर कार्यालय डिप्टी कमिश्नर (क0वा0) टाटा स्पेसियो वाहन संख्या यू0पी0–13जे0 4398, कार्यालय असिस्टेंट कमिश्नर (स0द0) टाटा सूमो वाहन संख्या–यू0पी014 ए.जी0 0130 एवं कार्यालय ज्वाइंट कमिश्नर (वि0अनु0शा0) टाटा सूमो गोल्ड वाहन संख्या यू0पी0–13ए0जी0 0110 वाहनों की नीलामी होनी है। वाहन जैसे हैं जिस हालात में है की नीलामी बाबू बनारसीदास जन सेवा ट्रस्ट दिल्ली रोड बुलन्दशहर मण्डल कार्यालय वाणिज्य कर बुलन्दशहर में दिनांक 28.08.2019 को प्रातः 11.00 बजे की जानी है नीलामी से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में वाहनों का निरीक्षण किया जा सकता है। नीलामी में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति भाग ले सकेगे जो रू0–5,000.00 (रू0 पांच हजार मात्र) जमानत के रूप में नकद अथवा डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर बुलन्दशहर के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के द्वारा जमा करा देगें। बोली के पश्चात बोली की 50 प्रतिशत धनराशि तुरन्त जी0एस0टी0 सहित जमा करनी होगी। मुख्यालय से बोली स्वीकृत होने के पश्चात शेष धनराशि जी0एस0टी0 सहित तुरन्त जमा करनी होगी। अध्यक्ष महोदय को किसी भी बोली अथवा समस्त बोलियों को बिना कारण बताये रदद करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर बुलन्दशहर।

दुःखी लोगों के सच्चे हमदर्द सभी इल्मों के बेताज बादशाह
फीस 200 मात्र
जो सच्चे मन से आयेगा खाली हाथ ना जायेगा
स्पे.: लवमैरिज, वशीकरण, मुठकरनी, काम कारोबार, तलाक, कोर्ट-केस, गृहक्लेश, नौकरी प्रमोशन, काला-जादू, बिमारी में दवा न लगना, कुछ शादी/प्यार में अड़चन, खिलाया-पिलाया आदि।
सम्पूर्ण समाधान वशीकरण मुठकरनी स्पेशलिस्ट
प्यार में धोखा खाये निराश प्रेमी-प्रेमिका व पति-पत्नि एक बार अवश्य आकर मिलें
बाबा आलम पाशा
जुआ सट्टा | शादी में रूकावट | लव मैरिज | गृहक्लेश | कोर्ट केस | बिजनेस
न्यू बस अड्डा मेट्रो स्टेशन, गाजियाबाद समयः 10 बजे से सायं 5 बजे तक
8375932114 9911101825

उत्तर भारत का बवासीर, भगन्दर, फीशर का अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित विश्वसनीय हॉस्पिटल
बवासीर भगन्दर फीशर
Piles, Fissure, Fistulae, Sinus - नासूर
डॉ. त्रिवेन्द्र कुमार वर्मा एम.एस. सर्जन - गुदा रोग विशेषज्ञ (Proctoligist)
लेडी डॉ. मीना वर्मा B.A.M.S., M.D. (U)
इस विज्ञापन की कटिंग लाईये इलाज में ₹500/- की विशेष छूट पाईये
बवासीर भगन्दर फीशर का बगैर ऑपरेशन व बगैर दवाईयों के अत्याधुनिक मशीनों एवं अत्याधुनिक तकनीकों द्वारा उचित ईलाज।
Email:drtrivendrakumarverma@yahoo.in Facebook Page: Tarun Nursing Home
तरुण नर्सिंग होम
निकट दिल्ली बस स्टैण्ड, कस्बा बड़ौत, बागपत (उ.प्र.) भारत
फोन: 01234-252288, 09837609176, Website: www.pile.ind.in

अमर उजाला JobAlert | safalta.com

कॉन्स्टेबल के पदों पर मौका

हिमाचल प्रदेश पुलिस

- **पद का नाम :** कॉन्स्टेबल
- **पदों की संख्या :** 92
- **शैक्षणिक योग्यता :** 10वीं पास व संबंधित विषय में डिप्लोमा।
- **आयु सीमा :** अधिकतम 25 वर्ष (1 सितंबर, 2019 के अनुसार)।

www.hppolice.gov.in

- **आवेदन शुल्क :** SC/ST/OBC/BPL/EWS के लिए- 35 रुपये एवं अन्य वर्ग के लिए- 140 रुपये।
- **आवेदन प्रक्रिया :** फॉर्म को डाउनलोड कर भरें एवं भरे हुए आवेदन पत्र को मांगे गए अन्य दस्तावेजों के साथ 'ऑफिस ऑफ सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस, कम्युनिकेशन एंड टेक्निकल सर्विस, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002' के पते पर साधारण या रजिस्टर्ड डाक से भेज दें।
- **ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 30 सितंबर, 2019

वैमानिकीय क्षेत्र में अवसर

वैमानिकीय विकास संस्थापन, बंगलूरु

- **विवरण :** स्नातक, टेक्नीशियन एवं ट्रेड अप्रेंटिस।
- **पदों की संख्या :** 80
- **शैक्षणिक योग्यता :** बीई/ बीटेक/ डिप्लोमा/ITI पास (2017 से पूर्व बीई/बीटेक/ डिप्लोमाधारी आवेदन के पात्र नहीं हैं)

https://rac.gov.in

- **आयु सीमा :** अधिकतम 27 वर्ष (7 सितंबर, 2019 के अनुसार)।
- **आवेदन शुल्क :** संस्थान के अनुसार निर्धारित।
- **आवेदन प्रक्रिया :** इच्छुक और योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें एवं आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 7 सितंबर, 2019

ITI धारक अप्रेंटिस के लिए करें आवेदन

नेवल डॉकयार्ड, मुंबई

300 कुल पद | Job of the day

- **ट्रेड के नाम :** रडार फिटर, सोनार फिटर, कंप्यूटर फिटर, इलेक्ट्रॉनिक फिटर इत्यादि
- **शैक्षणिक योग्यता:** 50% अंकों से 10वीं एवं 65 अंकों से संबंधित ट्रेड में ITI पास।
- **आयु सीमा:** 1 अप्रैल, 1999 से 31 मार्च, 2006 के बीच जन्म हुआ हो।
- **आवेदन शुल्क:** निःशुल्क
- **आवेनद प्रक्रिया:** इच्छुक और योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें एवं आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:** 24 सितंबर, 2019

www.bhartiseva.com

असिस्टेंट के खाली पदों पर भर्ती

- **कहां:** ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड
- **पद का नाम:** असिस्टेंट (लीगल)
- **पदों की संख्या:** 7
- **शैक्षणिक योग्यता:** विधि स्नातक (एलएल.एम डिग्रीधारक या एन्वॉयरन्मेंटल लॉ से परास्नातक को वरीयता दी जाएगी) के साथ संबंधित क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए।
- **आयु सीमा:** अधिकतम 40 वर्ष (साक्षात्कार के समय)
- **आवेदन शुल्क:** SC/ST/PH उम्मीदवारों के लिए- 250 रुपये एवं अन्य वर्ग के लिए- 500 रुपये।
- **आवेदन प्रक्रिया:** फॉर्म को डाउनलोड कर भरें एवं इसे अन्य दस्तावेजों के साथ 'डिप्टी जनरल मैनेजर (एचआर), बीईसीआईएल भवन का बीईसीआईएल कॉर्पोरेट ऑफिस, सी-56/ए-17, सेक्टर-62, नोयडा-201307, उत्तर प्रदेश' को **2 सितंबर** तक भेज दें।
- **साक्षात्कार की तिथि:** 7 सितंबर, 2019
- **वेबसाइट:** www.becil.com

पढ़ाई के दौरान क्या नौकरी ढूंढना सही है?

मेरा सवाल

मैं बीटेक फाइनल इयर के एक पेपर (बैक) की तैयारी कर रहा हूं। दिन का आधा समय इस पेपर की तैयारी में देता हूं। बाकी बचे हुए समय का उपयोग क्या नौकरी को ढूंढने में दे सकता हूं? -राजीव

जवाब : आप बचे हुए समय का उपयोग समझदारी से करते हैं तो भविष्य में यह आपके लिए बहुत ही फायदेमंद साबित हो सकता है। आप बचे हुए समय का उपयोग उचित नौकरी प्राप्त करने में लगा सकते हैं। इसके अलावा यदि आपकी आगे की पढ़ाई में रुचि है तो इस समय का उपयोग आगे की पढ़ाई में दे सकते हैं या कंप्यूटर लैंग्वेज आदि सीख सकते हैं अथवा अपनी सॉफ्ट स्किल्स को और अच्छा करने में कार्य कर सकते हैं। मुमकिन हो तो आप पार्ट टाइम जॉब करने की कोशिश करें। इससे आपको नौकारी के तौर-तरीके और प्रवृत्ति का पता चलेगा।

अपने सुझाव और सवाल हमें ई-मेल करें:

jobalert@amarujala.com

क्लिक करें www.safalta.com
और पाएं सरकारी नौकरी से जुड़ी नवीनतम जानकारियां

छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन, भविष्य संवारें

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अगर आप पढ़ाई में अच्छे हैं लेकिन आर्थिक परेशानी के चलते आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ महसूस हैं, तो घबराइए नहीं। आप जैसे होनहारों के लिए अमर उजाला फाउंडेशन लेकर आया है आशा की किरण। वह है, अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति। अगर आपने अभी तक फॉर्म नहीं भरा है तो जल्द भरें। इस वर्ष अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा-2019 की फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। फॉर्म में मांगी गईं सभी जानकारियां देना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा विभिन्न शहरों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होगी। फॉर्म भरते समय लिखित परीक्षा के लिए विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार शहर का चयन कर सकेंगे। इसके लिए 52 शहरों का विकल्प फॉर्म में दिया गया है।

प्रादेशिक शिक्षा बोर्ड से नौवीं से 12वीं कक्षा के बीच पढ़ने वाले विद्यार्थी ही इस वर्ष की छात्रवृत्ति परीक्षा में हिस्सा ले सकते हैं। विद्यार्थी का पिछली वार्षिक परीक्षा में न्यूनतम 60 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय डेढ़ लाख रुपये से कम होनी चाहिए। आवेदन केवल ऑनलाइन ही किए जा सकेंगे। पिछली बार की तरह ही इस बार नौवीं और दसवीं के प्रादेशिक बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए 30-30 हजार रुपये की 18 छात्रवृत्तियां और 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए 50-50 हजार रुपये की 18 छात्रवृत्तियां दी जाएंगी।

अमर उजाला फाउंडेशन की मदद से हौसलों को मिली उड़ान

जज बनकर करूंगी सेवा : साक्षी

अगर अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति नहीं मिलती तो शायद ही मैं अपना सपना पूरा कर पाती। मैं फिलहाल लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी कर रही हूं। आज भी अमर उजाला फाउंडेशन ही मेरी पढ़ाई में पूरी मदद कर रहा है। मैं जज बनना चाहती हूं। गौरतलब है कि गोरखपुर निवासी साक्षी गुप्ता दो बार अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति पाने में सफल रही है।

AMAR UJALA FOUNDATION

सीए की कर रही हूं तैयारी : मोनिका

सपना था सीए बनने का, लेकिन आर्थिक हालात वैसी नहीं थी। इसी बीच अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा मेरे लिए देवदूत बनकर आया। मैं परीक्षा में सफल हुई और अमर उजाला फाउंडेशन ने मेरे सीए बनने के सपने को साकार करने में मदद की। फिलहाल मेरे सीए की तैयारी का पूरा खर्च फाउंडेशन उठा रहा है। हिसार जिले की मोनिका जांगड़ ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड के वाणिज्य संकाय में प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2019

इनमें से किसी भी लिंक पर क्लिक कर आवेदन फॉर्म भरें-

https://foundation.amarujala.com/
https://www.amarujala.com/
https://www.amarujala.com/atul-maheshwari-chhatravritti-2019

दिल्ली स्कूल शिक्षा सलाहकार बोर्ड का गठन करने की मांग

अमर उजाला ब्यूरो

दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने सरकार से की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने आप सरकार से दिल्ली स्कूल शिक्षा सलाहकार बोर्ड का गठन करने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि बीते पांच वर्षों से सरकार ने इसका गठन नहीं किया है। इस कारण दिल्ली में शिक्षा में सुधार के कदम प्रभावशाली ढंग से नहीं उठाया जा सका है। दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन अध्यक्ष आर.सी जैन ने कहा कि दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम 1973 की धारा 22 में स्पष्ट लिखा है कि दिल्ली के प्रशासक को शिक्षा संबंधी पॉलिसी बनाने के लिए दिल्ली स्कूल शिक्षा सलाहकार बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए। दिल्ली के शिक्षा मंत्री पदेन अध्यक्ष व शिक्षा निदेशक पदेन सचिव के अतिरिक्त 13 अन्य सदस्यों में मान्यता प्राप्त स्कूलों के अध्यक्ष, मैनेजर, पब्लिक स्कूलों के बच्चों के अभिभावकों के अतिरिक्त अन्य शिक्षाविद को होना चाहिए।

इसकी अवधि तीन साल की होनी चाहिए। साथ ही उसका सदस्य अधिकतम दो बार ही दिल्ली स्कूल शिक्षा सलाहकार बोर्ड का सदस्य रह सकता है। उन्होंने कहा कि मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा कानून 2009 की धारा 34 में भी राज्य सलाहकार बोर्ड के गठन की बात की गई है।

विविधता को एकता के सूत्र में पिरोती है संस्कृत : लोहाटी

मानव संसाधन विकास मंत्री ने 12688 विद्यार्थियों को डिग्रियां देकर किया सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री देते केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक।

नई दिल्ली। दीक्षा से गुरु एक द्वार बंद करते हैं तो आशीर्वाद से दूसरा द्वार खोलते हैं। शिक्षा चलती रहेगी। विद्यार्थी अब अनुभवों से स्वयं को शिक्षित करेंगे। ये बातें सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश व संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान के अध्यक्ष रमेश चंद्र लाहोटी ने राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान में विद्यार्थियों से दीक्षांत समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोध करता है कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। शिक्षा विवेक को भी जागृत करती है। इसलिए सदैव शिक्षा के साथ जुड़े रहें। विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का काम भी संस्कृत करती हैं।

दिल्ली में शनिवार को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के छठे दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में साहित्य शास्त्र के विद्वान आचार्य पंडित गोविंद चंद्र मिश्र को मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने संस्थान के सभी छह कैंपस के शैक्षणिक सत्र 2015-16 से लेकर 2018-19 तक के 12688 विद्यार्थियों को डिग्री देकर सम्मानित किया। समारोह में 459 विद्यार्थियों को पीएचडी, 106 को गोल्ड मेडल मिला।

ज्ञान को विज्ञान से जोड़कर दुनिया के समक्ष साबित करना चुनौती: निशंक

निशंक ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान सहित सभी क्षेत्रों में संस्कृत का बहुत महत्व है। ज्ञान को विज्ञान के साथ जोड़कर उसे दुनिया के समक्ष साबित करना सबसे बड़ी चुनौती है। संस्कृत भारत की आत्मा है तथा भारतीय विवेक की भाषा है। संस्कृत के विकास से भारत और भारतीयों का विकास होगा। भारत उत्सवों का देश है। यह समारोह ज्ञान लेने के बाद का उत्सव है। यह दीक्षा एक पड़ाव है और आपको इससे कहीं आगे जाकर दुनिया में भारत का नाम रोशन करना है। उन्होंने आर्यभट्ट वेद व्यास का उदाहरण देते हुए छात्रों से कहा कि उनकी तर्ज पर विश्व में भारत के ज्ञान को पहुँचाया था। हमारा जन्म खुद के लिए नहीं संपूर्ण मानवता के लिए हुआ है।

एमएनएनआईटी के छात्रों को 36 लाख का पैकेज

डॉ. अखिलेश मिश्र

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) के चालू सत्र में हुए कैंपस प्लेसमेंट में बीटेक के 92.4 फीसदी छात्रों को अच्छी कंपनियों में नौकरी मिली है। बीटेक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के एक-एक छात्र को 36 लाख के वार्षिक पैकेज पर अमेरिकी कंपनी ने चुना है। चुने गए दो छात्रों में से एक को अमेरिकी कंपनी उबर और दूसरे को बीशॉ ने चुना है। वहीं एमसीए के एक छात्र को 29.25 लाख एवं बीटेक इंलेक्ट्रॉनिक एवं कम्युनिकेशन के एक छात्र को 25.33 लाख के पैकेज पर चुना गया है। 1174 छात्रों में 856 को कैंपस प्लेसमेंट।संस्थान में 285 कंपनियों ने छात्रों का प्लेसमेंट किया। 72.91 फीसदी छात्रों को चुना गया।

मनोरंजन, सिनेमाजगत की हर खबर amarujala.com पर

SBI भारतीय स्टेट बैंक
स्थानीय प्रधान कार्यालय, 11, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
समय का विस्तार
दिनांक 01.10.2019 से 31.12.2022 तक की अवधि के लिए मूल्यांकनकर्ताओं को सूची में शामिल करने के संबंध में दिनांक 09.08.2019 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन का संदर्भ लें। सूची में शामिल करने के लिए आवेदन प्राप्त करने की आखिरी तारीख 31.08.2019 तक बढ़ा दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

ALL 22KT JEWELLERY HOLDS BIS 916 HALLMARK CERTIFICATE
FLAT 4.5% MAKING ON ALL ITEMS
DHIRSONS® JEWELLERS
ONLY AT: Bank Street NEW DELHI Ph: 41082333/444 KAROL BAGH



दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा
Dr. Juneja's आई मंत्रा EYE Drops
Helpline: 0171-3055299
www.eyemantra.com

Net Wt.: 10g ₹ 45.00 Divisa

दाद खाज खुजली
से ना घबरायें
'इचकू' मलहम आज ही ले आयें

जी हाँ, यदि आप दाद, खाज, खुजली, त्वचा विकार, पित्ती, सूखा एक्ज़िमा आदि से परेशान हैं तो निराश न हों। क्यूंकि 'इचकू' आयुर्वेदिक मलहम इन सबके लिए गुणकारी दवा है। 'इचकू' मलहम शुद्ध गन्धक, स्फटिका भस्म, टंकण भस्म व राल आदि से बना है। यह एक प्रमाणित आयुर्वेदिक औषधि है।

- असर पहले दिन से
- न चिपचिप, न दाग धब्बे



For Dealership email: teamsales@divisa.in • Available at all leading medical and general stores

From the house of Divisa Herbal Care | Dr. Ortho | Roop Mantra | पेट सफा | SACHI SAHELI

Delhi S.S. : HM Traders : 23682330, Bhagirath Palace : 9810433464, 9811055424, 9810135871, 9818836810, 9818433553, 23876649, 9811252088, Central Delhi : 9810477685, East Delhi : 7503509140, 9818123787, 9213723997, 8459083692, 9711251291, North Delhi : 9868577478, 9315486576, South Delhi : 9811575303, 9810054932, 9899170917, West Delhi : 9810439953, 9540530269

आरएफआईडी टैग के बगैर 5749 वाहनों ने किया प्रवेश

पटरी पर नहीं उतरी व्यवस्था, टोल नाकों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से लगा जाम

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली में व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश के लिए आरएफआईडी टैग योजना को शुक्रवार देर रात से लागू कर दिया गया, लेकिन यह व्यवस्था पटरी पर नहीं उतरी। शनिवार को टोल नाकों पर वाहनों की कतार लग गई। वाहन चालकों ने व्यवस्था लागू होने व धराशायी होने के बाद बिना टैग और जुर्माने के दिल्ली में प्रवेश किया।

टोल गेट पर नई व्यवस्था लागू होने से टोल कर्मियों और वाहन चालकों के बीच नोकझोंक भी हुई। हालांकि यह नोकझोंक आरएफआईडी टैग को लेकर नहीं, बल्कि जुर्माने को लेकर हुई। इस वजह से टोल नाकों पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी हुई। हालांकि एमसीडी ने दावा किया कि आरएफआईडी टैग के बगैर 5749 वाहनों ने प्रवेश किया। इस वजह से उन वाहन चालकों से नियम के अनुसार दोगुना टैक्स वसूला गया। 22 हजार वाहनों ने शाम पांच बजे तक दिल्ली में प्रवेश किया। इसमें 5749 वाहन पर टैग नहीं लगा था।

आरएफआईडी टैग लेने के लिए शनिवार देर रात तक लगी रही वाहनों की कतारें।

अब एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी मिलेगा टैग

आरएफआईडी टैग अब एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी मिलेगा। एमसीडी ने 20 नए केंद्र खोलने का निर्णय लिया है, ताकि वाहन चालकों की परेशानी कम हो सके। इनमें 10 केंद्र दिल्ली व इतने ही केंद्र दिल्ली के बाहर के वाहन चालकों के लिए खोले जाएंगे। अभी तक 1.85 लाख वाहन चालकों ने आरएफआईडी टैग लिया है, जबकि साढ़े छह लाख टैग निगम के पास हैं।

फरीदाबाद : टैग के लिए घंटों इंतजार

फरीदाबाद। बिना आरएफआईडी टैग के शुक्रवार रात से ही दिल्ली की सीमा में प्रवेश पर रोक के बाद शनिवार को फरीदाबाद-दिल्ली बॉर्डर के सराय टोल प्लाजा पर टैग के लिए वाहन चालकों के बीच मारामारी की स्थिति देखने को मिली। चालक व वाहन स्वामी घंटों लाइन में खड़े होकर टैग बनवाने के लिए इंतजार करते रहे। बिना टैग वाले वाहनों से जुर्माने के साथ एक सप्ताह तक दोगुना टोल चुकाना पड़ेगा। शुक्रवार की तरह ही शनिवार को भी सर्वर डाउन होने के कारण टैग जारी करने की प्रक्रिया काफी धीमी रही। कई बार लोगों ने नाराजगी भी जाहिर की। वहीं बिना टैग के भी दर्जनों व्यावसायिक वाहन चालकों ने दोगुने टोल चुका कर दिल्ली की सीमा में प्रवेश की अनुमति ली। इस दौरान सबसे अधिक परेशानी दूसरे प्रदेशों से आने वाले ट्रक चालकों को झेलनी पड़ी। वह टोल प्लाजा पर सामान से भरे रक को एक किनारे खड़ा कर आरएफआईडी टैग के लिए घंटों लाईन में खड़े रहे। ब्यूरो

नोएडा : बॉर्डर पर लगीं वाहनों की कतारें

नोएडा। बिना रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) टैग लगे व्यावसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश बंद हो गया है। शुक्रवार आधी रात से नियम के लागू होते ही दिल्ली से लगे बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं हैं। टैग बनवाने के लिए वाहन चालक शुक्रवार रातभर लंबी लाइनों में लगे रहे। शनिवार को भी दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर टैग की टेंशन दिखाई दी। टोल प्लाजा के पास दिनभर अफरातफरी का माहौल बना रहा। आधी-अधूरी तैयारी के साथ लागू किए गए नियम को लेकर वाहन चालकों ने नाराजगी जाहिर की। कालिंदी कुंज, डीएनडी फ्लाईवे और चिल्ला रेगुलेटर के रास्ते दिल्ली में प्रवेश करने वाले व्यावसायिक वाहनों की रफ्तार शुक्रवार आधी रात से ही थमनी शुरू हो गई थी। कालिंदी कुंज और डीएनडी टोल प्लाजा पर टैग लगवाने के लिए वाहन चालकों की लंबी लाइन लगी थी। नोएडा की सीमा में लंबी कतारों में ट्रक और टैक्सियां खड़ी कर दी गईं। हालांकि, अवकाश होने की वजह से जाम जैसे हालात नहीं बने। ब्यूरो

नोएडा-दिल्ली बार्डर पर कालिंदी कुंज के पास टैग लेने के लिए लगी कतार।

आईआरसीटीसी से रिफंड का झांसा देकर 75 हजार ठगे

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी से पैसा रिफंड नहीं होने पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कर्मचारी ने कंज्यूमर कोर्ट में ऑनलाइन शिकायत की। पैसे तो रिफंड नहीं हुए, उल्टे ठगों ने उसके खाते से 75 हजार रुपये निकाल लिए। ठग ने खुद को आईआरसीटीसी का अधिकारी बताया था। पीड़ित ने संसद मार्ग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, अजित पाटिल सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के शास्त्री भवन स्थित दफ्तर में तैनात हैं। जून में उन्होंने कंज्यूमर कोर्ट की वेबसाइट पर आईआरसीटीसी के खिलाफ शिकायत देकर बताया था कि उनके रुपये रिफंड नहीं किए गए। अजित के शिकायत करते ही उसी दिन उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉलर ने खुद को आईआरसीटीसी का अधिकारी बताकर उनके खाते ही जानकारी मांगी। अजित ने मना किया, लेकिन उसने उन्हें झांसे में ले लिया। उन्होंने खाते से अटैच अपना मोबाइल नंबर उसे बता दिया। कुछ देर बाद ही उनके खाते से 75 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। अजित ने फौरन अपने खाते को बंद कराया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। ब्यूरो

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लि.

निविदा सूचना : अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं/आपूर्तिकर्ताओं से विद्युत पारेषण मण्डल, नोएडा के अन्तर्गत क्रमशः निम्न कार्यो/सामग्री हेतु निविदा दो भागों में क्रम संख्या 1 पर अंकित दिनांक 12.09.19 एवं 2 से 3 पर अंकित दिनांक 24.09.19 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसका प्रथम भाग अगले दिन क्रमशः 15:00 बजे (यदि अवकाश हो तो अगले कार्य दिवस में) निविदादाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क क्रेडिट होने की अन्तिम तिथि क्रम संख्या 1 पर अंकित दिनांक 11.09.19 एव 2 से 3 पर अंकित दिनांक 23.09.19 तक की जाती है। 1. अल्पकालीन निविदा एसटी टी-32/ई.टी.सी.एन/19-20 विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, नोएडा के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी, वि.पा.उ.ख.-तृतीय के प्रयोगार्थ एक अदद् हल्का वाहन (डीजल चालित) मय चालक उपलब्ध कराने हेतु निविदा। धरोहर राशि रु. 1,000/-, निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) रु. 560/- 2. ई-निविदा ई-टी-33/ई.टी.सी.एन/19-20 विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, नोएडा के अन्तर्गत 400 केवी उपकेन्द्र सै. 148 से निर्माणाधीन 4x220 केवी मल्टीसर्किट लाइन के बाइफरकेशन बिन्दु से निर्माणाधीन 220 केवी जी.आई.एस. उपकेन्द्र सै. 38ए तक 220 केवी मोनोपोल एवं नैरो बेस टॉवर के द्वारा डबल सर्किट लाइन का आपूर्ति सहित निर्माण कार्य। धरोहर राशि रु. 10,94,000/-, निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) रु. 17,700/- 3. ई-निविदा ई-टी-34/ई.टी.सी.एन/19-20 विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, नोएडा के अन्तर्गत 400 केवी उपकेन्द्र सै. 148 से निर्माणाधीन 4x220 केवी मल्टीसर्किट लाइन के बाइफरकेशन बिन्दु से निर्माणाधीन 220 केवी जी.आई.एस. उपकेन्द्र सै. 38ए तक 220 केवी डबल सर्किट लाइन (लगभग 500 मी.) का 1200 sqmm aluminium conductor XLPE power cable की सहायता से आपूर्ति सहित निर्माण कार्य। धरोहर राशि रु. 10,50,000/-, निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) रु. 17,700/- क्रम संख्या 1 पर अंकित निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.upptcl.org एवं 2 से 3 पर अंकित ई-निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। डाउनलोड तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक इन वेबसाईट पर लॉग इन करे। निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। धरोहर राशि रहित, निविदा शुल्क रहित व सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। **शुद्धि पत्र :** पूर्व में प्रकाशित "अल्पकालीन ई-निविदा ई-एसटी-31/ई.टी.सी.एन/19-20"को "ई-निविदा ई-टी-31/ई.टी.सी.एन/19-20", डिस्मेंटलिंग के स्थान पर "डिस्ट्रिगिंग, डिस्मेंटलिंग" एवं "धरोहर राशि रु. 8,000/-, निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) रु. 1,180/-" के स्थान पर "धरोहर राशि रु. 14,000/-, निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) रु. 1,770/-" पढ़ा जाये। साथ ही ई-टी-30/ई.टी.सी.एन/19-20 में "निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) रु. 560/-" के स्थान पर "निविदा शुल्क (जी.एस.टी. सहित) रु.590/-" पढ़ा जाये। इस निविदा के अपलोड सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल 220 केवी उपकेन्द्र सेक्टर-20 नोएडा। "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें साधारण बल्ब के स्थान पर एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें"। पत्रांक सं.:-1859 दिनांक:- 24.08.2019

तिलक ब्रिज पर सिग्नल खराब होने से 18 ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित

नई दिल्ली। राजधानी की दो अलग-अलग जगहों पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने से यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शनिवार सुबह साढ़े चार बजे दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर ट्रैक मेंटेनेंस का काम किया जा रहा था। यहां ट्रैक पर ही मशीन का इंजन खराब हो गया। इसके कारण दिल्ली-रेवाड़ी रेल रूट पर ट्रेनों का संचालन कुछ समय के लिए ठप हो गया। वहीं सुबह करीब 7:15 बजे तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन का पैनल खराब हो गया। इस वजह से नई दिल्ली से गाजियाबाद और निजामुद्दीन की ओर जाने वाली ट्रेनें जहां-तहां खड़ी हो गईं। पैनल खराब होने से करीब डेढ़ दर्जन से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई। उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि सूचना मिलने के आधा घंटा बाद ही ठीक कर दिया गया था। ब्यूरो

अब निजामुद्दीन से चलेगी नंदादेवी एक्सप्रेस

नई दिल्ली। नई दिल्ली से संचालित होने वाली नंदा देवी एक्सप्रेस अब निजामुद्दीन स्टेशन से चलेगी। रेलवे ने इस ट्रेन का विस्तार कोटा तक करने का निर्णय लिया है। रूट बदलने के वजह से इस ट्रेन का नंबर भी बदल जाएगा। देहरादून से कोटा जाने के लिए ट्रेन का नंबर 12206 की जगह 12402 होगा।

डीटीसी : एक साल में महज 581 चालक हुए भर्ती

चालकों की कमी से सड़कों पर नहीं उतर पातीं सभी बसें, 675 रुपये की दिहाड़ी में अस्थायी चालक नहीं करना चाहते काम

अरुण कुमार

नई दिल्ली। राजधानी में जहां एक ओर दिल्ली वासी बसों की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर डीटीसी बसों को चलाने के लिए चालकों की भर्ती डीटीसी प्रबंधन के लिए परेशानी का सबब बन गई है। पिछले एक साल में प्रबंधन महज 581 चालकों की ही भर्ती कर पाया है। आलम यह है कि चालकों की कमी के चलते जो बसें डीटीसी के बेड़े में मौजूद हैं उन्हें भी पूरी तरह सड़कों पर उतारा नहीं जा पा रहा है। हालांकि डीटीसी में अस्थायी चालकों की भर्ती का सिलसिला अभी जारी है।

वर्तमान में डीटीसी के बेड़े में

3748 बसें हैं। डीटीसी प्रबंधन के मुताबिक, एक बस को दो शिफ्टों में चलाया जाता है।

इस लिहाज से इन बसों को दोनों शिफ्ट में चलाने के लिए डीटीसी को 7496 चालकों और इतने ही कंडक्टरों की जरूरत है, जबकि इसके अतिरिक्त भी स्पेयर चालकों और कंडक्टरों को रखने का प्रावधान है।

वर्तमान में डीटीसी के पास स्थायी चालकों की संख्या दिनोंदिन कम होती जा रही है और अस्थायी चालकों में से भी काफी चालकों और कंडक्टरों को नौकरी से निकाल दिया गया था। अस्थायी कर्मचारियों को निकाले जाने के बाद चालकों की कमी और बढ़ गई। डीटीसी में एक अप्रैल, 2018 से अस्थायी चालकों की भर्ती शुरू की गई, जिसके तहत चालकों में डीटीसी बसों को चलाने में बेहद ही हल्का रुझान दिखा। एक अप्रैल, 2018 से लेकर 31 मार्च, 2019 तक यानी पूरे एक साल में महज 730 आवेदन आए, जिनमें से 581 चालकों का चयन किया गया। इसके बाद एक अप्रैल से लेकर अब तक डीटीसी को 534 अन्य आवेदन भी प्राप्त हुए हैं, लेकिन इन चालकों की भर्ती प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है। पर्याप्त चालक न मिलने के कारण डीटीसी ने भर्ती प्रक्रिया को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया है।

सुविधाओं के अभाव में नहीं आ रहे

सूत्रों की मानें तो डीटीसी बस को चलाने के लिए चालक को प्रतिदिन 675 रुपये दिहाड़ी मिलती है। इसके अलावा न ही कोई मेडिकल लीव, कैजुअल लीव या अर्न लीव नहीं मिलती। इतना ही नहीं अस्थायी चालकों को मेडिकल बीमा की सुविधा भी नहीं मिलती, जबकि स्थायी चालकों को उतना ही काम करने पर तनख्वाह भी कई गुना ज्यादा और अन्य सुविधाएं मिलती हैं। इसी वजह से इतने कम पैसों में चालक बसों को चलाने के लिए आगे नहीं आ रहे।

बस छोड़कर कैब चलाने लगे

सूत्रों के मुताबिक, डीटीसी प्रबंधन की नीतियों और कम दिहाड़ी से परेशान अस्थायी चालक डीटीसी बसों को छोड़कर कैब चलाने की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में 100 से अधिक चालकों द्वारा डीटीसी बसों को छोड़कर कैब या टैक्सी चलाने की जानकारी मिली है।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लि.

ई-निविदा आमंत्रण सूचना- अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं/आपूर्तिकर्ताओं से विद्युत परी. एवं परि. खण्ड, ग्रेटर नोएडा के अन्तर्गत निम्न सामग्री/कार्यों हेतु ई- निविदाएं ई-पोर्टल etender.up.nic.in पर दो भागों में क्रम संख्या 01 पर अंकित दिनांक 18.09.2019 को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसका प्रथम भाग उसी दिन क्रमशः 12.30/14.00 बजे (यदि अवकाश हो तो अगले कार्य दिवस में) निर्धारित निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि पृथक-पृथक हस्तांतरित की जानी है) अधिशासी अभियंता, विद्युत परी. एवं परि. खण्ड, ग्रेटर नोएडा के पक्ष में पंजाब नैशनल बैंक की आई.सी.डी., तिलप्ता, दादरी (गौतमबुद्धनगर), उ.प्र. शाखा में संचालित चालू बैंक खाता संख्या 4663002100001548 (IFSC Code PUNB0466300) में जमा कराया जायेगा। निविदा के प्रथम भाग में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा जमा किये गये निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि की पे-इनस्लिप, यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या की प्रति, निविदा प्रपत्र, पैनकार्ड, जी.एस.टी. संख्या इन्कम टैक्स रिटर्न की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति, तकनीकी अनुभव (जोकि अनिवार्य है) इत्यादि ई-पोर्टल पर स्कैण्ड प्रतियां (PDF format) तथा ई-निविदा के द्वितीय भाग में दरें एवं वाणिज्यक नियम व शर्तें ई-पोर्टल पर अपलोड की जायेगी। निविदा की वैधता की खुलने की तिथि से 90 दिन होगी। 1. निविदा संख्या टी-05/400 के.वी. (ग्रे.नौ.)/आपूर्ति/19-20 400 के.वी. उपकेंद्र ग्रेटर नौएडा पर स्थित विद्युत परी. एवं. परि. खण्ड, कार्यालय हेतु फर्नीचर क्रय कराने हेतु। धरोहर राशि रु. 1,500/- (रु. एक हजार पांच सौ मात्र)। निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 590/- (कर सहित)। ई-निविदा के प्रथम भाग उसी दिन निर्धारित समय पर सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा एवं भाग द्वितीय (प्राइजबिड) खुलने की तिथि तदोनुसार बेवसाइड पर सूचित की जायेगी। निविदा भाग प्रथम में संबंधित प्रपत्रों का अपलोड ना किये जाने की स्थिति में निविदा का भाग द्वितीय (प्राईस बिड) नहीं खोला जायेगा। ई. निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में ई-निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। ई-निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। कृपया विस्तृत जानकारी, डाउनलोड, अन्य संशोधनों एवं ई-निविदा प्रस्तुत करने के दिनांक तक विस्तार आदि के संबंध में कृपया etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें। अधिशासी अभियंता, विद्युत परी. एवं परि. खण्ड, 400 के.वी., उप स्थान खण्ड, ग्रेटर नोएडा। "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें साधारण बल्ब के स्थान पर एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें"। पत्रांक : 225 दिनांक : 24.08.2019

आप की महिला विंग में फेरबदल निर्मला कुमारी बनीं अध्यक्ष

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। महिला विंग की अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा के भाजपा में शामिल होने के बाद आप ने अपनी महिला विंग में बड़ा फेरबदल किया है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय की मौजूदगी में महिला संगठन की अध्यक्ष, सचिव व उपाध्यक्षों की तैनाती की गई है।

पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए अलग-अलग विंग को मजबूत किया जा रहा है। बूथ स्तर पर पार्टी को पहुंचाने के लिए पदाधिकारियों की तैनाती पार्टी कर रही है। इसी कड़ी में महिला विंग में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है। दिलचस्प बात यह कि बीते दिनों आप महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा ने पार्टी का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद यह पद खाली चल रहा था। शनिवार को निर्मला कुमारी को यह जिम्मेदारी दी गई। वहीं, एक सचिव व सात उपाध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है। महिला विंग को अब आगे बूथ स्तर पर संगठन का विस्तार करेंगी। पार्टी का मानना है कि महिला विंग ने दिल्ली की आम महिलाओं के बीच अपनी पकड़ बनाई है। खासकर घरेलू महिलाओं के साथ चर्चा कर उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश महिला विंग ने की है। पार्टी का नए पदाधिकारियों को निर्देश है कि वह महिलाओं को संगठन से जोड़ने के साथ दिल्ली सरकार के कामों को आम महिलाओं तक पहुंचाएं।

सचिव व उपाध्यक्षों की भी नियुक्ति, संगठन विस्तार का दिया निर्देश

प्रगति मैदान में इंडिया इंटरनेशनल एमएसएमई एक्सपो में पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेती युवती।

हस्तशिल्प मेले में पीएम मोदी संग दर्शक ले रहे हैं सेल्फी

नई दिल्ली। प्रगति मैदान में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय मेले में दूसरे दिन दर्शकों ने विभिन्न प्रकार के उत्पादों का अवलोकन किया। इस मेले में उत्तरप्रदेश, पंजाब, हिमाचल, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़ और हरियाणा समेत अन्य राज्यों हस्तशिल्पी अपने उत्पादों के साथ पहुंचे हैं। मेले में चरखे के साथ प्रधानमंत्री मोदी स्टैच्यू दर्शकों को खूब आकर्षित कर रहा है। पीएम के फैन इस मेले में मोदी के साथ जमकर सेल्फी ले रहे हैं। प्रगति मैदान के हॉल नंबर 11 में इंडिया इंटरनेशनल एमएसएमई स्टार्टअप एक्सपो समिट 2019 का आयोजन किया गया है। एक्सपो के दूसरे दिन इस एक्सपो में एमएसएमई डेवलपमेंट फोरम में रवांडा, म्यांमार, जिम्बाब्वे , कजाखिस्तान और नामीबिया के राजदूतों ने शिरकत की। वहीं मेले में अन्य राज्यों के उत्पादों का दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। ब्यूरो

प्रशासन ने धोखे से मूर्तियों को हटाया : शक्ति सिंह

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में मूर्ति विवाद में अब एक नया मोड़ आ गया है। जहां एबीवीपी ने शुक्रवार देर रात मूर्तियां हटाए जाने की बात कही, वहीं डूसू अध्यक्ष रहे शक्ति सिंह ने प्रशासन पर धोखे से मूर्तियां हटाने का आरोप लगाया है। शक्ति के इस बयान से एबीवीपी ने किनारा कर लिया है। एबीवीपी का कहना है कि यह शक्ति का अपना बयान है और एबीवीपी इससे इत्तफाक नहीं रखती। इस तरह से अब एबीवीपी और शक्ति सिंह आमने-सामने आ गए हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बयान जारी कर कहा कि वीर सावरकर, भगत सिंह व सुभाष चंद्र बोस की मूर्तियों को प्रशासन की अनुमति मिलने तक हटा दिया है। वहीं मूर्ति स्थापित कराने वाले डूसू अध्यक्ष रहे शक्ति सिंह ने कुछ देर बाद ट्वीट कर कहा कि दुःखद सूचना दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ द्वारा स्थापित प्रतिमा विश्वविद्यालय ने धोखे से रात को हटा दी है। उन्होंने इसे शहीदों का अपमान बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ पूरे देश के लोगों से इस कृत्य और तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की। शक्ति सिंह के ट्वीट पर एबीवीपी की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी ने कहा कि हमारा पक्ष शुरू से ये है कि मूर्तियां प्रशासन की अनुमति से लगनी चाहिए। शक्ति सिंह के अब दिए जा रहे बयान उसके व्यक्तिगत बयान हैं और एबीवीपी उनसे इत्तफाक नहीं रखता। डूसू भंग हो चुका है, ऐसे में अब वह एक आम नागरिक हैं।

डीयू में मूर्ति विवाद : एबीवीपी ने बयान से किया किनारा

एनएसयूआई ने मूर्तियां हटाने का किया स्वागत

नई दिल्ली। छात्र संगठन एनएसयूआई ने दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर से मूर्तियां हटाने का स्वागत किया है। एनएसयूआई ने बयान जारी कर कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर व दिल्ली विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों से जुड़े मुद्दों को उठाती रहेगी। मालूम हो कि एनएसयूआई के डूसू सचिव रहे आकाश चौधरी ने मौरिस नगर थाने में शिकायत देकर मूर्तियां लगने को अवैध बताकर उन्हें हटाने की मांग की थी। उधर, आइसा ने कहा कि सावरकर एबीवीपी कार्यालय में स्थान पा सकते हैं, लेकिन हमारे डीयू में उनके लिए कोई स्थान नहीं है। डीयू के शिक्षकों व छात्रों के विरोध के बाद ही रात में मूर्तियों को हटा लिया गया। ब्यूरो

ट्रक की चपेट में आने से 7 साल के बच्चे की मौत, पिता गंभीर

चालक फरार, गुस्साए लोगों ने ट्रक पर किया पथराव

नई दिल्ली। स्वरूप नगर के बुराड़ी रोड पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से सात साल के बच्चे की मौत हो गई जबकि उसके पिता को गंभीर चोट लगी है। घायल पिता का बाबू जगजीवन राम अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक पर पथराव कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को वहां से हटा दिया। पुलिस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक सुनील अपने परिवार के साथ संतनगर इलाके में रहता है। शनिवार दोपहर वह अपने छोटे बेटे वंश (7) को दवा दिलाने के लिए डिस्पेंसरी गया था। जहां से वह बेटे को लेकर बाइक से घर आ रहा था। बताया जा रहा है कि बुराड़ी रोड पर एक ई-रिक्शा बैक कर रहा था। सुनील की बाइक ई-रिक्शा से टच करने के बाद लड़खड़ाकर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार वंश ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ब्यूरो

जेब पर मार | आलू, प्याज और टमाटर के भाव सामान्य से दोगुने, घीया, तोरी, भिंडी, परवल भी महंगे

आम आदमी की थाली से सब्जियां गायब

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। आम आदमी की थाली से एक बार फिर सब्जियां गायब हो गई हैं। आलू, प्याज और टमाटर के भाव औसत से दोगुने हो गए है। मटर की कीमत तो सौ रुपये किलो से ज्यादा है। प्

प्याज और टमाटर खुदरा बाजार में 50 रुपये प्रतिकिलो बिक रहे हैं। आलू भी खुदरा बाजार में 30 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। आलम यह है आम आदमी सब्जी खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। मानसून का असर दिल्ली में सब्जियों की कीमत पर भी पड़ने लगा है। घीया, तोरी, भिंडी, परवल सहित तमाम सब्जियों की कीमत में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। टमाटर के दाम अचानक दोगुने से ज्यादा बढ़ गए हैं। कुछ दिन पहले 20 रुपये प्रति किलो बिकने वाले टमाटर का भाव बढ़कर 50 रुपये तक पहुंच गया है। आजादपुर मंडी में सब्जी विक्रेता संदीप खंडेलवाल का कहना है कि हरी सब्जियां हर साल की तरह इस बार भी बरसात के मौसम में महंगी हो गई हैं। जिन राज्यों से दिल्ली में

रोज सब्जियों की आवक होती है, वहां मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी होने और हरी सब्जियों के खराब होने का असर कीमत पर पड़ रहा है।

ओनियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र से आने वाला प्याज दिल्ली में नहीं पहुंच पा रहा है। इस वजह से प्याज की कीमत बढ़ गई है। थोक बाजार में शनिवार को प्याज की कीमत 19-28 रुपया तक चढ़ गई। व्यापारियों की मानें तो प्याज का भाव अभी और चढ़ेगा। अगले सप्ताह तक प्याज थोक भाव में 30-35 रुपये तक चढ़ सकता है। कुछ हरी सब्जियां अधिक दिन तक टिक नहीं पाती हैं। ऐसे में ताजा सब्जियों के लिए ग्राहकों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। आगे भी बारिश के हालात के मुताबिक कीमत में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बने रहने की उम्मीद है।

सब्जियों के भाव

मटर	100 रुपये
टमाटर	45-50 रुपये
गोभी	50-60 रुपये
भिंडी	50-60 रुपये
अरबी	45-50 रुपये
बैंगन	50-60 रुपये
घीया	40-50 रुपये
परवल	60-70 रुपये

(कीमत प्रति किलोग्राम)

बैंक में ठगी की कोशिश करने वाला दबोचा

नई दिल्ली। एम्स अस्पताल के भीतर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में बदमाशों ने एम्स के कर्मचारी विजय कुमार से दो लाख रुपये ठगने की कोशिश की। वास्तविकता का आभास होते ही विजय कुमार बदमाशों के पीछे भागे और उनमें से एक बेलापुर, महाराष्ट्र निवासी सदिक जफर ईरानी (22) को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, परिवार के साथ एम्स क्वार्टर में रहने वाले विजय कुमार शुक्रवार सुबह पत्नी कुसुम के साथ एसबीआई गए थे। उन्होंने वहां से दो लाख रुपये निकाले। इसी दौरान दो ठगों ने नोट नकली होने की बात कह उनसे कैश ले लिया और भागने लगे। उन्होंने एक आरोपी को कुछ दूर पीछा कर दबोच लिया, जबकि उसका साथी रुपये लेकर भाग निकला। पकड़े गए आरोपी से साढ़े सात हजार बरामद हुए हैं। ब्यूरो

जेटली के व्यवहार के सब मुरीद...भावभीनी श्रद्धांजलि

जटिल मुद्दों का हल निकालते थे

जेटली गंभीर विषयों का समाधान करने वालों में माने जाते थे। अपनी तीक्ष्ण बुद्धि के चलते वह हमेशा संकटमोचक की स्थिति में होते थे। वह कानूनी क्षेत्र के विद्वान होने के साथ उत्कृष्ट सांसद और महान प्रशासक थे। पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। हमने एक और करीबी खो दिया है।
- लालकृष्ण आडवाणी, भाजपा नेता

स्तब्ध हूं

पुराने मित्र और करीबी सहयोगी अरुण जेटली के निधन से मैं स्तब्ध हूं। उनका निधन राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति और मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है।
- वेंकैया नायडू, उप राष्ट्रपति

दुनिया में छोड़ी छाप

जेटली जी को हमेशा अर्थव्यवस्था को संकट से निकालने और पटरी पर लाने के लिए याद किया जाएगा। हिंदुस्तान में ही नहीं दुनिया में भी उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। भाजपा को अरुण की कमी खलेगी।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

बड़े दिल वाले उम्दा इंसान

क्षति को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हममें से कइयों के मार्गदर्शक और ताकत देने वाले शख्स। बड़े दिल वाले उम्दा इंसान। हर वक्त किसी की भी मदद के लिए तैयार। **-निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

मैं दुखी हूं...

देश ने एक प्रतिष्ठित वकील और अच्छा राजनेता खो दिया है। मैं व्यक्तिगत रूप से अरुण जेटली के निधन से बहुत दुखी हूं।
- रंजन गोगोई, मुख्य न्यायाधीश

शानदार वकील थे

जेटली का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। मैंने एक ऐसा मित्र खो दिया जो शानदार वकील होने के साथ अच्छे राजनेता भी थे।
- केके वेणुगोपाल, अटॉर्नी जनरल

दूरदृष्टा व कर्मठ

जेटली कुशल वक्ता व जिज्ञासु प्रवृति के थे। विचारों में दूरदृष्टि और तत्परता का समागम था। असीमित कानूनी ज्ञान और शानदार व्यक्तित्व की बदौलत वह सर्वश्रेष्ठ सांसद थे।
- सुनील अरोड़ा, मुख्य चुनाव आयुक्त

शासन कौशल थी उनकी पहचान

जेटली को शासन कौशल के लिए पहचाना जाता था। दिग्गज वकील और सुशासन के लिए जाने जाने वाले वरिष्ठ राजनेता को देश याद करेगा।
-अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री, दिल्ली

...सौम्य राजनीतिज्ञ थे

वे एक कुशल वक्ता, सफल अधिवक्ता और सौम्य राजनीतिज्ञ के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। विनम्र श्रद्धांजलि! **-अखिलेश यादव, सपा**

अमेरिका, फ्रांस समेत कई देशों ने जेटली के निधन पर जताया दुख

पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली के निधन पर भारत में मौजूद कई देशों के राजनयिकों और कूटनीतिक मिशनों ने श्रद्धांजलि दी है। भारत में अमेरिका के राजदूत केन जस्टर ने जेटली के निधन पर दुख जताते हुए ट्वीट किया, जेटली महान राजनेता थे और अमेरिका-भारत के रिश्तों के मजबूत पैरोकार थे। उन्होंने कहा, दुख की इस घड़ी में अमेरिका इस वक्त भारत और उसके लोगों के साथ खड़ा है। वहीं, अमेरिकी मिशन ने कहा, जीएसटी लागू करना, कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार से निपटने की दिशा में जेटली ने अहम भूमिका निभाई।

सेवाओं को सदैव याद किया जाएगा

वे उत्कृष्ट वक्ता एवं संसदीय कार्य प्रणाली के जानकार थे। वे अपनी बात को तथ्यों के साथ तार्किक रूप से प्रस्तुत करते थे। सभी दलों के लोग उनका सम्मान करते थे। भारत सरकार के मंत्री के रूप में जेटली की सेवाओं को सदैव याद किया जाएगा।
-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

सेनापति चला गया लेकिन मार्च जारी रहेगा : संघ

वे ऐसे सेनापति थे, जो संकट से निपटने में पूरी तरह सक्षम थे। उनके निधन से जो स्थान खाली हुआ है, उसे कभी भरा नहीं जा सकता। वह किसी भी युवा के लिए प्रेरणा थे। सेनापति चला गया लेकिन मार्च जारी रहेगा।
- दत्तात्रेय होसबोले, संयुक्त सचिव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

हमें कई सुखद स्मृतियों के साथ छोड़ गए : मोदी

आबुधाबी/मनामा। अरुण जेटली के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने यूएई दौरे से ट्वीट किया कि मुद्दों पर उनकी समझ बहुत गहरी थी। वह हमें कई सुखद स्मृतियों के साथ छोड़ गए। उन्होंने देश को आर्थिक मजबूती दी। जेटली ने साहस व गरिमा के साथ लंबी बीमारी से जंग लड़ी। मोदी ने जेटली की पत्नी संगीता व बेटे रोहन से फोन पर बात कर सांत्वना दी। जेटली के परिजनों ने पीएम से विदेश दौरा रद्द न करने को कहा। बाद में बहरीन पहुंचकर भारतीयों के बीच मोदी फिर भावुक हो गए। उन्होंने कहा, बहरीन की धरती से भाई अरुण को श्रद्धांजलि देता हूं। अगस्त के महीने में ही हमारी पूर्व विदेश मंत्री बहन सुषमा जी भी चली गईं। मन में दुख दबाए अपनी बात कह रहा हूं।

असाधारण गुणों और क्षमताओं के धनी थे। हमने ऐसे व्यक्ति को खो दिया है, जिसकी राष्ट्र को कई वर्षों तक जरूरत थी।
- कपिल सिब्बल, कांग्रेस

■

वह उत्कृष्ट सांसद और शानदार वकील थे। भारतीय राजनीति में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।
-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

■

एक कद्दावर नेता जिन्होंने हमेशा अभावग्रस्त लोगों की मदद की...बेमिसाल वक्ता, कानून विशेषज्ञ अरुण जेटली जी ने पूरी ईमानदारी एवं जोश के साथ देश और संगठन की सेवा की। **- स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री**

श्रद्धांजलि देते ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक।

देश ने शानदार राजनेता खोया। उनके व्यवहार में अपनापन था।
- सुनील भारती मित्तल, चेयरमैन, भारती एयरटेल

राष्ट्र ने ऐसा नेता खो दिया है जिसका राजनीति में काफी ऊंचा स्थान था। देश जीएसटी के सबसे अहम सुधारों के लिए उन्हें याद रखेगा।
- दीपक पारेख, चेयरमैन, एचडीएफसी

जेटली का निधन उद्योग के लिए एक झटका के समान है। **- विक्रम किर्लोस्कर, अध्यक्ष सीआईआई**

■

उनका जाना वैयक्तिक नुकसान है। वे सबसे अच्छे दोस्त, मार्गदर्शक थे।
- अजय सिंह, अध्यक्ष स्पाइसजेट

एक ऊर्जावान नेता, भद्र पुरुष और हमारे पूर्व वित्त मंत्री। मैं उनकी यादों को हमेशा संजो कर रखूंगी। **- लता मंगेशकर**

■

भारत के लिए उनका सक्रिय दृष्टिकोण पसंद था। वह ऐसे नेता थे, जिनसे मिलने से मुझे खुशी होती थी। **- अजय देवगन, अभिनेता**

सात साल के बेटे के सामने पिता की गोली मारकर हत्या

ओखला सब्जी मंडी के सामने बाइक सवार बदमाशों ने की वारदात

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व दिल्ली में ओखला सब्जी मंडी के सामने बाइक सवार बदमाशों ने सात साल के मासूम के सामने उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त कोट मोहल्ला, खुर्जा निवासी फजलू रहमान (42) के रूप में हुई है। फजलू का ओखला सब्जी मंडी में टमाटर की आढ़त का कारोबार था। हमले के दौरान स्कूटी पर उसके साथ बैठे सात साल के बेटे असद को भी मामूली चोट लगी। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद फजलू का शव परिवार को सौंप दिया। मामला दर्ज कर अमर कालोनी थाना पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

फजलू रहमान (फाइल फोटो)

पुलिस के मुताबिक फजलू अपने परिवार के साथ गोविंदपुरी और श्रीनिवासपुरी में रहता था। फजलू ने दो शादियां की थी। उसकी एक पत्नी गोविंदपुरी और दूसरी श्रीनिवासपुरी में रहती थी। दोनों पत्नियों से उसे पांच बच्चे हैं। फजलू का ओखला सब्जी मंडी में टमाटर, अमरूद और आम की आढ़त का कारोबार था। शुक्रवार शाम के समय वह अपने सात वर्षीय बेटे असद व भतीजे यामिन

स्कूटी गिरने से मासूम भी जख्मी, सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश

के साथ कंचनकुंज, कालिंदीकुंज में रहने वाली बहन नफीसा के गए थे। वहां से करीब 10.30 बजे फजलू, बेटा असद व भतीजा यामीन ओखला सब्जी मंडी पहुंचे। मंडी के सामने पहुंचकर फजलू ने यामीन को स्कूटी से उतार दिया। इस बीच वह सड़क पर ही खड़ा होकर फोन सुनने लगा। इसी दौरान सामने रांग साइड से आए बाइक सवार दो लड़कों ने बेहद करीब से फजलू की कनपटी के पास गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी उसी दिशा में फरार हो गए। फजलू को गोली लगने की सूचना मिलते ही मंडी के कारोबारी मौके पर भागे। फौरन उसे एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पत्नी से झगड़ा करने पर घोषित बदमाश ने की थी युवक की हत्या

नई दिल्ली। युवक की गोली मारकर हत्या करने के बाद शव को गाजीपुर सब्जी मंडी के पास फेंकने के मामले को सुलझाने का दावा पटपडगंज औद्योगिक थाना पुलिस ने किया है। पुलिस ने इस मामले में नंदनगरी थाने के घोषित बदमाश को उसके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुलासा किया है कि देर रात नशे का सामान नहीं देने पर सन्नी उसकी पत्नी के साथ झगड़ा कर रहा था। इसी कारण उसने युवक की हत्या कर शव को कार की रेक्सिन कवर में पैक कर फेंक दिया था।

जिला पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह ने बताया कि 3 अगस्त को गाजीपुर सब्जी मंडी के पास एक युवक का शव मिला था। युवक के हाथ पर सन्नी नाम का टैटू बना हुआ था। थाना प्रभारी सूरजभान गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टैटू के आधार पर मृत युवक की पहचान लोनी, गाजियाबाद निवासी सन्नी के रूप में की। जांच में पता चला कि सन्नी पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह नंदनगरी इलाके में काफी आता जाता था। वहां पुलिस की टीम ने आठ दिनों तक निगरानी रखी। जिसमें पता चला कि कुछ दिन पहले एक कार की सीट कवर चोरी हुई थी। आगे की जांच में पता चला कि 2 अगस्त की रात सन्नी की नंदनगरी थाने के घोषित बदमाश जिले सिंह की पत्नी से झगड़ा हुआ था। पुलिस ने जिले सिंह

आरोपी की पत्नी से नशे का सामान खरीदता था सन्नी, देर रात सामान न देने पर किया था झगड़ा

के घर पर दबिश दी लेकिन वह फरार था। पुलिस ने उस पर निगरानी बढ़ाई और शुक्रवार यो उसे नंदनगरी से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपने सहयोगी गाजियाबाद निवासी महेंद्र के साथ मिलकर सन्नी की हत्या की थी। पुलिस ने महेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि जिले की पत्नी नशे का सामान बेचती है। सन्नी अकसर उससे नशे का सामान खरीदता था। घटना वाली रात वह काफी देर से उसके घर पहुंचा। जिले की पत्नी ने उसे नशे का सामान देने से मना कर दिया। उसके बाद सन्नी उससे झगड़ा करने लगा। इसी दौरान जिले ने उसे गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्टल और कार बरामद कर ली है। ब्यूरो

चौकी इंचार्ज ने यमुना में डूब रहे बुजुर्ग की जान बचाई

नई दिल्ली। मजनू का टीला इलाके में यमुना में डूब रहे बुजुर्ग को चौकी इंचार्ज ने जान पर खेलकर बचा लिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात 8.10 बजे मजनू का टीला पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील कुमार गश्त पर थे। इस दौरान उनको सूचना मिली कि यमुना में बुजुर्ग डूब रहा है। सुनील जान की परवाह किए बगैर पानी में कूद गए और बुजुर्ग रोशनलाल को बाहर निकाल लिया। रोशन गुरुद्वारे में मत्था टेकने आए थे। उसी दौरान यमुना में गहरे पानी में पैर फिसलने से वह पानी में डूबने लगे थे। ब्यूरो

गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण
(ISO 9001:2015 एवं ISO 14001:2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ, गाज़ियाबाद

पत्रांक 612/क.अनु./2019 दिनांक : 24.08.2019

आवश्यक सूचना

प्राधिकरण की नेहरु नगर स्थित चन्द्रशिला अपार्टमेन्ट योजना सं0–838 व 839 तथा मधुबन–बापूधाम एवं चन्द्रशिला की ऑनलाईन आवासीय योजना सं0–860 (एल.आई.जी) व 861 के अन्तर्गत पात्र पाये गये आवेदकों के मध्य आंवटन लॉटरी ड्रा दिनांक– 30.08.19 को कविनगर योजना में स्थित प्राधिकरण के सामुदायिक केन्द्र गाजियाबाद में प्रातः 11.00 बजे से आयोजित किया जाएगा।
पात्र आवेदकों की सूची दिनांक–26.08.19 को प्राधिकरण की वेबसाईट www.gdaghaziabad.com एवं जनसम्पर्क कार्यालय पर भी उपलब्ध रहेगी।

विशेषकार्याधिकारी / प्रभारी कम्प्यूटर
ई–मेल: helplinegda@gmail.com, : @gdagzb, : @gdagzb
हैल्पलाईन: 0120–3342433, व्हाट्सैप नं: 9818988807, वेबसाईट: www.gdaghaziabad.com
एक सुन्दर शहर..... हमारा संकल्प

पुलिसकर्मियों को फंसाने के लिए 3 लड़कियों को किया अगवा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। कालिंदी कुंज में एक शख्स ने दो पुलिसकर्मियों से बदला लेने की नियत से उन्हें फंसाने की ठानी। उक्त शख्स ने जैतपुर निवासी तीन नाबालिग लड़कियों को धोखे से अगवा कर लिया और इनके परिजनों को फोन कर कहा कि कालिंदी कुंज के दो पुलिसकर्मियों ने उनको अगवा कर एनजीओ को बेच दिया है, लेकिन वह अपने ही जाल में फंस गया। पुलिस ने सेक्टर-5, हरोला (नोएडा) निवासी बिमल कुमार (38) को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर फरीदाबाद के सेहतपुर से तीनों नाबालिगों को मुक्त करा लिया गया। दरअसल, जिन पुलिसकर्मियों को बिमल फंसाने का प्रयास कर रहा था, उन पुलिसकर्मियों ने दो माह पहले बिमल को गिरफ्तार किया था। उनसे बदला लेने के लिए ही आरोपी ने साजिश रची थी। आरोपी खुद को एंटी करप्शन ब्रांच का अधिकारी बताकर पुलिस व जनता पर रौब भी झाड़ता था।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

आरोपी अपने ही जाल में फंसा पीड़िताओं को फरीदाबाद से सकुशल मुक्त कराया

दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिश्वाल ने बताया कि 22 अगस्त को कालिंदी कुंज थाने में खड्डा कॉलोनी (जैतपुर) निवासी यशपाल सिंह ने अपनी 17, 15 और 11 वर्षीय भतीजियों के अगवा होने की सूचना दी थी। पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल पर खुद को कालिंदी कुंज थाने का एएसआई बताकर एक शख्स ने फोन कर सूचना दी कि उसकी भतीजियों ने यशपाल के खिलाफ प्रताड़ना की शिकायत दी है। इस पर यशपाल पत्नी के साथ थाने पहुंचा, लेकिन जिस पुलिसकर्मी का नाम कॉलर ने बताया था, उसके पास न तो कोई शिकायत थी और न ही लड़कियां। इसके बाद शख्स ने दोबारा यशपाल को फोन कर बताया कि उसकी भतीजियों को दूसरे पुलिसकर्मी ने अगवा कर एनजीओ को बेच दिया है। इसकी भी पड़ताल में यह बात झूठी निकली। इस पर कालिंदी कुंज पुलिस ने तीनों लड़कियों को अगवा करने का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इधर, आरोपी ने यशपाल से कुछ रुपये ऐंठने का प्रयास किया। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस और कई लोगों से पूछताछ के बाद आरोपी बिमल कुमार को खड्डा कॉलोनी (जैतपुर) से दबोच लिया।

शांति भंग करने पर पकड़ा गया था

आरोपी बिमल खुद को एंटी करप्शन ब्रांच का अधिकारी बताकर धौंस जमाता था। 30 जून को उसे कालिंदी कुंज थाने के दो पुलिसकर्मियों ने शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, इसलिए वह उन दोनों पुलिसकर्मियों को सबक सिखाना चाहता था। इस बीच 16 अगस्त को तीनों नाबालिग लड़कियां आरोपी बिमल से मिलीं। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता की मौत हो चुकी है, वह चाचा-चाची के साथ रहती हैं, चाचा-चाची उनको परेशान करते हैं। बिमल ने तीनों लड़कियों को भरोसा दिलाया कि वह उनको चाचा-चाची से मुक्ति दिलाकर उनकी प्रॉपर्टी का हिस्सा भी दिलवा देगा। बृहस्पतिवार को आरोपी तीनों को बहलाकर अपने साथ ले गया। बाद में उसने पुलिसकर्मियों का नाम लेकर लड़कियों को अगवा करने की बात कही, लेकिन छानबीन में आरोपी का राज खुल गया।

खुद को पुलिसकर्मी बता बाइक-मोबाइल लूटे

नई दिल्ली। नरेला औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार शाम बदमाशों ने खुद को ट्रैफिक पुलिसकर्मी बता युवक को जांच के बहाने रोका और फिर उसकी बाइक और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। दूसरी घटना में देर रात बदमाश एक दुकानदार से छह लाख रुपयों से भरा बैग लूट ले गए। पुलिस के मुताबिक, परिवार के साथ नरेला में रहने वाला निजी कंपनी कर्मी राजवीर सिंह (33) शुक्रवार शाम कंपनी की बाइक से घर जा रहा था। बरवाला रोड पर ट्रैफिक पुलिस की वर्दी पहने दो युवकों ने उसे रोका और गाड़ी के कागजात मांगे। राजवीर मोबाइल में कागजात दिखाने लगा तो एक युवक ने उसे धक्का दे दिया। वह गिर गया। इसी दौरान बदमाश बाइक और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। दूसरी वारदात में डिस्पोजल सामान की ट्रेडिंग करने वाला अनुज (25) शुक्रवार को पार्टनर दीपक के साथ कलेक्शन करने गया था। अनुज ने रात 11 बजे दीपक को बुराड़ी में छोड़ा। लौटते समय राजा हरिश्चंद अस्पताल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उसकी स्कूटी को ओवरटेक कर रोका और बैग छीन लिया। बैग में कलेक्शन के छह लाख रुपये थे। ब्यूरो

कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मेरठ सम्भाग, मेरठ।
पत्रांकः 2850 / 647 / ई–निविदा–कांटा क्रय / 2019–20 दिनांकः 24.08.2019

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक–2737/647/ई–निविदा–कांटा क्रय/2019–20 दिनांक 14.08.2019 के द्वारा मेरठ सम्भाग के 22 ब्लॉकों/केन्द्रों पर पूर्व में **05 मी०टन के इलैक्ट्रॉनिक कांटे** लगाये जाने हेतु मेरठ सम्भाग के **जनपद मेरठ के ब्लॉक/केन्द्र दौराला, जानी, रोहटा, परीक्षितगढ़, जनपद गाजियाबाद के ब्लॉक/केन्द्र गाजियाबाद (प्रथम), लोनी, भोजपुर, जनपद बागपत के केन्द्र/ब्लॉक अमीनगर सराय, बिनौली, बड़ौत, छपरौली, बागपत, जनपद बुलन्दशहर के केन्द्र/ब्लॉक स्याना, बी०बी०नगर, जनपद हापुड़ के केन्द्र/ब्लॉक हापुड़, धौलाना, सिम्भावली, गढ़मुक्तेश्वर व जनपद गौतमबुद्धनगर के केन्द्र/ब्लॉक नोएडा, दादरी, दनकौर व जेवर** पर कुल 22 केन्द्रों पर 22 नग 05 मी०टन का कांटा क्रय करने हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की गयी थीं परन्तु दिनांक 22.08.2019 को टैक्निकल बिड खोले जाने के उपरान्त तीन ई–निविदाएँ प्राप्त हुई थीं, जिसमें एक निविदादाता के प्रपत्र अपूर्ण पाये जाने के कारण अन्य दोनों निविदादाताओं की फाईनेन्सियल बिड नहीं खोली जा सकी, जिसके कारण पुनः उपरोक्तानुसार केन्दों/ब्लॉकों पर इलैक्ट्रॉनिक कांटो हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। प्रपत्र व शर्ते ऑनलाईन वेबसाईट **etender.up.nic.in** पर दिनांक **02.09.2019** की प्रातः **10:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे, जिन्हें दिनांक **02.09.2019** की पूर्वान्ह **11:00** बजे गठित ई–निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा व टैक्निकल बिड की जांचोपरान्त इसमें अर्ह निविदादाताओं की फाईनेन्सियल बिड भी इसी दिनांक **02.09.2019** की अपरान्ह **04:00** बजे खोला जाना निर्धारित किया जाता है। निविदा की शर्ते ऑनलाईन/ऑफलाईन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय व जनपदों के जिला खाद्य विपणन अधिकारियों के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त/देखी जा सकती है। सभी टेण्डर प्रपत्र अनिवार्यतः पूर्ण रूप से भर कर अपलोड किये जायें। संलग्नक–7 एवं 8 भी अपलोड किये जायेंगे एवं संलग्नक–08 में उन केन्द्रों का नाम लिखा जायेगा जिन केन्द्रों पर इलैक्ट्रॉनिक कांटे लगाये जाने अपेक्षित हैं।

(ए०के० पाण्डेय)
सम्भागीय खाद्य नियंत्रक,
मेरठ सम्भाग, मेरठ।

अपने गांव और जिले को दिलाएं सम्मान, स्वच्छता में देकर अपना योगदान

स्वच्छ ग्राम स्वच्छ ज़िला
स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2019
14 अगस्त से 24 सितम्बर, 2019

अपने ग्राम और जनपद को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम बनायें

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण–2019 के तहत 14 अगस्त से 24 सितम्बर तक दूसरी बाद देश के सभी जिलों की स्वच्छता का मूल्यांकन किया जायेगा। आपके लिए यह एक सुनहरा मौका है अपने गांव की स्वच्छता के आधार पर अपने जिले को देश के सभी जिलों मे अव्वल बनाने का।

- जनपद को खुले में शौच मुक्त एवं स्वच्छ बनायें
- स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र, बाजार, धार्मिक स्थल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखें
- घर आंगन एवं सार्वजनिक स्थलों पर जलभराव न होने दें
- स्वच्छता सर्वेक्षण में समस्त लोग मोबाईल ऐप SSG 2019 द्वारा अपना फीडबेक दर्ज करे

टोल फ्री नम्बर 18005720112 पर कॉल करके भी अपना फीड बैक दर्ज करा सकते हैं।

पंचायती राज विभाग, बुलन्दशहर द्वारा जनहित में प्रसारित।

तिरूमाला तिरूपती देवस्थानम्, तिरुपती मार्केटिंग विभाग

ई-प्रापण निविदा सूचना

मार्केटिंग विभाग, टी.टी.डी. तिरूपती द्वारा 6 माह की अवधि हेतु निम्न वस्तुओं की प्राप्ति हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्र. सं.	वस्तु का नाम	मात्रा	ई.एम.डी. (डिमांड ड्राफ्ट) रु. में	डाउनलोडिंग आरंभ तिथि एवं अंतिम तिथि
1.	पेपर प्लेट्स (सिल्वर फॉयल सहित)	2,03,00,000 अदद	5,80,000/-	24-08-2019 07-09-2019

अधिक विवरणों हेतु वेबसाईट http://www.tirumala.org एवं https://tender.apeprocurement.gov.in लॉगऑन करें। वर्तमान निविदाओं ए.पी. पर क्लिक करें एवं 'मोर' (More) एवं 'तिरुमाला तिरुपती देवस्थानम्-मार्केटिंग' को सैलेक्ट करें। अन्य विवरणों हेतु फोन नं. 0877-2264079, 2264555 फैक्स नं. : 0877-2264554 पर सम्पर्क करें।
Roc.No:PR4/13909/ADV No:222/PRO/2019, Dt.24-08-2019 कार्यकारी अधिकारी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES (AIIMS), BHUBANESWAR
सिजुआ, डाक : डुमुडुमा, भुवनेश्वर -751019
Sijua, Post : Dumuduma, Bhubaneswar -751019

फ़ाइल संख्या : जे-11062(008)/2019-20/ एस एंड पी दिनांक : 23.08.2019

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, (एम्स) भुवनेश्वर ओड़िशा, भारत सरकार ई-निविदा के माध्यम से "एम्स, भुवनेश्वर में (1) विसंक्रमण कंटेनर, (2) रोगी शरीर तापक प्रणाली, (3) ड्रायर उपकरण, (4) नवजात ओपन देखभाल प्रणाली, (5) नैनो वॉल्यूम स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, (6) हाईब्रीडाइज़र के लिए दो बोली प्रणाली" के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा दस्तावेज निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि के साथ एम्स भुवनेश्वर की आधिकारिक वेबसाइट : www.aiimsbhubaneswar.nic.in / www.tenderwizard.com और सीपीपी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। मुहरबंद ई-निविदा वरिष्ठ क्रय-सह भंडार अधिकारी एम्स, भुवनेश्वर के कार्यालय में स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक / कूरियर / हाथों- हाथ निर्धारित तिथि और समय पर या उससे पहले प्राप्त की जाएंगी तथा उपयुक्त ई-निविदा को निविदा दस्तावेज में उल्लिखित तिथि और समय पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में बोली दाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा। अपूर्ण निविदा दस्तावेज़ / निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त निविदा को सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा। निदेशक, एम्स, भुवनेश्वर को किसी कारण का उल्लेख किए बिना किसी या सभी ई-निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार है।

स्वा/-
वरिष्ठ क्रय सह भंडार अधिकारी
एम्स, भुवनेश्वर

हरदत्तपुर – कछवा रोड स्टेशनों के बीच रेल दोहरीकरण कार्य के लिए पूर्व घोषित ट्रेन डायवर्जन (मार्ग परिवर्तन) प्लान में आंशिक संशोधन

परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा वाराणसी – इलाहाबाद सिटी सैक्शन के हरदत्तपुर – कछवा रोड स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य के संपादन हेतु दिनांक 24.08.2019 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित ट्रेन डायवर्जन (मार्ग परिवर्तन) प्लान में आंशिक संशोधन किया गया है जोकि निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	पूर्व घोषित परिवर्तित मार्ग	संशोधित डायवर्जन प्लान	दिनांक (प्रारंभिक स्टेशन से)
22131 पुणे – मण्डुवाडीह ज्ञान गंगा सुपरफास्ट एक्सप्रेस	मानिकपुर – इलाहाबाद छिवकी – वाराणसी	अपने सामान्य मार्ग पर	02.09.2019
22132 मण्डुवाडीह – पुणे जं. ज्ञान गंगा सुपरफास्ट एक्सप्रेस	वाराणसी – इलाहाबाद छिवकी – मानिकपुर		04.09.2019
15120 मण्डुवाडीह – रामेश्वरम एक्सप्रेस	वाराणसी – इलाहाबाद छिवकी – मानिकपुर		01.09.2019
15119 रामेश्वरम – मण्डुवाडीह एक्सप्रेस	मानिकपुर – इलाहाबाद छिवकी – वाराणसी		28.08.2019
12791 सिकंदराबाद जं – दानापुर एक्सप्रेस	मानिकपुर – इलाहाबाद छिवकी – पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.	इलाहाबाद जं.–प्रयाग–जंघई – वाराणसी	28 से 31.08.19 एवं 01 से 05.09.2019
12792 दानापुर – सिकंदराबाद जं एक्सप्रेस	पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. – इलाहाबाद छिवकी – मानिकपुर	वाराणसी – जंघई – प्रयाग– इलाहाबाद जं.	29 से 31.08.19 एवं 01 से 06.09.2019

नोटः– किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलवे पूछताछ नं. 139 या भारतीय रेल की वेबसाईट www.enquiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करें।

सुरक्षा हेल्पलाईन नम्बर 182 एवं रेलयात्री शिकायत हेल्पलाईन नम्बर 138

दलालों से सावधान — रेलवे टिकट सदैव रेलवे टिकट काउन्टर या अधिकृत रेल ट्रेवल एजेंट से ही खरीदें।

2740/2019 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

वर चाहिए

ब्राह्मण

-गौड़ ब्राह्मण, (भारद्वाज) 10.08.1986, 5'-1", बी.ए. सुन्दर, सुशील, संस्कारी, गृहकार्यदक्ष कन्या हेतु वर चाहिए। बरेली, मुरादाबाद, मेरठ मंडल को वरीयता। सम्पर्क- 72530-30530, 98976-81455

-सनाढ्य, आदिनाड़ी 39/5'-3" M.Sc, Biochemistry, PGDCA, अविवाहित अतिसुन्दर कन्या हेतु Professionally Qualified समकक्ष सेवारत अविवाहित वर चाहिये। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को वरीयता। 7251074746, 6395254766, lakhan4kk@yahoo.com

-कुमाँऊनी ब्राहमण भारद्वाज गोत्र अष्ट मांगलिक 31 वर्षीय मध्य नाड़ी, 5'4" B.Tech, MNC Pune कार्यरत Software Engineer कन्या हेतु सुयोग्य समकक्ष वर चाहिए। 8650300999

-सनाढ्य ब्राहमण 42/ 5'-4", M.Com, B.Ed, प्रतिष्ठित कॉनवैन्ट स्कूल में कार्यरत प्रतिष्ठित परिवार की तलाकशुदा महिला हेतु सुयोग्य वर चाहिए। सम्पर्क करें: 9760208010, Email: mayanklahri@rediffmail.com

-ब्राहमण वत्स 32/5'-2", मध्यनाड़ी सरकारी अध्यापिका हेतु जीवनसाथी चाहिये। तलाकशुदा/ अविवाहित/ विधुर/ सभी ब्राहमण मान्य। मथुरा, आगरा, अलीगढ़ को वरीयता संपर्क: 9412704742, 6398068113, 7599420042 (whatsapp)

- SM for Brahmin (Ansh Manglik) girl 29, 5'1", MA (Eco), Working Contact: 7983024435, 9528825670

-46 वर्ष/ 5'4"/ M.Com, Phd/ P.wd में एकाउंटेंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत मासिक आय 55,000 हेतु अविवाहित तलाकशुदा तथा विधुर मान्य मों- 8959744518

-24 वर्षीय 5'3" MBA सुन्दर, सुशील, ब्राह्मण कन्या हेतु वर चाहिए संपर्क- 7509813787, 8518802532

-48/ 5'-4"/ M.Com, Dip/ Gov. SBI Bank Manager. मासिक आयः- 78,786/-, अविवाहित, विधुर, तलाकशुदा, बच्चेवाले, घर जमाई, रिटायर्ड सभी जाति मान्य है। 07024198190.

-56 वर्ष/ 5'4"/ M.Com, PGDCA/ PUNB Bank Clerk/ मासिक आय 65,000/-, हेतु रिटायर्ड व्यक्ति, नोकरी पेशा, व्यवसायिक व्यक्ति सम्पर्क करे, विधुर, तलाकशुदा सभी मान्य-7024499526

-ब्राह्मण 1992/ 5'-4"/ 12वीं उत्तीर्ण पास/ गोरी सूंदर, गरीब परिवार की, गृहसज्जा कार्य में निपुर्ण कन्या हेतु उत्तम वर चाहिए। (जातिबंधन नही) chetan3210@gmail.com 7470413990, 8819861736

-ब्राह्मण 56/ 5'3" M.A., B.Ed. कालेज प्रोफेसर मासिक आय 80000/-PM सच्चे जीवनसाथी हेतु रिटायर्ड, नौकरीपेशा, अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर, बच्चे वाले वर स्वीकार्य, सम्पर्क- 09039555266, 08982006070.

- ब्राह्मण- 24/ 5'4"/ B.Tech (IT)/ सॉफ्टवेयर इंजिनियर इन (MNC) कंपनी में कार्यरत/ 7LPA. 27/ 5'4"/ B.Tech/ SBI बैंक असिस्टेंट मैनेजर/ 8LPA (सभी ब्राह्मण मान्य) 6232062318

-25/ 5'-3" 12वीं, Computer Diploma, एकलौती, ग्रामवासी, सुन्दर, गोरी, गृहकार्यदक्ष, पिता किसान, 10 बीघा जमीन कन्या हेतु उत्तम वर चाहिए। जातिबन्धन नही। मो.- 8827422140, 7697227402

-23 वर्षीय, BBA, Computer कोर्स, गोरी, सुन्दर, संस्कारी, पारिवारिक मध्यमवर्गीय परिवार हेतु वर चाहिए। Mo- 07898414413, 08878440645

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जाँच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

-23 वर्षीय, BBA, Computer कोर्स, गोरी, सुन्दर, संस्कारी, पारिवारिक मध्यमवर्गीय परिवार हेतु वर चाहिए। Mo- 09171825932, 07898414413

♥अतिशीघ्र विवाह (40-55) बेसहारा गरीब महिलाऐं (30-39) विधवा, तलाकशुदा, बांझ महिलाऐं बच्चे स्वीकार्य (21-29) अविवाहित निर्धन कन्यायें, ब्राहम्ण, अग्रवाल, त्यागी, 07464956134, 07536821403.

-सनाढ्य ब्राह्मण उपाध्याय गोत्र 18-08-1987, 5'4", 6:50 AM अलीगढ़, एम.ए. अंग्रेजी, एम.एड., नैट, सीटैट पास मंगली, कन्या हेतु सरकारी प्राइवेट सेवारत वर चाहिए। 8923639468, 9897216945

-अतिशीघ्र 55,48,बेसहारा, 45 सरकारी, 40 अनमेरिड, 36 बॉझ, 35 विधवा, 28 ग्रेजूएट अंपग अनेको रिश्ते, अन्तरजातीय बच्चा स्वीकार (महिला रजिस्ट्रेशन निःशुल्क) - 09760299484, 09219114621.

जाति/उपजाति बंधन नहीं

♥अतिशीघ्र विवाह (40-55) बेसहारा महिलाऐं (30-39) विधवा, तलाकशुदा, बांझ महिलाऐं (21-29) अविवाहित निर्धन कन्यायें हेतू वर चाहिए। वधू रजिस्ट्रेशन फ्री। 07467839198, 07455047454.

♥अतिशीघ्र विवाह संपर्क करें 40-55 बेसहारा (30-39) विधवा बॉझ तलाकशुदा बच्चे स्वीकार्य 21-29 अविवाहित निर्धन कन्याओ के रिश्ते उपलब्ध है 7253819665, 8650286976

♥शीघ्र विवाह- निर्धन 24/ 5'4" 12वीं अविवाहित "सुंदर कन्या" 30 वर्ष विधवा, बॉझ, तलाकशुदा हेतु "वर चाहिए" (अविवाहित तलाकशुदा, विधुर, सभी सम्पर्क करे) #7078202279, 7302974570

-39- Years/ 5'4"/M.A., B.Ed Govt Teacher Income- 52,000/- के लिये वर चाहिए। अविवाहित तलाकशुदा, घर जमाई व बच्चे वाले भी मान्य है सम्पर्क न.- 7068830219,8545940386.

-53/ 5'4"/ MA, PHD/ G. School प्रिन्सिपल 75,500 विवाहित, अविवाहित, विधुर, तलाकशुदा, रिटायर्ड, घरजमाई सभी मान्य है। संपर्क नं- 7389433359

-47 वर्ष/ 5'4"/ MA Bed/ Govt teacher/ के पद पर कार्यरत मासिक आय 55,000 हेतु अविवाहित, तलाकशुदा, बच्चेवाले रिटायर्ड पर्सन मान्य है संपर्क करे 9770894542

-53/ 5'4"/ SBI Bank Clerk 75,000/-, विवाहित, अविवाहित, विधुर, तलाकशुदा, रिटायर्ड, घरजमाई सभी मान्य है। संपर्क- 7389179825, 6269224877

-52 वर्ष/ 5'4"/ MA/ बिजली विभाग में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत मासिक आय 90,000 हेतु अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर घरजमाई बच्चेवाले रिटायर्ड परसन मान्य 9893541407

-52 yrs/ 5'4" inc/ MA, Bed/ Govt. Teacher/ 65,000/-, आय विधुर/ तलाकशुदा/ अविवाहित/ घरजमाई व बच्चे वाले मान्य जातिबंधन नही प्रस्ताव शीघ्र आमंत्रित 7224059258, 9755062229

-जाति बंधन नहीं 36/ 5'4" M.A., B.Ed. Govt टीचर मासिक आय 45000/-PM हेतु निर्धन वर्गीय वर चाहिए। विधुर, तलाकशुदा, बच्चे वाले, अनमैरिड मान्य, 09044100118, 09026728095.

-कास्ट नो बार 46/ 5'4" M.Com, MBA गवर्मेंट सर्विस स्टेटबैंक ऑफ इण्डिया में कैशियर 10LPA हेतु वर चाहिए। विधुर, तलाकशुदा, अविवाहित, घरजमाई, बच्चेवाले मान्य, 08349862800.

-27/ 5'-4" जूनियर हाईस्कूल में टीचर, सुन्दर, गोरी, गृहकार्यदक्ष, कन्या हेतु वर चाहिए। तलकाशुदा, विदुर मान्य, जाति बन्धन नही। Mo- 7566014123, 8965931942

-45/ MA, Bed Govt. Teacher हेतु वर चाहिए अनमैरिड, तलाकशुदा, विधुर सभी मान्य मैरिज ब्यूरो क्षमा करे 9753276922

-55/ 5'4" height Govt. Bank में कार्यरत हेतु सुयोग्य वर चाहिए तलाकशुदा, विधुर सभी वर मान्य है जातिबंधन नही शीघ्र विवाह हेतु सम्पर्क करें 8889248755

-जाति बन्धन नहीं 37/5'4"/B.Com Govt Teacher एवं 45/5'3''/B.Ed/Govt School Principal व 55/5'3"/B.Tech/Railway TET हेतू वर चाहिए- 9893147602, 9109704383.

-सभी Caste आमंत्रित- 35/5'3"/MBBS (MS) Govt Hospital में डॉक्टर/एवं 39/5'4''/B.Tech/PWD Officer व 48/5'3"/PHD Govt College Teachers तीनो हेतू वर चाहिए- 9755947493, 9770823566.

-34 वर्ष/ 5'4"/M.Com, P.G.D.C.A/ (P.W.D. में क्लर्क Post) वेतन- 45,000/- हेतु वर चाहिए। अविवाहित, विडो, डायवोर्सी, तथा घर जमाई सभी जाति मान्य 8989630104, 8965810767.

-निर्धन अविवाहित कन्याऐं उम्र- (18-28 वर्ष), तलाकशुदा, विधवा, बाँझ/हेतु उम्र- (20-50 वर्ष) सुयोग्य वर चाहिए- (जाति बन्धन नहीं) बच्चे वाले भी स्वीकार - 8273276128.

जाट

-जाट 28/ 5'-7"/ M.Com, BTC, सुन्दर, सुशील सरकारी अध्यापिका हेतु सुयोग्य सेवारत वर चाहिए। (सरकारी सेवारत को वरीयता) वीर्जत गोत्र- कुन्तल अग्रे, रावत संपर्क: 9837268200

-जाट 1994, 5'3'', B.Sc., MBA, B.Ed., सुन्दर, सुशील कन्या हेतु सरकारी, प्राइवेट अधिकारी वर चाहिये। मो.- 9548265183

जाटव

-चमार जाटव 35/5'-3" राजपत्रित अधिकारी केन्द्रिय सरकार सेवारत हेतु सजातीय समकक्ष सरकारी केन्द्रिय अधिकारी वर चाहिऐ। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। व्हाट्सएप करें- 9719117972.

-जाटव मांगलिक कन्या उम्र 24 हाईट 5-4 ग्रेजुएट, डी.एल.एड, गृहकार्य में दक्ष, सुन्दर एवं सुशील कन्या हेतु सरकारी सेवारत मांगलिक वर चाहिए। मो. 9758861805, 9812786413

-जाटव अविवाहित उम्र 40/5'-1" रंग गोरा, एम.ए, बी.एड. हेतु सरकारी/गैरसरकारी सेवारत सजातीय वर चाहिए। मैरिज ब्यूरो सम्पर्क न करें। मोबाइल नम्बर- 9456244269, 7055280123

- जाटव, 7-1-1989, 5' एम.ए., बी.एड. , SUPER TET PASS, रंग सांवला कन्या हेतु सरकारी/अर्द्धसरकारी वर चाहिये, पिता सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी , मुरादाबाद-बरेली को वरीयता, मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। मो. 9456656812, 9719912355

-जाटव 29/ 5'-2" तलाकशुदा निसन्तान B.Ed., ANM के पद पर सरकारी कन्या हेतु वर चाहिए। सरकारी सेवा कार्यरत विधुर, तलाकशुदा को वरीयता- 6394579479, 7905924070 chatendrasingh79@gmail.com

- जाटव, 1990 5'3'' B.Tech, C.S., UPSSC की तैयारी में प्रयासरत कन्या हेतु सरकारी सेवारत इंजीनियर या क्लास I अधिकारी वर चाहिए एवं उत्तराखंड को वरीयता। 9315231743, 8859049357

-जाटव 30 वर्ष, 5फुट, ग्रेजुएट, शिक्षित परिवार इन्स्ट्रक्टर (2.50 लाख वार्षिक), जर्मन फ्रैन्चाइजी स्कूल-गाजियाबाद हेतु सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवारत वर चाहिये। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। सम्पर्क- 9410060450

कायस्थ

-कायस्थ खरे 26/5'2" एम.एस.सी., बी.एड., डायटीशियन डिप्लोमा सुशील, गृहकार्य में दक्ष कन्या हेतु सेवारत/ स्थापित स्वव्यवसायी, सजातीय सुयोग्य वर चाहिये। मों.- 08840239061, 9415586711

-कायस्थ, 24/5'-4", बीएससी (नर्सिंग) डिग्री प्राइवेट लेक्चरार गोरी, सुन्दर कन्या हेतु सरकारी/ अर्द्धसरकारी सजातीय वर चाहिए। सरकारी सेवारत को वरीयता। शीघ्र विवाह। 9368443887, 6398355646

-कायस्थ, नवम्बर 1982, एम.ए. (Eng.) B.Ed आंशिक मांगलिक गोरी 5'-3" शिक्षिका गृहकार्य दक्ष कन्या हेतु सेवारत सुयोग्य वर चाहिए। आसपास को प्राथमिकता 9058713202, 9917013559 ashish.johari817@gmail.com

-25/ 5'4"/B.Com पास सुंदर, सुशील, गृहकार्य में दक्ष पढ़ी-लिखी कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। (जातिबंधन नही) (तलाकशुदा और विधुर भी मान्य) M.No- 9981175994, 9981351472

क्षत्रिय

-क्षत्रिय 26 वर्षीय 5'3" MBBS कन्या हेतु केवल MD/ MS सजातीय वर चाहिए। Phone- 9208565676, 9125989595

-Beautiful fair kshatriya girl, 27/5'6'' Doctor, General Physician, Delhi Seeking Kshatriya Doctor (Completed MD/MS) or Educated reputed Businessman from Metrocity, Height-5'9", 30year. Whatsapp photo/ biodata 8449324200

मुस्लिम

-Khan Sunni 24/5'-4" Fair Complexion, MBA, NET, Phd Pursuing Convent Educated Girl From Reputed Family Seeks Suitable Match. Contact With Details. Mobile No.- 9411897331.

-मुस्लिम सलमानी (नाई) लड़की 30/5'4" टीचर देवबन्दी हेतु सरकारी/ अर्द्धसरकारी, शिक्षित, व्यवसायी, दीनदार, इस्लामी उसूल का पावन्द वर चाहिए। सभी OBC मुस्लिम मान्य, मो.- 8960105717.

-Sunni Muslim Abbashi Girl 25/ 5'4" Namazi Beautiful Fair Graduate के लिए योग्य वर चाहिए। संपर्क करें Whatsapp: 9876130313 Phone: 0172-2636361.

-मुस्लिम 40/ 5'4"/ M.B.B.S+ MD/ Govt. Doctor हेतु वर चाहिए 25LPA जातिबंधन नही विडो डायवोंसी मान्य (घरजमाई मान्य) प्राइवेट व बिजनेस मेन मान्य- 7400707593, 9617508452

-सुन्नी, मुस्लिम 27/ 5'-2" एम.काम, बी.एड इंगलिश मीडिएम प्राइवेट टीचर खूबसूरत दीनदार उच्च परिवार कन्या हेतु सरकारी/ उच्च व्यवसायी वर चाहिए। Whatsapp- 8187999179, 9236801606

अन्य जातियां

-फूलमाली, सैनी, आंशिक मंगली 5'-2"/ 28/5/1988 एम.ए. (अंग्रेजी), राजनीतिशास्त्र, बी.एड., TET, SuperTET, CTET, CBSE शिक्षिका सुन्दर कन्या हेतु वर चाहिए। मो.9259974644 (W) (मैरिज ब्यूरो क्षमा)

-कुमांऊनी शिल्पकार 29/5'3" MSC Food Technology (BHU) सम्भ्रान्त परिवार, सुन्दर गृह कार्य दक्ष कन्या हेतु सुयोग्य सरकारी, अर्द्धसरकारी वर चाहिए। पिता प्रथम श्रेणी अधिकारी 8126088388, 7906441303

-गढ़वाली शिल्पकार- 29/ 5' सुन्दर B.Tech, MNC कार्यरत कन्या हेतु B.Tech, M.Tech, (IT) विदेश सेटेल्ड, MNC कार्यरत, सजातीय वर चाहिए। (मैरिज ब्यूरो क्षमा) मो.- 9454580385, 9453465129.

-प्रजापति (कुम्हार) 29वर्ष/ 5'-3", M.Sc (Maths), B.Ed, P.G.D.C.A गोरी, सुन्दर, सुशील, गृहकार्य-दक्ष कन्या हेतु सरकारी/अर्धसरकारी वर चाहिए। सम्पर्क- 9149015720, 8445864400

- धोबी- 25/ 5'4"/ B.Tech/ सॉफ्टवेयर इंजिनियर इन TCS कंपनी में कार्यरत/ 6LPA. 28/ 5'4"/ B.Tech/ शासकीय SBI बैंक में मैनेजर/ 8LPA (सभी धोबी मान्य) 9669562110

-जाति बंधन नहीं 48/ 5'3" BE रेलवे में आफिसर मासिक आय 70000/-PM हेतु वर चाहिए। तलाकशुदा, विधुर, अविवाहित, हिन्दु/ मुस्लिम सभी धर्म मान्य, 08269096432, 07354482785.

-जाति बंधन नहीं 50/ 5'4" B.Tech, इंडियन रेलवे आफिसर मासिक आय 90000/-PM हेतु वर चाहिए। विधुर, विवाहित, अविवाहित, तलाकशुदा, हिन्दु/ मुस्लिम सभी वर स्वीकार्य, 09516789503.

-जाति बंधन नहीं 36/ 5'3" M.Com, PGDCA शासकीय कार्यालय में क्लर्क मासिक आय 42000/-PM हेतु वर चाहिए। अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर, घरजमाई, बच्चे वाले मान्य, 09589754995.

-सुनार 25/ 5'4"/ B.Tech (IIT)/ सॉफ्टवेयर इंजिनियर (MNC) कंपनी कार्यरत 7LPA. 26/ 5'4"/ BE+ MBA/ SBI बैंक असिटेंट मैनेजर/ 6LPA (सभी सुनार, स्वर्णकार मान्य) 9617058703

शादी के बाद की मजेदार रस्में

भारतीय विवाह, अपने रीति-रिवाजों, परंपराओं, और विभिन्न प्रकार की रस्मों के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं। भारत में शादी का अर्थ सिर्फ शादी की तारीख तक सीमित नहीं होता है, बल्कि यह उससे बढ़कर है, क्योंकि शादी से पहले और बाद में अनेक प्रकार की रस्में एवं मान्यताएं पूरी की जाती हैं। इनमें से कुछ रस्में क्षेत्रीय होती हैं, तो कुछ ऐसी जो पूरे देश में समान रूप से मनाई जाती हैं। माना जाता है कि ये रस्में दूल्हा-दुल्हन को भावनात्मक रूप से एक दूसरे के करीब लाने का कार्य करती हैं।

कुछ दशक पहले तक शादी से पहले दूल्हा और दुल्हन का आपस में मिलना तो दूर, विवाह से पूर्व एक-दूसरे को देखना भी सामाजिक शिष्टाचार के खिलाफ माना जाता था। हालांकि यह उम्मीद जरूर की जाती थी कि उनमें अच्छा तालमेल बना रहेगा और उनका विवाह बंधन भी सफल रहेगा। ऐसे में दोनों के बीच इस दूरी को कम करने के लिए कुछ रस्मों का आयोजन शुरू किया गया। ये रस्में न केवल दूल्हा-दुल्हन को मानसिक तौर पर एक-दूसरे के करीब लाने का कार्य करती हैं, बल्कि दोनों के बीच बेहतर तालमेल की नींव भी रखती हैं।

शादी के बाद आयोजित किए जाने वाली ये रस्में इतनी



आनंददायी और हर्षोल्लास से भरपूर होती हैं, कि इनसे दूल्हा-दुल्हन अपने नए जीवन में खुशी-खुशी प्रवेश करते हैं और परिवार में भी खुशियों का माहौल रहता है। शादी के बाद आयोजित रस्मों में सबसे पहली

शादी के बाद आयोजित होने वाली ये रस्में दूल्हा-दुल्हन को एक-दूसरे के नजदीक लाती हैं और दोनों के बीच तालमेल की नींव भी रखती हैं...

रस्म अंगूठी ढूंढने की होती है। इस खेल के तहत दूल्हा - दुल्हन को दूध अथवा दूध और पानी के मिश्रण में डूबी हुई अंगूठी को ढूंढना होता है, जिसमें दूल्हे और दुल्हन को तीन अवसर प्रदान किए जाते हैं और जो उस अंगूठी को सबसे ज्यादा बार ढूंढता है उसे इस खेल का विजेता घोषित किया जाता है। शादी के बाद आयोजित किया जाने वाला यह खेल भारत के लगभग सभी हिस्सों में समान रूप से आयोजित किया जाता है।

शादी के बाद की अन्य रस्मों में दूल्हे के द्वारा दुल्हन की मेंहदी में अपना नाम ढूंढना, सिक्कों को एक-दूसरे को देना और पारिवारिक अंताक्षरी इत्यादि शामिल हैं। ये दिलचस्प रस्में मनोरंजक तो होती ही हैं, साथ ही, इन रस्मों की मदद से दूल्हा और दुल्हन एक दूसरे को ज्यादा नजदीक से समझ पाते हैं, और उनके बीच सहयोग की भी भावना जागती है, जो एक सुखी और खुशहाल जीवन की पहली शर्त होती है।

-कीर्ति अग्रवाल 35/ 5'3" पटवारी हेतु घरजमाई तलाकशुदा, विधुर, अविवाहित वर चाहिए सम्पर्क हेतु 6232528337, 7089947095, 6232419599

-38/ 5'3" MA नगर निगम में क्लर्क आय 3- 5LPA कन्या हेतु वर चाहिए अनमैरिड, तलाकशुदा, विधुर मान्य जातिबंधन नही इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क 7770900768, 626219324

-पासवान 28/ 5'-3" सांवली सुन्दर B.Tech कन्या हेतु B.Tech नौकरी पेशा वर चाहिए। Email- purushottam.rao.ram@gmail.com बायोडाटा (फोटो भेजे) मो.- 9026042082, 9621475875

-स्वर्णकार, मांगलिक, तलाकशुदा 17.02.1990/5' BDS, गोरी, पिता राजपत्रित अधिकारी हेतु डाक्टर/मैडिकोफील्ड शाकाहारी मांगलिक वर चाहिये। सभी स्वर्णकार/तलाकशुदा भी मान्य। शीघ्र/उत्तम विवाह 9758922788

पंजाबी/सिख

-पंजाबी ब्राह्मण 01.04.1995/ 5'-3" B.Sc, B.Ed, मांगलिक कन्या हेतु सजातीय उत्तम वर चाहिये। सम्पर्क करें: 9366096596, 7297839615

-अरोड़ा इलैक्ट्रीकल्स एण्ड होम ऐपलाइन्सेस होलसेल Distributor खानदानी परिवार की संस्कारी, सुंदर 28/5'3" पोस्टग्रेजुएट कन्या हेतु वर चाहिए। संपर्क करें- 8171430832,7037321077, 9639480927

-Suitable Match for Beautiful Convent Educated Arora Punjabi Girl MBA, B.Ed. 27'/5'5" Local Agra Match Preferred. Contact: 9837091122, Email: cpmanchanda2011@yahoo.in

राजपूत

-तोमर ठाकुर 26 साल 5'-1" Captain indian army, MNS माता पिता सरकारी सेवा में कन्या हेतु सेना में सेवारत वर चाहिये। मो. 9411082353, 9634837127

-गढ़वाली राजपूत (चौहान), 32वर्ष, 5'3", रंग साफ कश्यप गोत्र, M.Sc. Phd., PROJECT ASSOCIATE (संविधा पर) FRI कन्या हेतु सुयोग्य गढ़वाली/ कुमांऊनी वर चाहिए। 9760192430, 8077758418

-43 yrs/ 5'2"/ M.Com/ Govt. Clerk in irrigation Department मासिक आय 55,000/-, हेतु रिटायर्ड नौकरी पेशा, व्यवसायिक व्यक्ति, विधुर, तलाकशुदा (बच्चे) मान्य 7049452767, 9575307993

-राजपूत 50/ 5'3" B.A. रेलवे में क्लर्क मासिक आय 65000/-PM हेतु वर चाहिए। विवाहित, अविवाहित, तलाकशुदा, विधुर, बच्चेवाले, घरजमाई, रिटायर्ड को प्राथमिकता, सम्पर्क- 06232275814, 06232275814.

-राजपूत 48/ 5'4" B.A. Govt बिजली विभाग में क्लर्क मासिक आय 62000/-PM हेतु वर चाहिए। रिटायर्ड, तलाकशुदा, घरजमाई, विधुर मान्य, जाति बंधन नहीं, 08349427588, 08349427588.

-Kumaoni Rajput Girl 32½ years, 5'3", Cultured, fair, beautiful MS (Engineering) from and working in us seven years suitable rajput match working in us 6397901770

- राजपूत- 25/ 5'4"/ B.Tech (IT)/ सॉफ्टवेयर इंजिनियर इन TCS कंपनी में कार्यरत/ 7LPA. 26/ 5'4"/ MBA/ SBI बैंक में P.O/ 5LPA (सभी राजपूत मान्य) 7024570586

-राजपुत 52 5'3" B.COM, P.G.D.C.A सिंचाई विभाग कार्यरत 55000 महिला हेतु वर चाहिए अनमैरिड तलाकशुदा विधुर सभी मान्य जाति बंधन नही मो.- 7909461778, 6387503948

-25/ 5'-3", B.com, सिलाई, पार्लर कोर्स में निपुण, गोरी, सुन्दर, मध्यम परिवार की घरेलूकार्यदक्ष कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए, जातिबन्धन नही, शीघ्र सम्पर्क- 07860054879, 09329990427

-38 वर्षीय 5'4" रंग साफ,प्राथमिक विधालय में अध्यापिका पद पर कार्यरत,वार्षिक आय 6-7 लाख रूपये हेतू वर चाहिए। विदुर/तलाकशुदा भी मान्य,जाति बन्धन नहीं। सम्पर्क- 8273044805, 7037794977

वैश्य

-अग्रवाल सितम्बर 1991 मंगल गोत्र 5' मंगली कान्वेन्ट एजुकेटेड एम.वी.ए. गोरी, सुन्दर कन्या हेतु सजातीय वर चाहिए,बिजनेस क्लास को प्राथमिकता,मुरादाबाद 200 KM के अन्दर सम्पर्क।मोबा.7599020745

-Sahu 13.09.1989/ 29year 5'-2" Complexion Fair Govt Teacher (LT) in GGIC. Allowed सर्व वैश्य मान्य Govt. Job/ Wellsettled Business. Cast- Teli (Sahu) Contact- 8269087676, 8269474275

-सिंघल मंगली, 5'1", 17.04.93, 2:48 AM, BTC सरकारी प्राइमरी शिक्षिका नि. रामपुर में तैनात गृहकार्य दक्ष कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। रामपुर, मुरादाबाद को वरीयता,9457171004

-मांगलिक निःसन्तान, तलाकशुदा सिंघल 29/ 5', MBA (पिता इंजीनियर) सुन्दर, सुशील, गृहकार्यदक्ष कन्या हेतु वर चाहिए। सर्विसमैन को वरीयता, मो.- 8400698312 (मैरिज ब्यूरो क्षमा करें)

-अग्रवाल 27/ 5'4"/ B.Com सुंदर, सुशील, गृहकार्य में दक्ष पढ़ी- लिखी कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए। (जातिबंधन नही) M.No- 9993722848, 9993630460

- अग्रवाल- 27/ 5'3"/ B.Com/ M.Com प्राइवेट टीचर सुंदर, सुशिल, गृहकार्य दक्ष कन्या हेतु सुयोग्य वर चाहिए सर्व वैश्य मान्य सम्पर्क करे 9522299804, 9522299808

-अग्रवाल वर 25/ 5'4" शिक्षित विधवा गोरी सुंदर, सुशील गृहकार्य व हस्तकला दक्ष आत्मनिर्भर पिता व्यवसायी युवती हेतु सुयोग्य वर चाहिए सम्पर्क 07440308962, 06262029181

-32/ 5'-2'', सिघंल, मांगलिक कन्या हेतु व्यवसायिक वर चाहिये, आगरा मण्डल को प्राथमिकता निवासी- फिरोजाबाद (उ.प्र.) वर्तमान जयपुर, दलाल क्षमा करें। 8946981319, 8946981757

- अग्रवाल- 25/ 5'4"/ B.Tech (IT)/ सॉफ्टवेयर इंजिनियर इन (MNC) कंपनी कार्यरत/ 12LPA. 27/ 5'4"/ BE+ MBA/ SBI बैंक असिस्टेंट मैनेजर/ 8LPA (अग्रवाल, बनिया, मान्य) 8349141249

-बीसा अग्रवाल गोयल 25/5'-2''/B.tech MNC नोयडा कार्यरत प्रतिष्ठित परिवार, सुन्दर कन्या हेतु कम्पनी/सरकारी सेवारत सुयोग्य अग्रवाल, आगरावासी परिवार का वर चाहिए। Email: goyalvivek03@gmail.com, Mob. 8439836895

-Agarwal 28/5'-3", Fair Complexion MBA Convent Educated Girl Suitable Match In Delhi/NCR. Contact- 9837302888, 9897533235

-अग्रवाल, गर्ग गोत्र,उम्र 26, हाइट 5.0 फुट MA(English & Sanskrit), MBA, BTC सुन्दर कन्या हेतु उच्च व्यवसायी/नौकरी पेशा (मेरठ को वरीयता) शिक्षित वर चाहिए। मो0-9759754900, 8171004564

-26/ 5''-4", B.Sc, Pharmacy, एकलौती सुन्दर, गोरी, गृहकार्यदक्ष, पिता का दवाइयों का व्यवसाय, कन्या हतु वर चाहिए। जातिबन्धन नही। Mo- 7225916833, 7694804524

-26/ 5'-3", 12वीं Computer Diploma, ग्रामवासी, सुन्दर, गोरी, गृहकार्यदक्ष, पिता का किराना व्यवसाय कन्या हेतु वर चाहिए, सर्व वैश्य मान्य। Mo- 8965932376, 7470508645

-अविवाहित गोयल 5'-2" रंग साफ चश्मा प्रयोग 3-3-1972 सुबह 6.20 राजकीय अध्यापिका उत्तरखण्ड अविवाहित/ विवाहित कानूनी तलाकी 46-50 वर्षीय तक बच्चे रहित सजातीय मय फोटो अंकतालिकाओं एवं अन्य विवरण सहित भेजे । सन्त प्रकाश गोयल, 444 हनुमान कॉलोनी रूड़की। मो. 9411763470

-यज्ञसैनी वैश्य, 26/5', एमएससी बीएड, टीईटी, सुपरटैट, रंग साफ के लिए वर चाहिए सरकारी/ व्यवसायी कार्यरत, सर्व वैश्य मान्य, संपर्क करें- मो.- 9044908439

-गुप्ता वैश्य, 34/5'-4", B.Sc Computer Diploma सुन्दर, संस्कारी, मात्र फेरों की दोषी (तलाकशुदा) कन्या हेतु अविवाहित/ तलाकशुदा सुयोग्य वर चाहिये। सर्व वैश्य मान्य 9997723436, 8630752096

-अग्रवाल मित्तल, 28/5'-3" B.Com, MBA, इम्फोसिस कम्पनी गुड़गांव में कार्यरत गृहकार्यदक्ष सुशील सुन्दर कन्या हेतु वर चाहिए। शीघ्र विवाह सम्पर्क- 8279806203 Whatsapp 9917201768

-केवल अग्रवाल समाज के हाईस्टेटस, इंडस्ट्रीलिस्ट, इंजीनियर, बिजनेसमैन लड़को/ सर्विसक्लास, घरेलू लड़कियों के बायोडाटा बड़ीसंख्या में रजिस्टर्ड है। गर्ग मैरिजब्यूरो बरेली 8979223414, 9410431336 (रजिस्ट्रेशन अनिवार्य)

-अग्रवाल 24/5'3" 12th पास अति सुन्दर गृहकार्य में दक्ष कन्या हेतु उत्तम वर चाहिए, जाति व शिक्षा बंधन नहीं। मौ. 9174192151, 7747014135

-37/5'4''/M.A/B.Ed शिक्षा विभाग में कार्यरत आय 52000/- सुन्दर माहिला हेतू तलाकशुदा विधुर अनमैरिड सभी रिश्ते मान्य- 9118156224, 8543019945.

अमर उजाला क्लासीफाइड
अच्छे वर-वधु के लिए अपना विज्ञापन अमर उजाला क्लासीफाइड में दें।

वधु चाहिए

ब्राह्मण

- Gaur Brahman, Parasher Gotra, 25 yr, 5'10", Fair, MCom, established Businessman in Sitapur needs suitable housewife. M. 8009966688

-SM4 Kumaouni Brahmin 34/ 6' Antya-Nadi Upmanue Gotra Software Engineer Seeks Working Software Engineer Beautiful Tall Kumaouni Brahmin Girl. Please Whatsapp/ Biodata with Photograph. #9455708426.

-कुँमायूँ ब्राह्मण 18.11.85/ 5'4" 7.25PM लखनऊ अन्त्य-नाड़ी गौरवर्ण एम.बी.ए. प्राइवेट कम्पनी कार्यरत 3.60LPA लखनऊवासी युवक हेतु सजातीय बधू चाहिए। अध्यापक वरीयता, सम्पर्क (2-5PM) मो.- 9621842555, व्हाट्सएप- 9044289059 (मैरिज ब्यूरो क्षमा)

-सनाढ्य ब्राहमण 29/ 5'-5" अन्त्य नाड़ी एम.कॉम, सरकारी अध्यापक हेतु बी.टी.सी./ बी.एड., सुन्दर वधू चाहिये। सम्पर्क करें: 6398373343

-गौड़ ब्राहाम्ण- 36/5'4", रंग गोरा, प्राइवेट कंपनी में कार्यरत लड़के हेतु सजातीय, शिक्षित, गृहकार्य दक्ष वधू चाहिये। सम्पर्क- 8395076705 email- sharmahimnshu592@yahoo.com email- himanshu493@gmail.com

-SM4 Sanadhya Brahman 30 Years 5'-6" M.Tech Software Chief Engineer Working in Samsung (R&D) Bangalore(30-LPA) Seeks for Equivalent Qualification (working/non-working) 9456470707, 9997200182. Excuse marriage bureau.

-गौड़ ब्राह्मण, कौशिक, बी0टेक 5'-10" 31.10.87, 7.15 सॉय, गाजियाबाद, मल्टिनेशनल कार्यरत, 16LPA, सुंदर, सुशिक्षित, लम्बी, स्लिम वधू चाहिए। #9212731393 meerad64@gmail.com

-ब्राहमण भारद्वाज गोत्र बिदुर 57/5'4'' सामान्य व्यवसाई अकेले जीवन साथी चाहिए सामान्य वर्ग से विधवा तलाकशुदा बेसहारा मान्य उम्र 50/ 55 बच्चों वाली अमान्य 9997808488

-सनाडय ब्राह्मण गोस्वामी 8-10-85/5'-6" जूनियर स्कूल में सरकारी टीचर मासिक आय 59000 झाँसी निवासी को अति सुन्दर एम.एस.सी. ऊँचाई 5'-3" वधू चाहिये। मों.नं.- 9415950852, वाटसएप- 9795791010

-ब्राह्मण 31 वर्ष 50 लाख सम्पत्ति लड़का को तलाकशुदा ब्राह्मण वधु चाहिए। शादी के बाद लड़की आंध्र प्रदेश में रहना पड़ेगा। Contact: 9705648072

-Suitable match for 30, 5'9", Sandhya Brahmin N.M B.Tech Software Engineer Working in MNC. 9897657765, 6396192370

-गौड़ ब्राह्मण, भारद्वाज गोत्र 27/5'8'' एम.बी.ए. मण्टी नेशनल कम्पनी लि. में कार्यरत स्मार्ट युवक हेतु सजातीय सुन्दर वधु चाहिए। मोबाइल 7456877220

-गौड़ ब्राह्मण 28/5'-10'' बी.कॉम कॉन्वेन्ट ऐजुकेटिड ऐरिया बिजनेस मैनेजर वार्षिक आय 6 लाख इकलौता, पिता बैंक से रिटायर्ड मध्यम परिवार की वधु चाहिये। (M) 9319559885

-ब्राह्मण 32/ 5'9" B.Tech, Railway Mechanical Engineer 7लाख वार्षिक पिता Retd. Officer युवक हेतु वधू चाहिए। दहेज बंधन नहीं, सम्पर्क- 07471112242, 07471112242.

-सनाढ्य ब्राह्मण, 1993/ 5'8" एम.सी.ए., आई.टी. कम्पनी (नोएडा) में कार्यरत, सुन्दर वर हेतु सुयोग्य कन्या चाहिए। आगरा (लोकल) को वरीयता। फोन नं: 9717964769, 9971113424

-गौड़ ब्राह्मण अन्त्य नाड़ी आंशिक मंगली 32 वर्षीय 5'10" एम.बी.बी.एस राजकीय मेडिकल ऑफिसर हेतु सुन्दर सुयोग्य वधू चाहिए। सर्व ब्राह्मण मान्य। 8941859537, 9045076071

✓जयपुर निवासी अविवाहित गौड़ ब्राह्मण 43/ 5'11"/ MA उच्च व्यवसायी हेतु घरेलु कन्या चाहिए सर्व ब्राह्मण स्वीकार्य सम्पर्क 09413236665

-ब्राहमण (गौड़) 30/5'5"/ बी.एस.सी. निजी व्यवसाय (आटो मोबाइल्स) होन्डा टूव्हीलर शोरूम/मेडिकल एजेन्सी, निजी मकान, स्वस्थ, सुन्दर युवक हेतु सुयोग्य वधु चाहिए। सम्पर्क : 8477866665, 9368052269

-29/5'9''/B.Tech/ISRO में क्लास वन ऑफिसर 18-लाख वार्षिक आय वर हेतु कन्या चाहिए दहेज बन्धन नहीं सम्पर्क 7898558618, 7898558059.

-गौड़ ब्राह्मण 1990, 5'8", 8LPA., MNC नोएडा कार्यरत शाहकारी इकलौता पुत्र M.Tech पिता सेवानिवृत, हरिद्वार में अपना मकान समकक्ष वधू चाहिए। M. 8630872230, 9319005194(W)

-ब्राहम्णः- 30/ B.Tech (IIT) MBA-Working As A Class-1, Officer Central Government Father Retd. Govt. Service वर हेतु Working Not Working वधु चाहिए-7654087048, 9664195716.

-सनाढ्य ब्राहमण 5'-9''/26 आंशिक मंगली वशिष्ठ, माता भारदवाज, दादी रजौरिया राष्ट्रीयकृत बैंक में पीओ आगरा निवासी हेतु पारिवारिक बधू चाहिए। मोबाइल 9118664873 पर व्हाट्सएप करें।

जाति/उपजाति बंधन नहीं

- 39 yrs never married 5'5" working as Assistant Vice-President in MNC seeks homely hindu girl. Age not above 30. No dowry. Call 7042723399

-जाटव 49, 5'7" वरिष्ठ सहायक, तलाकशुदा स्मार्ट युवक को संस्कारित जीवन साथी चाहिए, गरीब, अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा सभी मान्य, दहेज रहित, जाति बंधन नहीं,9627868504, 8865926247

- Seeks bride for 5'8" Tall, 1985 born Lakhimpur kheri, M.B.A Educated Groom Pursuing Private Job in Delhi. Cont- 7042974097

जाट

-जाट 31/5'-10" MBA अर्द्ध सरकारी सेवारत युवक हेतु सुशिक्षित, सुन्दर, सुशील कार्यरत कन्या चाहिए। पिता से0 नि0 अ0 कमीश्नर M-8273666611, 9319794172

- जाट, 32 वर्ष 5'8" सरकारी सहायक अध्यापक हेतु सुन्दर, सुशील कन्या चाहिए। मो. 9027437298, 6395207504

जाटव

-चमार जाटव 32/5'-9'' सरकारी बैंक सहायक प्रबन्धक हेतु सजातीय सरकारी सेवारत वधु चाहिए। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। व्हाट्सएप करें- 9719117972.

-चमार, PCS अधिकारी (BDO), आयु 28वर्ष/ 6'-2" हेतु सुयोग्य वधू चाहिए जो 5'-4" से कम न हो। लखनऊ एवं आस-पास को वरीयता, मो.नं.- 9956223713, 9450795163.

-ग्राम पंचायत अधिकारी/प्रभारी ADO (p) (जाटव) 32 वर्ष 5 फुट 7" हेतु सुन्दर, सुशील, शिक्षिका चाहिए, मुरादाबाद मण्डल को वरीयता, मैरिज ब्यूरो माफकरें। मो.8979980411

-Jatav Boy 32/5"-11', Own Petrol Pump, Father Retd Class-I, Brother Jobing Abroad, Looking For An Educated Suitable Match Not Less Than 5'-3". Contact-9458686543, 9458612003

-जाटव 30/ 5'-8" B.Tech, M.Tech Senior Engineer in (P.W.D.) वार्षिक आय 12LPA हेतु वधू चाहिए। दहेज बंधन नहीं, 08795646626, 07905706497.

कायस्थ

-सक्सैना आंशिक मांगलिक 88/ 5'-7" M.Com, MBA, नियुक्ती स्टैनो महाविद्यालय हाईकोर्ट निस्तारण जल्द एवं पार्टटाइम एकाउन्ट निजी दो मकान हेतु सुन्दर, शिक्षित बधू चाहिये। 9045750551

-सक्सेना 36/5'-7", M.Sc. Ph.D, Asstt. Professor यूनिवर्सिटी, Gora, स्मार्ट युवक हेतु उच्चशिक्षित, गोरी बधू चाहिए। (साइंस साईड वरीयता) पिता रिटायर्ड बैंक प्रबंधक, 6395123788, 9412737204

-बंगाली कायस्थ 29/5'7" B.Tech. एजीलेण्ड अमेरिकन कम्पनी में इंजिनियर कार्यरत हेतु B.Sc., M.Sc., B.Tech., नौकरीपेशा वधू चाहिए। 8057373333, 8979329202, 9760095404

-Pradhan Fair Handsome Convented Non-manglik 28/5'-11", MBA, LLB, 12LPA, Status Reputed Family boy seeks beautiful reputed family girl. Mob- 9359935218, 9810584152, Email- adv.rohanpradhan@gmail.com

-सक्सैना, कायस्थ दिल्ली निवासी, नवम्बर-92/5'8"/B.Tech (Mech.) 6LPA, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री (धारूहेडा, गुडगाँव) मे कार्यरत हेतु, सुन्दर शिक्षित वधू चाहिये। Delhi/NCR में सेवारत को प्राथमिकता। Call- 9818603727

-श्रीवास्तव- आंशिक मांगलिक 20-10-88, 5:25AM कानपुर 5'-8"/ गोरा MBA प्रतिष्ठित कम्पनी में मैनेजर के पद पर बैंग्लौर में कार्यरत 6LPA हेतु वधू चाहिये- 8090193113, snsrivastava8@gmail.com

शेष परिणय विज्ञापन पृष्ठ संख्या 11 पर

5 फर्जी पत्रकारों पर गैंगस्टर, 4 गिरफ्तार, एक फरार

अवैध वसूली के लिए वेबपोर्टल व समाचार पत्रों में चलाते थे भ्रामक खबरें, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद व लखनऊ से गिरफ्तारी

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। पुलिस ने अवैध वसूली के आरोप में चार फर्जी पत्रकारों को गिरफ्तार किया है जबकि एक आरोपी फरार है। इस पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। जिलाधिकारी की ओर से गैंगस्टर एक्ट लगाने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इनमें से तीन 30 जनवरी को नोएडा सेक्टर-20 कोतवाली में उगाही करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए थे। इनके कब्जे से 2-2 लाख रुपये बरामद किए गए थे।

जिलाधिकारी बीएन सिंह और एसएसपी वैभव कृष्ण ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और लखनऊ में आरोपियों का गिरोह है। आरोपी उगाही के लिए सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों विशेष कर पुलिस पर दबाव बनाने के लिए भ्रामक और तथ्यहीन खबरों को वेब पोर्टल व समाचार पत्रों में प्रकाशित करते थे।

नोएडा-गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक खबरें चलाई जाती थीं। इसके बाद सोशल मीडिया से सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने दबाव में लेकर किसी व्यक्ति का अवैध कार्य कराने के लिए कहते थे। काम हो जाने पर 75 फीसदी हिस्सा स्वयं लेते थे। खबरों के माध्यम से यह लोग अदालत में चल रहे मुकदमों को भी प्रभावित करने का प्रयास कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। मुकदमे का ट्रायल चल रहा है।

एसएसपी ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट का मामला ग्रेटर नोएडा के बीटा दो में दर्ज किया गया है। गिरोह सरगना सुशील पंडित को नोएडा, उदित गोयल को ग्रेटर नोएडा, चंदन राय को गाजियाबाद व नीतिश पांडेय को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है। जबकि इनका साथी फर्जी पत्रकार रमन ठाकुर अभी फरार है। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। जिन आरोपियों के पास शस्त्र लाइसेंस हैं वे रद्द किए जाएंगे।

आरोपियों के तीन कार्यालय सील

वसूली के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के तीन कार्यालयों को पुलिस ने सील किया है। इनमें लखनऊ, वैशाली गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के बीटा-दो स्थित कार्यालय शामिल हैं। इन कार्यालयों पर बैठकर ही आरोपी गिरोह चलाते थे और यहीं से लोगों को दबाव में लेने के लिए फोन भी करते थे।

नोएडा में जिलाधिकारी कार्यालय पर ब्लैकमेलिंग के आरोपी फर्जी पत्रकार।

गिरोह बनाकर करते हैं काम,इसलिए लगा गैंगस्टर : एसएसपी

एसएसपी ने बताया कि 30 जनवरी को नोएडा सेक्टर-20 कोतवाली में सूचना मिली थी कि कुछ पत्रकार व कोतवाल मिलकर एक उद्यमी से अवैध वसूली कर रहे हैं। मौके पर वह स्वयं गए थे। पुलिस टीम ने छापेमारी की तो मामला सही पाया गया। कोतवाली के ऑफिस में इंस्पेक्टर मनोज पंत, पत्रकार रमन ठाकुर, सुशील पंडित व उदित गोयल मौजूद थे। सभी से 2-2 लाख रुपये बरामद किए गए थे। पीड़ित उद्यमी ने कोतवाली में अवैध उगाही का मामला दर्ज कराया। इसके बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। कई माह जेल में रहने के बाद सभी आरोपियों को अदालत ने सशर्त जमानत दी थी। जमानत पर आने के बाद आरोपी पत्रकार फिर उसी तरह के मामलों में लग गए और वेबपोर्टल, पैनी खबर, सनसनी डाटकॉम, पुलिस मीडिया डॉटकॉम आदि के माध्यम से तथ्यहीन और भ्रामक खबरें चलाकर केस में गवाहों को प्रभावित कर रहे थे। कानून व्यवस्था को प्रभावित करने के अलावा भी कई प्रकार की खबरें प्रकाशित की गई थी। आरोपी गिरोह बनाकर इस तरह का काम कर रहे थे जिससे कभी भी समाज में कानून व्यवस्था की गड़बड़ी हो सकती थी। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए पांचों तथाकथित पत्रकारों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

मणिमहेश में दिल्ली के यात्री की मौत

भरमौर (चंबा)। मणिमहेश दर्शन के लिए आए दिल्ली के एक यात्री की मौत हो गई है। हादसा उस समय हुआ जब हरबिंदर सिंह हड़सर से भरमौर के लिए कठिन चढ़ाई चढ़कर डल झील पहुंचे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। हालांकि अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। लेकिन प्रारंभिक तौर पर सांस की दिक्कत से मौत होना माना जा रहा है। हरबिंदर सिह उम्र 57 साल पत्नी और बच्चे के साथ मणिमहेश यात्रा पर आए थे। शनिवार देर शाम डल झील पर अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई और इससे उनकी मौत हो गई। बचाव दल की टीम रविवार सुबह शव को लेकर भरमौर के लिए रवाना होगी। हरबिंदर सिंह दिल्ली के मोती नगर के रहने वाले थे। ब्यूरो

दो दिन रद्द रहेगी काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस

बरेली। बरेली-मुरादाबाद सेक्शन के मिलक स्टेशन पर 27 और 28 अगस्त को इलेक्ट्रानिक इंटरलॉकिंग और इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग (आईबीएस) का कार्य कराया जाना है, जिसके कारण रेलवे ने इन दोनों दिन ट्रैफिक ब्लॉक लिए जाने का निर्णय लिया है। इस कारण कुछ ट्रेनें निरस्त, कुछ बदले हुए मार्ग और कुछ रोककर चलाई जाएंगी।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक 27 और 28 अगस्त को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस (अप/डाउन) निरस्त रहेगी। इसके अलावा 28 अगस्त को अमृतसर-सहरसा जंक्शन जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस (12204) को बदले हुए मार्ग मुरादाबाद-चंदौसी जंक्शन-बरेली कैंट होते हुए शाहजहांपुर पहुंचेगी। इनके अलावा 27 अगस्त को सियालदह एक्सप्रेस (13151 अप) आधा घंटा, जनसेवा एक्सप्रेस (14618 डाउन) 40 मिनट, श्रमजीवी एक्सप्रेस (12392 डाउन) 50 मिनट और आनंद विहार-दानापुर जन साधारण एक्सप्रेस (13258 डाउन) आधा घंटा देरी से चलाई जाएंगी।

अधिकारियों के मुताबिक सियालदह एक्सप्रेस (13151अप/13152डाउन), आला हजरत एक्सप्रेस (14311, 14321 अप/14312,14322 डाउन) और किसान एक्सप्रेस (13307 अप/13308 डाउन) मिलक स्टेशन पर बिना रुके गुजरेंगी। इस सेक्शन में डाउन लाइन और अप लाइन पर 35 मालगाड़ियां गुजारी जाएंगी। ब्यूरो

फरीदाबाद में स्ट्रेचर पर लेटे मरीज के कटे हुए पैरों को ही बना दिया तकिया

फरीदाबाद। बड़खल फ्लाईओवर के पास शुक्रवार को नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल राजधानी एक्सप्रेस के चपेट में आने से एक व्यक्ति के दोनों पैर कट गए। उसे गंभीर हालत में बीके सिविल अस्पताल लाया गया, लेकिन यहां डाक्टरों ने संवेदनहीनता की सारी हदें पार कर दी। खून से लथपथ मरीज को स्ट्रेचर पर ले जाते समय पर अस्पताल स्टाफ ने मरीज के कटे पैरों को ही उसका तकिया बना दिया।

अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी व डाक्टरों ने चुप्पी साध ली है। भूड़ कॉलोनी में रहने वाला प्रदीप (42) निजी फैक्ट्री में नौकरी करता है। वह फैक्ट्री जाने के लिए बड़खल फ्लाईओवर के पास रेलवे लाइन पार कर रहा था। ट्रेन के चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गए। उपचार के लिए बीके अस्पताल लाने के बाद उसे स्ट्रेचर लेटाया गया। तकिया नहीं मिलने पर स्टाफ ने उसके कटे पैरों से सिर को सहारा दिया। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। मामले को लेकर सीएमओ गुलशन अरोड़ा से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। ब्यूरो

एटीएम से पैसे चुराने वाले गिरोह के दो बदमाश पकड़े

अमर उजाला ब्यूरो

दिल्ली, गुरुग्राम, राजस्थान, फरीदाबाद और पलवल में विभिन्न एटीएम से चुराए 42 लाख रुपये, जेल भेजे गए

हथीन। वाहन चोर निरोधक दस्ते (एवीटी स्टाफ) ने अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर एटीएम चोरों को प्रकाश विहार से गिरफ्तार कर 29 हजार रुपये की राशि बरामद की है। आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों की पहचान नसीम उर्फ काला पुत्र खुर्शीद निवासी रनियाला खुर्द उर्फ झांडा थाना बहीन और मनीष पुत्र महेश कुमार निवासी अगवानपुर थाना सिटी पलवल के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली, गुरुग्राम, राजस्थान, फरीदाबाद और पलवल में एटीएम काटकर और धोखाधड़ी कर एटीएम से पैसे निकालने की बात स्वीकार की है। दोनों आरोपियों ने पिछले डेढ़ साल में लगभग 41.47 लाख रुपये राज्यों के विभिन्न एटीएम से चोरी किए हैं।

एवीटी स्टाफ हथीन के इंचार्ज मोहम्मद इलियास ने बताया कि 21 अगस्त की रात करीब सवा 8 बजे स्टाफ की टीम एएसआई जमशेद, एएसआई जुबैर, हेड कांस्टेबल रवि, कांस्टेबल मुबारिक, जयपाल और फूलकुमार गश्त पर थे कि सूचना मिली कि 2 शातिर एटीएम चोर प्रकाश विहार में कोसमोस अस्पताल के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही स्टाफ की टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर दोनों को काबू कर लिया। मोहम्मद इलियास ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान नसीम ने और भी कई अन्य वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। इनमें गुरुग्राम के एक्सिस बैंक के एटीएम पर कार्ड बदलकर 25 हजार रुपये 5-6 दिन पहले, करीब 2-3 महीने पहले दिल्ली के छतरपुर से एटीएम बदलकर 10 हजार रुपये निकाले और 3-4 महीने पहले अलीगढ़ में एटीएम बदलकर 20 हजार रुपये निकाले।

इसके अलावा करीब डेढ़ साल पहले फरीदाबाद पाली रोड से एटीएम बदलकर 20 हजार निकाले व राजस्थान के पहाड़ी के एटीएम से 50 हजार रुपये निकाले और जयपुर में एटीएम कार्ड बदलकर 70 हजार रुपये निकाले। पूछताछ के दौरान नसीम ने बताया कि 10-12 दिन पहले उसने धोखाधड़ी कर पुन्हाना सिंडीकेट बैंक के एटीएम से 8 हजार रुपये निकाले थे।

मां अमृतेश्वरी चैरिटी संस्थान ने दिव्यांगों को निशुल्क बांटी तिपहिया

नई दिल्ली। जन्माष्टमी पर मां अमृतेश्वरी चैरिटी संस्थान ने 'एमएसीएस-4 व्हील्स' अभियान के तहत तिपहिया साइकिल का निशुल्क वितरण किया।

दंत रोग विशेषज्ञ एवं आयोजक एमएसीएस की संस्थापक डॉ. प्रियंका यादव, चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण बंसल, भूषण और पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. अमित रंजन की मदद से सफदरजंग अस्पताल के बाहर फेरी लगाने वाले 56 साल के दिव्यांग निजु दास को साइकिल दिया गया। एक साल से भी कम उम्र में पोलियो के कारण दोनों पैरों की ताकत खोने वाले निजु दास की आजीविका पर पिछले साल वर्षों पुरानी व्हीलचेयर खराब होने की वजह से विराम लग गया था। डॉ. प्रियंका यादव ने निजु दास को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ब्यूरो

सेंट्रल गोवर्नमेंट इम्प्लॉई वेलफेयर हाऊसिंग ऑर्गेनाईज़ेशन
(हाऊसिंग एंड अर्बन अफेयर मंत्रालय, भारत सरकार)
शताब्दी नगर, मेरठ में सीजीईडब्ल्यूएचओ भूमि की बिक्री

CGEWHO

1. सीजीईडब्ल्यूएचओ ई-नीलामी के माध्यम से ''जेसे है जहां है आधार'' पर सैक्टर-4सी, पॉकेट-ए, शताब्दी नगर मेरठ में स्थित मेरठ डिवेल्पमेंट अथॉर्टी (एमडीए) द्वारा आबंटित अच्छी तरह से सीमांकित की गई, निकटवर्ती एवं फ्री होल्ड आवासीय भूमि, 49416.35 वर्ग मी. (12.207 एकड़), की बिक्री प्रस्तावित करता है। भूमि दिसम्बर, 2012 से सीजीईडब्ल्यूएचओ के कब्जे में है।
2. इच्छुक खरीदार को ई-नीलामी पोर्टल में पंजीकृत होना होगा। पंजीकरण/नियम व शर्तें तथा प्रक्रिया के विवरणों के लिये कृपया हमारी ई-नीलामी वेबसाईट **www.tenderwizard.com/CGEWHO** पर जाएं। ईएमडी विवरणों के साथ अपेक्षित दस्तावेजों को ऑनलाईन जमा कराने की अंतिम तिथि 11 **सितम्बर, 2019 को सांय 5.00 बजे** तक है। ईएमडी आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा जमा कराई जाएगी। लाईव बिडिंग **17 सितम्बर, 2019** को होगी। कुल भूमि की आरक्षित कीमत **47,62,75,000/-रु.** है।
3. भूमि की लोकेशन एवं स्थल के देखने के संबंध हेतु पूछताछ के लिये हमारे परियोजना प्रबंधक श्री **राज कुमार भाटिया को 7042280555** नम्बर पर या **श्री खंडेलवाल को 9868150739** नम्बर पर सम्पर्क करें।
4. ई नीलामी प्रक्रिया (अपलोड करना, डाऊनलोड करना, ई नीलामी दस्तावेजों को जमा करना एवं डिजिटल सिगनेचर) की पूछताछ के लिये, कृपया सम्पर्क करें:- फोन सं. 8800445981, 8800115628, 8800107755, 011-49424365.

davp 20105/11/0003 /1920

सीईओ, सीजीईडब्ल्यूएचओ

अमर उजाला **परिणय** विज्ञापन बुक करें टोल फ्री नंबर : **1800-121-1166** बुकिंग टाइम : सुबह 8:00 बजे से सायं 6 बजे तक

वधु चाहिए

पृष्ठ संख्या 10 का शेष

कायस्थ

-सक्सेना मांगलिक मई 1990/6, बी-टेक, सरकारी शिक्षक हेतु सुन्दर, सुशील, गृहकार्य-दक्ष कायस्त वधु चाहिए। बरेली मण्डल को वरीयता। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। मो.- 8218702050, 7417544535

-कायस्थ युवक, 5'-10", जन्म स्थान शाहजहांपुर, 09मार्च89, शाम 04:42, प्रोजेक्ट मैनेजर, 6लाख वार्षिक, घरेलू प्रोफेशनली क्वालीफाइड वधू चाहिए 09936988216, 9774045376

-सक्सेना 28/5'-9" बी-टेक, नॉनमांगलिक सुंदर, सरकारी सेवारत वर हेतु सुंदर, सुशील, गृहकार्य-दक्ष शिक्षित वधू चाहिए। सरकारी सेवारत को वरीयता। मो बाइल/व्हाटसअप: 7017731644/ 8899221234

-Abhinav Saxena, B.Tech, BTC, 29/07/1988, 12:05AM,Saharanpur Born, 5'-10", Anshik Manglik, Govt. Teacher Posted in District Saharanpur. Govt. Teacher Girl From Western UP Preferred. 8126438988(W), 9045796087(W)

-सक्सैना, फरवरी 1991/5'11",फेयर, बी-टेक एम.एन.सी. में कार्यरत वर्तमान में लन्दन (यू.के.) में कार्यरत हेतु समकक्ष सुशिक्षित एम.एन.सी. आदि एन.सी.आर. मे कार्यरत को वरीयता। मो. 9411287381,6395693618

क्षत्रिय

-क्षत्रिय (ठाकुर) 26 वर्ष/ 6' TCS नोयडा में कार्यरत बरेली निवासी युवक हेतु सुन्दर, संस्कारी, सजातीय वधू चाहिए। बरेलीक्षेत्र को वरीयता, सम्पर्क सूत्र- 9412143843, 7503779505.

-क्षत्रिय स्वर्णकार 29/ 5'7" B.Tech केन्द्रसरकार में सहायक अनुभाग अधिकारी हेतु स्वाजातीय सुन्दर, सुशील कन्या चाहिए। सम्पर्क- 8881699199, B.Tech/ व्यवसयिक पद पर कार्यरत को वरीयता।

-रघुवंशी ठाकुर गोत्र कश्यप रंग गोरा 30/5'9", स्नातक कुशल व्यवसायिक जिला- लखीमपुर खीरी, यू.पी. हेतु शिक्षित सुन्दर सजातीय वधू चाहिए। सम्पर्क- 7607531838, 9140714107, E.mail-singh.abhishek363@gmail.com

-मेढ़ श्रात्रिय स्वर्णकार (वर्मा) भिलाई छत्तीसगढ़ निवासी उम्र 25 वर्ष 6'1" BBA, MBA व्यवसाय इलैक्ट्रानिक्स शोरूम आय सात अंकों में हेतु संभ्रांत परिवार की कन्या चाहिए। संपर्क करें- 9827130099, 9893990292

मुस्लिम

-सुन्नी पठान, 33, B.A. LLB, 25000 प्राइवेट टीचर (वालिद नहीं) को कम पढ़ीलिखी घरेलू, शेख, सैय्यद, खान, लड़की चाहिये। (गरीब/तलाकशुदा भी मान्य), 7451902345

-सुन्नी मुस्लिम 31/ 5'-4", सरकारी सेवारत, 12 LPA हेतु वधू चाहिए। सय्यद, पठान, शेख सिद्धिकी मान्य। संपर्क करें- मोबाइल- 6394367108, 6394536583

-मुस्लिम 28/5'8"/ M.Tech (IIT) क्लास वन आफिसर गर्वमेन्ट 30/5'10"/ B.Tech, M.Tech (IIT) साफ्टवेयर इंजी. MNC वर हेतु वधु। वर्किंग/ नानवर्किंग। सभी मुस्लिम मान्य। 7785807820, 9889297999

-सुन्नी मुस्लिम सैफी 39/5'-6" डाक्टर BAMS सरकारी सेवारत उत्तराखण्ड हेतु वधु चाहिए। डाक्टर और सरकारी सेवारत को वरीयता संपर्क करें: 9997943958, 8954276507

-सुन्नी मुस्लिम 26/ 5'10" M.Tech, (NIT-Kharagpur) सॉफ्टवेयर इंजीनियर in Amazon 24LPA, 29/ 5'8" BE, MBA Govt. Officer in Irrigation Department 10LPA हेतु वधू चाहिए, 09522319109.

-सुन्नी मुस्लिम 29/ 5'9" B.Tech, M.Tech, (IIT) SDO in UP Power Corporation 12LPA हेतु वधू चाहिए। दहेज बंधन नहीं, शीघ्र विवाह, 07525043806, 07459877153.

-मुस्लिम मलिक (तेली) 29/5'5" ग्राम पंचायत अधिकारी हेतु सरकारी सेवारत सुंदर सजातीय वधु चाहिए। टीचर व बैंक जाब को वरीयता। मोबाइल नंबर 9897388715

-मुस्लिम लड़का -31/5'8"/ B.Tech, M.Tech, (IIT) IES. Officer, 10-12 LPA, वर हेतु Working Not Working वधु चाहिए दहेज़ बंधन नहीं संपर्क करें - 6205081113, 9608312781.

अन्य जातियां

-जाटव 25/ 5'-3" रंग साफ प्रइमरी अध्यापक सरकारी सेवारत हेतु सजातीय सरकारी अध्यापिका प्रा0/ जूनियर सेवारत वधू चाहिए। सम्पर्क: 9719805767, 7599406063

-शर्मा, विश्वकर्मा 32/ 5'-8" B.A, L.L.B कन्नौज एजेन्सी होल्डर, 5-LPA, माता फैमिली पेंशनर, भाई राजकीय कर्मचारी, उच्चशिक्षित, Working, Non Working वधू चाहिये।- 9451281362, 7800851011 (ताऊ)

-जाटव 34/ 5'8" B.Tech, MBA (HR) SBI Bank Branch Manager 9लाख वार्षिक आय वर हेतु वधू चाहिए। तलाकशुदा, विडो भी मान्य, सम्पर्क- 08349006277, 08349006277.

-48वर्ष पुरूष रेलवे में क्लास-वन अधिकारी हेतु वधु चाहिए। सभी जाति हेतु सम्पर्क करें- अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा, सम्पर्क करें- 09118594532, 07706896829.

-PQM for Rajput Himachali boy working with Deloitte (MNC) in Bangalore, 13-10-1983, 5'8". Himachali working girl preferred. 9815049744

-जाटव 29/ 5'10", B.tech, IAS ऑफिसर (2017 batch) 15LPA पिता सिविल सर्विस, वर हेतू सुंदर वधु चाहिये सभी SC जाटव चमार स्वीकार्य 07089263579, 08120289119

पंजाबी/सिख

- Agra based Punjabi Khatri boy, Nov. 87, 8:00 AM, 5'6" Having own Photography business, Fair & Handsome, Earn 50000 PM. Contact- 7500150499, 9627127124

- Punjabi Suri, 31, 5'11", Non Manglik, Design Engineer NCR, 12 LPA, Mobile & WhatsApp - 8685967841

-पंजाबी 36/5'3"/ B.Com प्रतिष्ठित बिजनेस मैन हेतु सुन्दर, सुशिक्षित, गृहकार्य दक्ष वधू चाहिए, दहेज व जाति बन्धन नही। Divorced, Widowed मान्य। मैरिज ब्यूरो क्षमा। 8960915344

-पंजाबी 27/ 5'10"/ M.Tech (IIT)/ सॉफ्टवेयर इंजिनियर (MNC) कंपनी में कार्यरत/ 20LPA. 29/ 5'11"/ B.Tech+ MBA/ Businessman 50LPA (सभी पंजाबी मान्य) Contact- 7898496961

-Punjabi Khatri Boy 31/5'5", M.com, MBA, Job in Private sector 5 LPA Looking for Beautiful educated girl. Mobile 8923175734, 9045281928. Marriage Bureau Don't Contact.

राजपूत

-कुमाऊँनी राजपूत 30/ 5'8" B.Tech, (Mech.), अपना ऑटोमोबाइल बिजनेस, 65000/- PM, स्मार्ट युवक हेतु उच्च क्वालिफाइड कुमाऊँनी बधू चाहिए। बी.एड. डिफेंस परिवार को वरीयता, 8004805133, 9451530263.

-कुमाँऊनी राजपूत अप्रैल 1989 5'4", मर्चेन्ट नेवी ऑफिसर के लिये सरकारी/प्राईवेट, सुन्दर, सुशील वधु चाहिये। देहरादून को वरीयता। मो0 9410319255, 7505333430

-गढ़वाली राजपूत लड़का 07.11.1987/5'-6", कोटद्वार निवासी Mass Com+Master in Mass Communication. IGNOU (Delhi), Asstt. Director Hollybood film Bombay. Contact: Mob: 9411368196

-राजपूत 35/ 5'8" M.Sc., P.Hd प्रोफेसर Govt कालेज 10लाख वार्षिक आय पिता जी BSNL से Retd युवक हेतु वधू चाहिए। विडो, तलाकशुदा मान्य, सम्पर्क- 09039002050.

वैश्य

-अग्रवाल, हैण्डसम लड़का, 16/06/1994, बीकॉम-एलएलबी, रंग गोरा, 5'-9" मुरादाबाद, यूपी, हैंडीक्राफ्ट निर्यात व्यवसाय हेतु सुंदर शिक्षित वधू चाहिए, मैरिज ब्यूरो क्षमा करें- 9412244811, 8077044621

-आंशिक मंगली गर्ग गोत्र उम्र 27 वर्ष लम्बाई 5.9 इंच, व्यापारत, अतरौली निवासी युवक को गृहकार्य में दक्ष, सुन्दर सुशील वधू चाहिये। 9837848940, 9837848939

-गुप्ता 26.07.87/ 6:30am/ Bareilly/ 5'-7", आंशिक मंगली, इकलौता पुत्र, B.Tech, निजी व्यवसाय, प्रॉपर्टी/ शेयर ट्रेडिंग, 8LPA युवक हेतु सुयोग्य वधू चाहिए। #9997102897, 6396971049

-मांगलिक अग्रवाल गोयल 21/12/1991 शामली 5'8"/B.Tech निजी व्यवसाय इलैक्ट्रिकल्स गुड्स युवक हेतु वधू चाहिए। पश्चिमी उत्तरप्रदेश व उत्तराखण्ड को प्राथमिकता। सम्पर्क- 9410653875, 9410653775. मैरिजब्यूरो क्षमा करें।

-वैश्य गुप्ता, 33, 5'9" गोरा, स्मार्ट B.Sc., D.Pharma प्रतिष्ठित परिवार, निजी व्यवसायी हेतु सुन्दर, सुशील, गृहकार्यों दक्ष वधू चाहिए मैरेज ब्यूरो क्षमा, 9457037783, 9897636699

- गुप्ता, 29, 5'6" B.Tech,MBA केन्द्रीय आयुष्मान योजना सेवारत 6 LPA स्मार्ट युवक हेतु सुन्दर, सुशिक्षित वधु चाहिए (मैरिज ब्यूरो क्षमा करें) सर्ववैश्य, उच्च हिन्दु जाति मान्य, 9528864831, 9412338342

-वैश्य 29/6' M.B.B.S. D.N.B. डॉक्टर गौर वर्ण, शिक्षित परिवार हेतु M.B.B.S. डॉक्टर/सरकारी/ अर्ध सरकारी सेवारत सुंदर, सुयोग्य वधू चाहिए 9456453626,9837205101

-सिंघल 25-2-1991/5'5"/ समय 2.50AM हरिद्वार, B.Tech, सेवारत पुणे इन्जीनियर MNC 17LPA हेतु शिक्षित समकक्ष वधू चाहिये। सम्पर्क 9310974100, 9897402401

- 30/5'8"/B.Tech/M.Tech/ Custom विभाग में Class One Officer 12-LPA वर हेतु सुंदर कन्या चाहिए। सभी कायस्थ मान्य दहेज बन्धन नही सम्पर्क- 09981410936.

-मित्तल 28/5'-7", DATA SCIENTIST के पद पर USA में कार्यरत के लिए पारिवारिक B.Tech, MBA, M.Sc., B.Ed, CA Educated वधु चाहिए। मोबाइल- 9897251245

✓**Garg 30-10-**85/5'11"/7.59 PM/15.5 LPA, MCA, Software Engineer at NTT DATA Noida, Father Businessman, Anaj Mandi, Roorkee, 9811018344(WhatsApp), 9654895100, pkgarg1952@gmail.com

-अग्रवाल 8-6-90/6'2" बी.बी.ए. प्रतिष्ठित उद्योगपति परिवार, (सीड्स प्लान्ट, राइस मिल कृषि फार्म रियल स्टेट) स्मार्ट युवक हेतु सजातीय शिक्षित पारिवारिक वधु चाहिए। 9837021509, 7500721509

- Garg Divorcee Handsome Boy, Issue-less, 33/ 5'11", MBA, CS, LLB, Job Ghaziabad, 10L, Only Son. 9316231423, 9891983490

-अविवाहित गोयल 5'-6" रंग साफ 10.7.1968 एम.ए. पी.एच.डी राजकीय अध्यापक उत्तराखण्ड अविवाहित/ विवाहित कानूनी तलाकी बच्चे रहित जातीय बन्धन नही इच्छुक मय फोटो अंक तालिकाओं सहित भेजे। सम्पर्क- 9568976490

-मांगलिक गर्ग गोत्र 02-04-1987 11:25 (रात) M.Com. स्कूल ड्रेस सप्लायर युवक हेतु शिक्षित घरेलू वधू चाहिए। रामनगर नैनीताल उत्तराखण्ड। 9458965300, 9760343299

-गुप्ता (शिवहरे) 30/5'8", C.A. स्मार्ट (निजीप्रेक्टिस) हेतु सुंदर शिक्षित वधु चाहिए। सी. ए. को प्राथमिकता। सभी वैश्य मान्य। सम्पर्क- 9654698636.

-S Match invited for smart,Agarwal boy 4 Oct 1983 MBA Job Delhi 6 Lac PA,Father Retd Lecturer,Mother Ex Principal. Mo. and Whatsapp 0986821028,cast no bar.

- गुप्ता, 1985/5'6" मांगलिक MCA मुरादाबाद निवासी TMU में शिक्षक हेतु सुयोग्य वधु चाहिए, सेवारत को वरीयता, 8287346670, 9410238280

-30/5'8"/ B.Tech इण्डियन रेलवे में क्लास वन ऑफिसर 10-LPA वर हेतु सुंदर वधु चाहिए। दहेज बन्धन नहीं सभी जैन मान्य सम्पर्क- 9302393161, 6232186968.

-Mangli, Goel, Meerut, 29/5'7" B. Tech, B Ed., UP TET, C TET, Teacher, seeks slim, qualified girl pref Govt. Teacher 9411069244

यादव

-यादव 52/ 5'-9" बी.ए. ट्रांसपोर्ट व्यवसायी हेतु जीवन संगिनी चाहिए, विधवा तलाकशुदा सेवारत स्वीकार्य, लखनऊ वालों को वरीयता, मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। सम्पर्क- 9517373295

-इंजीनियर, 31 साल, यादव, 170 Cms, दिल्ली एनसीआर में कार्यरत हेतु इंजीनियरिंग/एमबीए कार्यरत लड़की की तलाश संपर्क- 7760743039.

-जातीः यादव, उम्रः 7/7/83, कदः 5/7, योग्यताः Post Graduation, जॉबः Clerk Post Office सरकारी कर्मचारी हेतु सुंदर व सुशील वधू चाहिए। संपर्क करे : 9718877346.

-यादव, डाक्टर 27.09.1994/ 5'-9" रंग साफ, अति सुन्दर युवक हेतु वधू चाहिए (अध्यापिका, बैंक, डाक्टर एवं अन्य सरकारी नौकरी को वरीयता) संपर्क मोबाइल- 6396223326, 9758834092

वर-वधु चाहिए

-Sunni Divorcee Convent Educated 32/5'-2", M.Com, M.Ed Seeks Issueless Well Settled Qualified Businessman, Government Employee Brother 28/5'-7" Handsome M.Com, MBA Convent Educated Government Employee. 7055791091

मैरिज ब्यूरो

-हमराह मैरिज ब्यूरो लखनऊ सभी धर्म जाति वर या वधू के अच्छे रिश्ते के लिए सम्पर्क करें। मोबाइल नं.- 8953264787, 6393309468 W.

-कृष्णा मैरिज ब्यूरो (Regd.) UP-Uttrakhand & NCR का No.1,सभी हिन्दू जातियों के बेहतरीन रिश्ते, बस फोन करें और मनचाहा रिश्ता पाये-Whatsapp No.9639575353, 9639575252,www.krishnamarriage-bureau.com

-25 से 50वर्ष की महिला/ पुरूष अविवाहित, तलाकशुदा, विधुवा, विधुर, बच्चेवाली सभी जाति धर्म के रिश्तो हेतु सम्पर्क- मैडम अनुराधा- रश्म मैरिज ब्यूरो, लखनऊ, 09793184802.

-25 से 50वर्ष की महिला/ पुरूष अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा, विधुर, बच्चे वाली सभी मुस्लिम धर्म के रिश्तों हेतु सम्पर्क करें- 07706896836.

-सभी जाति धर्म एवम् स्तर के मनचाहे रिश्ते हेतु सम्पर्क करें- कल्याणी मैरिज ब्यूरो पिछले 10 वर्षों की सफल शादियों का अनुभव, 9511110356, 9511110357.

जेम्स/ज्वेलरी

लाखों ग्राहकों को है जिसकी तलाश

अपना विज्ञापन अमर उजाला क्लासीफाइड में दें

अमर उजाला **क्लासीफाइड** तुरंत रिस्पांस, उत्तम परिणाम

सम्पर्क करें (टोल फ्री नं.) **1800-121-1166**

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जाँच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

फलस्तीन-इस्राइल शांति प्रक्रिया ढोंग है



थॉमस एल फ्रीडमैन

© The New York Times 2019

चुनाव से पहले नेतन्याहू इस्राइल-फलस्तीन विवाद के उदारवादी समाधान के रत्ती भर इच्छुक नहीं हैं, जबकि यहूदी कारोबारी शेल्डन एडल्सन से राजनीतिक चंदा और फ्लोरिडा के यहूदियों से वोट लेने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नेतन्याहू की नीतियों पर आंख मूंदकर भरोसा करते हैं। ऐसे में फलस्तीनियों के हक में कोई समाधान होगा भी, तो कैसे?

पिछले सप्ताह डेमोक्रेटिक पार्टी की दो महिला सांसदों की अनुपयोगी इस्राइल यात्रा से जुड़ा विवाद सिर्फ एक वजह से उपयोगी रहा : इसने इसका खुलासा किया कि फलस्तीन-इस्राइल की शांति वार्ता किस तरह जादुई चिंतन, प्रदर्शनकारी कला, वास्तविकता के नकार, राजनीतिक धन उगाही और सुस्पष्ट राजनीतिक धोखाधड़ी का दयनीय अनुष्ठान बनकर रह गई है। ऐसी कोशिशों में और सब कुछ तो है, लेकिन साहसी, ईमानदार, रचनात्मक कूटनीति और नेतृत्व नहीं है, जो इस समस्या के समाधान के लिए जरूरी हैं।

अमेरिका में आधिकारिक स्तर पर ज्रेड कुशनर ने तीन साल तक एक फलस्तीन-इस्राइल शांति योजना पर काम किया, जिसके बारे में वह किसी को नहीं बताना चाहेंगे। इस संदर्भ में उनकी एकमात्र उपलब्धि बहरीन में एक इस्राइली-फलस्तीनी आर्थिक सम्मेलन का आयोजन था, जिसमें इन दोनों देशों से एक भी अधिकारी शामिल नहीं हुआ! कुशनर का मानना है कि इस्राइल और खाड़ी के अरब अगर फलस्तीनियों की क्षेत्रीय स्वायत्तता की आकांक्षाओं के अनुरूप कदम उठाने के लिए फंडिग करें, तो समस्या का समाधान हो सकता है। कुशनर को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने पश्चिमी तट पर निवेश आमंत्रित करने की दिशा में कुछ मौलिक चिंतन किया, लेकिन उनकी चमत्कारी सोच का महत्व तब खत्म हो गया, जब उन्होंने अपनी योजना के तमाम कूटनीतिक पहलुओं को इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को उनकी राजनीतिक इच्छाओं और जरूरतों के अनुरूप इस्तेमाल करने दिया। कुशनर की यह योजना अब तक सार्वजनिक नहीं हो पाई, तो इसलिए कि वह नेतन्याहू के चुनावी हितों के अनुरूप नहीं है। हालांकि कुशनर की योजना में भी फलस्तीनियों को पश्चिमी तट और येरूशलम के अरब जिलों में नाममात्र की ही स्वायत्तता देने की बात है, लेकिन इस समय नेतन्याहू फलस्तीनियों को नई ताकत देने का खतरा मोल नहीं ले सकते। आगामी 17 दिसंबर का चुनाव जीतने के लिए नेतन्याहू को दक्षिणपंथियों के वोट चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह रहे हैं कि वह इस्राइल के चुनाव के बाद कुशनर की योजना को सार्वजनिक कर देंगे। लेकिन मैं एक क्षण के लिए भी उनकी इस बात पर यकीन नहीं कर सकता। इस विवाद में कूदने और नेतन्याहू की नीतियों का समर्थन करने के पीछे ट्रंप का मकसद चर्चित कारोबारी शेल्डन एडल्सन से राजनीतिक चंदा लेना और फ्लोरिडा में यहूदियों के वोट लेना है। हकीकत यह है कि अगर नेतन्याहू नहीं चाहते कि कुशनर की योजना सार्वजनिक हो, तो ट्रंप भी उसे जारी नहीं कर सकते। कुशनर का दुर्भाग्य यह है कि उनकी योजना का समर्थन करने के लिए कोई फलस्तीनी

नहीं है। वैसे ही, जैसे डेमोक्रेटिक पार्टी की मुख्यधारा के नेताओं की द्विराष्ट्र नीति के समर्थन में कोई इस्राइली नहीं है। डेमोक्रेट्स को लगता रहा कि नेतन्याहू द्विराष्ट्र नीति की ओर चल रहे हैं। जबकि नेतन्याहू खुलेआम, धीरे-धीरे इस्राइल द्वारा पश्चिमी तट को अपने नक्शे में शामिल करने की दिशा में चल रहे हैं। यहां तक कि इस्राइल और अमेरिका में उनके सहयगियों ने कुछ डेमोक्रेट और रिपब्लिकन सांसदों के उस उदार प्रस्ताव को ध्वस्त कर दिया, जिसमें कहा गया था कि दो राष्ट्रों के जरिये समाधान की नीति अब भी प्रासंगिक है।

लेकिन इस प्रक्रिया में मैं डेमोक्रेट्स यानी मध्य वाम की आलोचना नहीं करूंगा, क्योंकि इस्राइली मध्य वाम के पास भी दो राष्ट्रों की उदार योजना नहीं है। इस्राइल की मध्य वाम पार्टी ब्लू ऐंड व्हाइट इस्राइलियों और फलस्तीनियों के लिए दो अलग-अलग देशों के बारे में सोच भी नहीं रही। उसे डर है कि उदार आवाज उठाने पर उसके मतदाता दक्षिणपंथी पार्टी को वोट देंगे। वास्तविकताओं की ओर से आंख मूंद लेने का सबसे बड़ा उदाहरण तो यही है कि इस्राइल के चुनाव में इस सबसे प्रासंगिक मुद्दे पर कोई बहस ही नहीं हो रही कि पश्चिमी तट पर रह रहे 25 लाख फलस्तीनियों का क्या होगा।

लेकिन अमेरिकी और इस्राइली मध्य वाम नेताओं की आलोचना करने से ही क्या होगा? फलस्तीनियों ने भी दो राष्ट्र से संबंधित कोई विस्तृत योजना वार्ता की मेज पर नहीं रखी। दो हिस्सों में बंटे फलस्तीन के पास इस्राइल से विवाद खत्म करने के मामले में कोई एकमत योजना नहीं है। गाजा में जहां इस्लामी हमास के नेतृत्व वाली सरकार है, वहीं पश्चिमी तट पर अपेक्षाकृत धर्मनिरपेक्ष फलस्तीनी प्राधिकरण की सत्ता है।

इस विवाद का समाधान मैं आनेवाले दिनों में एक ऐसे इस्राइली नेता के उभार के जरिये देखता हूं, जो पश्चिमी तट से वापसी का साहसी लेकिन समन्वित फैसला लेगा, जैसा कि एरियल शैरॉन ने 2005 में गाजा पट्टी से वापसी का लिया था, हालांकि वह पूरी तरह एकतरफा फैसला था। ऐसी साहसी पहल के तहत इस्राइली सेना पश्चिमी तट पर सुरक्षा के मामले में अपना नियंत्रण बनाए रख सकती है, लेकिन फलस्तीनियों पर रोज-रोज के राजनीतिक और आर्थिक अंकुश खत्म करने के अलावा पश्चिमी तट के अंदर यहूदी आबादी हटाने का काम कर सकती है।

इस्राइल और फलस्तीन को केवल शांति की एक योजना नहीं चाहिए। ऐसी किसी योजना के बारे में उन्हें गंभीरता से सोचने की भी जरूरत है। फिलहाल नेतन्याहू ही ऐसे व्यक्ति हैं, जिनमें यह कदम उठाने की क्षमता है। लेकिन फिलहाल उनका पूरा ध्यान खुद को आर्थिक घोटालों से बचाने पर है। क्या पूर्व इस्राइली सेनाध्यक्ष और ब्लू ऐंड व्हाइट पार्टी के नेता बेन्नी गैन्ज ऐसा कर सकते हैं? नेतन्याहू को चुनाव में हरा सकने वाले इस व्यक्ति में वह क्षमता है।



आर. राजगोपालन
वरिष्ठ पत्रकार

राजधानी के रणनीतिकार

सुषमा स्वराज के अचानक चले जाने के बाद अरुण जेटली का निधन गहरे धक्के से कम नहीं है। पिछले पांच वर्षों से उनका स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं था। एक भद्र जन, जो अपनी बात पूरी स्पष्टता के साथ कहता था। वह अच्छे नियोजक थे और राजधानी के मीडिया के साथ उनका ताल्लुक बहुत सहज था। हाजिरजवाबी और वन लाइनर के साथ उनके चेहरे पर हमेशा छाई रहने वाली मुस्कराहट, भूली नहीं जा सकेगी।

जेटली 2012 से ही नरेंद्र मोदी को 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने की पैरवी कर रहे थे और इसकी रणनीति में भी शामिल थे। वास्तव में जब गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री मोदी ने मई, 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री का पद संभाला तब जेटली ने शुरुआती दो महीने तक नई दिल्ली की नौकरशाही को समझने में उनकी मदद की। वह लहरों के विपरीत तैरना जानते थे। 2013 में जब भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में लालकृष्ण आडवाणी के नाम पर विचार हो रहा था और जब मोदी ने बातचीत के लिए नई दिल्ली आने से इनकार कर दिया था, तब यह अरुण जेटली ही थे, जो उन्हें गांधीनगर से नई दिल्ली लेकर आए थे।

वह एक अच्छे रणनीतिकार थे। जेटली क्रिकेट प्रेमी ही नहीं थे, बल्कि दिल्ली क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष भी रहे और बाद में बीसीसीआई में भी उनकी दखल रही। दिल्ली के सफल वकील के रूप में जेटली के पास कई कारें थीं और उन सबका एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर है, लेकिन ऐसा कोई अपनी समृद्धि और रसूख दिखाने के लिए नहीं था, बल्कि यह बताता है कि वह कितने पारदर्शी थे। राजनीति से लेकर कॉरपोरेट, लीगल प्रोफेशन, राजनय और मीडिया में उनके दोस्तों का बड़ा दायरा था। लगभग सभी पार्टियों में उनके मित्र थे, जिनमें नीतीश कुमार, लालू प्रसाद यादव और शरद पवार शामिल हैं।

जब गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री मोदी ने मई, 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री का पद संभाला तब जेटली ने शुरुआती दो महीने तक नई दिल्ली की नौकरशाही को समझने में उनकी मदद की।

अरुण जेटली उन शुरुआती राजनेताओं में से थे, जिन्हें दिल्ली के बदलते राजनीतिक परिदृश्य का एहसास हो गया था। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी के जमाने से कांग्रेस पार्टी के पतन और भाजपा के उभार को भांप लिया था। वह अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहते हुए शासन की बारीकियों को सीख चुके थे। लेकिन वास्तव में 2009 से 14 के दौरान विपक्ष का नेता रहते हुए उन्होंने अपनी मुकम्मल पहचान बनाई। कहना न होगा कि मोदी और अमित शाह का लुटियन दिल्ली से परिचय करवाने वाले जेटली ही थे। उन्होंने समझ लिया था कि आडवाणी-वाजपेयी का युग समापन की ओर है और देश एक बड़े बदलाव का इंतजार कर रहा है। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार के मामलों में उलझती जा रही थी और कुप्रबंधन के कारण उसकी जमीन खिसकती जा रही थी। मनमोहन सरकार नीतिगत पंगुता का शिकार हो गई। ठीक उसी दौर में उन्होंने आडवाणी का साथ छोड़कर गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी का भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन किया। उन्होंने सफलता पूर्वक वेंकैया नायडु, सुषमा स्वराज, गोपीनाथ मुंडे और अनंत कुमार को भी इसके लिए राजी किया, जबकि ये सब भी आडवाणी के कट्टर समर्थक थे। उन्होंने अपने हुनर का इस्तेमाल कर मोदी के खिलाफ दर्ज मामलों को निष्प्रभावी किया। उन्होंने सफलतापूर्वक यह आख्यान तैयार किया कि किस तरह से कांग्रेस पार्टी ने मोदी की छवि को खराब करने के लिए उनके खिलाफ राजनीति से प्रेरित झूठे मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने संसद में अपने ब्लॉगों में और प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये अपने इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया। जेटली ने अमित शाह के खिलाफ दर्ज मामलों में भी ऐसी पहल की।

मई, 2014 के बाद की कहानी सबको पता है। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने उन्हें वित्त मंत्री बनाया था और रक्षा तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जैसी अहम जिम्मेदारी भी दी थी।

जेटली ने निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, मीनाक्षी लेखी और किरण खेर जैसी दूसरी पीढ़ी की नेताओं को आगे बढ़ाया। बाद में इनमें से कई मोदी सरकार में आज मंत्री हैं। वह दोपहर बाद अक्सर अपने बंगाली मार्केट कार्यालय में पत्रकारों से 'टिक्की पार्टी' में मुलाकात करते थे। उन्हें आलू टिक्की, गरम समोसा और चाय बहुत पसंद थी। पत्रकारों को उनके साथ गपशप का मौका तो मिलता ही था और कुछ अच्छे इनपुट भी।

जेटली बखूबी जानते थे कि मित्रों और लोगों को दिल कैसे जीता जाता है। उन्हें अपनी ताकत और कमजोरियों का एहसास था।

नेताजी को इसलिए भी याद रखें

यदि 1947 में बोस जीवित होते और नेहरू की जगह प्रधानमंत्री होते, तो वह भी अपने भाषण की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रशंसा से ही करते। वह भी जोर देकर कहते कि यह कहना गलत होगा कि इस देश में किसी खास धर्म या पंथ का शासन होगा।

रामचंद्र गुहा
जाने-माने इतिहासकार

सेंट्रल बंगलुरू के चर्च स्ट्रीट में पांच शानदार सेकंड हैंड बुकस्टोर्स हैं। इनमें से एक से मैंने हाल ही में एक ऐसी किताब ली, जिसके बारे में मैंने सुना नहीं था और जो कि एक ऐतिहासिक हस्ती के बारे में है, जिन्हें समझने में यह बड़ा योगदान करेगी। *नेताजी सुभाष चंद्र बोस : ए मलयेशियन पर्सपेक्टिव* नामक यह किताब 1992 में क्वालालंपुर स्थित नेताजी सेंटर ने प्रकाशित की थी। इस किताब का ध्येय 'मलय और सिंगापुर में रहने वाले उन हजारों भारतीयों की भूमिका को सामने लाना है, जिन्होंने नेताजी को भारत को आजाद कराने के उनके लक्ष्य को हासिल करने के लिए व्यापक समर्थन दिया था।'

मैं यह किताब खरीद कर घर ले आया और इसे पढ़ने के बाद मैंने पाया कि इसकी विषयवस्तु काफी प्रभावित करने वाली है। इसके पन्ने विभिन्न आस्थाओं की एकजुटता की भावना से भरे हुए हैं। इसमें सहयोग करने वाले सारे लोग आईएनए के पूर्व सैनिक हैं, जिनमें मुस्लिम, हिंदू, सिख और ईसाई शामिल हैं, यह विविधता इस तथ्य को रेखांकित करती है कि बोस की सेना सही मायने में भारतीय बनी रहना चाहती थी। इसमें शामिल एक लेख में कहा गया है, 'आईएनए में बिताए वर्षों में जीवन का एक शानदार पहलू भारतीय समुदाय के विभिन्न समूहों की एकता की भावना से जुड़ा था। मुक्ति के उत्साह ने भाषा, धर्म और जाति की सारी बाधाओं को पार कर लिया था, जैसा कि पहले कभी नहीं हुआ।'

इस अज्ञात किताब की दूसरी विषयवस्तु नेताजी के लिए लैंगिक समानता के महत्व पर केंद्रित है। जैसा कि कर्नल प्रेम सहगल ने लिखा, बोस ने जापानियों और कुछ संकीर्ण भारतीयों की इच्छा के विरुद्ध रानी ऑफ झांसी रेजिमेंट नामक एक महिला कोर के गठन का फैसला किया। इस रेजिमेंट का नेतृत्व सहगल की भावी पत्नी जानी-मानी डॉक्टर फौजी कैप्टन लक्ष्मी ने किया।

इसकी तीसरी विषयवस्तु महात्मा गांधी के प्रति आईएनए के अनेक सैनिकों द्वारा व्यक्त गहरे सम्मान के रूप में है। एक पूर्व सैनिक ने लिखा, 'भारत में बचपन के अपने शुरुआती वर्षों में मैंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश के हरेक कोने तक राष्ट्रवाद की भावना का प्रवाह देखा था।' तो एक अन्य ने लिखा, 'मैंने महात्मा गांधी के अलावा किसी और अन्य भारतीय की भारतीय जनमानस में ऐसी सम्मोहक पकड़ नहीं देखी, जैसी कि नेताजी की मलय में थी।' एक लेखक का तो नाम ही एम नाथन गांधी है।

हिंदुत्व के विचारकों ने सुभाष बोस और जवाहरलाल नेहरू के बीच मरणोपरांत प्रतिद्वंद्विता दिखाने का प्रयास किया है। रुद्रांशु मुखर्जी ने इन दोनों पर केंद्रित अपनी किताब में दिखाया है कि हिंसा के सवाल तथा, अंग्रेजों और जापानियों में अधिक बुरा कौन जैसे मुद्दे पर असहमतियों के बावजूद नेहरू और बोस अंतर धार्मिक सद्भाव, लैंगिक समानता तथा महात्मा गांधी के प्रति आसक्ति जैसे केंद्रीय विषयों पर एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे। उल्लेखनीय है कि नेताजी ने आईएनए की ब्रिगेडों के नाम गांधी, मौलाना आजाद और खुद नेहरू के नाम पर रखे थे। विचारकों ने यह झूठ प्रचारित किया है कि नेहरू और उनकी कांग्रेस सरकार ने बोस के सम्मान या उनकी स्मृति को संजोने के लिए कुछ नहीं किया। वास्तव में नेशनल आर्काइव के सार्वजनिक किए गए रिकॉर्ड दिखाते हैं कि बोस के निधन के बाद नेहरू सरकार ने वर्षों तक उनकी पत्नी को वित्तीय मदद प्रदान की। इस किताब में, जो मुझे बंगलुरू में मिली, नेताजी की बेटी की भारत यात्रा के संबंध में एक सुंदर निबंध है, जिसकी शुरुआत कुछ इस तरह से होती है, 'फरवरी, 1961 में एक 18 वर्षीय इंडो-जर्मन (भारतवंशी जर्मन) का भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अति विशिष्ट व्यक्ति जैसा सत्कार किया, जबकि यह लड़की अपनी निजी यात्रा पर आई थी। भारतीय राज्यों की यात्रा के दौरान वह संबंधित राज्यपालों की मेहमान थीं। उसके सम्मान में कई समारोह हुए... यह थीं, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और एमिलि शेंकल की बेटी अनिता बोस।'

एक और तथ्य जो हिंदुत्ववादियों को परेशान करेगा, वह है बोस की भाषायी प्राथमिकताओं से संबंधित चिंता। बांग्ला, बेशक उनकी प्रथम भाषा थी, लेकिन जैसा कि किन्हीं के आर दास ने यहां लिखा है, 'मैंने गौर किया कि नेताजी अंग्रेजी से बेहतर उर्दू बोलते थे। वह साधारण वाक्य बोलते थे, जिनका गठन खूबसूरत होता था और वह इतनी कुशलता से अपनी बात कहते थे कि उर्दू जानने वाले लोग चमत्कृत हो जाते थे।'

यह किताब इस बात का खुलासा भी करती है कि आईएनए को बड़ी वित्तीय मदद देने वाले मुस्लिम कारोबारी थे। उनमें से एक ईरानी कालीनों के समृद्ध कारोबारी आमिर मोहम्मद खान थे। उनके भीतर राष्ट्रवाद इतने गहरे तक समाया था कि उन्होंने न केवल आईएनए के खजाने को भारी धन दिया, बल्कि अपने बड़े बेटे वजीर खान को भारत-बर्मा युद्ध मैदान में लड़ने के लिए भी भेजा था।

सुभाष बोस का 1945 में निधन हो गया। इसके दो वर्ष बाद भारत आजाद हो गया। जवाहरलाल नेहरू ने प्रधानमंत्री के रूप में लाल किले से जब अपना पहला भाषण दिया, तो उन्होंने इसकी शुरुआत उनके साझा गुरु की प्रशंसा से की थी : 'देश ने महात्मा गांधी के शानदार नेतृत्व और मार्गदर्शन में स्वतंत्रता हासिल की है। लड़ाई की हमारी तकनीक दूसरे देशों से अलग थी। कई बार हम लड़खड़ाए और गिरे लेकिन अंत में हम अपने लक्ष्य तक पहुंच गए। यदि इसका श्रेय किसी एक व्यक्ति को दिया जा सकता है तो वह हैं गांधी जी। '

नेहरू ने आगे कहाः ' आज के दिन हमें उन लोगों को याद करना चाहिए, जिन्होंने स्वतंत्रता के लक्ष्य के लिए त्याग किया और बलिदान दिया। मेरे लिए सबका नाम लेना जरूरी नहीं है, लेकिन मैं सुभाष चंद्र बोस का जिक्र किए बिना नहीं रह सकता जिन्होंने देश से बाहर जाकर विदेश में इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापना की और देश की आजादी के लिए बहादुरी से लड़े। उन्होंने दूसरे देशों में यह झंडा फहराया और आज जब लाल किले में इसे फहराया जा रहा है, वह अपने स्वप्न को हकीकत में बदलता देखने के लिए मौजूद नहीं हैं। यह दिन उनकी वापसी का दिन होना चाहिए था, लेकिन दुख है कि वह इस दुनिया में नहीं हैं।'

जल्द ही शहीद होने वाले गांधी और पहले से दुनिया छोड़ चुके बोस की प्रशंसा करने के बाद नए प्रधानमंत्री ने कहा, 'सरकार की पहली जिम्मेदारी देश में शांति और स्थिरता कायम करना और सांप्रदायिक तनाव को कठोरता से कुचलने की होगी, जब कानून का पालन करने वाले नागरिकों को कष्टमय जीवन जीना पड़े तो कोई भी सरकार किस काम की; जबकि अराजकता से निपटने में कोई भेदभाव नहीं हो सकता। यह कहना गलत है कि इस देश में किसी एक खास धर्म या पंथ का शासन होगा। वे सारे लोग जो इस झंडे के प्रति निष्ठा रखते हैं, उन्हें नागरिकता का समान अधिकार मिलेगा फिर वह किसी भी जाति या धर्म के हों।'

यदि 1947 में बोस जीवित होते और नियति के मोड़ पर नेहरू की जगह वह प्रधानमंत्री होते तो वह खुद भी अपने भाषण की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रशंसा से ही करते। वह भी जोर देकर कहते कि यह कहना गलत है कि इस देश में किसी एक खास धर्म या पंथ का शासन होगा। नेताजी ऐसे थे, हिंदुत्व चाहेगा कि हम उन्हें भूल जाएं।

विचारों की स्वतंत्रता तो जरूरी है

वस्तुतः औपनिवेशिक विरासत और वैश्विकता के बीच 'विचारों में स्वराज' खोता गया। जबकि वैचारिक व्यापकता और उदार दृष्टि की कसौटी पर भारतीय विचार किसी से कमतर नहीं दिखते।

गिरीश्वर मिश्र
जाने-माने शिक्षाविद

यह सिर्फ संयोग नहीं है कि 1929 में लाहौर में जब कांग्रेस द्वारा 'पूर्ण स्वराज्य' का प्रस्ताव पारित किया जा रहा था, उसी समय कोलकाता के हुगली कॉलेज में प्रसिद्ध दार्शनिक प्रोफेसर कृष्ण चंद्र भट्टाचार्य भारत में 'विचारों में स्वराज' लाने की जरूरत का प्रतिपादन कर रहे थे। वह अंग्रेजों द्वारा स्थापित शिक्षा के अंतर्गत तेजी से पनप रही भारत की सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति के लिए आवाहन कर रहे थे। उनके अनुसार विचारों और भावों की दुनिया में एक नई और कदाचित असंगत सोच भारतीयों पर लादी जा रही थी। उन्हें लग रहा था कि राजनीतिक स्वतंत्रता तो स्पष्ट दिखाई पड़ती है, पर जिस तरह भिन्न विदेशी विचारों का प्रभुत्व विचारों के स्तर पर हावी होता है, वह छिपा होता है, पर अचेतन में पहुंच कर गहरे असर करता है। नियति की विडंबना यह कि भारत के तत्कालीन भद्रलोक ने शायद स्वयं के पिछड़े होने की चिंता में इस आयातित सोच को चाहा और अच्छा भी माना। भट्टाचार्य का मानना था कि आधुनिक शिक्षा के अंतर्गत अपने विगत प्राचीन इतिहास, वर्तमान के यथार्थ और भविष्य के लक्ष्य के लिए कोई सृजनात्मक दृष्टि नहीं मिलती। परिणामतः भारत से या भारत के बारे में हमारा अज्ञान बढ़ता गया और विदेश के साथ परिचय की वृद्धि हुई। भारत इतना अनचीन्हा होता गया, कि उसकी प्रामाणिक जानकारी के लिए हम पश्चिम की ओर रुख करने लगे। ज्ञान चाहे जहां का हो, ज्ञान है, पर उसके साथ जुड़ा श्रेष्ठता का आग्रह था, और अपनी पहचान की अनदेखी कर दी गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा था कि विचारों की हवा आए-जाए, खिड़की तो खुले, पर खड़े रहने की जमीन अपनी ही रहे।

राजनीतिक स्वतंत्रता मिलने पर भी वैचारिक स्वतंत्रता की दृष्टि से हम पीछे हैं। 15 अगस्त, 1947 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषण में 'देश की आत्मा की मुक्ति' की घोषणा की थी। वह कह रहे थे कि अब भारत स्वयं को खोज पा रहा है। वह देश से निर्धनता, अज्ञानता और अवसर की असमानता को मिटाना चाहते थे। बीते समय में हमने बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर हमें गर्व है। हमारा दम-खम बढ़ा है और ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी प्रगति की दृष्टि से हम कई कदम आगे चले हैं। इस बीच परिस्थितियां भी बदली हैं और लोकतंत्र सुरक्षित है। तथापि सृजनात्मकता और वैचारिक सांस्कृतिक दृष्टि से हम कुछ संकुचित से हुए हैं और अपने नैसर्गिक परंपरागत स्वभाव के साथ अपने रिश्ते को लेकर एक हद तक अस्पष्ट भी हैं। राष्ट्र, देश, संस्कार और संस्कृति जैसे शब्दों में पिछड़ेपन की बू आती लगती है और बहुतेरे शिक्षित इनसे परहेज करना चाहते हैं। वैचारिक व्यापकता और उदार दृष्टि की कसौटी पर भारतीय विचार किसी

से कमतर नहीं दिखते। यहां की सोच में अंतरानुशासनिकता बहुत समय से थी, क्योंकि समग्र और सकल को ध्यान में रखना यहां की विश्व दृष्टि का हिस्सा था। शास्त्र, लोक और प्रयोग परस्पर जुड़े थे। हमने उससे अपने को काट लिया। भट्टाचार्य विदेशी प्रभाव में भारतीय शिक्षा को 'जड़हीन' होता देख रहे थे। उनका कहना था कि यहां के देशज ज्ञान और देश काल के अनुरूप समझ का विकास अधिक जरूरी है। हम जाति प्रथा का खंडन करते हैं, परंतु यह भुला देते हैं कि पश्चिमी शिक्षा पाए लोगों ने नई जाति बनाई है, जो किसी परंपरागत जाति से अधिक असहिष्णु है और जो विचारों का बहिष्कार करती चलती है। इस जाति की बाधा को तोड़कर भारतीयों को संस्कृति के निकट लाकर एक ऐसी संस्कृति के विकास की जरूरत है, जो देशज प्रतिभा और काल के उपयुक्त हो।

वस्तुतः औपनिवेशिक विरासत और वैश्विकता के बीच 'विचारों में स्वराज' खोता गया। संस्कृति मूलतः हमारी रचनात्मकता क्षमता की उपलब्धि होती है और उसकी विकास यात्रा को रेखांकित करती है। सांस्कृतिक उपलब्धि संचित होती रहती है, बदलती भी है और पीढ़ी दर पीढ़ी आगे हस्तांतरित होती चलती है। ज्ञान, कौशल, विचार, हुनर, और सभी प्रकार की कलाओं आदि सभी का विस्तार इसी तरह होता है। संस्कृति गतिशील प्रक्रिया है और इसमें सबकी भागीदारी और साझेदारी होती है। इस काम में भाषा और संवाद प्रमुख आधार होते हैं। संप्रेषण और संचार के साथ ही संस्कृति की धारा प्रवाहित होती है। भाषा में निहित विचारों के सहारे हम दुनिया को देखते हैं।

भारत की परंपरागत ज्ञान परंपरा में भौतिक और आध्यात्मिक, दोनों ही क्षेत्रों में व्यापक और विविध प्रकार के ज्ञान की साधना शामिल है। भारतीय संस्कृति इस अर्थ में भी व्यापक है कि उसमें हर कोने से विचारों को अपनाने और स्वागत करने पर बल है : आनो भद्राः क्रतवो यंतु विश्वत। ऐसे ही कहा गया कि सत्य तो एक है, पर विद्वान लोग उसे कई दृष्टियों से देखते हैं : *एकं सत विप्राः बहुधा वदन्ति।* यह भी सोचा गया कि व्यक्ति और समष्टि, पिंड और ब्रह्मांड, दोनों में निकटता और समानांतर प्रवाह है : *यत्पिंडे तद ब्रह्मांडे*। वेद के प्रसिद्ध शांति पाठ में जल, पृथ्वी, वनस्पति आदि सब पर ध्यान दिया गया। सब की शांति चाहिए। सभी को एक दूसरे के साथ सुशोभित होना चाहिए। ऐसे ही साथ चलने और विचारों को साझा करने पर भी बल दिया गया और *वसुधैव कुटुम्बकम्* कहकर सारी धरती को और सब लोगों को साथ लेकर उदारता की परिकल्पना की गई। इस सबके पीछे दूसरों के हित की बात थी। भारतीय संस्कृति उदारता और बंधुत्व पर बल देती है। इस विरासत के आलोक में हम अपने को समृद्ध पाते हैं और इससे जुड़कर स्वतंत्र और स्वायत्त सोच यानी विचारों में स्वराज की दिशा भी देख पाते हैं।

abhiyan@amarujala.com

आखिर क्यों हम कमियों को देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। बढ़ती आबादी के दबाव में छोटी होती सड़कों का मसला हो, या अपराध का शिकार होता बचपन, या फिर मनोरंजन के नाम पर फूहड़ता, हम हर मामले में उदासीन बने रहते हैं।

देखकर भी अनदेखी क्यों?

चिट्ठी-1

जल मार्ग और पर्यटन पर दारोमदार

भौगोलिक परिस्थितियों के लिहाज से हिमाचल प्रदेश की जनता का जीवनयापन कठिन है। प्रदेश की जनसंख्या 70 लाख के करीब है और वाहनों की संख्या 16 लाख का आंकड़ा पार कर चुकी है। हर वर्ष करीब 80 हजार नए वाहन रजिस्टर हो रहे हैं। अधिकतर सड़कों की हालत बदतर है। सड़कों पर बढ़ता ट्रैफिक जाम तथा अनियंत्रित परिवहन व्यवस्था के कारण दुर्घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। स्कूल के बच्चे, पर्यटक तथा आम आदमी हर दिन सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि एक अगस्त 2015 से 16 अगस्त 2019 के बीच 12,475 सड़क दुर्घटनाओं में 95.06 फीसदी मानवीय चूक के कारण, 51.45 फीसदी तेज रफ्तार के कारण, 4.50 फीसदी दुर्घटनाएं सड़क व वाहनों की खराबी के कारण हुई हैं। 2019 में जनवरी से लेकर अभी तक 1753 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें 658 लोगों की मृत्यु हुई है। छोटे से प्रदेश में इतने लोगों की मृत्यु सड़क हादसों के कारण होना चिंतनीय विषय है। सड़क दुर्घटनाओं तथा बढ़ते ट्रैफिक जाम के कारण हिमाचल से पर्यटक भी मुंह मोड़ रहे हैं। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन वर्षों के दौरान अप्रैल से लेकर जून 2018 तक हिमाचल में आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है। ऐसे में पर्यटन के अन्य मार्गों पर विचार करना जरूरी हो गया है। जल मार्ग को दुरुस्त करना प्रदेश के लिए अनिवार्य हो गया है। 25 मार्च 2016 को केंद्र द्वारा प्रदेश के लिए चार राष्ट्रीय जल मार्ग अधिसूचित किए गए थे। इसके लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को अनुदान को एक प्रस्ताव भी भेजा गया है। भाखड़ा, कोल और चमेरा बांधों में भी जल मार्ग बनाने की प्रक्रिया जारी है। जल मार्ग से प्रदेश की जनता को सड़कों से वाहनों के बोझ से निजात मिलेगी, वहीं पर्यावरण प्रदूषण पर भी लगाम लगेगा और नवीन पर्यटन स्थल तथा रोजगार के साधन सृजित होंगे। जल मार्गों के अलावा हवाई मार्गों पर भी प्रदेश में उन्नति होनी चाहिए। मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा 11 नए हेलीपैड तथा 6 हेलीपोर्ट के निर्माण का ऐलान किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 64 हेलीपैड हैं। दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा जनकल्याणकारी योजनाओं की समय पर पहुंच के लिए हवाई मार्गों का विकास समय की मांग है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब 52 हजार करोड़ की ऋणी है। ऐसे में औद्योगिक निवेश तथा पर्यटन क्षेत्र ही प्रदेश को बचा सकते हैं। सरकार को पर्यटन क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि पर्यटन से युवाओं को जोड़कर रोजगार दिया जा सके और सूबे की माली आर्थिक हालत को सुधारा जा सके।

कर्म सिंह ठाकुर, मंडी



चिट्ठी-2

मजबूरी की जंजीरों से मुक्ति की दरकार

कहते हैं, बच्चे पौधों के समान होते हैं, जिनका पालन-पोषण परिवार रूपी गमलों में होता है। जाहिर है, उनके तन, मन और बुद्धि का पूरी तरह विकास हो सके, इसलिए परिवार से लेकर समाज तथा सरकार सबको सामूहिक रूप से कोशिश करनी चाहिए। लेकिन देश के 25 करोड़ परिवारों में अधिकांश ऐसे परिवार हैं, जिनकी नींव जर्जर है और जो अपनी जमीन खो चुके हैं, जिनका वर्तमान संघर्षमयी परिस्थितियों का सामना करने को मजबूर है और उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। इसके साथ ही कुछ बच्चे कुपोषण की मार को भी झेल रहे हैं, जिसका महत्वपूर्ण कारण है, उनकी आर्थिक परिस्थितियां, जिनसे उनका परिवार लड़ रहा होता है। इसके परिणामस्वरूप वे पौष्टिक भोजन तो दूर, भरपेट खाने को भी तरसते हैं। यही बच्चे जब जवान होंगे, तो भारत की युवाशक्ति में जुड़ जाएंगे, जिस पर देश गर्व करता है, लेकिन जब बचपन में ही नींव को मजबूत नहीं किया गया, तो जवान इमारत कैसी खड़ी होगी। 1986 में बाल श्रम निषेध कानून बनाया गया, जिसमें समय-समय पर संशोधन किए गए, लेकिन आज भी बालमन उपेक्षा का शिकार है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में जितने भी बालश्रम हो रहे हैं, उनमें 12 फीसदी हिस्सा भारत का है। ऐसे में देश के 25 करोड़ परिवारों को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी न सिर्फ सरकार की है, बल्कि समाज की सक्रिय और सहयोगी भागीदारी भी आवश्यक है। इसके लिए देश के हर नागरिक को आगे आना होगा।

मुजस्सिम रहमान, ऊधम सिंह नगर

चिट्ठी - 3

संदेशविहीन फिल्मों का दौर

विगत दिनों देश में 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई, जिसमें "अंधाधुन" को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया। चयन समिति द्वारा उरी, पैडमैन जैसी फिल्मों का चयन तो समझ में आता है, परंतु अंधाधुन को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए चयनित करना समझ से परे है। आखिर इस फिल्म में कौन-सी देशभक्ति की भावना, समाज को संदेश, बच्चों को संस्कार, महापुरुषों का आदर्श या फिर समाज में चेतना लाने वाला संदेश छुपा है? इसी तरह पिछले साल फिल्म 'संजू' रिलीज हुई। नशा, मारधाड़, गाली-गलौज, अश्लील द्विअर्थी शब्दावली तथा बड़ों के अनादर के अलावा उस फिल्म में कुछ भी नहीं था। फिल्म निर्माताओं द्वारा इस तरह की फिल्मों का निर्माण चिंता का विषय है। क्या कारण है कि भारत के वीर योद्धाओं एवं वीरांगनाओं की बायोग्राफी पर आधारित फिल्मों पर तो सेंसर बोर्ड कैंची चला देता है, लेकिन इस तरह की फिल्मों पर न तो सेंसर बोर्ड की कैंची चलती है और न दर्शक इसके खिलाफ कोई आवाज उठाते हैं? इसके लिए फिल्म निर्माताओं को पूरी तरह दोषी नहीं ठहराया जा सकता। दर्शक भी इसमें बराबर के दोषी हैं, क्योंकि शुद्ध व्यापार का रूप लेते फिल्म उद्योग के अंतर्गत निर्माता वही दिखाता है, जो जनता देखना पसंद करती है। पारिवारिक, मनोरंजक, प्रेरणादायी फिल्मों के पीछे छूट चुके दौर का स्थान वर्तमान में अश्लीलता और फूहड़ता ने ले लिया है। राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी फिल्मों को पुरस्कृत करना इस बात का घोतक है कि सेंसर बोर्ड द्वारा ऐसी फिल्मों को मौन स्वीकृति मिली हुई है। चोरी, डकैती, लूटपाट, धोखाधड़ी के नए-नए तरीके फिल्मों में देखकर असामाजिक तत्व प्रशिक्षित ही नहीं हो रहे, बल्कि आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद उनसे कैसे बचा जाए, इसका भी प्रशिक्षण फिल्में बखूबी दे रही हैं। शुद्ध संवाद का स्थान गाली-गलौज और अपशब्दों ने ले लिया है। देशभक्ति की जगह धोखाधड़ी व मारपीट तथा सुरीले संगीत का स्थान होहल्ला ने ले लिया है। फिल्मों के गिरते स्तर से समाज और देश को बचाने के लिए हमें स्वयं जागरूक होना होगा तथा। चयन समिति द्वारा अपने अधिकारों, कर्तव्यों एवं दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए प्रेरणादायी फिल्मों को पुरस्कारों के लिए नामित करना होगा, तभी युवा पीढ़ी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

अनुपमा अग्रवाल, अलीगढ़

इनकी चिट्ठियां भी सराहनीय रहीं कपूरथला से सूरज सिंह, अल्मोड़ा से राकेश पंत, बस्ती से राधा झा, बिलासपुर से स्नेह लता सिंह, उत्तरकाशी से यश जैन, बुलंदशहर से मीना गर्ग, रुद्रप्रयाग से खुशी अग्रवाल, लुधियाना से गुरप्रीत कौर, बागेश्वर से दीपक जोशी, रेवाड़ी से चरण गिल, मानसा से शिखा कालरा, चंदौली से वेद दीक्षित, जींद से गौतम सोलंकी, मोगा से कृपाल संधु, चित्रकूट से माधुरी पटेल, देहरादून से भावना रावत, सुल्तानपुर से फातिमा बेगम, हल्द्वानी से केशव कुमार, आजमगढ़ से राघव सिंह, हमीरपुर से प्राची ठाकुर।

किशन के संकटमोचक

विख्यात तबला वादक पंडित किशन महाराज एक कार्यक्रम के दौरान

घटनाक्रम बीसवीं शताब्दी के पचासवें दशक का है, जब विख्यात तबला वादक पंडित किशन महाराज 'केपी मालिक' के छद्मनाम से बंबई में अपनी कीर्ति पताका फहरा रहे थे। तब उनके पितातुल्य गुरु पंडित कंठे महाराज को किसी ईर्ष्यालु ने पत्र लिखकर यह शिकायत की कि आपका लड़का फिल्मी दुनिया में फंस गया है तथा बंबइया अभिनेत्रियों के साथ उसका दिन-रात का उठना-बैठना है। यह पत्र पाकर कंठे महाराज की चिंता का पारावार न रहा। उन्होंने 'केपी मालिक' को पत्र लिखकर बनारस वापस बुला लिया तथा शादी कर लेने का आग्रह किया। उस समय युवा किशन की उम्र लगभग तेईस-चौबीस वर्ष की हो रही थी। पिता के निर्णय की अवहेलना न करते हुए 27 जून, 1947 को किशन प्रसाद प्रसिद्ध तबला वादक पंडित अनोखे लाल मिश्र की भतीजी संग विवाह सूत्र में बंध गए। जिस कलाकार ने अपना सर्वस्व ताल-संगीत के लिए समर्पित करने का बीड़ा उठाया हो, वह एक विचित्र विवशता और कर्तव्यविमूढ़ता में उलझ गया। एक ओर तो नवविवाहित पति के कर्तव्य और अपने परिवार से लगाव तथा दूसरी ओर अपने जीवनध्येय के प्रति पूर्ण समर्पण के बीच द्वंद्वरत एक कलाकार की आत्मा कराह उठी और अपने विवाह के केवल एक ही पखवाड़े में किशन प्रसाद तबले की जोड़ी लेकर अपनी प्रचंड महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने के लिए अपने परम आराध्यस्थल संकट मोचन मंदिर प्रवास के लिए पहुंच गए। संकट मोचन वह तीर्थ है जहां वानर निर्भीक और उन्मुक्त होकर विचरण करते हैं। ऐसे उछल-कूद भरे और खिलंदड़ी वातावरण में संगीत साधना अत्यंत ही दुरूह कार्य था। कदाचित यही युवा किशन के संयम, एकाग्रता और वाद्य-साधना की परीक्षा थी। मंदिर के प्रांगण में बैठकर जब वह तबले की विभिन्न तालों का अभ्यास करते, तो मंदिर प्रांगण में स्थित विशाल प्राचीन वृक्षों पर बैठे वानर परिवार पल्लवों की ओट से उनको निहारते, मानो उनके तबले के उर्जस्वित बोलों की मन ही मन प्रशंसा कर रहे हों। भूरी गौरैया, काले कौवे तथा हरे तोते सुरक्षित दूरी से उनके तबले की थापों का आनंद लेकर पुनः अपनी नैसर्गिक क्रियाओं में लीन हो जाते। मंदिर में रहने के कारण युवा किशन की दाढ़ी बढ़ गई और बाल भी लंबे हो गए थे। उन्नत गौर ललाट पर त्रिपुंड और उसके बीच हनुमतविग्रह का सिंदूर शोभा देता था। एक दिन यकायक उनको अपने अंतर्मन में एक अद्भुत अनुभूति के प्रादुर्भाव का अनुभव हुआ। वह कई दिनों से तबले पर अनवरत साधना में लीन थे। कभी नींद आती थी, कभी नहीं। उनका हृदय बनारस बाज की ओजस्वी थापों की भांति स्पंदित रहता। परंतु उस क्षण उन्हें एक असीम शांतिपूर्ण निधड़कता का अनुभव हुआ, एक अनासक्त अप्रतिरोध्य शक्ति के उदय का दर्शन। युवा किशन रोमांचित हो गए कि यह एक अभिज्ञ शक्ति है, जो संपूर्ण जगत में निहित है।

-विजय राघव पन्त

खुला आकाश

महान तबला वादक पद्म विभूषण पंडित किशन महाराज अपने विवाह के महज एक ही पखवाड़े में संगीत साधना के लिए तबले की जोड़ी लेकर बनारस के संकट मोचन मंदिर पहुंच गए...

गोल चबूतरा

Hindi@mithelesh



मिथिलेश बारिया

काम पर निकल गया जहन सुबह उठकर
इतवार तो सिर्फ जिस्म का है आज...

तुम्हारे यहां हिंदू-मुसलमान होते हैं
हम फौजी हैं,
हमारे यहां सिर्फ जवान होते हैं...

जगह तो सब मोहरों को बराबर बांटी थी
जानें क्यों आपस में लड़ मरे...?

जिसका निशाना खाली न जाए

सालाना इम्तहान हुआ। भाई साहब फेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया। मेरे और उनके बीच केवल दो साल का अंतर रह गया। जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूं- आपकी वह घोर तपस्या कहां गई? मुझे देखिए, मजे से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूं। लेकिन वह इतने दुखी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा। हां, अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्माभिमान भी बढ़ा। भाई साहब का वह रोब मुझ पर न रहा। आजादी से खेल–कूद में शरीक होने लगा। दिल मजबूत था। अगर उन्होंने फिर मेरी फजीहत की, तो साफ कह दूंगा-आपने अपना खून जलाकर कौन-सा तीर मार लिया। मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया। जवाब से यह हेकड़ी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग-ढंग से साफ जाहिर होता था कि भाई साहब का वह आतंक अब मुझ पर नहीं है। भाई साहब ने इसे भांप लिया- उनकी सहस्त्र बुद्धि बड़ी तीव्र थी और एक दिन जब मैं भोर के सारा समय गुल्ली-डंडे की भेंट करके ठीक भोजन के समय लौटा, तो भाई साइब ने मानो तलवार खींच ली और मुझ पर टूट पड़े- देखता हूं, इस साल पास हो गए और दरजे में अव्वल आ गए, तो तुम्हें दिमाग हो गया है, मगर भाईजान, घमंड तो बड़े-बड़े का नहीं रहा, तुम्हारी क्या हस्ती है, इतिहास में रावण का हाल तो पढ़ा ही होगा। उसके चरित्र से तुमने कौन-सा उपदेश लिया? या यो ही पढ़ गए? महज इम्तहान पास कर लेना कोई चीज नही, असल चीज है बुद्धि का विकास। जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो। रावण भूमंडल का स्वामी था। ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेजों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेजों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते। बिलकुल स्वाधीन हैं। रावण चक्रवर्ती राजा था। संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ, घमंड ने उसका नाम-निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चिल्लू पानी देने वाला भी न बचा। आदमी जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराए नहीं। अभिमान किया और दीन-दुनिया से गया। शैतान का हाल भी पढ़ा ही होगा। उसे यह अनुमान हुआ था कि ईश्वर का उससे बढ़कर सच्चा भक्त कोई है ही नहीं। अंत में यह हुआ कि स्वर्ग से नरक में ढकेल दिया गया। शाहेरूम ने भी एक बार अहंकार किया था। भीख मांग-मांगकर मर गया। तुमने तो अभी केवल एक दरजा पास किया है और अभी से तुम्हारा सिर फिर गया, तब तो तुम आगे बढ़ चुके। यह समझ लो कि तुम अपनी मेहनत से नहीं पास हुए, अंधे के हाथ बटेर लग गई। मगर बटेर केवल एक बार हाथ लग सकती है, बार-बार नहीं। कभी-कभी गुल्ली-डंडे में भी अंधा चोट निशाना पड़ जाता है। उससे कोई सफल खिलाड़ी नहीं हो जाता। सफल खिलाड़ी वह है, जिसका कोई निशाना खाली न जाए।

मेरी अलमारी से



प्रेमचंद

उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने हर रचना में समकालीन समस्याओं और सामाजिक कुरीतियों पर चोट की है, लेकिन उनमें नैतिकता का दामन नहीं छोड़ा। उनकी कहानी 'बड़े भाई साहब' का एक अंश...

एटा से विनीत गौतम

तब जब दिखता था 'हम लोग'

भारतीय मध्यवर्गीय परिवार और उनके दैनिक संघर्षों व आकांक्षाओं की कहानी था 'हम लोग'। भारत में 7 जुलाई, 1984 को पहली बार दूरदर्शन पर प्रसारित यह टीवी धारावाहिक उस समय का सबसे लोकप्रिय और पसंदीदा सीरियल था। उसकी एक अनोखी तस्वीर पाठकों के लिए।

पौड़ी गढ़वाल से साहिल बोहरा

हमारे संस्कार के परिसर

अक्सर लोग कहते हैं, अब लोग, खासकर महानगरों में कला आयोजनों में आते नहीं। कला को कोई देखता नहीं और सुनता नहीं। लेकिन इस अनसुनी के भी तो कारण होंगे। क्या संस्कृतिकर्मियों ने और कलाकारों ने अपनी निर्दोष मौजूदगी को लोगों के सामने रखा है? सनसनीखेज बनाए और बनने जाने के कुचक्र से अलग होकर जब भी कलाकार मंच पर आए हैं, इसका स्वागत हुआ है और इसमें तो कोई शक ही नहीं है कि हमारे समाज में अब भी सृजन के लिए जगह बची हुई है। सृजन के लिए जगह बची हुई है, इस धारणा की पुष्टि कलाकृति फांउडेशन की ओर से नई दिल्ली के मुक्तधारा ऑडिटोरियम में हुए एक दिवसीय कार्यक्रम 'कान्फ्लूएंस' में आकर शिद्दत से हुई और वहां मौजूद लोगों ने इस बात को भी महसूस किया कि ऐसे कार्यक्रम बार-बार होते रहने चाहिए। क्योंकि ऐसे कार्यक्रम ही समाज में कला के लिए जगह बनाते हैं। 'कान्फ्लूएंस' में बंगाल, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा, लखनऊ, पंजाब, दक्षिण भारत की संस्कृति और कला की खुशबू कुछ अलग ही थी। कार्यक्रम की शुरुआत कथक शास्त्रीय नृत्य में प्रस्तुत गुरु वंदना से हुई, जिसके बाद स्वागत गीत और देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति हुई। कोरियोग्राफर अनंत सरकार के नृत्य संयोजन ने लोगों को यह बताने की कोशिश की कि जिंदगी में लय जरूरी है। सुदर्शन साहू ने जो नृत्य संरचना तैयार की थी, वह जिंदगी में ऊर्जा और आस्था के पुल पर खड़ी थी। कुमारी सरोज की आवाज में वक्त की पुकार थी। और भी ढेर सारे प्रतिभाशाली कलाकार मंच पर थे, जो दर्शकों से कलात्मक संवाद करने में सफल रहे। कलाकृति फांउडेशन समाज के हर वर्ग के बच्चों को कला के विविध पक्षों से परिचय कराता रहा है। एक स्कूल है, जहां बच्चे बिना किसी भेदभाव के सीखते हैं।

कलाकृति फांउडेशन के अध्यक्ष और चित्रकार प्रशांत सरकार कहते हैं, "छोटे-छोटे बच्चों को कला की शिक्षा देने के पीछे हम लोगों को यह कभी नहीं लगता कि सीखने वाला हर बच्चा बड़ा कलाकार ही बनेगा, लेकिन यह जरूर लगता है कि वह जरूर एक अच्छा श्रोता या दर्शक होगा। दरअसल, ऐसी शिक्षा से कला के घर बढ़ते हैं। हमारा जोर काम करने पर होता है, दिखाने पर नहीं।" यह बात सच है कि इन दिनों दृश्य संस्कृति में जो बढ़ता आतंक है, वहां अक्सर जोर 'दिखने' पर होता है। जो दृश्य नहीं है, उसे हम स्वीकार नहीं पाते। फांउडेशन से जुड़ी वरिष्ठ चित्रकार कीर्ति सरकार कहती हैं, "हमारी कोशिश यह रहती है कि हमारे कलाकार किसी भी तरह का अतिक्रमण न करें... न तो किसी की निजता का, न ही किसी के एकांत का। किसी भी तरह की सीमा का सम्मान, जो हमारे संस्कार के परिसर से गायब हो रहे हैं, उन्हें वापस लाना चाहते हैं हम।"

-चित्रसेन रजक

बधाई हो बधाई जन्मे कृष्ण कन्हाई

मथुरा। मध्यरात्रि को बारह बजे जैसे ही भगवान का प्राकट्य हुआ हर तरफ बधाई गूंजने लगी। घंटे-घड़ियाल और शंखनाद की ध्वनि आसमान तक पहुंची। श्रीकृष्ण जन्मस्थान में शनिवार की रात को 12 बजे कान्हा के प्राकट्य के साथ ही महाआरती का आयोजन किया गया। राम जन्मभूमि न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के सानिध्य में ठाकुरजी का अभिषेक हुआ।

गलत जानकारी से तलाक पर भी पत्नी गुजारा भत्ता की हकदार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि अगर पति द्वारा दी गई किसी गलत जानकारी या शैतानी की वजह से शादी को निरस्त व शून्य करार दिया जाता है तो भी पत्नी गुजारा भत्ता पाने की हकदार होगी।

जस्टिस आर भानुमति और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने यह निर्णय सुनाते हुए केरल हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। पीठ ने हाईकोर्ट द्वारा पति को पत्नी को गुजारा भत्ता देने के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया। पति ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में पति ने शादी के वक्त नपुंसकता की बात को छिपाया था। कोर्ट ने कहा है कि सीआरपीसी की धारा-125 के तहत 'पत्नी' की जो व्याख्या की गई है, इस मामले में तलाक होने के बाद भी वह पत्नी की श्रेणी में है। लिहाजा वह गुजारा भत्ता पाने की हकदार है।

वहीं पति की दलील थी कि जब शादी को निरस्त या शून्य करार दे दिया गया हो तो यह धारा-125 के दायरे में नहीं आता। लिहाजा उसे गुजारा भत्ता देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता लेकिन कोर्ट ने पति की इस दलील को खारिज कर दिया।

हल्द्वानी में बेटी हुई तो दे दिया तीन तलाक

हल्द्वानी। बनभूलपुरा में लगातार दूसरे दिन तीन तलाक का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि बेटी पैदा होने के बाद ससुराली उसके साथ मारपीट करते थे। पति ने उसे तीन बार तलाक देकर संबंध तोड़ दिए। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ तीन तलाक समेत मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बनभूलपुरा निवासी एक महिला की शादी 27 नवंबर 2018 को मलिक का बगीचा निवासी माजिद अली के साथ हुई थी। महिला हेल्पलाइन में 27 जुलाई को उसका समझौता भी हुआ। 15 अगस्त को ऑपरेशन से उसकी बेटी हुई। आरोप है कि बेटी पैदा होने के बाद उसके ससुराली उसके साथ बुरा बर्ताव करने लगे। 21 अगस्त को उसकी बहन घर आई थी। इस बीच उसका पति बहन पर फब्तियां कसते हुए छेड़छाड़ करने लगा। इस पर बहन ने माजिद को चाटा मारा और हद में रहने की नसीहत दी। इस बात से नाराज माजिद ने उसके पेट में लात मारी। ब्यूरो

पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

एफपीआई के लिए इक्विटी और डेरिवेटिव दोनों से सरचार्ज वापस

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए पूंजीगत लाभ पर बढ़ाया गया सरचार्ज इक्विटी और डेरिवेटिव दोनों क्षेत्रों से वापस लिया गया है। केंद्र ने शुक्रवार को अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए कई घोषणाएं की थीं, जिनमें बजट में विदेशी और घरेलू इक्विटी निवेशकों पर लगाया गया सुपर-रिच टैक्स को वापस लेना भी शामिल था। डेरिवेटिव को पूंजीगत संपत्ति के तौर पर नहीं माना जाता और इसके हस्तांतरण से होने वाली आय को व्यापार आय माना जाता है और घरेलू निवेशकों को टैक्स की सामान्य दर देनी होती है। हालांकि विदेशी निवेशकों के लिए डेरिवेटिव को पूंजीगत संपत्ति माना जाता है और इसके हस्तांतरण से होने वाली आय भी पूंजीगत संपत्ति होती है। एजेंसी

खाली हैं आंगनबाड़ी के हजारों पद पोषण अभियान कैसे चढ़ेगा परवान

नई दिल्ली। देश में 97 हजार 893 आंगनबाड़ी वर्करों की कमी है। इतना ही नहीं 97 हजार 893 आंगनबाड़ी हेल्परों के पद भी रिक्त पड़े हैं। इसके अलावा सुपरवाइजर के 14हजार 188 और सीडीपीओं के दो हजार 131 पद खाली पड़े हैं। ऐसे में 1 सितंबर से शुरू होने वाले पोषण अभियान में केंद्र के पिछले साल के 22 करोड़ के मुकाबले बढ़ाकर 44 करोड़ लोगों तक पहुंचने के लक्ष्य को कैसे हासिल करेंगे। अभियान में देशभर में छह साल से छोटे बच्चे, स्तनपान कराने वाली माताएं और गर्भवती स्त्रियों को कुपोषण, एनीमिया और उनकी व्यक्तिगत साफ-सफाई और संक्रमण आदि से बचाने के लिए देश भर में एक साथ एक दर्जन से ज्यादा मंत्रालय मिलकर अभियान चलाते हैं। जिन्हें लागू कराने में आंगनबाड़ी की अहम भूमिका होती है। क्योंकि सारी योजनाएं इन आंगनबाड़ियों और आशा वर्करों की सहायता से ऐसी महिलाओं तक पहुंचाई जाती है। ब्यूरो

1 सितंबर से शुरू होना है अभियान

रेवाड़ी : विद्यालय में ताला जड़ धरने पर बैठीं छात्राएं

कोसली (रेवाड़ी)। जाटूसाना खंड के गांव सूमा कतोपरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या कम होने का हवाला देकर बीच सत्र में विज्ञान संकाय बंद करने पर छात्राएं भड़क उठीं। छात्राएं सहपाठी छात्रों के साथ ही उनके अभिभावक भी शनिवार सुबह स्कूल पहुंच गए और स्कूल गेट पर ताला लगाकर सभी धरने पर बैठ गए। इस दौरान शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया गया। इससे स्कूल दोपहर एक बजे तक बंद रहा और यहां के करीब ढाई सौ बच्चों की पढ़ाई प्रभावित रही। करीब पांच घंटे बाद स्कूल पहुंचे शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों की संख्या कम होने के कारण प्रदेश सरकार ने विज्ञान संकाय बंद करने का निर्णय लिया है। इस पर दोपहर बाद अभिभावकों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला। उपायुक्त ने विज्ञान संकाय कक्षाएं दोबारा शुरू कराने का आश्वासन दिया। ब्यूरो

बीच सत्र में विज्ञान संकाय बंद करने पर फूटा गुस्सा

मंदी और बेरोजगारी के लिए नोटबंदी जिम्मेदार : शिवसेना

मुंबई। भाजपा की सहयोगी पार्टी शिवसेना ने शनिवार को अपने मुखपत्र 'सामना' में मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर अप्रत्याशित हमला किया। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुक्रवार को नोटबंदी के बाद देश में भ्रष्टाचार बढ़ने की स्वीकारोक्ति को आधार बनाते हुए सामना के संपादकीय में अर्थव्यवस्था की मंदी और बेरोजगारी के लिए पीएम मोदी की सरकार के नोटबंदी के निर्णय को जिम्मेदार ठहराया गया है। राज्य में सितंबर-अक्तूबर में होने वाले संभावित विधानसभा चुनावों से पहले शिवसेना-भाजपा के बीच अभी तक बढ़िया तालमेल देखने को मिला है, ऐसे में 'सामना' के इस तेवर ने लोगों को चकित किया है।

सामना ने संपादकीय में लिखा कि मंदी और बेरोजगारी की जड़ नोटबंदी के निर्णय में है। एजेंसी

अब सुबह 6:10 बजे लखनऊ से चलेगी तेजस, गाजियाबाद में भी रुकेगी

लखनऊ। तेजस एक्सप्रेस अब लखनऊ से 40 मिनट पहले सुबह 6:10 बजे चलेगी। इसके अलावा यह गाजियाबाद में भी रुकेगी। बोर्ड ने इसका सर्कुलर भी जारी कर दिया है।

तेजस एक्सप्रेस को सितंबर से पटरियों पर लाने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसका नया शेड्यूल भी जारी किया गया है। वर्ष 2016 में जब ट्रेन का शेड्यूल जारी किया गया था तो जंक्शन से इसके रवाना होने का समय सुबह 6:50 था। नए शेड्यूल के मुताबिक अब यह ट्रेन 40 मिनट पहले सुबह 6:10 बजे रवाना होगी। वहीं, इसके आनंदविहार पहुंचने का समय दोपहर 1:20 बजे था, जिसे अब 12:25 कर दिया गया है। ब्यूरो

ट्रेन शाम 4:30 बजे चलकर रात 10:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी

सिविल जज सीनियर डिवीजन, त्वरित न्यायालय
गाजियाबाद

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
सिविल जज सीनियर डिवीजन, त्वरित न्यायालय गाजियाबाद
वाद सं0–1188/2017
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विकास पथ, हापुड रोड गाजियाबाद द्वारा
श्री दीनानाथ, अनुसचिव गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद।

.....वादी

बनाम

1. संजय राज सूब्बा पुत्र श्री डी0बी0 सूब्बा, निवासी–डिफेन्स कालोनी, मुरादनगर गाजियाबाद।
2. श्रीमति रेनू गोयल पत्नी श्री अनुराग गोयल, निवासी–एस0सी0–142, शास्त्रीनगर, गाजियाबाद।

.....प्रतिवादीगण

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में विक्रय विलेख निरस्तीकरण हेतु वाद योजित किया है अतएवं आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये बतारीख 11.09.2019 बवक्त 10 बजे दिन में स्वयं या सम्पक अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय सुना जायेगा और आवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित आज बतारीख 14.08.2019 को जारी किया गया है।

आदेशानुसार

मुसरिम/रीडर
न्यायालय त्वरित सिविल जज (सी0डि0)
गाजियाबाद

कार्यालय कलेक्टर,
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
(आदिवासी विकास शाखा)

Office Phone No. 07856-252441 Fax No. 07856-252441
Email ID: actd.dantewada@nic.in

निविदा निरस्त करने की सूचना

क्रमांक/687/आ.वि./स्टोर/2019 दंतेवाडा दिनांक 22/08/2019

एतत् द्वारा राज्यपाल के नाम से आदेशानुसार कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से आश्रम/छात्रावासों में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न सामग्री एल्युमुनियम गंज, कढ़ाई, बल्ब, पंखा, कुर्सी, टेबल एवं आलमारी आदि क्रय हेतु (अनुमानित लागत 219.83 रुपये) मुहरबंद निविदाएं क्र./654/आ.वि./स्टोर/दंते. दिनांक 14.08.2019 के द्वारा आमंत्रित की गई थी। उक्त आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

सहायक आयुक्त, आ.वि.
कृते कलेक्टर
आदिवासी विकास दंतेवाड़ा

G-72725/1

Office of
Superintending Engineer,
6th Circle, HPPWD, Kullu-175101
Ph. 01902-222530,
E-mail:hp-kul@nic.in

CORRIGENDUM

Following amendments are hereby made in respect of the online bid for the work Construction of 40.00 mtr. Span Steel Truss Bridge over Plachan Khad on Bathad to Shill Shrungar road at RD. 0/015. (SH:-C/O Sub Structure, Super Structure and approaches under PMGSY 2018-19 Batch-II Package No.HP-06-85) invited 2nd time vide this office tender Notice No:PW-SEVI/G-V/PMGSY (Tender) Plachan Bridge /2019-3957-4007 dated 07-08-2019 due to non publication in the News Papers.

Sr. No.	Description	As mentioned in e-procurement earlier notice	As per Amendment now
1	2	3	4
1.	Key Dates (e-procurement Notice)		
(a)	Last /Dead line date & time for receipt of Bids through e-procurement	23-08-2019 up to 5:00 PM	09-09-2019 up to 5:00 PM
(b)	Date of Opening of Technical Bid (Part-I)	26-08-2019 at 11:30 AM	11-09-2019 at 11:30 AM

All the prospective bidders are requested to take into consideration the above amendments. The other terms and conditions are unchanged. For further details please log in to www.pmgsytenders.gov.in.

Superintending Engineer
6th Circle HP PWD Kullu,
Telephone No. 01902222530
Email – hp-kul@nic.in
Facsimile No. 01902-222299

Ro. No. 1649/2019-2020

अमर उजाला क्लासीफाइड
आवश्यकताएं • नौकरियां • बिक्री • प्रोपर्टी • किराया • शिक्षा • सर्विसेज • लोन • फाईनेन्स
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें:- 1800-121-1166
बुकिंग टाइम: सुबह 8:00 बजे से सायं 6 बजे तक

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 ascionline.org

आवश्यकता है
सामान्य

Wanted Required part /full time female candidate office Assistant Knowledge in CS, Hindi & English Typing speed. Please Contact: Praveen Infotech, 30, Navyug Market, 1st floor, above kotak Mahindra bank, Ghaziabad #7290029039/ E-mail: praveen.infotech039@gmail.com

Urgent Requirement Male Packers Godown Female Assistant Raj Pharma Distributors 1334 Maina Pur Industrial Area Delhi Meerut Road Ghaziabad Mo.No. 9871700026

हर्बल जूस बनाने वाली कम्पनी में आवश्यकता है लड़के, लड़कियाँ अनपढ- ग्रेजुएट सिटिंग जॉब सैलरी 15000- 32000 रहना+ खाना+ फंड+ बोनस+ मेडिकल सम्पर्क 8826404131, 8826211568

मेडिकल

Urgent requirement of GNM or Bsc Nursing Staff Registered in State Medical Council Lucknow. Contact 9319724497, 8475924497 Holy child Hospital D M ROAD Bulandshahr

पार्ट टाइम

Patanjli आयुर्वेदिक कम्पनी SMS Job जिलास्तरीय 990 लडके/ लडकियाँ/ गृहणियाँ घरबैठे SMS भेजकर कमायें 23000-45000 महीना मोबाईल+ लैपटॉप फ्री Call/ SMS करें #8521053154, 8651586695

Patanjli आयुर्वेदिक कम्पनी SMS Job आवश्यकता 990 लडके/ लडकियाँ/ गृहणियाँ घरबैठे SMS भेजकर कमायें 15000-45000 महीना, मोबाईल+ लैपटॉप फ्री Call/ SMS करें 7367836076, 7493079171

Airtel 4G कम्पनी, SMS जॉब करके घर बैठे लडके- लडकियाँ, गृहणियाँ पार्ट/ फुलटाईम कमायें 18500- 35500/- महीना लेपटॉप+ मोबाईल फ्री SMS करें 07369884134, Whatsapp 08809388850

✓Airtel कंपनी SMS जॉब करके लडके, लडकियाँ गृहणियाँ घरबैठे कमाएं 18,500- 45,500 महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Bio-Data कॉल या sms करे 8084778397, 8084682610

आवश्यकता है फुलटाईम/ पार्टटाईम अनुभवी एकान्टैन्ट (Busy सोफ्टवेयर) सम्पर्क करें अशोका इलेक्ट्रोनिक्स रेलवे रोड बजरिया, गाजियाबाद Mob: 9810679055

टीचर्स/शिक्षक

Teachers Required Maple International School, Bhadra, Rajasthan(5 hrs journey from Delhi by bus) PGTs - Physics,Chemistry, Maths,English,TGT, PRT - SST, English, Science, Maths, Computer, NTT, Music & Sports Teacher, Clerk.Salary-.15000 to 27000 + Fooding lodging + Perks. maplesteachers@gmail.com 9896704670 ,8107825608

आवश्यकता है प्रवक्ता अंग्रेजी, रसायन विज्ञान तथा शारीरिक शिक्षा बी.पी.एड। तुरन्त सम्पर्क करें। प्रेमवती देवी मारवाड़ कन्या इण्टर कॉलेज (वित्तविहिन) पिलखुवा (हापुड़)

एजुकेशन
एकेडमिक

Yoga कोर्स Computer कोर्स, 100+Vocational Courses NTT/ PTT के अध्ययनकेन्द्र खोलने के लिए संपर्क करें। MDETTE/ MDVTI/ APNIE Group (दो मुख्यमंत्रियों द्वारा सम्मानित) Ph. 8273761212, www.mdvti.com

CMS (Allopathy)/ CCH कम फीस में BAMS, BUMS,BHMS, BNYS, DNYS, MBBS, BEMS, MD, LLB DPT BPT GNM, DMLT OT D.फार्मेसी CMO/Council रजिस्ट्रेशन Agent Welcome #07042111699

विन्ध्यवासिनी एकेडमी मोदीनगर (गाजियाबाद) (कॉलेज कोड- 240018)
डी.एल.एड. (बी.टी.सी) 2019
प्रवेश मात्र रूपये 21,000
9358414526
7248811117

पढ़ें, आज की खास खबरें एक अलग नजरिये से amarujala.com

GURU NANAK AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE
Barkandi Road, Muktsar (Pb)
Permanent recognized by CCIM/AYUSH, New Delhi & Affiliated with G.R.A.U. Hoshiarpur (Pb)
ADMISSION SESSION - 2019-20
BAMS
Fees : Rs. 1,20,000/- per yr.
Ph. 06239549311, 084276-34084

बिकाऊ
भूमि/भूखंड

कृषि भूमि स्थित ग्राम ग्वाई नगला सिंगी तहसील टूण्डला जनपद फिरोजाबाद। टूण्डला से बझेडा (फतेहाबाद) मार्ग सिचाई साधन, आवास सहित एक चक 28 एकड़ बिकाऊ है। संपर्क:- 9897374872, 8209938287

मशीनरी

बिकाऊ : ऑयल फायरड थर्मो पैक बॉयलर 2 लाख किलो कैलोरी क्षमता अच्छी स्थिति में सम्पर्क करें : 8588830310, 9971068864

रिहायशी

फ्लैट नं- 609, टावर- नं.-10, कवर्ड एरिया 1090 वर्गफीट, 2 बैडरूम- पंचशील प्राईम रोज, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद में बिकाऊ है। मो.- 9897143914, 9634655984.

For Sale PENT House, 3 bedrooms 3 bathrooms, 3 balconies, servant room with Bathroom, Jacuzzi on roof terrace, store all woodwork done, ready to move in, sector 61, Noida Contact 9997977883, 9412090920

किराए हेतु
गैर रिहायशी

किराये हेतु
बिल्डिंग 3 मंजिला व्यवसायिक कार्नर, मेन दिल्ली रोड मझोला चौक MBD लगभग 8000 SqFit कवर्ड एरिया
सम्पर्क करें : पुनीत रहेजा
8337032626

Praveen 16 Aug 4x3 col

व्यापार
लोन/फाइनेंस

पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं पहले काम फिर दाम
श्री राम फायनेंस
प्रोपट्री लोन, मार्कशीट, आधार कार्ड, राशन कार्ड सभी प्रकार के लोन घर बैठे मात्र 12 घण्टें में पायें
ब्याज 1% छूट 50% (महिलाओं के लिये विशेष छूट)
9450726181
9450625911

(खर्चा लोन से कटेगा) Kuber Finance द्वारा आधारकार्ड मार्कशीट समस्त लोन 12 घंटों में घरबैठे नही तो लोन फ्री 1% ब्याज, 40% छूट #8057830281, 7417914707

श्री राम फाइनेंस कम्पनी
1985 से आपकी सेवा में पाएं
आधारकार्ड पर्सनल बिजनेस प्रोपर्टी
समस्त लोन मात्र 12 घंटों में Online घर बैठे पाएं
2% ब्याज 40% छूट
महिलाओं/सेवानिवृत्त/सरकारी कर्मचारी हेतु विशेष छूट (नो एडवांस फीस Except Cibil)
धोखेबाजों से सावधान
9473510514
7376398419

Tata Capital भारत की No.-1 Finance Co. मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस लोन घर बैठे पाए (0% ब्याज) (45% छूट) Tollfree: 18001237765, Helpline: 9548105112 Email: tcfpuneonline@gmail.com

1995 से आपकी सेवा में
लक्ष्मी फाइनेंस
30 लाख संतुष्ट ग्राहक
1 लाख से 60 लाख तक
24 घंटों में घर बैठे लोन पाए
आधारकार्ड लोन बिजनेस लोन पशुपालन लोन ईंट-भट्टा लोन
सभी प्रकार के लोन पाए 2% ब्याज 50% छूट
सरकारी कर्मचारी व महिलाओं को विशेष छूट
एजेंट आमंत्रित
8544032934
8986553958

Baajaj Finance सभी लोन घर बैठे (नो फाईलचार्ज) (नो गारंटर) (0% ब्याज) (40% छूट) आधारकार्ड पर विशेष छुट Tollfree 18002122157 Support: 9540974014 Email: onlinebfsl@gmail.com

मोबाइल टॉवर

मोबाईल टॉवर
जनता मोबाईल टॉवर द्वारा अपनी खाली जमीन, छत,प्लाट, खेत पर 3G/4G मोबाईल टॉवर लगवाएं
एडवांस 60 लाख
किराया 25,000
नौकरी 25,000 + बाईक
07845806145
08015010771

उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में Jio 3G/4G टावर लगवायें, किराया 80000/-, एडवांस 90,00,000/- एडवांस चैक तीन दिनों में पाये (धोखेबाजों से सावधान) सम्पर्क 8787267286

नो रजिस्ट्रेशन फीस
Releance,Jeo डिजिटल हाईस्पीड (4G/5G) टॉवर अपने छत,खेतों,जमीनों पर लवायें
80 लाख एडवांस
85000 किराया + बाईक + 2 नौकरी
सैलरी 15 हजार
धोखेबाजों से सावधान
07941050764

Skytech टावर (Govt. रजिस्टर्ड कम्पनी) जमीन छत प्लांट पर 4G टावर लगवायें एडवांस 90,00,000/-+ किराया 90,000+ 1 नौकरी+ Bike #8307776260, 7429307820 (धोखा खाये सम्पर्क करें)

ख़बरें पढ़िए मोबाइल पर amarujala.com

MOBILE TOWER
VODA+JEO+BSNLL
सरकारी टॉवर अपनी जमीन, खेत, छत, प्लॉट पर लगवाएं, पाये 90 लाख एडवांस 90,000 किराया 1 नौकरी + बाईक
-सम्पर्क करें-
8882080713
18003137223

ब्रहमशक्ति टॉवर कम्पनी खाली जमीन, छत, खेत का नाम पता देकर, आवेदन प्राप्त कर टॉवर लगवायें, एडवांस 50,00,000/-, किराया 40,000/-+ नौकरी (सैलरी 20000/-) #8887153426, 09451345035

OBEROI TOWER GROUP
3G/4G
टॉवर जमीन, छत, खेत पर लगवाएं
एडवांस: 90 लाख
किराया : 50 हजार
1 JOB सैलरी 20 से 40 हजार
विश्वास आपका, काम हमारा
9450775112
8765118650

HINDUSTAN TOWER
(Govt. Approved.)
पूरे भारत में कहीं भी अपनी खाली जमीन, छत, प्लाट पर सभी कम्पनियों के 4G/5G टॉवर लगवाएं और पाएं
60 लाख एडवांस + 60000/- किराया + एग्रीमेंट 20 साल + 2 नौकरी + बाईक फ्री
सैलरी 25,000 धोखेबाजों से सावधान
7991433418
9559189047

Govt.रजिस्टर्ड कंपनी द्वारा
अपनी खाली जमीन, छत, प्लाट पर 3G-4G टॉवर लगवाएं और पायें एडवांस 65,00,000/- लाख + किराया 60,000 + 1 नौकरी + Bike
NOTE : धोखा खाएं हुए संपर्क करें
जमीन का फ्री निरीक्षण करवाएं
HELPLINE NUMBER :
9410647950
9410847951

HI-TECH TOWER
3G/4G
टॉवर जमीन, छत, खेत पर लगवाएं
एडवांस: 60 लाख
किराया : 60 हजार
1 JOB सैलरी 20 हजार
धोखा खाएं एक बार जरूर संपर्क करें
8810451287
9625001472

अन्य

क्या आप आई मित्रा बनना चाहते हैं और अपना ऑप्टिकल का बिजनेस करना चाहते हैं, मान्य प्रमाण पत्र व 30000 के टूल निःशुल्क। सम्पर्क:- UP West: 7827980463, East & Central: 9205182644

सर्विसेज
ज्योतिष/वास्तु

फीस काम के बाद घर बैठे 11-मिनटों में समाधान वशीकरण, ग्रहक्लेश, कारोबार, रूकावट, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, शादी में रूकावट, गढ़ाधन- 7060934884.

3 घंटो में तुरन्त समाधान स्पेशलिस्ट मनचाहा प्यार, लव मैरिज, वशीकरण, मुठकरनी, कारोबार, तलाक, सौतन दुश्मन छुटकारा, प्रेम विवाह, पति- पत्नी में अनबन www.gurupashaji.com #8929377723

जापानी इन्द्री वर्द्धक यंत्र
यौन समस्यायें
छोटी इन्द्री निराश क्यो?
इन्द्री छोटा, पतला, टेढ़ा हो तो इन्द्री को 7 से 8 इंच लंबा, मोटा, कड़क व सुडौल बनाकर सैक्स टाईम 30 से 40 मिनट बढ़ाएं। शीघ्रपतन स्वप्नदोष, नपुंसकता, नील शुक्राणु को जड़ से समाप्त कर 30 दिनो की दवा के साथ मस्ती ऑईल और 64GB Memory Card फ्री। No Side Effect
9668159512, 9348195201

इमीग्रेशन

नो एडवांस, सिंगापुर, रशिया, दुबई- 2 साल का वर्क वीजा, चाहिए क्रेन ऑपरेटर, टैक्सी ड्राइवर, स्टोरकीपर, सुपरवाइजर, स्टील फिक्सर, वैल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मेसन, कुक, होटल/ कंस्ट्रक्शन लाइन के वर्कर, एजेंट वेलकम, पिछले महीने लगे 47 वीजे देखें फिर अप्लाई करें 7508005462.

मित्रता

Soniya Friendship क्लब में लडके- लडकियाँ हाई प्रोफाइल एयर होस्टेस गर्ल्स, हाउस वाइफ से मीटिंग करके कमायें 25000-30000 (कैब फैसिलिटी) #08273894701, 08006123681

Kasis फ्रेंडशिप क्लब हाईप्रोफाइल, महिलाओं, टूरिस्ट, हाउसवाइफ, कॉलेजगर्ल से मीटिंग करके 10,000/-, से 15,000/-, कमाएं विश्वसनीय संस्थान (लोकल सर्विस) मोबाईल नंबर 9891641936, 8510053832

CLASSIC FRIENDSHIP CLUB Sameday Meeting Assured Highprofile, NRI, Model, Housewife दोस्ती करके रोजाना 15000/— 20000/- कमायें। (Registration Charge 650/-) All India Service. Contact- 9178690117

मेडिकल
सैक्स संबंधी

आयुर्वेदिक दवाखाना
हर्बल नं. 1 छोटा इन्द्री निराश क्यों?
जापानी इन्द्रीवर्धक यंत्र
12 घंटो में असर शुरू
मात्र 300/- 500/-
इन्द्री को 8 से 9 इंच लंबा, मोटा, सुडौल व ताकतवर बनाये। सलाह लेकर सेक्स टाईम 30 से 40 मिनट बढ़ाये। स्वप्नदोष, नपुंसकता, नील शुक्राणु एवं संतानहीनता को दूर कर साथ में जोशीला तेल, उत्तेजना कैप्सुल, 32-64GB मेमोरी कार्ड फ्री मंगाये। लाभ नहीं तो पैसा वापस
दवा की डिलेवरी 72 घंटो में
वैद्य जगदीश कुमार
09007931738
08420679851

यौन समस्यायें
छोटी इंद्री निराश क्यों?
जापानी इन्द्रीवर्धक यंत्र
No Side Effect
इंद्री का छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन हो तो इंद्री का 7-8 इंच लंबा, मोटा, कड़क व सुडौल बनायें और सेक्स टाइम 30-40 मिनट बढ़ायें। शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, नपुंसकता, नील शुक्राणु को जड़ से समाप्त कर 30 दिनों की दवा के साथ मस्ती ऑईल और 64GB मेमोरी कार्ड, ब्रेस्ट क्रीम मंगवायें। कृत्रिम इंद्री (मेल/फीमेल) उपलब्ध है
अविश्वसनीय समाधान आयुर्वेदिक इंस्टाज
09065549343
08651903213

अमर उजाला ॥ परिणय ॥
रिश्ता जन्मों का...
अटूट बन्धन का हमसफर

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जॉच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।



अरुण जेटली
(28 दिसंबर 1952 - 24 अगस्त 2019)

छात्र राजनीति की कठिन डगर और आपात काल के विरुद्ध संघर्ष की आग में तपकर सियासत की सीढ़ियां चढ़ते हुए अरुण जेटली विपक्ष और सत्ता दोनों भूमिकाओं में शीर्ष पर रहे। पेशे से दिग्गज अधिवक्ता, सड़क से संसद तथा वैश्विक मंचों के कुशल व प्रभावी वक्ता और भाजपा के प्रखर प्रवक्ता जेटली का जाना पार्टी ही नहीं, देश के लिए अपूरणीय क्षति है।

संकटमोचक...सियासी योद्धा

सफरनामा

उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद रहे अरुण जेटली का जन्म 28 दिसंबर 1952 को दिल्ली में महाराज किशन जेटली और रतन प्रभा के यहां हुआ था। उनके पिता वकील थे।

- **स्कूली शिक्षा :** सेंट जेवियर्स स्कूल, दिल्ली
- 1973 में श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से स्नातक किया। 1977 में दिल्ली विवि से कानून की डिग्री ली।
- **विवाह :** 24 मई 1982 को संगीता से। एक बेटा रोहन और बेटी सोनाली हैं।

छात्र राजनीति के दौरान विजय गोयल के साथ

- 1974 : दिल्ली विवि छात्र संघ अध्यक्ष।
- 1977 : एबीवीपी के राष्ट्रीय सचिव।
- 1980 : भाजपा के युवा मोर्चा अध्यक्ष।
- 1989-90 : अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल
- 1991 : भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य।
- 1999 : भाजपा प्रवक्ता।
- 1999 : वाजपेयी सरकार में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)। राम जेठमलानी के इस्तीफे के बाद कानून, न्याय, जहाजरानी और कंपनी मामलों के मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार।
- 2000 : विधि, न्याय, कंपनी मामलों और जहाजरानी मंत्री।
- 2002 : भाजपा के राष्ट्रीय सचिव।
- 2009-2014 : राज्यसभा में विपक्ष नेता।
- 2014 : आम चुनाव में हारने के बावजूद वित्त मंत्री। रक्षा मंत्रालय और सूचना-प्रसारण मंत्रालय भी संभाला।

वाजपेयी भी थे कायल

जेटली ने कभी बीमारी को जिम्मेदारी पर हावी नहीं होने दिया। डॉक्टरों ने उन्हें संक्रमण से बचने के लिए लोगों के संपर्क से बचने की सलाह दी तो वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठकों को संबोधित करने लगे। इसी जुझारुपन को देख अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि वह प्रमोद महाजन और अरुण जेटली में भाजपा का भविष्य देखते हैं।

रणनीतिकार और हरदिल अजीज

भाजपा सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान जेटली पीएम मोदी के सबसे ताकतवर मंत्रियों में से एक थे। उन्हें पर्दे के पीछे सरकार की रणनीति बनाने में महारत हासिल थी। जेटली के व्यक्तित्व का ही यह कमाल था, हर दल में दिग्गज लोग उनके दोस्त थे।

...वकालत

शाह का बने सहारा

सोहराबुद्दीन केस में सीबीआई ने 2010 में अमित शाह को गिरफ्तार किया। जमानत के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें गुजरात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उस वक्त गुजरात से दिल्ली पहुंचे शाह सबसे पहले जेटली के आवास पर ही पहुंचे थे। जेटली ने शाह को इस केस से बचाने के लिए हरसंभव कानूनी सहायता दिलाई।

अरुण जेटली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली सरकार में ताकतवर मंत्री के रूप में उभरे। मोदी-1 में जेटली सरकार के सबसे बड़े रणनीतिकार थे। यह जेटली का विराट और सर्वमान्य व्यक्तित्व ही था कि वह जितने खास अटल-आडवाणी के रहे, उतने ही मोदी और शाह के भी करीब थे। स्थापना के समय से भाजपा सदस्य रहे जेटली हर कठिन परिस्थिति में पार्टी के संकटमोचक बने।

जब राफेल पर बने संकटमोचक : मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान फ्रांसीसी युद्धक विमान राफेल के सौदे पर तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को घेरा था। वैसे तो मामला रक्षा से जुड़ा था और कायदे से तत्कालीन रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण को विपक्ष को जवाब देना चाहिए था, मगर, सरकार की तरफ से अकाट्य तर्कों की ढाल लेकर अरुण जेटली खड़े हुए। उन्होंने सवालों के न केवल बखूबी जवाब दिए, बल्कि कई बार अपने तर्कों से विपक्ष को पस्त भी किया। बहस चाहे संसद में हो या फिर सड़क पर, जवाब देने के लिए अक्सर जेटली ही सबसे आगे नजर आते थे।

कालेधन के खिलाफ जंग में मोदी के बने योद्धा : मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आते ही विदेशों में जमा कालेधन और अवैध संपत्ति के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया और टैक्स हैवन समझे जाने वाले देशों के साथ नए सिरे से समझौते किए ताकि देश का पैसा विदेश ले जाने वालों को भारतीय कानून की गिरफ्त में आसानी से लाया जा सके। इसमें अरुण जेटली की अहम भूमिका रही। इस दौरान फर्जी कंपनियों की पहचान कर उन्हें बंद किया गया। नोटबंदी के बाद करीब 2.24 लाख से ज्यादा ऐसी कंपनियों को बंद किया गया, जिन्होंने 2 साल से कोई भी कामकाज नहीं किया था। साथ ही 3 लाख निदेशकों को अयोग्य घोषित किया गया। पिछली मोदी सरकार में बतौर वित्त मंत्री जेटली को सबसे ज्यादा इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने महंगाई को काबू में रखा।

दक्षिण में कमल खिलाने में रही अहम भूमिका : जेटली ने सरकारी ही नहीं भाजपा संगठन को भी समय-समय पर मजबूती प्रदान की। आज शाह को जीत दिलाने वाले नेता के रूप में देखा जाता है। इसी तरह जेटली के पास भी जिस राज्य का प्रभार रहा, वहां भाजपा सरकार बनाने में सफल रही। दक्षिण के किसी राज्य में पहली बार कमल खिलाने में भी जेटली की बड़ी भूमिका रही। कर्नाटक में पहली बार भाजपा सरकार बनवाने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की। जेटली ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के अलावा कई अन्य राज्यों में भी अपनी संगठन क्षमता और कौशल का लोहा मनवाया।

सरकार के लिए बने ढाल : वित्त मंत्री के रूप में जेटली ने पहली मोदी सरकार में किए गए नोटबंदी और जीएसटी जैसे सख्त फैसलों की आलोचना कर रहे विपक्ष को कभी सोशल मीडिया तो कभी ब्लॉग या फेसबुक पर लिखकर या प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए करारा जवाब दिया।

अटल के 'राजधर्म' से मोदी का बचाव

2002 में गुजरात दंगे के बाद भाजपा के शीर्ष नेताओं में जेटली गुजरात के तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के समर्थन में मजबूती से खड़े रहे। जब अटल बिहारी वाजपेयी राजधर्म की याद दिलाकर मोदी के खिलाफ कार्रवाई की सोच रहे थे, तब जेटली ने आडवाणी पर ऐसा करने से रोकने का दबाव डाला। जेटली की कोशिश का नतीजा था कि कई नेता मोदी के पीछे खड़े नजर आए। इस घटना ने मोदी को जेटली के ज्यादा करीब ला दिया।

■ कार्यसमिति का माहौल बदला

2002 में ही गोवा में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। माना जा रहा था कि नरेंद्र मोदी को सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ सकता है। मगर, जेटली और प्रमोद महाजन की जुगलबंदी ने बैठक में माहौल मोदी के पक्ष में कर दिया। इसके बाद वाजपेयी को मन बदलना पड़ा।



खेल में भी था जेटली का दखल

जेटली ने 1977 में वकालत की शुरुआत की थी। वह सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील थे। 1989 में वरिष्ठ अधिवक्ता नियुक्त हुए। उनका खेल में भी काफी दखल रहा। वह दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य भी रहे।

ड्राइवर और रसोइये के बच्चों को पढ़ाया

जेटली लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। अपने निजी स्टाफ की देखरेख भी अपने परिवार की तरह ही करते थे। उनके ड्राइवर और रसोइये के बच्चे चाणक्यपुरी स्थित उसी कार्मल कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े, जहां जेटली के बच्चे पढ़े थे। अगर कर्मचारी का कोई प्रतिभावान बच्चा विदेश में पढ़ने का इच्छुक होता था तो उसे विदेश में वहीं पढ़ने भेजा जाता था, जहां जेटली के बच्चों ने पढ़ाई की है।

■ जब मनमोहन को पत्र लिख जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की बात कही

27 सितंबर 2013 को जेटली ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को एक पत्र लिखा था। इस पत्र को पीएम मोदी ने आज भी अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित किया हुआ है। पत्र में जेटली ने यूपीए सरकार पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर नरेंद्र मोदी और अमित शाह को फंसाने की कोशिश का आरोप लगाया था।

मिस्टर भरोसेमंद

भाजपा के कई नेता यह स्वीकार करने से नहीं हिचकते कि पीएम मोदी अगर शाह के बाद किसी को सबसे ज्यादा करीबी और भरोसेमंद मानते थे, तो वह जेटली ही थे। यही वजह है कि सरकार के ज्यादातर फैसलों में अरुण जेटली की सीधी भूमिका दिखी। मई, 2014 में नरेंद्र मोदी ने जब सत्ता संभालते समय दिल्ली के लिए एक तरह से बाहरी ही थे। ऐसे में मोदी को अपनी कैबिनेट में एक ऐसे शख्स की तलाश थी, जो दिल्ली और लुटियंस जोन की रग-रग से वाकिफ हो। यही वजह है कि अमृतसर से 2014 का लोकसभा चुनाव हार जाने के बाद भी जेटली को वित्तमंत्री बनाया गया।

पहली बार मंत्री पद की शपथ लेते हुए

बीमारी के बाद छोड़ दी सरकारी सुविधाएं

जेटली ने बीमारी के चलते न तो 2019 का चुनाव लड़ा, न ही चुनाव में कोई बड़ी जिम्मेदारी निभाई। मंत्री पद छोड़ने के बाद जेटली ने पहले सरकारी गाड़ियां लौटाईं। फिर सरकारी आवास छोड़ दिया। साथ ही सुरक्षार्मियों की संख्या घटाते हुए सरकारी आवास के लंबित बिजली, पानी और टेलीफोन बिलों का भुगतान करवाया।

छात्र राजनीति के दौरान

आपातकाल का विरोध करने पर जाना पड़ा जेल

जेटली छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े। 1975 में आपातकाल का विरोध करने पर 19 महीने तिहाड़ जेल जाना पड़ा। उन्होंने जय प्रकाश नारायण द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए गए आंदोलन में हिस्सा लिया और उनके द्वारा गठित छात्र एवं युवक संगठन की राष्ट्रीय समिति के संयोजक भी रहे थे।

बतौर वित्तमंत्री देश की अर्थव्यवस्था को दी धार

2014 में मोदी सरकार में वित्त मंत्रालय का प्रभार जेटली ने संभाला। बतौर वित्त मंत्री उन्होंने जीएसटी लागू किया, रेल और आम बजट को एक किया और आम बजट पेश करने की तारीख भी बदली। उनकी राजनीतिक पारी पहली मोदी सरकार में बतौर वित्तमंत्री नोटबंदी के फैसले और जीएसटी लागू करने की वजह से ज्यादा याद की जाएगी।

■ जीएसटी लागू कराने वाले शिल्पकार

देश में एक टैक्स व्यवस्था लागू करना आसान नहीं था। एनडीए के सत्ता में आते ही जीएसटी पर तेजी से काम शुरू हुआ। जेटली ने इसे लागू करने की कमान संभाली। जीएसटी काउंसिल बनाकर राज्य सरकारों को प्रतिनिधित्व दिया गया। उनकी गलतफहमियां दूर की गईं।

■ रेल और आम बजट अब एक साथ

2014 के पहले तक रेल और आम बजट अलग-अलग पेश किए जाते थे। 90 साल पुरानी इस परंपरा को तोड़ते हुए जेटली ने रेल बजट को भी आम बजट का हिस्सा बना दिया।

- **बजट की तारीख बदली :** आजादी के बाद से ही आम बजट 28 फरवरी को संसद में पेश किया जाता था। जेटली ने 2017 में इसे बदल दिया। अब बजट 1 फरवरी को पेश किया जाता है।

■ बड़े कर्ज डकारने वालों में खौफ

बैंकिंग व्यवस्था में ढांचागत सुधार के लिए बनाए गए कानून इंसॉल्वेंसी ऐंड बैंकरप्सी कोड (दिवाला और दिवालियापन कानून) का श्रेय भी जेटली को जाता है। बड़े कर्ज लेकर गटक जाने वाली कंपनियों और पूंजीपतियों में खौफ के लिए इसकी बेहद जरूरत थी।

■ मौद्रिक नीति समिति का गठन

2016 में मौद्रिक नीति समिति गठित हुई, जिसका मकसद था मौद्रिक नीति बनाने में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना। रिजर्व बैंक के गवर्नर की अगुआई वाली यह समिति ही अब ब्याज दरों को तय करती है।

- **राजकोषीय घाटा कम किया :** बतौर वित्त मंत्री जेटली की उपलब्धि रही कि 2014 में भारत का जो राजकोषीय घाटा 4.5% था, वह अप्रैल, 2019 में घटकर 3.4% पर आ गया।

गरीबों के लिए बैंकों के दरवाजे खोले

प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी जनधन योजना की कामयाबी का श्रेय जेटली को ही जाता है।

रक्षामंत्री रहते सैन्य क्षेत्र में बड़े सुधार

अरुण जेटली दो बार देश के रक्षामंत्री बने और सैन्य क्षेत्र में बड़े सुधारों से अपनी छाप छोड़ी। ये ऐसे सुधार थे, जिनकी राह लंबे समय से देखी जा रही थी। 26 मई से 9 नवंबर 2014 तक जेटली का रक्षामंत्री के तौर पर पहला कार्यकाल रहा। इसके बाद 14 मार्च 2017 को वित्त मंत्रालय देख रहे जेटली को रक्षा मंत्रालय का प्रभार दिया गया। वे सात सितंबर 2017 तक इस पद पर रहे।

- **देश को रक्षा उत्पादों का हब बनाने की पहल :** मई 2017 में सबसे महत्वपूर्ण पहल। भारतीय फर्मों को विदेशी कंपनियों के साथ भारत में ही पनडुब्बी, लड़ाकू जेट, हैलिकॉप्टर, बख्तरबंद वाहन व युद्धक टैंक बनाने की राह मिली। अब नौसेना 21 हजार करोड़ के 111 हैलिकॉप्टर खरीदने जा रही है।
- **सुधारवादी कदम :** अगस्त 2017 में 65 सुधारवादी कदमों को अनुमति दी। इनके तहत 57 हजार सैन्य अधिकारियों व सैनिकों को फिर नियुक्ति मिली।
- **खरीद प्रक्रिया सरल :** रक्षा खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर। बतौर वित्त मंत्री जेटली ने सैन्य उत्पादों के निर्माण के लिए दो औद्योगिक गलियारे बनाने की घोषणा की।

खाने-पीने, जास्मीन चाय, गपशप और अड्डेबाजी के शौकीन...

शुरुआती दिनों में एक जनसभा में जेटली

अरुण जेटली के मित्र हर हर वर्ग से थे और हर पार्टी में थे। उन्हें दोस्तों के साथ खाना-पीना और गपशप करना पसंद था। इसके लिए 11 अशोक रोड स्थित भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय के पास वाला अपना बंगला इस्तेमाल करते थे।

उनकी गिनती सबसे सफल और महंगे वकीलों में थी। राज्यसभा सांसद होने की वजह से मिला बंगला उन्होंने पार्टी के उन नेताओं को रहने के लिए दे दिया था जिनके पास सांसद न होने की वजह सेंट्रल दिल्ली में रहने की जगह नहीं थी। इसमें तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष जना कृष्णमूर्ति और उपाध्यक्ष जेपी माथुर जैसे कई नेता थे।

इसी बंगले के एक किनारे अलग कमरे में गुजरात के सीएम बनने से पहले तक नरेंद्र मोदी भी रहते थे। तब वह भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री थे। उनके कमरे के पास ही दो कमरों में जेटली ने अपना राजनीतिक कार्यालय बनाया था। हर दिन सुप्रीम कोर्ट से फारिग होने के बाद वे वहीं बैठक जमाते। उनके 'दरबार' में पत्रकार हर विषय पर चर्चा करते - राजनीति, पर्यावरण से लेकर क्रिकेट तक। शर्त यही थी कि वह चर्चा पूरी तरह ऑफ द रिकॉर्ड होगी। जास्मीन (चमेली की खुश्बू वाली) चाय उन बैठकों की एक और विशेषता थी। हर विषय पर उनका समान अधिकार था। किसी भी पत्रकार को किसी भी विषय पर वे विस्तार से बैकग्राउंड समझाते।

श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स का ग्रुप फोटो (1972-73)

गजब के मेजबान... जेटली जीवन में हमेशा अच्छा खाना-पीना, कपड़े, घड़ियां, चश्मे आदि के शौक़ीन रहे। एक बार उन्होंने स्वयं बताया था कि पिछली रात उनके घर राजद अध्यक्ष लालू यादव आए थे। ऐसे ही एक बार उनकी और मोदी की तस्वीर रात के भोजन के बाद अमर सिंह के घर से निकलते हुए एक अखबार के मुख्य पृष्ठ पर छपी थी।

क्रिकेट विशेषज्ञ भी

एक बार टीवी पर भारतीय क्रिकेट टीम का मैच चल रहा था। विदेशी खिलाड़ी क्रीज पर डटे थे। आउट ही नहीं हो रहे थे। अचानक जेटली ने कहा अब सहवाग को बॉलिंग दी जानी चाहिए। विस्फोटक ओपनिंग बल्लेबाज से गेंदबाजी कराना किसी को हजम नहीं हुआ। लेकिन थोड़ी देर बाद सच में सहवाग के हाथों में गेंद थमा दी गई। अपने पहले ही ओवर में सहवाग ने सुबह से जमे बल्लेबाज को आउट कर दिया।

कॉलेज के दिनों में गेंदबाजी करते हुए...

नहीं बन सके लोकसभा सांसद... जेटली चार बार राज्यसभा के सदस्य रहे। तीन बार गुजरात से और चौथी बार अप्रैल २०१८ के बाद उत्तर प्रदेश से। सिर्फ एक बार 2014 में अमृतसर से लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। मोदी खुद उन्हें सूरत से चुनाव लड़वाना चाहते थे, जहां वे आसानी से जीत जाते, लेकिन जेटली की जिद के आगे मोदी भी झुक गए।

...जब यूएन में भी कालेधन के खिलाफ खोला मोर्चा

प्रमोद महाजन के साथ

1991 में जेटली भाजपा के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य बनाए गए। 1998 में भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कालेधन और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ प्रस्ताव भी पेश किया।

न्यूज डायरी

पतंजलि योगपीठ के महामंत्री बालकृष्ण की एम्स से छुट्टी

ऋषिकेश। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण को एम्स से छुट्टी दे दी गई है। एम्स के निदेशक डॉ. रविकांत ने बताया कि आचार्य बालकृष्ण की तबीयत अब ठीक है। वे चल फिर रहे हैं और लोगों से बातचीत भी कर रहे हैं। वहीं रामदेव ने भी कई तरह की आशंकाएं जाहिर की हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जांच चल रही है। मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा। ब्यूरो

विधानसभा चुनावों में वाम-कांग्रेस गठबंधन को सोनिया ने दी मंजूरी

कोलकाता। हालिया लोकसभा चुनावों के दौरान पश्चिम बंगाल में बेहद खराब प्रदर्शन करने वाले वाम दलों और कांग्रेस के बीच आगामी विधानसभा चुनाव में गठबंधन का रास्ता खुल गया है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पश्चिम बंगाल में वाम-कांग्रेस गठबंधन करने को मंजूरी दे दी है। यह फैसला शुक्रवार देर रात पार्टी के बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सोमेन मित्रा के साथ दिल्ली में हुई चर्चा के दौरान लिया। ब्यूरो

भिवंडी मे इमारत गिरी, दो की मौत

ठाणे। भिवंडी में शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे चार मंजिला इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पांच घायल हैं। कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। शुक्रवार रात दरारें देख इमारत खाली कराई गई थी। इसके बाद भी कुछ लोग इमारत में वापस लौट आए थे। एजेंसी

कश्मीर में तैनात सीआरपीएफ अफसर ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। कश्मीर के अनंतनाग में तैनात सीआरपीएफ के 33 वर्षीय असिस्टेंट कमांडेंट एम अरविंद ने शनिवार को खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्राथमिक जांच के अनुसार कोयंबटूर के अरविंद वैवाहिक जीवन में मुश्किलों की वजह से तनाव में थे।

सुहास जोशी को संगीत नाटक अवार्ड

ठाणे। मराठी और हिंदी थियेटर कलाकार सुहास जोशी को प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी अवार्ड 2018 से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को ठाणे में आयोजित कार्यक्रम में सुहास को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की अपनी पुरानी यादें भी ताजा कीं, जहां उनके साथ नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी जैसे कलाकार थे। एजेंसी

ऑनलाइन पोल

amarujala.com पर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की घोषणाओं से बाजार और अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी?

(1) हां (2) नहीं

पिछले पोल का रिजल्ट

...भारत को पाकिस्तान में आयोजित हो रहे डेविस कप में शामिल होना चाहिए

हां	17.13%
नहीं	82.87%

amarujala.com पर ये भी देखें...

क्या है यूएई का 'ऑर्डर ऑफ जायद' सम्मान, अब तक किस-किस को मिला

एक वर्ष में भारतीय जनता पार्टी ने खो दिए अपने चार सितारे

खबरें विस्तार से पढ़ने के लिए स्मार्टफोन के कैमरे या QR Code स्कैनर से स्कैन करें

100 में एक को होता है 'सॉफ्ट टिशू सर्कोमा' कैंसर

जेटली इसी दुर्लभ किस्म के कैंसर से थे पीड़ित, इसकी पहचान होती है बेहद मुश्किल

नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली किडनी के साथ साथ सॉफ्ट टिशू सर्कोमा (कैंसर) से भी पीड़ित थे। यह दुर्लभ कैंसर कुल कैंसर के मामलों का एक प्रतिशत होता है। इन सॉफ्ट टिशू यानी कोमल उत्तकों में हमारी मांसपेशियां, त्वचा, लिगामेंट, वसा, रक्तवाहिका, आदि शामिल होते हैं। इनका काम हमारी शरीर के विभिन्न अंगों और संरचनाओं को घेर कर सहारा देना होता है। ये हड्डियों व दांत के विभिन्न हिस्सों को बनाने वाले सख्त उत्तकों से अलग होते हैं।

ये हमेशा पानी या द्रव्य से सराबोर रहते हैं और लचीले होते हैं। पहले तो इसके लक्षण ही नजर नहीं आते। सॉफ्ट टिशु बेहद लचीले होते हैं, ऐसे में इनमें उपजा कैंसर ट्यूमर आकार में बड़ा होता जाता है लेकिन पीड़ित को पता भी नहीं चल पाता। शुरुआत में यह ट्यूमर दर्द रहित होता है। जब यह इतना बड़ा हो जाता है कि इसे छूकर महसूस किया जा सके, तब इसकी सामान्यतः पहचान हो पाती है। शरीर के जिस हिस्से में यह कैंसर ट्यूमर बढ़ता है, वहां सूजन और हल्का दर्द होता है। जेटली के बाएं पैर में इसका असर था। ब्यूरो



... और इलाज

इलाज के लिए जेटली इसी वर्ष अमेरिका जा चुके थे। वहां उनकी सर्जरी की गई थी। लेकिन इस दुर्लभ किस्म के कैंसर के इलाज की सफलता ट्यूमर के आकार और कैंसर की स्टेज पर निर्भर होती है। इसमें सर्जरी, रेडिएशन थैरेपी और कीमो थैरेपी शामिल होती है।

जटिल क्यों...केवल अनुमान से लगता है पता

- सॉफ्ट टिशू सर्कोमा की पुख्ता वजह आज तक मालूम नहीं हो सकी है। केवल अनुमान से पता लगाया जाता है।
- लकड़ी व प्लास्टिक पर किए जाने वाले लेप में मौजूद क्लोरोफिनॉल, विनाइल क्लोराइड से इसकी आशंका।
- रेडिएशन की अधिक मात्रा से सॉफ्ट टिशू को होने वाला नुकसान भी इसकी वजह हो सकता है।
- कुछ खास जीन और डीएनए कोशिकाओं में गड़बड़ भी सॉफ्ट टिशू सर्कोमा की वजह माने गए हैं।

विवि में सजा...क्लास में लेट, तो लगाओ एक पौधा

सूरत। हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के यहां की एक यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने अनोखा उपाय निकाला है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे परिसर में जो गलती करते हैं, उसकी सजा के तौर पर उन्हें एक पौधा लगाना होगा। आठ साल पहले प्रारंभ हुए इस अनोखे दंड की वजह से आज वीर नर्मद साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी में 550 हरे-भरे पेड़ देखे जा सकते हैं। इनमें से कुछ तो अब 20 फुट लंबे हो चुके हैं। प्रोफेसर मेहुल पटेल यहां आर्किटेक्चर के प्रोफेसर हैं और उनके विभाग के पास तालाब भी बनाया गया है। प्रोफेसर पटेल ने बताया कि अब यहां कई तरह की चिड़ियों को देखा जा सकता है। साथ ही तितलियों और मधुमक्खियों की गूंज भी सुनी जा सकती हैं। पटेल यहां करीब सात सौ छात्रों को बेसिक डिजाइन का पाठ पढ़ाते हैं। एजेंसी

'अभिव्यक्ति की आजादी' के लिए आईएएस का इस्तीफा

नई दिल्ली। वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी कन्नन गोपीनाथ ने भारतीय प्रशासनिक सेवा से इस्तीफा दे दिया है। केरल निवासी कन्नन इन दिनों केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली में तैनात थे। उन्होंने कहा कि वह सिविल सेवा में इस उम्मीद से शामिल हुए थे कि वह खामोश लोगों की आवाज बन सकेंगे, लेकिन यहां, वह खुद की आवाज गंवा बैठे। उन्होंने कहा कि वह अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता वापस चाहते हैं। वह अपनी तरह से जीना चाहते हैं, भले ही वह एक दिन के लिए ही हो। कन्नन इन दिनों पावर एंड नॉन कन्वेंशनल ऑफ एनर्जी में सचिव थे। कहा जा रहा है कि कश्मीर कैडर के आईएएस अधिकारी शाह फैसल के बाद सबसे कम उम्र में आईएएस से इस्तीफा देने वाले वह दूसरे आईएएस अधिकारी हैं। एजेंसी

370 के चलते कश्मीर के युवाओं ने पकड़ी आतंक व हिंसा की राह : मोदी

यूएई में प्रधानमंत्री ने कहा-विशेष दर्जे के चलते अलग-थलग था जम्मू-कश्मीर

अबुधाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के चलते जम्मू-कश्मीर अलग-थलग पड़ा था। इसके चलते वहां के युवा भटक कर कट्टरपंथी बने और हिंसा तथा आतंकवाद की राह पर चल पड़े। इस स्थिति को खत्म करने के लिए ही विशेष दर्जा हटाया गया है। यह भारत का आंतरिक फैसला था जो पूरी तरह से लोकतांत्रिक, पारदर्शी और सांविधानिक तरीके से लिया गया।

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद भारत में यूएई के राजदूत अहमद अल बन्ना ने इसे भारत का आंतरिक मसला बताया था। एक सवाल के जवाब में मोदी ने कहा, भारत चार दशक से सीमापार आतंकवाद से पीड़ित रहा है। यूएई ने आतंक के खिलाफ भारत के कठोर कदमों को लेकर पूरी समझ का परिचय दिया है।

महात्मा गांधी पर डाक टिकट : पीएम मोदी और यूएई युवराज शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान ने महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती की याद में डाक टिकट जारी किया।

कारोबार बढ़ाने पर हुई चर्चा : मोदी ने यूएई के युवराज के साथ व्यापार बढ़ाने और सांस्कितक संबंध प्रगाढ़ करने के उपायों पर चर्चा की। मोदी ने कहा, हमने कई विषयों पर चर्चा की और इसमें आपसी व्यापार और लोगों के परस्पर संबंधों में मजबूती लाने के तौर तरीकों पर बातचीत की। एजेंसी

मनामा में शनिवार को बहरीन के प्रधानमंत्री प्रिंस खलीफा बिन सलमान अल खलीफा के साथ पीएम नरेंद्र मोदी।

जम्मू-कश्मीर अब जाकर पूर्ण रूप से भारत का अभिन्न अंग बना : शाह

हैदराबाद। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हमारी सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह से भारतीय संघ में मिलाने का काम किया है। शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 के अस्तित्व में रहते भारत में जम्मू-कश्मीर का पूर्ण विलय संभव नहीं था। हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अकादमी में युवा आईपीएस अफसरों के पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म कर जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया है। अनुच्छेद 370 के बने रहने के कारण भारत में जम्मू कश्मीर का पूर्ण विलय नहीं हो पाया था।' सरदार पटेल ने 630 रियासतों का भारत में एकजुट किया और जो छूट गया था वह जम्मू कश्मीर का पूर्ण विलय था। एजेंसी

गृह मंत्री बोले-370 के रहते जम्मू-कश्मीर का पूर्ण विलय नहीं था संभव

यूएई में भी रूपे कार्ड जारी

पीएम मोदी ने अबू धाबी में 'रूपे कार्ड' जारी किया। इसके साथ ही यूएई मध्य पूर्व का पहला देश बन गया जहां यह कार्ड काम करेगा। भारत सिंगापुर और भूटान में भी यह कार्ड जारी कर चुका है।

जम्मू-कश्मीर में निवेश करें प्रवासी भारतीय

अबुधाबी। पीएम मोदी ने यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय के उद्यमियों से जम्मू-कश्मीर में निवेश की अपील की है। उन्होंने कहा,भारत राजनीतिक स्थिरता और भरोसेमंद नीतियों के चलते दुनिया में निवेश का आकर्षक स्थल बन गया है। यूएई की राजधानी अबुधाबी में प्रवासी भारतीय (एनआरआई) कारोबारियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर की सालों से उपेक्षा की गई। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विकास के बहुत मौके हैं। माहौल निवेश के लिए मुफीद है। सरकार की नीतियां आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन तथा मेक-इन-इंडिया को बल देने वाली हैं। मोदी ने कहा, हम इस बात पर ध्यान देते हैं कि निवेशकों को निवेश पर अच्छी कमाई भी हो।



दही हांडी का पैसा बाढ़ पीड़ितों को

देशभर में दही हांडी का पर्व शनिवार को मनाया गया। महाराष्ट्र में दही हांडी का पैसा बाढ़ पीड़ितों को दिया जाएगा। शनिवार को ठाणे समेत मुंबई में 3000 से ज्यादा दही हांडी फोड़ी गईं।

गोयल ने टैक्स चोरी की योजना बना अरबों रुपये भेजे थे विदेश

जेट एयरवेज के संस्थापक के यहां ईडी के छापों से खुला राज

नई दिल्ली। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने देश और विदेश में अपनी बहुत सारी कंपनियां बनाकर टैक्स चोरी की दर्जनों योजनाओं का एक 'ढांचा' तैयार किया था और इससे बड़े पैमाने पर बचने वाले पैसे को विदेशों में स्थानांतरित कर दिया। हालांकि इस रकम की सही संख्या का पता नहीं लगा है, लेकिन इतना माना जा रहा है कि गोयल ने अरबों रुपये बचाकर विदेश भेजे थे।

इसके सुबूत ईडी की तरफ से शुक्रवार को गोयल और उसके साझीदारों के मुंबई व दिल्ली स्थित दर्जन भर ठिकानों पर की गई छापेमारी में मिले हैं। ईडी ने शनिवार को एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि इस छापामारी अभियान के दौरान अपराध साबित करने वाले विभिन्न दस्तावेज और डिजिटल सबूत मिले हैं। इन दस्तावेजों को जब्त करने के साथ ही आगे जांच की जा रही है। ईडी का कहना है कि विदेश की कई कंपनियां 'अपरोक्ष' तरीके से गोयल के नियंत्रण में हैं। इनमें से कई कंपनियां टैक्स हैवन देशों में स्थापित हैं। गोयल द्वारा अपने ही समूह की दुबई स्थित कंपनी को जेट एयरवेज का एक्सक्लूसिव ओवरसीज जनरल सेल्स एजेंट बनाकर इनफ्लेटिड कमीशन के जरिए करोड़ों रुपये भेजने के सबूत मिले हैं। एजेंसी

कश्मीर पर पाक ने अब यूएन महासचिव से लगाई गुहार

इस्लामाबाद। कश्मीर के मुद्दे पर दुनियाभर के देशों से मिले झटके से हताश-निराश पाकिस्तान ने अब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से गुहार लगाई है। पाक विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने शनिवार को गुटेरेस को फोन किया।

कुरैशी ने कहा कि कश्मीर में उत्पन्न हालात को सुलझाने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। बातचीत के दौरान जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में भी उन्हें बताया। बकौल कुरैशी, गुटेरेस ने कहा कि वह तनाव को खत्म करने के लिए पहले की तरह ही आज भी तैयार हैं। फ्रांस में जी-7 सम्मेलन के इतर रविवार को वह पीएम मोदी से मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। एजेंसी

हम शांति के पक्षधर पर युद्ध हुआ तो पीछे नहीं हटेंगे : शेरिंग

लेह। लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांग शेरिंग नामग्याल ने कहा है कि यूं तो लद्दाख के लोग शांति के पक्षधर हैं लेकिन अगर युद्ध की स्थिति बनती है तो वह पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही लद्दाख के लोग सच्चे देशभक्त हैं और देश की संप्रभुता के लिए हर लड़ाई में आगे रहेंगे। शेरिंग ने कहा, लेह के लोग केंद्र सरकार के हर फैसले का स्वागत करेंगे। उम्मीद है कि पड़ोसी देशों के साथ जो भी मसले हैं वह शांतिपूर्ण ढंग से निपट जाएंगे। एजेंसी

'भाजपा के किसी नेता ने विपक्ष को नीचा न दिखाने की सलाह दी क्या'

नई दिल्ली। भाजपा पर निशाना साधते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने पूछा कि किस भाजपा नेता ने सार्वजनिक तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विपक्ष और इसके नेताओं को नीचा नहीं दिखाने की सलाह दी। दरअसल, उनके इस बयान को जयराम रमेश, अभिषेक मनु सिंघवी और शशि थरूर के उन बयानों पर कटाक्ष माना जा रहा है जिन्होंने पीएम मोदी को हमेशा खलनायक की तरह पेश नहीं करने की सलाह दी थी और उनके कामों के आधार पर आकलन करने को कहा था। एजेंसी

छत्तीसगढ़ में पांच नक्सली ढेर, दो जवान घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में मुठभेड़ के दौरान पांच नक्सली मार गिराए गए। इस ऑपरेशन के दौरान दो जवान भी जख्मी हुए हैं। मुठभेड़ धुरबेड़ा गांव के पास शनिवार सुबह 6 बजे हुई। यह इलाका ओरछा पुलिस स्टेशन से 20 किलोमीटर दूर है। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने बताया कि रायपुर से करीब 350 किलोमीटर दूर स्थित ओरछा के जंगलों में नक्सलियों के ट्रेनिंग कैंप चलने का इनपुट मिलने के बाद ऑपरेशन चलाया गया था। डीआरजी टीम छापेमारी के लिए जा रही थी। इसी दौरान मुठभेड़ हुई। करीब डेढ़ घंटे तक दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद हुए हैं। एजेंसी

घाटी में बीडीसी चुनाव जल्द

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राज्य में ब्लॉक डेवलपमेंट कौंसिल (बीडीसी) चुनाव प्रक्रिया शुरू किए जाने के एलान के बाद राज्य सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जल्द 316 बीडीसी के चुनाव कराए जाएंगे।

उम्मीद जताई जा रही है कि सितंबर के अंत कर चुनाव करा लिए जाएंगे। सरकार के प्रवक्ता रोहित कंसल तथा ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग की सचिव शीतल नंदा ने पत्रकारों को बताया कि बीडीसी चुनाव का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। हम इसकी प्रक्रिया में हैं। बीडीसी चुनाव पंचायत राज व्यवस्था का दूसरा स्तर है। समूचे राज्य के 316 बीडीसी में चुनाव होंगे। इनमें से 148 जम्मू, 137 कश्मीर तथा 31 लद्दाख में हैं।

प्रशासन ने सितंबर के अंत तक प्रक्रिया पूरा करने का लक्ष्य रखा है। कश्मीर में आरक्षण की कवायद पूरी कर ली गई है और जम्मू क्षेत्र में यह अंतिम चरण में है। अनुसूचित जाति, जनजाति तथा महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। ब्यूरो

परमधाम के गुरु पर दुष्कर्म का केस

देहरादून। परमधाम न्यास के संचालक क्रांति गुरु चंद्रमोहन महाराज एक बार फिर विवादों में हैं। न्यास से जुड़ी दो महिलाओं ने उन पर सहस्त्रधारा स्थित आश्रम में दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए चंद्रमोहन, साथी कुलदीप और दो महिलाओं के खिलाफ राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों घटनाएं इसी वर्ष जून की हैं।

पीड़िताओं का कहना है कि चंद्रमोहन की धमकियों के कारण वह दहशत में थी। पुलिस ने शनिवार शाम घटनास्थल का निरीक्षण कर आश्रम से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए।

चंद्रमोहन महाराज पर आश्रम में ही शोषण का है आरोप

एसपी सिटी श्वेता चौबे ने बताया कि राजपुर थाने में शुक्रवार को दो महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई है कि गुरु चंद्रमोहन महाराज के मिशन से जुड़ी हैं। महिलाएं शेरा गांव के आश्रम में 22 जून को मीटिंग में भाग लेने पहुंची थी। यहीं रात में सो रही थीं तभी आश्रम से जुड़ी दो महिला पहुंची। महिला क जगाकर बोलीं कि महाराज ने उसे कमरे में बुलाया है। आरोप है कि कमरे में चंद्रमोहन ने अपने साथी कुलदीप के साथ मिलकर उससे दुष्कर्म किया। धमकी भी दी कि यदि मुंह खोला तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। इसी तरह उसकी साथी महिला से 17 जून 2019 को चंद्रमोहन महाराज ने दुष्कर्म किया। उसे भी धमकी दी कि कि उनकी अश्लील वीडियो क्लिप बना ली है। ब्यूरो

देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक है करतारपुर कॉरिडोर खोलना : स्वामी

चंडीगढ़। करतारपुर कॉरिडोर खोलने को भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कभी सुधर नहीं सकता। इसलिए करतारपुर कॉरिडोर का काम तुरंत रोक देना चाहिए।

सांस्कृतिक गौरव संस्थान के एक कार्यक्रम में भाग लेने चंडीगढ़ आए बीजेपी नेता कहा कि यह मेरे निजी विचार हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की नीयत कभी साफ नहीं रही है। इसलिए उस पर विश्वास करना खतरे से कम नहीं है। उनका कहना है कि भारत सरकार इस मसले पर क्या निर्णय लेगी, यह तो उन्हें नहीं पता है। लेकिन पाकिस्तान के पिछले अनुभव को देखते हुए कॉरिडोर का काम तत्काल रोक देना चाहिए। ब्यूरो

चंडीगढ़ पहुंचे भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा-तुरंत रोक देना चाहिए काम

बयान सिखों की भावनाओं से खिलवाड़ करने वाला

अमृतसर। दमदमी टकसाल व संत समाज के मुखिया संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा ने भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी के करतारपुर कॉरिडोर के निर्माण को रोक देने की वकालत करने के बयान को गैर जिम्मेदाराना और सिखों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाला बताया है। कहा गया है कि भाजपा नेता का बयान समझ से परे है। वो भी ऐसे समय में जब श्री गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर लाखों सिख पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ब्यूरो

संपत्ति उत्तराधिकार कानून में लिंग भेद क्यों : हाईकोर्ट

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधान को चुनौती की याचिका पर केंद्र को नोटिस

विवेक शर्मा

चंडीगढ़। संपत्ति उत्तराधिकार अधिनियम में लिंग आधारित भेदभाव पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया है। नेशनल लॉ स्कूल के छात्र दक्ष कादियान ने एडवोकेट सार्थक गुप्ता के माध्यम से याचिका दाखिल करते हुए हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधान को चुनौती दी है।

जनहित याचिका के माध्यम से याची ने बताया कि प्रावधान के अनुसार अगर घर के मुखिया की मौत हो जाती है और उसने कोई वसीयत नहीं छोड़ी है तो उत्तराधिकारियों को तीन श्रेणी में बांटा गया है। पहली श्रेणी के उत्तराधिकारियों को प्राथमिकता दी जाती है जिसमें बेटा, बेटी, पोता- पोती आदि शामिल हैं। यदि पहली श्रेणी के उत्तराधिकारी मौजूद नहीं होते हैं तो दूसरी श्रेणी को मौका दिया जाता है। इसमें पुरुष रिश्तेदार को ही प्राथमिकता दी जाती है। यानी बुआ के स्थान पर चाचा को प्राथमिकता मिलती है।

वहीं, तीसरी श्रेणी की बात करें तो बेटे की बेटी का बेटा या बेटे की बेटी की बेटी में से वरीयता देने की बात आती है तो इनमें से महिला को प्राथमिकता मिलती है। ऐसे में बेटे की बेटी की बेटी पूरी प्रापर्टी की हकदार होगी जबकि लड़के का हक नहीं होगा। याची ने कहा कि इस प्रकार लिंग के आधार पर भेदभाव करना सीधे तौर पर सांविधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। साथ ही याची ने बताया कि जब करीबी रिश्तेदारों में प्रॉपर्टी के बंटवारे की बात आती है तो वहां पुरुष रिश्तेदारों को ही प्राथमिकता दी जाती है और महिलाओं से भेदभाव। वहीं कुछ मामले में इससे उलट हैं। ऐसे में प्रावधान ऐसा हो जो लिंग के आधार पर भेदभाव को समाप्त करने वाला हो।

हाईकोर्ट ने याची का पक्ष सुनने के बाद केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है।

सांविधानिक प्रावधानों के खिलाफ

याची ने कहा कि इस प्रकार लिंग के आधार पर भेदभाव करना सीधे तौर पर संविधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। जब करीबी रिश्तेदारों में प्रापर्टी के बंटवारे की बात आती है तो भी वहां पुरुष रिश्तेदारों को ही प्राथमिकता दी जाती है

'लड़कियों को डर, शादी नहीं हुई तो समाज में सम्मान नहीं'

मुंबई की अदालत ने दुष्कर्म में दोषी को सजा सुनाते हुए की टिप्पणी

मुंबई। भारतीय समाज का दुर्भाग्यपूर्ण पहलू है कि एक लड़की को यह डर सताता है कि जब तक उसकी शादी नहीं हो जाती, उसे समाज में सम्मान नहीं मिलेगा। मुंबई की अदालत ने दुष्कर्म मामले में दोषी को सजा सुनाते हुए यह टिप्पणी की। अतिरिक्त सत्र जज एचसी शिंदे ने 2007 में एक महिला से दुष्कर्म में 51 वर्षीय दोषी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। दोषी ने महिला से बुरी आत्माओं को भगाने के बहाने उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसका कहना था कि बुरी आत्माएं महिला की शादी में अड़चनें पैदा कर रही हैं। कोर्ट ने कहा कि यह हमारे समाज में लड़की को लगता है कि जब तक उसकी शादी नहीं होती, उसे सम्मान नहीं मिलेगा। शादी के बाद अगर लड़का पैदा नहीं हुआ तो सम्मान नहीं मिलेगा। उन्हें सम्मान तभी मिलेगा जब उनकी शादी बरकरार रहेगी या पति के मरने से पहले उनकी मौत हो जाए। इन्हीं डरों के चलते वे ऐसे झांसे में फंस जाती हैं। उन्हें ऐसे सपने दिखाए जाते हैं, जैसा कि इस मामले में दोषी ने किया। एजेंसी

विंडीज दौरे से कोहली ने किया भावुक पोस्ट

वेस्टइंडीज में पहला टेस्ट खेल रहे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने डीडीसीए के पूर्व अध्यक्ष अरुण जेटली के निधन पर शोक जताया है। कोहली ने भावुक ट्वीट किया। श्री अरुण जेटली जी के निधन की खबर से दुखी हूं। वह हमेशा दूसरों की मदद करने को तैयार रहते थे। 2006 में मेरे पिता का निधन हुआ था तब वह अपना कीमती समय निकालकर मेरे घर आए थे और अपनी संवेदना व्यक्त की थी। उनकी आत्मा को शांति मिले।

क्रिकेटरों की तकलीफ को अपना समझते थे जेटली

विंडीज दौरे में तीसरे दिन भारतीय टीम काली पट्टी पहन कर उतरी, सहवाग, गंभीर, विराट, इशांत, शिखर, आशीष नेहरा क्रिकेटर जेटली के कार्यकाल की देन रहे

नई दिल्ली। अरुण जेटली बीसीसीआई के अध्यक्ष कभी नहीं रहे, लेकिन उन्हें क्रिकेट की दुनिया में इससे भी बड़ा स्थान हासिल था। क्रिकेट का मैदान हो या फिर इस खेल की राजनीति, क्रिकेट प्रशासकों को संकट की घड़ी में अरुण जेटली ही याद आते थे।

सच्चाई यह है कि राजनेता होने के बावजूद वह क्रिकेट को दीवानगी की हद तक चाहते थे। वीरेंद्र सहवाग, आशीष नेहरा, गौतम गंभीर, विराट कोहली, इशांत शर्मा, शिखर धवन जैसे क्रिकेटरों को स्थापित करने में जेटली का बहुत बड़ा हाथ रहा। दिल्ली के इन नामी क्रिकेटरों ने उन्हीं के डीडीसीए अध्यक्ष, बीसीसीआई उपाध्यक्ष रहते क्रिकेट की बुलंदियों को छुआ। सही मायनों में ये स्टार क्रिकेटर उन्हीं के कार्यकाल की देन हैं। डीडीसीए के चयनकर्ता और पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र सिद्धार्थ वर्मा की मानें तो क्रिकेटरों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहते थे। पूर्व टेस्ट क्रिकेटर आशीष नेहरा को गंभीर चोट लगी थी। यह जेटली थे जिन्होंने नेहरा का इलाज कराने का बीड़ा उठाया। आपरेशन के बाद नेहरा ने टीम में वापसी की। इसी तरह तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान के आपरेशन में उन्होंने खुद रुचि ली। सहवाग, गंभीर, शिखर, विराट, इशांत, आशीष का करिअर उनके कार्यकाल के दौरान परवान चढ़ा। वह बीसीसीआई में उनके अच्छे प्रदर्शन की खुद पैरवी करते थे। बीसीसीआई के पूर्व उपाध्यक्ष के सम्मान में विंडीज दौरे में पहले टेस्ट के तीसरे दिन भारतीय खिलाड़ी काली पट्टी पहनकर उतरे। ब्यूरो

जेटली के बंगले पर हुई थी सहवाग की शादी

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली का क्रिकेटरों से निजी तौर पर भी काफी लगाव था। दिल्ली के क्रिकेटर तो उनके काफी नजदीक रहे हैं। पूर्व भारतीय धुरंधर वीरेंद्र सहवाग की शादी 22 अप्रैल 2004 को उनके सरकारी आवास 9 अशोक रोड पर हुई थी। जेटली ने अपने स्टाफ को शादी समारोह में मदद के लिए लगाया और कैटरिंग तक की व्यवस्था उन्होंने खुद की थी।

क्रिकेट में साथ-साथ : पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने जेटली के साथ यह तस्वीर ट्वीट की।

■ क्रिकेटरों की शुरू कराई पेंशन

बीसीसीआई ने जब अपने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन योजना शुरू की तो अरुण जेटली को लगा कि डीडीसीए में इसे शुरू करना चाहिए। उन्होंने डीडीसीए में क्रिकेटरों की पेंशन योजना को शुरू कराया। यही नहीं वह सख्त फैसले भी लेते थे। सिद्धार्थ वर्मा खुलासा करते हैं कि एक बार उन्हें पता लगा कि डीडीसीए चयन समिति ने मनमाने ढंग से रणजी टीम का चयन किया है। उन्होंने डीडीसीए के इतिहास में पहली बार चयन समिति को भंग कर दिया।

हॉकी के भी बड़े जानकार : जेटली पिछले साल कॉफी टेबल बुक के लॉन्च के मौके पर हॉकी पर खुल कर बोले थे। जेटली ने 1928 में एम्सटर्डम ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाली टीम के आदिवासी कप्तान जयपाल सिंह मुंडा के योगदान के साथ आदिवासियों की संघर्ष की गाथा को भी बयां किया था।

■ कोटला का जीर्णोद्धार कराया

दिल्ली की टीम एक बार जयपुर मैच खेलने गई थी। मैनेजर बिशन सिंह बेदी थे। उन्हें फोन आया कि जिस होटल में टीम को ठहराया गया है वह स्तरीय नहीं है। उन्होंने तत्काल टीम को अच्छे होटल में रुकने को कहा। उन्हीं के कार्यकाल में फिरोजशाह कोटला का जीर्णोद्धार कराया गया।

क्रिकेट जगत में शोक की लहर

डीडीसीए में उनके नेतृत्व में मुझ समेत कई खिलाड़ियों को भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उन्होंने खिलाड़ियों की समस्याओं को सुना। वह समस्याओं का हल करने वाले इंसान थे। मेरा निजी रूप से उनसे काफी अच्छा रिश्ता था। उनके परिवार को करीबियों के लिए मैं दिल से संवेदनाएं प्रकट करता हूं। ओम शांति। **-वीरेंद्र सहवाग,** पूर्व सलामी बल्लेबाज

जेटली असाधारण राजनेता थे और जुनूनी क्रिकेट प्रशंसक थे। उन्हें हमेशा क्रिकेट के सक्षम और सम्मानित प्रशासकों में से एक के रूप में याद रखा जाएगा। डीडीसीए अध्यक्ष के रूप में उन्होंने क्रिकेट ढांचे में काफी बदलाव किया। वह क्रिकेटरों के हमेशा करीबी मित्र रहे और हमेशा उनके साथ खड़े रहे। **-बीसीसीआई**

ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे अरुण जेटली जी। आपके परिवार और करीबियों के प्रति मैं दिल से दुख जताता हूं। **-शिखर धवन,** भारतीय ओपनर

पिता आपको बोलना सिखाता है लेकिन पिता समान व्यक्ति आपको बात करना सिखाता है। पिता आपको चलना सिखाता है लेकिन पिता समान व्यक्ति आगे बढ़ना सिखाता है। पिता आपको नाम देता है लेकिन पिता तुल्य व्यक्ति आपको पहचान देता है। मेरा पिता तुल्य अरुण जेटली जी केसाथ मेरा एक हिस्सा चला गया। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे सर। **-गौतम गंभीर,** पूर्व क्रिकेटर एवं सांसद

अरुण जेटली जी के निधन से बहुत दुख हुआ। मैं वर्षों से उन्हें व्यक्तिगत तौर पर जानता था। हाल ही में दिल्ली में उनसे मिला था। ईश्वर उनके परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहने की ताकत दे। **-शशांक मनोहर, आईसीसी चेयरमैन**

न्यूज डायरी

मोहन बागान को हराकर गोकुलम ने जीता डूरंड कप

कोलकाता। त्रिनिदाद के फॉरवर्ड मार्कस जोसफ के दो गोलों की मदद से डूरंड कप टूर्नामेंट में पहली बार खेल रहे गोकुलम केरल एफसी ने फाइनल में 16 बार के चैंपियन मोहन बागान को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। जोसफ ने हाफ टाइम से ठीक पहले (45+1) पेनाल्टी को गोल में बदला और फिर 51वें मिनट में उन्होंने टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। मोहन बागान ने दूसरे हाफ में खेल में सुधार किया। इसका फायदा उन्हें 64वें मिनट में मिला जब जोसेबा के फ्री किक को साल्वा ने हेडर के दम पर गोल में बदल दिया। टीम ने इसके बाद भी गोल की कोशिश जारी रखी पर उसे सफलता नहीं मिली।

पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में पारुल और मानसी में फाइनल

बासेल। तीन बार की विश्व चैंपियन पारूल परमार ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के एकल एसएल-3 श्रेणी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस सीजन में अपना सातवां फाइनल खेल रहीं शीर्ष वरीय परमार का फाइनल में सामना हमवतन मानसी जोशी से होगा। मानसी ने 2017 में कांस्य जीता था। सेमीफाइनल में पारूल ने तुर्की की हेलमी को महज 20 मिनट में 21-6, 21-16 से पराजित किया। जबकि मानसी ने थाईलैंड की वैंडी कमतम को 21-13, 21-18 से हराकर पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में तरुण एकल और युगल एसएल-4 श्रेणी के फाइनल में पहुंच गए हैं।

बर्मिंघम खेलों के मुद्दे पर आईओए ने की रिजिजू से मुलाकात

नई दिल्ली। खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने भारतीय ओलंपिक संघ से कहा कि वह निशानेबाजी हटाने के कारण 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के बहिष्कार के प्रस्ताव पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के प्रमुख से बात करने के बाद फिर से उनसे मुलाकात करे। आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने भारतीय मुक्केबाजी संघ प्रमुख अजय सिंह के साथ मिलकर रिजिजू से मुलाकात की। बत्रा ने कहा, ' हमने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भागीदारी और बहिष्कार के मुद्दे पर चर्चा की। खेल मंत्री ने हमें सीजीएफ अध्यक्ष से मिलने के लिए कहा, जिन्होंने बैठक के लिए भारत आने की पेशकश की है।

भारत ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

मैड्रिड। भारत ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप की मिश्रित जूनियर टीम स्पर्धा में स्वर्ण हासिल किया। सुखबीर और रागिनी मार्क की जोड़ी ने स्विट्जरलैंड की एंड्रिया और जेने की जोड़ी को 152-147 से हराकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा पदक हासिल किया। सुखबीर ने संगमप्रीत और तुषार के साथ जूनियर कंपाउंड में कांस्य पदक जीता था।

सिंधू स्वर्ण से एक कदम दूर

चीन की यु फेई को सीधे गेमों में हराया, लगातार तीसरे साल खिताबी मुकाबले में किया प्रवेश

बासेल (स्विट्जरलैंड)। भारतीय स्टार पीवी सिंधू ने शनिवार को यहां ऑल इंग्लैंड चैंपियन चेन यु फेई पर सीधे गेम में मिली जीत से लगातार तीसरे फाइनल में प्रवेश किया जिससे वह विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतने से महज एक कदम दूर हैं।

सिंधू ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पिछले दो चरण में लगातार रजत पदक हासिल किए। हैदराबादी खिलाड़ी ने 40 मिनट तक चले सेमीफाइनल में चीन की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी चेन यु फेई को 21-7 21-14 से शिकस्त दी। फाइनल में उनका सामना जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा। तीसरी वरीय ओकुहारा ने दूसरे सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की रत्चानोक इंतानोन को कड़े संघर्ष में 17-21, 21-18, 21-15 से हराया।

ओलंपिक रजत पदकधारी सिंधू का मैच से पहले चेन के खिलाफ रिकॉर्ड 5-3 का था। उन्होंने शुरू में तेजी से बढ़त बनाई। सिंधू ने तेज तर्रार शॉट से कमजोर रिटर्न का फायदा उठाया और पहले गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पस्त किया। दूसरे गेम में चेन ने हालांकि बेहतर शुरुआत की और दोनों खिलाड़ी 3-3 की बराबरी पर थी। लेकिन चीनी खिलाड़ी की गलतियां जारी रहीं जिससे सिंधू ने बढ़त 10-6 कर ली। सिंधू ने अपना दबदबा कायम रखते हुए बढ़त 17-9 कर ली और इसे भी जीत लिया। एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप में 5वां पदक तय

फाइनल प्रवेश के साथ भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और दुनिया की तीसरे नंबर की पीवी सिंधू ने विश्व चैंपियनशिप में अपना पांचवां पदक तय कर लिया है। इससे पहले उनके नाम दो रजत पदक और दो कांस्य पदक हैं।

कब-कब जीते हैं पदक

2018	नानजिंग	रजत पदक
2017	ग्लासगो	रजत पदक
2014	कोपेनहेगन	कांस्य पदक
2013	ग्वांगझू	कांस्य पदक

मैंने शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी और इसे बेहतरीन ढंग से अंजाम दिया। दूसरे गेम में हालांकि मैंने कुछ गलतियां की लेकिन दोबारा बढ़त बनाने से फिर विश्वास बढ़ा। मैच अच्छा रहा। उम्मीद है कि फाइनल में भी ऐसा ही होगा। **-पीवी सिंधू**

■ 1983 में प्रकाश पादुकोण ने जीता था पदक, उसके बाद प्रणीत ने सफलता हासिल की है

36 साल बाद प्रणीत के पदक का प्रकाश

बासेल। बी साई प्रणीत का बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में स्वप्निल सफर समाप्त हो गया और उन्हें शनिवार को एक तरफा सेमीफाइनल में गत चैंपियन केंतो मोमोता से हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। प्रणीत का आक्रामक खेल फार्म में चल रहे मोमोता के डिफेंस के सामने नहीं टिक सका और 41 मिनट तक चले मुकाबले में वह जापान के नंबर एक खिलाड़ी से 13-21 8-21 से हार गए। इस हार के बावजूद प्रणीत ने शानदार उपलब्धि अपने नाम की। वह 36 साल में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। प्रकाश पादुकोण ने 1983 चरण में विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल में कांस्य पदक हासिल किया था।

इशांत के पंच से विंडीज ढेर, भारत को बढ़त

नार्थ साउंड (एंटीगा)। भारत ने वेस्टइंडीज पर अपनी बढ़त पुख्ता कर पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन दबदबा कायम रखा। तेज गेंदबाज इशांत शर्मा (5/43) के प्रदर्शन से मेजबान टीम तीसरे दिन 222 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 297 रन बनाने वाली भारतीय टीम को 75 रन की बढ़त मिली। समाचार लिखे जाने तक भारतीय टीम ने तीसरे सत्र में तीन विकेट पर 140 रन बना लिए थे। कप्तान विराट 29 पर खेल रहे थे जबकि अजिंक्य रहाणे 32 रन बनाकर क्रीज पर थे। दोनों 59 रन जोड़ चुके थे। भारत की कुल बढ़त 215 रन की हो चुकी थी।

दूसरी पारी में मयंक अग्रवाल (16) एलबीडब्ल्यू आउट हो गए हालांकि टीवी रिप्ले से लग रहा था कि गेंद लेग स्टंप को मिस कर रही है लेकिन मयंक ने रिव्यू नहीं लिया। लोकेश राहुल (38) और चेतेश्वर पुजारा (25) के बीच दूसरे विकेट पर 43 रन की साझेदारी हुई। राहुल को चेस ने तो पुजारा को रोच ने आउट किया। तीसरे दिन शनिवार को वेस्टइंडीज आठ विकेट पर 189 रन से आगे खेलने उतरी। कप्तान जेसन होल्डर (39) को शमी ने विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। उसके बाद जडेजा ने कमिंस को बोल्ड कर विंडीज की पारी को समेट दिया। कमिंस ने 45 गेंदें खेली लेकिन खाता नहीं खोल सके पर नौवें विकेट पर होल्डर के साथ 103 गेंदों में 41 रन जोड़कर भारतीय गेंदबाजों को हताश जरूर किया। शमी और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। एक विकेट बुमराह को मिला।

बुमराह के 11 टेस्ट में 50 विकेट : भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने डेरेन ब्रावो को आउट कर 11 टेस्ट में अपने 50 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने वेंकटेश प्रसाद और मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ा जिन्होंने 13-13 टेस्ट मैचों में ऐसा किया था। हालांकि सबसे कम टेस्ट मैचों में पचास विकेट लेने का भारतीय रिकॉर्ड स्पिनर अश्विन (09 टेस्ट) के नाम है। एजेंसी

पहली पारी में 222 पर सिमटी मेजबान टीम, कोहली एंड कंपनी को 75 रन की बढ़त

09 वीं बार पांच विकेट लिए हैं भारतीय पेसर इशांत ने

एशेज सीरीज : कप्तान रूट की मदद से इंग्लैंड का संघर्ष जारी

लीड्स। इंग्लैंड कप्तान जो रूट (नाबाद 75) और जो डेनले (50) की मदद से इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में शुरुआती झटकों से संभलने में सफल रही। एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 246 रन बनाकर मेजबान टीम को 359 का लक्ष्य दिया था। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 15 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन उसके बाद रूट और डेनले ने 126 रन की साझेदारी की।

इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 156 रन बना लिए हैं। रूट के साथ स्टोक्स दो रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड लक्ष्य से 203 रन पीछे है और उसके सात विकेट शेष हैं। हेडिंग्ले में अभी तक सिर्फ तीन ऑस्ट्रेलिया (3/404, 1948), इंग्लैंड (4/315, 2001) और वेस्टइंडीज (5/322, 2017) ही ऐसा कर पाए हैं।

लाबुशेन के दोनों पारियों में विरोधी टीम की पारी से ज्यादा रन : ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन दूसरी पारी में 80 रन बनाकर उन बल्लेबाजों में शामिल हो गए जिन्होंने दोनों पारियों में विरोधी टीम की एक पारी से अधिक रन बनाए हैं। पहली पारी में 74 रन बनाने वाले लाबुशेन ने दूसरी पारी में 80 रन बनाए। इंग्लैंड की पहली पारी महज 67 रन पर सिमट गई थी। लाबुशेन ऐसा करने वाले विश्व के 5वें और ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज हैं। एजेंसी

सुमित नागल की पहली टक्कर किंग फेडरर से

न्यूयॉर्क। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अंतिम क्वालिफाइंग दौर में जीत हासिल कर यूएस ओपन के पहले दौर में सोमवार को सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक रोजर फेडरर से भिड़ने का हक पाया जो उनके लिए ग्रैंडस्लैम में स्वप्निल पदार्पण होगा। नागल ने अंतिम क्वालिफाइंग दौर में ब्राजील के जोआओ मेनेजेस के खिलाफ एक सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए दो घंटे 27 मिनट में 5-7 6-4 6-3 से जीत हासिल की।

ग्रैंडस्लैम मुख्य ड्रॉ में खेलने वाले 5वें भारतीय : इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी इस एक दशक में ग्रैंडस्लैम एकल मुख्य ड्रॉ में खेलने वाला पांचवां भारतीय खिलाड़ी बन गया है। सोमदेव देववर्मन, युकी भांबरी, साकेत मायनेनी और प्रजनेश गुणेश्वरन इससे पहले टेनिस ग्रैंडस्लैम में खेल चुके हैं।

भारतीय खिलाड़ी ने यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई

21 साल बाद दो भारतीय : नागल 2015 में जूनियर ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली छठे भारतीय बने थे, उन्होंने वियतनाम के हाओंग लि के साथ विंबलडन में लड़कों के वर्ग का युगल खिताब जीता था। प्रजनेश भी इसी यूएस ओपन में खेल रहे हैं जिससे भारत के दो खिलाड़ी 1998 के बाद पहली बार ग्रैंडस्लैम में भाग लेंगे। 1998 में महेश भूपति और पेस विंबलडन में खेले थे। प्रजनेश का सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। एजेंसी

आपका राशिफल

मेष — स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। अध्ययन में अरुचि रहेगी। अर्थाभाव रहेगा।

वृषभ — कार्य विशेष में सफलता मिलेगी। मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मिथुन — स्वास्थ्य नरम रहेगा। बढ़ते व्यय से चिंतित रहेंगे। शांति रहेगी।

कर्क — राजनैतिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

सिंह — नौकरी में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पूर्व निवेशित धन की प्राप्ति संभव है।

कन्या — मन खिन्न रहेगा। कानूनी मामले में सावधानी बरतें।

तुला — धैर्य सफलता में सहायक रहेगा। निराशा होगी।

वृश्चिक — इच्छा पूर्ति का हर्ष होगा। विकास कार्यों में गति आएगी। शांति रहेगी।

धनु — कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। साक्षात्कार में चयन होगा।

मकर — मानसिक तनाव से बचें। नौकरी में प्रतिष्ठा बनी रहेगी।

कुंभ — भावुकता पर नियंत्रण रखें। उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। व्यावसायिक लाभ उत्तम रहेगा।

मीन — सुख-शांति में वृद्धि होगी। विरोधी परास्त होंगे। अटका धन मिलेगा। व्यवसाय में विस्तार हो सकता है।

कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2076, 04 भाद्रपद मास शाके 1941, भाद्रपद मास 10 प्रविष्टे, 24 जिल्हिज हिजरी 1440, भाद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी 07.02 तक उपरांत एकादशी 29.09 तक तदोपरांत द्वादशी, आद्रा नक्षत्र 26.56 तक उपरांत पुनर्वसु नक्षत्र, वज्र योग 12.09 तक उपरांत सिद्धि योग, विष्टि (भद्रा)करण 07.02 तक उपरांत बव करण, चंद्रमा मिथुन राशि में दिन रात।

सूर्योदय : 05.59 सूर्यास्त : 18.45

व्रत त्योहार

आज : भाद्रपद कृष्ण पक्ष नवमी
कल : अजाएकादशी व्रत, शरद ऋतु, सूर्यदक्षिणायने, उत्तरगोले।
राहुकाल : प्रातः 07.30 से 09.00 तक

सुडोकू

1			3					8
	2	8		7			6	
7			4	6				
			1				3	4
2	8						1	7
3	7				5			
				2	3			5
	6			1		9	7	
8					9			1

उत्तर

1	2	6	9	5	7	3	4	8
3	7	9	4	1	8	2	6	5
5	8	4	3	2	6	7	1	9
6	9	8	5	4	2	1	7	3
7	1	5	6	3	9	4	8	2
4	3	2	7	8	1	5	9	6
2	5	1	8	6	4	9	3	7
9	6	3	1	7	5	8	2	4
8	4	7	2	9	3	6	5	1

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

आपका आज जन्मदिन है
25 अगस्त
विजेयता पंडित

इस मूलांक के जातक विचारशील, बुद्धिमान एवं सहयोगी भावना वाले होते हैं। रचनात्मक क्षेत्र में ये जातक आश्चर्यजनक प्रगति करते हैं। स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता जन्मजात होती है। जीवन का उत्तरकाल सुखी तथा संपन्न व्यतीत होता है। इस वर्ष भाग्य सहायक रहेगा। नई योजना क्रियान्वित करने में सफल रहेंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। जमीन-जायदाद में वृद्धि होगी। -पं. विनोद त्यागी

आज की फिल्में

एंड पिक्चर्स : 02:05 सत्यमेव जयते, 04:59 इंटरटेनमेंट, 08:00 शिवम

जी सिनेमा : 02:22 बत्ती गुल मीटर चालू, 05:41 पतास, 08:00 केसरी

बी4यू मूवीज : 12:00 धड़कन, 03:00 कॉलिंग बेल, 06:00 मेला

लाथम का शतक : टॉम लाथम (111) के शतक के साथ न्यूजीलैंड ने कोलंबो में वर्षा से प्रभावित दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका के पहली पारी के 244 रन के जवाब में चार विकेट पर 196 रन बना लिए हैं।

अमर उजाला

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक शर्मा द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/9919

अमेरिका की भारत-पाक तनाव को लेकर दोतरफा रणनीति

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा, कश्मीर में तनाव रोकने को कर रहे काम

वाशिंगटन। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद भारत-पाक तनाव कम करने के लिए अमेरिका दोतरफा रणनीति पर काम कर रहा है। ट्रंप प्रशासन के मुताबिक, पहली रणनीति सीमा पार घुसपैठ रोकने और कश्मीर में आतंकी हरकतों के लिए वित्तीय व अन्य मदद न देने के लिए पाक पर दबाव बनाना है। दूसरी रणनीति भारत को जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य करने के लिए प्रोत्साहित करना, मानवाधिकारों की रक्षा और सियासी कैदियों की रिहाई है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने अधिकारियों से पाक को एलओसी पार आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने और उसकी जमीन पर सक्रिय ऐसे आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा है, जिन्होंने भारत में हमले किए हैं। उन्होंने 1989 में पाक द्वारा भारत में आतंकियों की घुसपैठ का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका ने इस्लामाबाद को ऐसे हथकंडे न दोहराने की चेतावनी दी है। अधिकारी ने कहा, 1989 का हथकंडा पाक की नाकामी थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका नहीं चाहता कि पाकिस्तान आतंकियों की घुसपैठ के लिए भारत-पाक के बीच मौजूदा हालातों का फायदा उठाए। एजेंसी

आतंकी फंडिंग रोके पाक

अमेरिकी अधिकारियों ने पाक को आतंकी फंडिंग के खिलाफ प्रतिबद्धता पूरी न करने की स्थिति में चेतावनी दी है कि उसे वैश्विक संस्थाओं से मिलने वाला फंड पूरी तरह रोका जा सकता है। एक दिन पहले ही पाक को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की काली सूची में डाला गया है। हाल में ट्रंप ने पाकिस्तानी पीएम इमरान खान को फोन पर भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण न देने के लिए कहा था।

मोदी-ट्रंप मुलाकात अहम

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि रणनीति के तहत ट्रंप प्रशासन घाटी में मानवाधिकार के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अमेरिका क्षेत्र में लोगों को हिरासत में लेने और प्रतिबंध जारी रहने पर चिंतित है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर मोदी-ट्रंप के बीच होने वाली बैठक में ट्रंप यह जानना चाहेंगे कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के तौर पर भारत की क्षेत्र में तनाव कम करने और कश्मीर में मानवाधिकारों के प्रति सम्मान कायम रखने की क्या योजना है।

अमेजन में आग से निपटने को ब्राजील ने सेना भेजी

पोर्तो वेल्हो। दुनिया का फेफड़ा कहे जाने वाले व सबसे बड़े वर्षा वन 'अमेजन' में लगी भीषण आग को रोकने के लिए ब्राजील ने आखिरकार सेना भेज दी है। आग दो सप्ताह से लगी हुई है। यूरोपीय नेताओं का दबाव बढ़ने पर ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सनारो ने आदेश जारी करते हुए प्रशासन को सीमाई, आदिवासी और संरक्षित इलाकों में सेना भेजने के लिए कहा है।

इससे पहले ब्राजील के जंगलों में लगी आग के लिए एक एनजीओ को जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार ने अपने हाथ खींच लिए थे। लेकिन फ्रांस, आयरलैंड ने स्पष्ट कह दिया कि ब्राजील के साथ तब तक व्यापार सौदे को मंजूरी नहीं देंगे जब तक आग के लिए कुछ किया नहीं जाएगा। ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन ने आग को दिल तोड़ने वाला बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय समस्या है। दूसरी ओर संरक्षणवादियों ने बोल्सनारो को ही घटना का दोषी ठहराया। कहा, बोल्सोनारो लोगों, किसानों को भूमि खाली करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। आग का वीभत्स नजारा भी सामने आया जब जंगली जानवरों की जली लाशें दिखीं।

जी-7 नेताओं के सामने प्रदर्शन : बिअरित्ज। फ्रांस में जी-7 देशों का शनिवार से सम्मेलन शुरू हुआ। वहां अटलांटिक रिसॉर्ट के बाहर अमेजन के जंगलों में लगी आग को लेकर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। एजेंसी

हांगकांग : प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले

हांगकांग। हांगकांग में सरकार विरोधी प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारियों ने इंडस्ट्रियल इलाके कुन टॉन्ग में सड़कों पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प देखने को मिली। आजादी और लोकतंत्र की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को काबू करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठी चार्ज किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने भी पुलिस पर पथराव और बांस के डंडों से हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने गैस मास्क लगा रखे थे और कुन टॉन्ग इलाके की तरफ बढ़ रहे थे। उनके हाथों में तख्तियां और बांस के डंडे थे। हाथों में लाठी और दूसरे हथियारों से लैस पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों की पुलिस से तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। प्रदर्शनकारियों ने भी पत्थर और बोतलों से पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस ने बल प्रयोग की इस कार्रवाई को सही ठहराया है। एजेंसी

थाईलैंड में ब्रिटिश सिख की नार्वे के नागरिक ने की हत्या

लंदन। थाईलैंड में एक ब्रिटिश सिख की हत्या का मामला सामने आया है। थाईलैंड के एक पांच सितारा होटल में नशे में धुत नार्वे के एक नागरिक ने 34 वर्षीय अमितपाल सिंह बजाज की गला दबाकर हत्या कर दी। बजाज अपनी पत्नी और बेटे के साथ छुट्टियां मनाने थाईलैंड गए थे और फुकेट के पांच सितारा 'सेंटारा ग्रैंड होटल' में ठहरे थे। बुधवार को बजाज ने नार्वे नागरिक से कहा कि वह शोर कम करे क्योंकि उसकी पत्नी और दो साल का बच्चा सोना चाह रहे हैं। नशे में धुत नार्वे का नागरिक बालकनी के जरिए कमरे में घुसा और बजाज को पीटने लगा। इसके बाद उसने सिख का गला दबा दिया। बजाज की पत्नी बंधना कौर ने कहा कि उनके पति ने हम दोनों को बचाने के लिए अपनी जान गंवा दी। एजेंसी

चीनी टैरिफ वृद्धि पर ट्रंप भड़के, कहा- 'कारोबार समेटें अमेरिका की कंपनियां'

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

वाशिंगटन। चीन द्वारा 75 अरब डॉलर (5.4 लाख करोड़ रुपये) के अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने से राष्ट्रपति ट्रंप भड़क गए हैं। ट्रंप ने न सिर्फ चीन पर तुरंत जवाबी कार्रवाई का संकल्प लिया बल्कि चीन से अमेरिकी कंपनियों को अपना कारोबार समेटने के आदेश भी जारी किए। ट्रंप ने कहा, 'हमें चीन की जरूरत नहीं है।'

चीन द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर बढ़ाए गए टैरिफ को राजनीति से प्रेरित कदम बताते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका एक अक्तूबर से 250 अरब डॉलर के उत्पादों पर आयात शुल्क 25 से बढ़ाकर 30 फीसदी करेगा। उन्होंने 300 अरब डॉलर के चीनी उत्पादों पर 15 फीसदी तक की दर से शुल्क बढ़ाए जाने की धमकी भी दी। कहा, 'अमेरिका ने बेवकूफी में चीन से कारोबार करके अरबों डॉलर गंवा दिए हैं।' ट्रंप ने चीन में कारोबार कर रही अमेरिकी कंपनियों को कहा, 'वे तत्काल दूसरे देशों में चीन का विकल्प ढूंढे। यह अमेरिका के लिए मौका है।'

मंदी का खतरा बढ़ेगा : टस्क

बिअरित्ज। अमेरिका-चीन के बीच बढ़ चुके ट्रेड वॉर से चिंतित यूरोपीय संघ परिषद के अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क ने कहा कि ट्रंप के तरीकों से दुनिया में आर्थिक मंदी आ सकती है। उन्होंने कहा, यदि ट्रेड वॉर खत्म करने के प्रयास होते हैं तो दुनिया में तेजी आएगी, अन्यथा पूरी दुनिया में बड़ी मंदी आ सकती है। एजेंसी

भारत को मिल सकता है फायदा

वाशिंगटन। अमेरिकी चेंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय अध्यक्ष असीम चावला ने कहा, 'ट्रंप के कहने पर अगर वाकई अमेरिकन कंपनियां चीन से अपना कारोबार समेटेंगी, तो इसका सीधा फायदा भारत को होगा। टेक्सटाइल के अलावा नेचुरल रिसोर्स वाली कंपनियां भी भारत को आ सकती हैं। एजेंसी

Quad Chamber LED Headlamps with DRLs

All-black Interiors with Captain Seats

Smartplay Studio

Automatic Transmission with Hill Hold & ESP

NEXA Safety Shield
- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANT
- FULL FRONTAL IMPACT COMPLIANT, FRONTAL OFFSET IMPACT COMPLIANT, SIDE IMPACT COMPLIANT
- ISOFIX
- HEARTECT PLATFORM

T&C Apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

DELHI: NEXA WEST PUNJABI BAGH (JAGMOHAN AUTOMOTIVES PVT. LTD. PH: 7290054930), **NEXA WAZIRPUR** (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 9582668646), **NEXA GT KARNAL ROAD** (RANA MOTORS PH: 7289999111), **NEXA MOTI NAGAR** (AAA VEHICLEADES PVT. LTD. PH: 8448993400), **NEXA MOHAN CO-OPERATIVE** (PLATINUM MOTO CORP PH: 011-40347777, 9899118890), **NEXA MAYAPURI** (KRISH AUTOMOTORS PH: 7838555076), **NEXA DWARKA SECTOR 14** (COMPETENT AUTOMOBILES COMPANY PH: 8860011600), **NEXA PREET VIHAR** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290091122), **NEXA DWARKA SECTOR 9** (MAGIC AUTO PH: 7290055667), **NEXA PITAMPURA** (KRISH MOTORS PH: 7838555047), **NEXA AKSHARDHAM** (FAIRDEAL CARS PH: 9999525161), **NEXA NARELA** (DD MOTORS PH: 9081900800), **NEXA KAILASH COLONY** (RANA MOTORS PH: 9999788886), **NEXA RAJOURI GARDEN** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525750), **NEXA GHAZIPUR** (MAGIC AUTO PH: 9871755000), **NEXA LAJPAT NAGAR** (BAGGA LINK MOTORS PH: 9818199367), **NEXA GOKULPURI** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9870194313), **NEXA KAROL BAGH** (DD MOTORS PH: 9081900800), **NEXA OKHLA PHASE 1** (PREM MOTORS PH: 011-42900000, 7065074531), **NEXA JANAKPURI** (DD MOTORS PH: 9081900800), **NEXA ROHINI SECTOR 10** (SAYA AUTOMOBILES LTD. PH: 9582777477), **NEXA GREEN PARK** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290099520), **NEXA DILSHAD GARDEN** (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007962), **GURGAON: NEXA RAJIV CHOWK GURGAON** (RANA MOTORS PH: 8585991111), **NEXA MG ROAD** (PASCO AUTOMOBILES PH: 9711290001), **NEXA GOLF COURSE ROAD** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525740), **NEXA SOHNA ROAD** (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 0124-2877000, 7290025353), **NEXA SECTOR 62** (VIPUL MOTORS PH: 9205899710), **NEXA IDC SEC 14** (PREM MOTORS PH: 124-4440000, 7065074501), **NOIDA: NEXA SECTOR 63** (VIPUL MOTORS PH: 9599814775), **NEXA SECTOR 10** (FAIR DEAL CARS PH: 9953993450), **NEXA SECTOR 1** (ROHAN MOTORS PH: 8376800026), **SOHNA: NEXA SOHNA** (PASCO AUTOMOBILES PH: 9899961000), **GREATER NOIDA: NEXA IND AREA GREATER NOIDA** (ROHAN MOTORS PH: 8744000600), **REWARI: NEXA DELHI ROAD** (DINCO 4 WHEELS LLP PH: 7082100301), **MANESAR: NEXA IMT MANESAR** (PLATINUM MOTO CORP PH: 9953345344), **FARIDABAD: NEXA NIT** (BVA AUTO PH: 1294121212), **NEXA FARIDABAD CENTRAL** (VIPUL MOTORS PH: 9599814771), **NEXA MATHURA ROAD** (PASCO AUTOMOBILES PH: 9999120572), **GHAZIABAD: NEXA MEERUT ROAD** (ROHAN MOTORS LTD. PH: 9599040601), **NEXA SAHIBABAD** (MOTORCRAFT SALES PH: 8130582222).

SUZUKI connect
A REVOLUTIONARY WAY TO CONNECT TO YOUR CAR
- Vehicle Tracking
- Emergency Alert
- Driving Behaviour Analysis
- Live Vehicle Status
- Vehicle Alerts

Offered separately as Genuine NEXA Accessory